सेन्ट्रल कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
कोल इंडिया की एक अनुषंगी कंपनी

आजादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

वार्षिक प्रतिवेदन
और लेखा - 2022-23

वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा 2022-23

सेन्ट्रल कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड

एक मिनीरत्न कंपनी

(कोल इंडिया की एक अनुषंगी कंपनी)
(सीआईएन : U10200JH1956GOI000581)

पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस
रांची - 834 029 (झारखण्ड)

वेबसाइट : https://www.centralcoalfields.in

संकल्पना / उद्देश्य एवं ध्येय

संकल्पना

खदान से बाजार तक सर्वोत्तम प्रक्रिया के माध्यम से देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण एवं सामाजिक रूप से स्थायी विकास को प्राप्त करते हुए प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में राष्ट्रीय अग्रणी के रूप में उभरना।

उद्देश्य

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का उद्देश्य है सुरक्षा, संरक्षण और गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए प्रभावकारी ढंग से मितव्ययितापूर्वक सुनियोजित मात्रा में कोयला एवं कोयला उत्पादों का उत्पादन तथा विपणन करना।

ध्येय

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का मुख्य ध्येय:

1. संसाधनों की उत्पादकता में वृद्धि कर, क्षति को रोक कर, आंतरिक संसाधनों का आशातीत उत्पादन करना तथा प्रतिष्ठान की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बाहरी संसाधनों को संचालित करना।
2. सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाये रखना एवं दुर्घटना रहित कोयला खनन करना।
3. वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर जोर देना।
4. कोयले की भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए नई परियोजना हेतु विस्तृत अन्वेषण करना और योजना बनाना।
5. वर्तमान खदानों का आधुनीकिकरण करना।
6. कोयला खनन की तकनीकी जानकारी और संगठनात्मक सक्षमता तथा कोयला लाभकारिता का विकास करना तथा जहाँ आवश्यक हो वहाँ कोयले की अधिक निकासी हेतु वैज्ञानिक खोज से संबंधित विकास कार्य और अनुसंधान करना।
7. कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार करना तथा कोयला क्षेत्र के आस-पास समाज और समुदाय के प्रति निगमित उत्तरदायित्व का निर्वहन करना।
8. कार्य संचालन हेतु पर्याप्त मात्रा में कुशल श्रमशक्ति उपलब्ध कराना तथा कौशल बढ़ाने हेतु तकनीकी एवं प्रबंधकीय प्रशिक्षण देना।
9. उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार करना।
10. सीएसआर क्रियाकलाप विशेषकर आस-पास के गांवों में स्वास्थ्य, सफाई और पेयजल की व्यवस्था को बढ़ाना।

विषय सूची

1.	प्रबंधन	03
2.	बैंकर एवं लेखा परीक्षक	04
3.	सूचना - वार्षिक आम बैठक	06
4.	अध्यक्ष का संदेश	12
5.	संचालन आँकड़े	18
6.	वित्तीय स्थिति	19
7.	निदेशक मंडल का प्रतिवेदन	25
8.	निदेशक प्रतिवेदन से संबंधित अनुलग्नक	78
9.	प्रबंधन परिचर्चा एवं विश्लेषण प्रतिवेदन	144
10.	स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम	154
11.	स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण पर सांविधिक लेखा-परीक्षक का प्रतिवेदन एवं प्रबंधन का जवाब (परिशिष्ट-1 सहित)	261
12.	समेकित वित्तीय परिणाम	284
13.	समेकित वित्तीय विवरण पर सांविधिक लेखा-परीक्षक का प्रतिवेदन एवं प्रबंधन का जवाब (परिशिष्ट-1 सहित)	391
14.	फार्म एओसी - 1	409

निदेशक मंडल

26 जुलाई 2023 को

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

डॉ. बी. वीरा रेड्डी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

सरकार नामांकित निदेशकगण

श्री विनय रंजन
निदेशक (का.एवं औ.स.) सीआईएल

श्री अजितेश कुमार
निदेशक कोयला मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री रमेश कु. सोनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट

कार्यकारी निदेशकगण

श्री राम बाबु प्रसाद
निदेशक (तक./सं.)

श्री पवन कु. मिश्रा
निदेशक (वित्त)

श्री हर्ष नाथ मिश्र
निदेशक (कार्मिक)

श्री बी. साईराम
निदेशक (तक./परि.एवं यो.)

कंपनी सचिव

श्री अमरेश प्रधान
कंपनी सचिव

वर्ष 2022-23 के दौरान प्रबंधन

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

श्री पी. एम. प्रसाद	:	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (01.09.2020 से प्रभावी)

कार्यकारी निदेशकगण

श्री के आर वासुदेवन	:	निदेशक (वित्त) (01.07.2021 से 10.06.2022)
श्री एस के गोमस्ता	:	निदेशक (तकनीकी) (01.11.2021 से 26.10.2022)
श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव	:	निदेशक (कार्मिक) (23.07.2021 से 31.07.2022)
श्री राम बाबू प्रसाद	:	निदेशक (तकनीकी/संचालन) (14-05-2022 से)
श्री पवन कुमार मिश्रा	:	निदेशक (वित्त) (10.06.2022 से)
श्री हर्षनाथ मिश्र	:	निदेशक (कार्मिक) (24.08.2022 से)
श्री बी साईराम	:	निदेशक (तक./परि. एवं यो.) (26.10.2022 से)

अंशकालिक निदेशकगण

सुश्री संतोष	:	उप महानिदेशक, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (03.01.2022 से 22.02.2023)
श्री विनय रंजन	:	निदेशक (का. एवं औ. सं.), सीआईएल, कोलकाता (05.08.2021 से)
श्री अजितेश कुमार	:	निदेशक, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली (22.02.2023)

अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशकगण

श्रीमती जाजुला गौरी	:	अधिवक्ता (10.07.2019 से 09.07.2022)
श्री हरबंस सिंह	:	भूतपूर्व निदेशक, जेनरल एपेक्स, जी. एस. आई. (10.07.2019 से 09.07.2022)
श्री रमेश कुमार सोनी	:	चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट (01.11.2021 से)

कंपनी सचिव

श्री रवि प्रकाश	:	(13.07.2017 से 31.08.2022)
श्री अमरेश प्रधान	:	(31.08.2022 से प्रभावी)

बैंकर्स

स्टेट बैंक आफ इंडिया
आईसीआईसीआई बैंक
एचडीएफसी बैंक
एक्सिस बैंक
इंडियन बैंक
बैंक आफ इंडिया

बैंक आफ महाराष्ट्र
केनरा बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
यूको बैंक
बैंक आफ बड़ौदा
यूनियन बैंक आफ इंडिया

सांविधिक अंकेक्षक

मेसर्स एस.पी.ए.एन. एंड एसोसिएट्स
द्वारा - श्री अमीत कुमार चंद, 140, ओल्ड एजी कॉलोनी, कडरू,
राँची - 834002, झारखंड

शाखा अंकेक्षक

मेसर्स वी. रोहतगी एंड कं.
प्रथम तल, सर्जना भवन,
मेन रोड, राँची, झारखंड

मेसर्स लोधा पटेल वाधवा एंड कं.
304, श्रीलोक कॉम्प्लेक्स, 4 एच.बी. रोड,
तीसरी मंजिल, रांची - 834001, झारखंड

मेसर्स सुशील शर्मा एंड कंपनी
तीरथ मेंशन, कमरा नंबर 222,
ओवरब्रिज के पास,
मेन रोड रांची - 834001, झारखंड

मेसर्स एन के डी एंड क.
दूसरी मंजिल, राधा गौरी, गोशाला चौक,
नार्थ मार्केट रोड, अपर बाजार,
राँची-834001, झारखंड

लागत अंकेक्षक

मेसर्स नीरन एंड कं.,
इसेन डेन, 475, ऐजीनिआ, असिआना प्लाजा इंट्री, खंडगिरी,
भुबनेश्वर-768001, ओडिशा

शाखा लागत अंकेक्षक

मेसर्स मनी एंड कं.,
लागत लेखापाल
"अशोका" 111, साउथर्न एवेन्यू
कोलकाता-700029

मेसर्स डीजीएम एंड एसोसिएट्स,
64, बी. बी. गांगुली स्ट्रीट,
(दूसरा तल्ला), कोलकाता - 700012

सचिवीय अंकेक्षक

मेसर्स सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स
कार्यालय क्रमांक 603, समृद्धि स्क्वायर, 6वीं मंजिल,
किशोरगंज चौक, रांची - 834001 (झारखंड)

आतंरिक लेखाकार

मेसर्स जैन सरोगी एंड कं.
508-8, पंचवटी प्लाजा, कचहरी रोड,
राँची-834001

क्षेत्र आंतरिक लेखा परीक्षक

मेसर्स नुंडी एंड एसोसिएट्स
द्वारा - श्री फाल्गुनी बनर्जी, डी-1, सुधालेखा अपार्टमेंट,
जे सी मल्लिक रोड, हीरापुर,
धनबाद - 826001

मेसर्स एस. के. नरेडी एंड कंपनी
द्वारा- विश्वजीत दास, राणा रॉय, सरना मैदान, नगरटोली,
न्यूक्लियस मॉल के पीछे,
राँची-834001

मेसर्स जयसवाल ब्रजेश एंड कंपनी
सीए रूबी बंसल, 400सी, आइकॉन हाइट
धुमसा टोली, घासी तालाब,
राँची -834001

मेसर्स बिस्वास दासगुप्ता दत्ता & रॉय
फ्लैट नंबर-3, नबकांति अपार्टमेंट, 59-बी,
सर्कुलर रोड, होटल अप्सरा के पीछे,
राँची -834001

मेसर्स गुप्ता सचदेवा एंड कंपनी
205-बी, महाबीर टावर, मेन रोड,
राँची -834001

मेसर्स पारीक एंड कंपनी
आशीर्वाद भवन, दिंदली बस्ती,
शेर-ए-पंजाब चौक के पास,
आदित्यपुर, जमशेदपुर - 831013

मेसर्स सी. के. प्रस्टी एंड एसोसिएट्स
15 एसी मार्केट, पहली मंजिल, जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स,
मेन रोड, राँची - 834001

मेसर्स हबीबुल्लाह एंड कंपनी
मकान नंबर 2, दर्जी मोहल्ला, एचपीओ डोरंडा,
राँची - 834002

मेसर्स अभिजीत दत्त एंड एसोसिएट्स
8 द्वारा 2, किरना शंकर रॉय रोड, दूसरी मंजिल,
कमरा नंबर 2 और 3, कलकत्ता-700001

मेसर्स आर. जी. एस. एंड एसोसिएट्स
सी/ओ मनीष सिंह, संत नगर, झिरी सरकारी स्कूल के पास,
नया शिव मंदिर झिरी, कामरे, राँची -835222

मेसर्स बी. गुप्ता एंड कंपनी
602, पार्क प्लाजा, टैगोर हिल रोड,
मोरहाबादी, राँची - 834008

मेसर्स ए. के. केजरीवाल एंड एसोसिएट्स
2सी, श्री बिमलानंद टॉवर, पुरुलिया रोड,
राँची -834001

पंजीकृत कार्यालय

दरभंगा हाउस
राँची 834 029
(झारखण्ड)

संदर्भ संख्या सचिव. सीएस/3(4)/एजीएम-67/2023/ 187 दिनांक: 28.07.2023

सूचना

एतदद्वारा अल्प सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कार्यों के संपादन हेतु कंपनी की **67वीं** वार्षिक आम बैठक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, दरभंगा हाउस, रांची-834029, झारखंड में **02 अगस्त, 2023, दिन बुधवार को 3.00 अपराह्न** में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी:

क. सामान्य कार्य:

1. विचार तथा अंगीकार करने के लिए:

क. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के साथ निदेशक मंडल का प्रतिवेदन, सांविधिक लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन तथा उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ।

ख. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखा परीक्षित समेकित वित्तीय विवरण, उस पर सांविधिक लेखा परीक्षक और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन।

2. श्री राम बाबू प्रसाद (डीआईएन- 09644944) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने के लिए, जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) की शर्तों के अनुसार रोटेशन से सेवानिवृत्त होंगे तथा अहर्ता होने के कारण, उन्होने स्वयं की पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

3. श्री पवन कुमार मिश्रा (DIN- 09665365) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करने के लिए, जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) की शर्तों के अनुसार रोटेशन से सेवानिवृत्त होंगे तथा अहर्ता होने के कारण, उन्होने स्वयं की पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

4. ₹1,000/- प्रति शेयर के 94,00,000 इक्विटी शेयरों पर अंतरिम लाभांश ₹600.66 करोड़ (यानी ₹ 639 प्रति इक्विटी शेयर) के अंतरिम लाभांश के भुगतान की पुष्टि करने तथा बोर्ड द्वारा अनुशंसित प्रत्येक ₹1000/- के 94,00,000 इक्विटी शेयरों पर ₹ 423.00 करोड़ (यानी ₹ 450/- प्रति इक्विटी शेयर) के अंतिम लाभांश के भुगतान की घोषणा हेतु।

5. वित्त वर्ष 2022-23 तथा आगामी वर्षों के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सांविधिक लेखा परीक्षकों/ शाखा लेखा परीक्षकों के लिए लेखा-परीक्षण शुल्क निर्धारित करने के लिए :

विचारार्थ प्रस्तुत और यदि उचित समझा जाए, तो निम्नलिखित संकल्प एक साधारण संकल्प के रूप में संशोधन सहित या संशोधन के बिना संपुष्टि करने हेतु:

"**संकल्प किया गया** कि एतदद्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142(1) के अनुसार, पठित कंपनी (लेखा-परीक्षण एवं लेखा-परीक्षक) नियम, 2014 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कैग (सीएजी) द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 139 अंतर्गत नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक में मेसर्स एस.पी.ए.एन. एंड एसोसिएट्स तथा शाखा अंकेक्षक में एन.के.डी. एंड कंपनी, रांची, मेसर्स लोढ़ा पटेल वाधवा एंड कंपनी, रांची, मेसर्स. वी. रोहतगी एवं कंपनी, रांची और मेसर्स सुशील कुमार शर्मा एंड कंपनी रांची का पारिश्रमिक ₹ 28,73,750.00/- लागू जीएसटी शुल्क अतिरिक्त तथा 7,18,200.00/- के जेब खर्च की प्रतिपूर्ति दिनांक 24-03-2023 को आयोजित 526वीं बोर्ड-बैठक में अनुमोदित की गयी थी तथा एतदद्वारा इसकी संपुष्टि की जाती है।''

ख. विशेष कार्य:

अ. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन।

विचारार्थ प्रस्तुत और यदि उचित हो तो निम्नलिखित संकल्प को संशोधन सहित या बिना संशोधन के **सामान्य संकल्प** के रूप में पारित करने हेतु:

"**संकल्प किया जाता है** कि कंपनी अधिनियम**,** 2013 के प्रावधान 148(3) तथा कंपनी (लेखा-परीक्षण एवं लेखा-परीक्षक) नियम**,** 2014 के नियम 14 तथा अधिनियम के अन्य प्रावधानों के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखा परीक्षकगण **मेसर्स निरन एंड कंपनी, प्रधान लागत लेखा परीक्षक, मेसर्स मणि एंड कंपनी और मेसर्स डीजीएम एंड एसोसिएट्स** के पारिश्रमिक (कुल शुल्क का 50% तक सीमित जेब खर्च को छोड़कर) का प्रस्ताव किया गया है ₹10,12,000/- तथा करों का

भुगतान अतिरिक्त, जैसा कि 26-09-2022 को आयोजित 519 वीं बोर्ड बैठक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया और एतदद्वारा इसकी संपुष्टि की जाती है। "

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसार पर वर्णित विशेष कार्य के संबंध में व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के
निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-
(अमरेश प्रधान)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. F-11264

दिनांक: 28.07.2023
स्थान: रांची

वार्षिक आम बैठक की तिथि	:	28.07.2023
वार्षिक आम बैठक का समय	:	03:00 पूर्वाह्न
वार्षिक आम बैठक का स्थान	:	कॉन्फ्रेंस हॉल, तृतीय तल, नया भवन, दरभंगा हाउस रांची 834029, (झारखंड)

टिप्पणी:

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") ने अन्य बातों के साथ-साथ अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 को निर्गत सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 तथा इस संबंध में निर्गत उत्तरवर्ती परिपत्रों, जिसमें दिनांक 28 दिसंबर, 2022 को निर्गत 10/2022 नवीनतम परिपत्र (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के द्वारा एक स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") के माध्यम से या अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से वार्षिक आम बैठक आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है ।

   बैठक में वीसी या ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने हेतु कंपनी की अधिकृत ई-मेल आईडी द्वारा अग्रिम लिंक उपलब्ध कराया जाएगा तथा बैठक में शामिल होने की सुविधा बैठक प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से न्यूनतम 15 मिनट पूर्व से उपलब्ध होगी तथा इसे निर्धारित समय के 15 मिनट बाद तक लिंक बंद नहीं किया जाएगा ।

2. अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में, आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित होने के और मतदान करने के हकदार सदस्य अपनी ओर से उपस्थित होने और मतदान करने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार होता है और प्रॉक्सी को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि आम बैठक (एजीएम) वीसी के माध्यम से एमसीए परिपत्रों के अनुसार आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।

3. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 112 एवं 113 के अनुसार सदस्यों के प्रतिनिधियों को वीसी या ओएवीएम द्वारा प्रतिभागिता एवं मतदान हेतु नियुक्त किया जा सकता है ।

4. अधिनियम की धारा 103 के अनुसार एजीएम के कोरम के उद्देश्य से वीसी के माध्यम से सदस्यों की भागीदारी की गणना की जाएगी ।

5. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सचिवीय लेखा परीक्षक सहित शेयरधारक, निदेशक और लेखा परीक्षक बैठक में भाग लेने और/या मतदान करने के हकदार हैं और /या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं और / या मतदान कर सकते हैं ताकि बैठक में विचार किए गए मुद्दों पर केवल ऐसे चरण में अपनी सहमति या असहमति gmcompsectt.ccl@coalindia.in पर ई-मेल भेजकर व्यक्त की जा सके।

6. सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 (1) के अनुसार अल्पावधि में आम बैठक बुलाने के लिए अपनी सहमति प्रदान करें।
7. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 171(1)(बी) एवं 189(4) के प्रावधानों के अनुसरण में कंपनी के प्रत्येक वार्षिक आम बैठक के दौरान पंजिका को निरीक्षण हेतु खुला रखना आवश्यक है, ताकि बैठक में भाग लेने का अधिकार रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह उपलब्ध रहे।
8. चूंकि आम बैठक (एजीएम) परिपत्रों के अनुसार वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसलिए रूट मैप, प्रॉक्सी फॉर्म और उपस्थिति पर्ची इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं हैं।
9. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार पर वर्णित विशेष कार्य के संबंध में प्रासंगिक व्याख्यात्मक विवरण **"अनुलग्नक ए"** के रूप में साथ संलग्न है।
10. चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होने वाले तथा इस बैठक में पुनर्नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशकों का विवरण **"अनुलग्नक-बी"** में दर्शाया गया है।

वितरण:

I. सदस्यगण

क. कोल इंडिया लिमिटेड, (द्वारा अध्यक्ष, सीआईएल), सदस्य सीसीएल, कोयला भवन, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता- 700 156 (कृपया ध्यान दें : श्री बी.पी.दुबे, कंपनी सचिव, कोल भवन, परमाइस सं. 4, प्लॉट सं. एएफ़III, एक्शन एरिया 1ए, न्यू टाउन, राजरहाट, कोलकाता – 700 156)

ख. श्री पी.एम. प्रसाद, अध्यक्ष, सीआईएल, सदस्य सीसीएल, कोयला भवन, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता- 700 156.

ग. श्री विनय रंजन, निदेशक (का. एवं औ.सं.), सदस्य सीसीएल, सीआईएल, कोयला भवन, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता- 700 156.

II. लेखा परीक्षक

क. मैसर्स एस पी ए एन एंड एसोसिएट्स, रांची, सांविधिक लेखा अंकेक्षण।
ख. मेसर्स सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स, रांची, सचिवीय लेखा परीक्षक।
ग. मेसर्स निरन एंड कंपनी, भुवनेश्वर, लागत लेखा परीक्षक।

III. निदेशकगण

क. श्री बी. वीरा रेड्डी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सीसीएल, सदस्य सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची-834029.
ख. श्री रमेश कुमार सोनी, स्वतंत्र निदेशक तथा अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति, सीसीएल, जगदलपुर, बस्तर-छत्तीसगढ़-494001.
ग. श्री अजितेश कुमार, निदेशक, कोयला मंत्रालय, सरकार द्वारा नामित निदेशक, शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110115.
घ. श्री विनय रंजन, निदेशक (का. एवं औ.सं.), सीआईएल, सरकार द्वारा नामित निदेशक, कोल भवन, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता- 700 156
ङ. श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक(तक./संचा.) जवाहर नगर, कांके रोड, रांची – 834008.
च. श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक(वित्त), जवाहर नगर, कांके रोड, रांची-834008.
छ. श्री हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक(का.), जवाहर नगर, कांके रोड, रांची-834008
ज. श्री बी. साईराम, निदेशक(तक./परि. एवं यो.), दरभंगा हाउस, रांची-834008.

प्रतिलिपि :

1. कंपनी सचिव, कोल इंडिया लिमिटेड, कोल भवन, न्यू टाउन, राजारहाट, कोलकाता- 700156
2. महाप्रबंधक (वित्त), सीसीएल, रांची
3. महाप्रबंधक (प्रणाली), सीसीएल, रांची-एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

वार्षिक आम बैठक की सूचना का अनुलग्नक

अनुलग्नक-ए

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अंतर्गत अपेक्षित, दिनांक 28.07.2023 की सूचना में संलग्न मद संख्या 5 के अंतर्गत निम्नलिखित व्याख्यात्मक विवरण उल्लिखित व्यवसाय से संबन्धित सभी भौतिक तथ्यों का निर्धारण करता है।

5. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखा परीक्षक के पारिश्रमिक की सम्पुष्टि

कंपनी (लेखा परीक्षा तथा लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 14 के अनुसार -

14. लागत लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक - धारा 148 की उप-धारा (3) के प्रयोजनार्थ :

(क) उन कंपनियों में जहां एक लेखा परीक्षण समिति का गठन आवश्यक है-

i. लेखा परीक्षण समिति की अनुशंसा पर लागत लेखा-परीक्षक के रूप में बोर्ड ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करेगी, जो लागत लेखा परीक्षक हो, या लागत लेखा परीक्षकों का एक फर्म हो; के साथ-साथ उक्त लागत लेखा-परीक्षक के पारिश्रमिक की भी अनुशंसा करेगी;

ii. लेखा परीक्षा समिति द्वारा (i) के अंतर्गत अनुशंसित पारिश्रमिक पर निदेशक मंडल द्वारा विचार उपरांत अनुमोदन दिया जाएगा तत्पश्चात शेयरधारकों द्वारा उक्त की संपुष्टि की जाएगी।.

तदनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा निम्नलिखित लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन दिनांक 26-09-2022 को आयोजित अपनी 519वीं बोर्ड बैठक के मद संख्या 519.4(1) के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सीसीएल मुख्यालय तथा सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की लागत लेखा परीक्षा हेतु लेखा समिति की संतुस्ति पर 10,12,000/- रुपये (कुल शुल्क के 50% तक सीमित जेब खर्च तथा लागू कर को छोड़कर) के परिश्रमिक का अनुमोदन दिया गया:

लेखा परीक्षकों की सूची	क्षेत्र	वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखा परीक्षा-शुल्क की सूची
मेसर्स निरन एंड कंपनी	मुख्यालय, बरका सयाल, केन्द्रीय कर्मशाला, अरगडा, रजरप्पा क्षेत्र के लिए	4,40,000
मेसर्स मणि एंड कंपनी	कथारा, ढोरी (गिरिडीह सहित), बो. एवं कर. क्षेत्र के लिए	2,94,000
मेसर्स डीजीएम एंड एसोसिएट्स	उत्तरी कर्णपुरा, पिपरवार, रजहरा, मगध और संघमित्रा, आम्रपाली और चंद्रगुप्त, हज़ारीबाग़ और कुजू क्षेत्र के लिए	2,78,000
कुल		**9,19,000**

यात्रा और जेब खर्च क प्रतिपूर्ति की सीमा कुल खर्च का 50% तक है। लागू करों का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।

कंपनी के कोई भी निदेशक तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार कंपनी में उनके द्वारा रखे गए शेयरों के अतिरिक्त उक्त संकल्प में किसी प्रकार का हित या संबंध नहीं है (वित्तीय या अन्यथा) या रुचि नहीं रखते हैं।
वार्षिक आम बैठक में सदस्यों की मंजूरी के लिए कंपनी के निदेशक मंडल ने संकल्प की अनुशंसा की ।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-
(अमरेश प्रधान)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. F-11264

अनुलग्नक-बी

वार्षिक आम बैठक में चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होने वाले और पुनर्नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशकों का विवरण-

आम बैठक पर सचिवीय मानक ("एसएस-2") के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक में पुनर्नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों का अपेक्षित विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया है-

निदेशक का नाम और पदनाम	श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/संचालन.)
डीआईएन	09644944
जन्म की तारीख	24.02.1964
राष्ट्रीयता	भारतीय
बोर्ड में नियुक्ति की तिथि	14.05.2022
नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के नियम और शर्तें तथा मांगे गए पारिश्रमिक एवं अंतिम आहरित पारिश्रमिक का विवरण	कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र के अनुसार
योग्यता एवं अनुभव	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खानि विद्यापीठ) (आईआईटी-आईएसएम), धनबाद, झारखंड से वर्ष 1987 में प्रौद्योगिकी स्नातक (खनन आभियांत्रिकी) की उपाधि मिली। वर्ष 1996 से 1999 के दौरान उन्होने इग्नू, नई दिल्ली से 4 पाठ्यक्रमों यथा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त प्रबंधन), प्रबंधन डिप्लोमा, वित्त प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त की। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में उनकी नियुक्ति वर्ष 1987 में हुई। उनके पास सीसीएल तथा एनसीएल में जुलाई 2010 से मई 2022 तक महाप्रबंधक (खनन) के कार्यों के संपादन का व्यापक अनुभव है। श्री प्रसाद को एनसीएल, सीसीएल और एसईसीएल में अत्यधिक मशीनीकृत ओपनकास्ट खानों के साथ-साथ भूमिगत खानों में काम करने का 35 वर्षों का विस्तृत तथा वृहत अनुभव प्राप्त है।.
कंपनी में शेयरधारिता	शून्य
अन्य निदेशकों, प्रबंधक और अन्य केएमपी के साथ संबंध	शून्य
वर्ष 2022-23 के दौरान बोर्ड बैठकों में उपस्थिति	12
अन्य कंपनियों में निदेशकीय पद पर नियुक्ति की सूची	शून्य
सीसीएल की अन्य समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता	आपदा प्रबंधन समिति

अनुलग्नक-बी

वार्षिक आम बैठक में चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होने वाले और पुनर्नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशकों का विवरण-

आम बैठक पर सचिवीय मानक ("एसएस-2") के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक में पुनर्नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों का अपेक्षित विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया है-

निदेशक का नाम और पदनाम	श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त)
डीआईएन	09665365
जन्म की तारीख	05.09.1973
राष्ट्रीयता	भारतीय
बोर्ड में नियुक्ति की तिथि	10.06.2022
नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के नियम और शर्तें तथा मांगे गए पारिश्रमिक एवं अंतिम आहरित पारिश्रमिक का विवरण	कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र के अनुसार
योग्यता एवं अनुभव	वह वाणिज्य विषय में स्नातक हैं तथा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। सीसीएल में नियुक्त होने के पूर्व, उन्होंने डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएनएचपीडीसीएल), विदुत संवितरण इकाई तथा विदुत उत्पादक कंपनी न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) के पद पर कार्यों का संपादन किया है। उनके पास लेखांकन, वित्त और कराधान के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का विस्तृत अनुभव है।
कंपनी में शेयरधारिता	शून्य
अन्य निदेशकों, प्रबंधक और अन्य केएमपी के साथ संबंध	शून्य
वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड बैठकों में उपस्थिति	11
अन्य कंपनियों में निदेशकीय पद पर नियुक्ति की सूची	झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड
सीसीएल की अन्य समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता	सदस्य सतत विकास एवं सीएसआर समिति

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारकगण,

कंपनी की 67वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। इस बैठक में हमारे साथ वर्चुअल रूप से जुड़े कोल इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि शेयरधारकगण तथा यहाँ उपस्थित व वर्चुअल रूप से जुड़े मेरे सहयोगी बोर्ड सदस्यों के प्रति मैं हृदयतल से आभार व्यक्त करता हूं। यह बैठक कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी नियामक ढांचे तथा दिशानिर्देशों के अनुरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जा रही है। बैठक के आयोजन की सूचना, निदेशकीय प्रतिवेदन और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी पहले ही ई-मेल के द्वारा साझा की जा चुकी है। आपकी अनुमति से, मैं उक्त को पढ़ा हुआ मान लेना चाहूंगा।

विगत चार दशकों में भारत में वाणिज्यिक ऊर्जा उपभोग में लगभग 700% तक वृद्धि हुई है। बढ़ती जनसंख्या, विस्तार होती अर्थव्यवस्था तथा बेहतर जीवन गुणवत्ता की तलाश के कारण भारत में ऊर्जा उपभोग के और अधिक बढ़ने की संभावना है। राष्ट्र की बढ़ती ऊर्जा-मांग के अनुरूप, सीसीएल, स्वच्छ कोयले की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु उत्पादन, उत्पादकता को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ-साथ समाज और अंशधारकों के संवहनीय एवं समावेशी विकास को साथ लेकर चलते हुए अपनी सर्वोत्तम क्षमता से कोयला उत्पादन तथा उत्पादकता पर बल दे रहा है।

वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल ने व्यवसाय तथा परिचालन के क्षेत्र में भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन के दोनों मानकों में कीर्तिमान स्थापित किया है। कठिन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बाद भी समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने उत्पादन, उठाव तथा विद्त क्षेत्र को प्रेषण में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपना सार्वकालिक उच्चतम स्तर प्राप्त किया है ।

कंपनी का पार्श्वदृश्य:

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड अक्टूबर 2007 से एक श्रेणी-I, मिनीरत्न कंपनी है तथा कोल इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) की 100% सहायक कंपनी है।

आपकी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) अद्यतन:

- 36 खदानें: 03 भूमिगत और 33 खुलीं खदानें;
- 5 वाशरियां: 4 कोकिंग कोल वाशरियां (कथारा, रजरप्पा, केदला और स्वांग), 1 गैर-कोकिंग कोल वाशरी (पिपरवार);
- 1 बरकाकाना स्थित 1 केंद्रीय कार्यशाला (आईएसओ 9001) तथा) जारंगडीह, उत्तरी तापिन, डकरा, गिरिडीह और भुरकुंडा स्थित 5 क्षेत्रीय कर्मशालाएँ (जिनमें से 3 आईएसओ 9001 अभिप्रमाणित कर्मशालाएँ हैं);
- 7 कोलफील्ड्स (पूर्वी बोकारो, पश्चिमी बोकारो, उत्तरी कर्णपुरा, दक्षिणी कर्णपुरा, रामगढ़, गिरिडीह और हुंटार)

प्रदर्शन :

पिछले कुछ वर्षों में, कोरोना महामारी तथा वैश्विक अनिश्चितताओं ने हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित किया है। इस दौरान हमारा

कठिन परीक्षण हुआ, परंतु इन चुनौतियों ने हमें न सिर्फ व्यक्तिगत स्तर पर अपितु संगठन के स्तर पर भी अधिक मजबूत, लोचदार व उत्तरदेय बनाया है। इन चुनौतियों के बावजूद, आपकी कंपनी ने परिचालन और वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपलब्धियां प्राप्त की हैं जो इसकी सुदृढ़ परिचालन प्रणाली एवं प्रक्रियाओं का सदृश प्रमाण है।.

भौतिक:

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, सीसीएल ने सार्वकालिक सर्वाधिक कोयले का उत्पादन करते हुए 76.08 मिलियन टन का उत्पादन दर्ज किया, जो विगत वर्ष की तुलना में 10.52% अधिक उत्पादन है। इसी प्रकार, कंपनी विगत वर्ष से 4.47% की वृद्धि दर्ज करते हुए 75.02 मिलियन टन कच्चे कोयले का उच्चतम प्रेषण स्तर प्राप्त करने में सक्षम रही। वित्त वर्ष 2022-23 में आवश्यकता के अनुरूप विद्त प्रक्षेत्र को 64.56 मिलियन टन कोयला प्रेषित किया गया था। मलबा हटाने में भी आपकी कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 106.58 मिलियन घन मीटर की उपलब्धि प्राप्त की।

आपकी कंपनी ने आगे बढ़ते हुए कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक वृहत योजना बनाई है। वर्ष 2022-23 में 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन को बढ़ा कर वर्ष 2023-24 में 84 मिलियन टन की योजना बनायी गयी है। वित्त वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया लिमिटेड के लिए निर्धारित 780 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सीसीएल का अहम योगदान रहेगा।.

वित्तीय :

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने सार्वकालिक उच्चतम सकल विक्रय, निवल विक्रय, पीबीटी (कर पूर्व लाभ) तथा पीएटी (कर पश्चात लाभ) की उपलब्धि प्राप्त की। विगत वर्ष की तुलना में क्रमशः 22.24% और 23.26% की वृद्धि के साथ सकल विक्रय ₹22,720.19 करोड़ रही, निवल विक्रय ₹15,226.21 करोड़ रहा। विगत वर्ष कर पूर्व लाभ(पीबीटी) ₹2094.73 करोड़ और कर पश्चात लाभ (पीएटी) ₹1696.92 करोड़ की तुलना में क्रमशः 78.72% और 62.16% की वृद्धि के साथ कर पूर्व लाभ(पीबीटी) ₹3743.61 करोड़ और कर पश्चात लाभ(पीएटी) ₹2751.67 करोड़ की प्राप्ति हुई।

31 मार्च 2023 को कंपनी की निवल संपत्ति ₹10,317.49 करोड़ थी, जो विगत वर्ष के ₹8,411.98 करोड़ की तुलना में 22.65% अधिक है।

कैपेक्स:

वर्ष के दौरान, सीसीएल ने मुख्यत: भूमि, भवन, रेलवे और खनन बुनियादी ढांचे, संयंत्र और मशीनरी पर व्यय करते हुए विगत वर्ष के ₹1849.11 करोड़ की तुलना में ₹2252.07 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया है।

लाभांश :

यह बताते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी द्वारा अंतरिम लाभांश के रूप में ₹600.66 करोड़ का भुगतान किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा ₹423.00 करोड़ के अंतिम लाभांश की घोषणा का अनुमोदन दिया गया, अर्थात कुल लाभांश ₹1023.66 करोड़ यानि ₹94,00,000 के प्रत्येक ₹1000.00 के इक्विटी शेयरों पर ₹1089.00 प्रति शेयर दिया गया (विगत वर्ष ₹827.20 करोड़ यानी ₹1,000.00 प्रत्येक के 94,00,000 इक्विटी शेयरों पर ₹880.00 प्रति शेयर)।

एमओयू निष्पादन:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए केंद्रीय लोक उद्यमों की रेटिंग हेतु लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार आपकी कंपनी को "उत्कृष्ट" रेटिंग दी गई है। वित्तीय प्रदर्शन एवं अन्य गैर-वित्तीय मापदंडों की उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, जैसा एमओयू में निर्धारित किया गया है, आपकी कंपनी का स्व-मूल्यांकन स्कोर वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए "उत्कृष्ट" है ।

नई एवं विस्तार परियोजनाएं/प्रौद्योगिकी अपनाना:

वैश्विक ऊर्जा में तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है। उत्पाद, सेवाओं, विनिर्माण और वितरण के क्षेत्र में हो रहे अनेक नवप्रवर्तनों/ नवाचारों से संवहनीय भविष्य प्रति व्यवसाय स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं। नए उद्योग मॉडल भी उभर रहे हैं। इसके लिए प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में निवेश की आवश्यकता है। पिछले दशक में, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का तीव्र विकास हुआ है जिससे खनन सहित प्रत्येक उद्योग में परिवर्तन आया है। नई प्रौद्योगिकियों का खनन कार्यों पर कई प्रभाव पड़ सकते हैं, जिनमें सुरक्षा एवं उत्पादकता सहित पर्यावरण संरक्षण तथा महिलाओं के लिए अवसर सम्मिलित है। बेहतर भूमिगत संचार, स्वचालन, अधिक परिष्कृत खनिज एवं धातु परिवहन तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों के माध्यम से खनन परियोजनाओं में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियाँ हासिल की जातीं हैं। खनन में तकनीकी प्रगति भी कार्यों को अधिक उत्पादक बना रही है। इसे ध्यान में रखते हुए, आपकी कंपनी सदैव नई प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के लिए प्रयासरत रहती है तथा वर्तमान तथा भविष्य खनन कार्य को बढ़ाने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आपकी कंपनी ने प्रबल, मल्टी-स्पीड सूचना प्रौद्योगिकी तथा आधारभूत संरचना प्रणाली/बुनियादी ढांचा प्रणाली विकसित की है जो नई प्रौद्योगिकियों के तीव्र परिनियोजन को संभव बना रही है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल क्षमता 199.42 मि.टन./वर्ष की 25 ऑनगोइंग (चल रहीं) परियोजनाएं हैं, कुल क्षमता - 28.44 मिलियन टन की 21 पूर्ण परियोजनाएं, 3 मौजूदा परियोजनाएं तथा 3 खनन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। वर्ष के दौरान, प्रथम मील कनेक्टिविटी-1 (एफएमसी-I) परियोजना के तहत 7.5 मि.टन./वर्ष की एक (1) परियोजना निर्माण के अग्रिम चरण में है। इसके अतिरिक्त, एफएमसी-II परियोजना के तहत 12.5 मि.टन./वर्ष की कुल क्षमता की दो और परियोजनाएं आवंटित की गई हैं तथा निर्माणाधीन हैं। कंपनी ने एफएमसी-III परियोजनाओं के

तहत 136 मि.टन./वर्ष की कुल क्षमता के 06 नए सीएचपी के निर्माण की भी योजना बनाई है।

सीसीएल में, हम पिछले कुछ वर्षों से अपने प्रौद्योगिकीय आधार को सुदृढ़ कर रहे हैं। एक कुशल उद्यम बनने की दिशा में व्यवसाय की जटिलताओं और उभरती उपभोक्ता आवश्यकताओं के अनुरूप यह एक प्रोद्योगिकी-सक्षम और मानव केंद्रित समाधान बनाने की यह अनवरत यात्रा है। नई प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण की दिशा में, मैं आपका ध्यान सीसीएल में निम्नलिखित कार्यों की ओर दिलाना चाहूंगा:

- औद्योगिक प्रक्रिया के एकीकरण के लिए सैप के वीटीएस-आरएफआईडी-एएनपीआर-बूम बैरियर आधारित वेब्रिज प्रणाली का कार्यान्वयन
- सौर परियोजनाएं: वित्त वर्ष 2023-24 में 85 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं जोड़ने के लक्ष्य के साथ वर्ष के दौरान 1.25 मेगावाट की स्थापित क्षमता ।
- रेल और सड़क वेब्रिज : तीन नये रेल वेब्रिज (सगतिक 140 मि.टन) एवं 100 मिलियन टन का एक रोड वेब्रिज वर्ष के दौरान स्थापित किया गया। सीसीएल में 11 नए 100 मि.टन रोड वेब्रिज की आपूर्ति की गयी है तथा स्थापित की जा रही है।.
- एफओआईएस सर्वर पर डेटा अंतरण और सैप के साथ एकीकरण के लिए एफओआईएस अनुपालन तथा रेल वेब्रिज को जोड़ने के लिए रेल वेब्रिज का स्तरोन्नतिकरण।
- जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली।
- सीसीएल निरीक्षण क्षेत्रों के संवेदनशील बिंदुओं पर सीसीटीवी निगरानी।.
- सीसीएल के चार केंद्रीय अस्पतालों में अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए नेटवर्किंग ।
- सीसीएल के सभी क्षेत्रों में वृहत व उन्नत लोकल एरिया नेटवर्क की स्थापना ।
- सीसीएल की मगध और आम्रपाली परियोजनाओं के लिए डिजिटल वॉकी टॉकीज, ट्रांसीवर और रिपीटर सेट की तैनाती।
- सीसीएल मुख्यालय से सभी क्षेत्रों में सेंट्रलाइज्ड इंटरनेट लीज्ड लाइन्स की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

नैगमिक सामाजिक दायित्व

आपकी कंपनी अपने व्यापक सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों से जुड़ रही है जिससे झारखंड राज्य के लाखों लोगों तक सकारात्मक पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी यह दृढ़ विश्वास करती है कि अपने अंशधारकों के विकास में एक निर्णायक भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता कंपनी के परिचालन क्षेत्र तथा उसके आस-पास समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के जीवन-स्तर के उत्थान तक विस्तृत है। नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के सिद्धांत कंपनी की कारपोरेट संस्कृति में अंतर्निहित हैं। संवहनीय विकास हमारे उद्देश्य की धुरी है इसलिए स्थानीय समुदायों की सेवा करना सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मूल उद्देश्य है। सीसीएल द्वारा अपने कमान क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले ग्रामीणों की सेवा-यात्रा सामुदायिक विकास कार्यक्रम से प्रारंभ की गयी थी जिसे वर्ष 2014 में सीएसआर के प्रारंभ होने के पश्चात अपने कमान क्षेत्र तथा झारखंड राज्य के अन्य हिस्सों में सामाजिक सुविधाओं में कई गुना वृद्धि की गयी है। आउटरीच प्रयासों को बढ़ाने के लिए, सीसीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न प्रक्षेत्रों में सीएसआर गतिविधियां जैसे स्वास्थ्य देखभाल और पोषण, शिक्षा, खेल प्रोत्साहन, पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण विकास आदि पर ₹36.12 करोड़ का व्यय किया है।.

डीपीई के निर्देशानुसार वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सीएसआर की वार्षिक थीम 'स्वास्थ्य और पोषण' थी। अतः, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल सीएसआर व्यय ₹36.12 करोड़ में से वार्षिक थीम पर व्यय राशि ₹15.01 करोड़ है।

सुरक्षा:

किसी संगठन में संवहनीयता के निर्वाह में सुरक्षा की अहम भूमिका होती है। यह उद्योग के विकास में सर्वोपरि महत्व रखता है। संगठनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी कार्य संस्कृति में समाहित है तथा कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है कि प्रत्येक कर्मचारी प्रत्येक दिन सुरक्षित रहे। हमारा मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सुरक्षा मानकों का संधारण करना तथा शून्य-क्षति प्राप्त करने के लिए नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं को अपनाना है।

कंपनी की प्राथमिक प्रयोजन अपनी प्रमुख परिसंपत्तियों यानी कर्मियों, खदानों और मशीनों को सुरक्षित रखना है और इसलिए हमारी सभी गतिविधियों का प्रयोजन हमारे संसाधनों की 'शून्य क्षति' सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। प्रबंधन द्वारा सभी खदानों की सुरक्षा प्रस्थिति की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा मानकों में सुधार और वृद्धि होती है।

गंभीर और संघातक घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रमुख कदम उठाए गए हैं जैसे:

- सुरक्षा बोर्ड की बैठक का नियमित आयोजन
- सुरक्षा समिति की सक्रियता हेतु विशेष अभियान
- केंद्रीय सुरक्षा सूचना प्रणाली (सीएसआईएस) पोर्टल
- अंतर क्षेत्रीय सुरक्षा लेखा परीक्षा
- प्रमुख आपदा प्रबंधन योजनाएँ (PHMP)
- सुरक्षा उपकरणों का नियमित उन्नयन
- सुरक्षा पर द्विपक्षीय एवं त्रिपक्षीय बैठक का सामयिक आयोजन मानव संसाधन

आज के तीव्रगामी कारपोरेट परिदृश्य में, प्रशिक्षण एवं विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। आवश्यक है कि प्रशिक्षण एवं विकास के महत्व को समझा जाए। कारपोरेट क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा की स्थिति में प्रशिक्षण और विकास संगठनात्मक सफलता के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य करता है जहां प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त करने के लिए सक्षम श्रमशक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है।

सीसीएल अभ्यासरत प्रबंधकों, कर्मचारियों, श्रमिकों और संविदा कर्मियों तथा हितधारकों के सिद्धांत एवं व्यवहार को संश्लेषित करने के कौशल के साथ सुसज्जित करने के लिए नियमित पहल करता है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कर्मचारियों को नित प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया जाता है तथा प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी संगठनात्मक प्रतिबद्धता समुन्नत की जाती है। सीसीएल, कर्मचारी-कल्याण एवं सामाजिक सुविधाओं पर भी यथोचित ध्यान दे रहा है। सीसीएल कर्मचारियों के लिए सभी कल्याणकारी सुविधाएं सुनिश्चित तथा प्रदान कर कर्मचारियों के वृहत्तर कल्याण में अपनी भूमिका के प्रति स्पष्ट दृष्टि रखता है। कंपनी का लक्ष्य कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ावा देना तथा अनुकूल और सौहार्दपूर्ण व्यवसायिक कार्य परिवेश प्रदान कर कार्य कौशल में सुधार करना है। जहां तक प्रशिक्षण और विकास का सवाल है सीसीएल मुख्यत: दो क्षेत्रों पर प्रश्रय देती है –

- ✡ ज्ञान संवर्धन
- ✡ कौशल विकास

ज्ञान संवर्धन के क्षेत्र में, प्रबंधन के कार्यात्मक क्षेत्र, कार्यात्मक अधिकारियों को क्रॉस फंक्शनल इनपुट प्रदान करना, अधिकारियों के लिए सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, प्रबंधन प्रशिक्षुओं और नव नियुक्त अधिकारियों के लिए प्रेरण और अभिविन्यास कार्यक्रम, अधिकारियों और गैर-कार्यकारियों के लिए ई-ऑफिस और ईआरपी प्रशिक्षण, मानक संचालन प्रक्रियाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, गैर-वित्त कर्मचारियों के लिए वित्त, बचाव एवं सुरक्षा कार्यक्रम, कार्मिक अधिकारियों के लिए कार्यात्मक कौशल कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

अधिकारियों, अग्रिम पंक्ति के पर्यवेक्षकों के लिए कौशल विकास और गैर-कार्यकारियों के लिए कौशल उन्नयन कार्यक्रम का कंपनी के दैनिक पाठ्यक्रम में निरंतर स्थान दिया जाता है।

पर्यावरण प्रबंधन

हमारा विश्वास है पृथ्वी की संरक्षा का दायित्व तथा अवसर प्रत्येक व्यवसाय को प्राप्त है। पर्यावरण की संवहनीयता हमारा केन्द्रीय मूल्य है और हम अपने हर कार्य में संवहनीयता को अक्षुण्ण रखने का प्रयास करते हैं। कंपनी ने पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने तथा एक जीवनक्षम पृथ्वी के पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है जैसे जल-भंडारण और भूजल-पुनर्भरण के लिए कृत्रिम जल स्रोत का निर्माण, परित्यक्त खदानों में मत्स्य पालन, वर्षा जल संचयन तथा परिशोधन के उपरांत निकटवर्ती समुदायों के मध्य संवितरण, खदान क्षेत्र के अंदर वनीकरण/वृक्षारोपण, ओबी डंप का वैज्ञानिक नवीनीकरण, खान पर्यटन, त्रिस्तरीय वृक्षारोपण आदि।

निम्नलिखित खंड वर्ष 2023 के अंत तक हमारे प्रदर्शन का एक चित्र मात्र है, जिसमें यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि हम किस प्रकार अपने व्यवसायिक परिचालनों से हुए पर्यावरणीय प्रभाव को न्यून करते हुए लोगों को अधिक संवहनीय जीवन यापन लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं::

1. 5 खदानों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति , 1 खदान की ईसी क्षमता में वृद्धि हुई।
2. वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल की इकाइयों के लिए 15 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन की क्रय तथा स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त सीसीएल की परियोजनाओं में फिक्स्ड वाटर स्प्रिंकलर भी लगाए गए हैं।.
3. सीसीएल के कमान क्षेत्र में खदान-जल का उपयोग आसपास के 120 गांवों में पानी की आपूर्ति के लिए किया जाता है, जिससे लगभग 1,86,703 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही, सीसीएल खदानों में खदान खड्डों का उपयोग स्थानीय समुदायों/स्वयं सहायता समूहों द्वारा मछली उत्पादन/ मत्स्य पालन के लिए भी किया जा रहा है।.
4. अपने कमान क्षेत्र में इको-पार्क के विकास हेतु सीसीएल ने वैपकोस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है । इस समझौता ज्ञापन के तहत, वैपकोस लगभग 63 करोड़ की लागत से 100 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र को आच्छादित करते हुए सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कुल नौ (09) इको-पार्क का विकास और रखरखाव करेगा।.
5. सीसीएल के कमान क्षेत्रों में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के सर्वर से जुड़े डेटा के साथ 14 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) एवं 28 कंटीन्यूअस पीएम10 एनालाइजर की स्थापना की गयी है।.

नैगमिक शासन

आपकी कंपनी में विभिन्न विधियों, बोर्ड सदस्य तथा वरिष्ठ प्रबंधन की आचार संहिता तथा केंद्रीय लोक उद्यमों के लिए डीपीई द्वारा जारी नैगमिक शासन पर दिशानिर्देश के अनुपालन के अनुश्रवण हेतु पर्याप्त प्रणाली स्थापित है।.

कंपनी ने विभिन्न विधिक अनुपालनों के अनुश्रवण के लिए एक प्रणाली स्थापित है। कंपनी के बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन

कार्मिकों की आचार संहिता, संदर्भ की शर्तों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति की कार्यप्रणाली और निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल की संरचना सुनिश्चित और अनुपालन की जाती है। सीसीएल बोर्ड में कंपनी संबद्ध जोखिमों के संसूचन तथा अनुश्रवण हेतु जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। निदेशकीय प्रतिवेदन में कारपोरेट शासन पर एक पृथक खंड जोड़ा गया है। कंपनी सचिव ने वर्ष 2022-23 के दौरान नैगमिक शासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में एक प्रमाण-पत्र भी जारी किया है। इसके अतिरिक्त, कोयला मंत्रालय के निर्देश और डीपीई के दिशानिर्देशो के अनुपालन में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 2022-23 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षण अभ्यासरत कंपनी सचिव द्वारा किया गया, जिन्होंने निदेशक मंडल की अपेक्षित संख्या में अप्रशासकीय अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशकगण की नियुक्ति को छोड़कर एक अप्रयोग रिपोर्ट प्रतिवेदित किया ।

आपकी कंपनी ने उत्कृष्ट सर्वांगीण प्रदर्शन के साथ पूर्ववत एमओयू मूल्यांकन "उत्कृष्ट" को बरकरार रखा है।

पुरस्कार एवं सम्मान:

वर्ष के दौरान, सीसीएल को निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया :-

- वित्त वर्ष 2021-22 हेतु 18 अगस्त, 2022 को सुरक्षा पर "कोल मिनिस्टर पुरस्कार" (द्वितीय पुरस्कार)
- वित्त वर्ष 2021-22 हेतु 18 अगस्त, 2022 को संवहनीयता पर "कोल मिनिस्टर पुरस्कार" (तीसरा पुरस्कार)
- सीआईएल के 48वें स्थापना दिवस (1 नवंबर, 2022) पर "सुरक्षा पर कारपोरेट पुरस्कार" (द्वितीय पुरस्कार)
- 6 जनवरी,2023 को मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ कारपोरेट (बड़ी श्रेणी) के अंतर्गत वर्ष 2022 का "आईसीएसआई-सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार"
- कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के दूसरे राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कारों में सीसीएल को होटवार, रांची में खेल अकादमी के संचालन के लिए "खेल का संवर्धन" श्रेणी में विजेता घोषित किया गया।
- 20 दिसंबर, 2022 को एक कार्यक्रम के दौरान 'गृह' (हरित इमारतों के लिए एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग) के तहत 'फोर स्टार रेटिंग' के साथ प्रमाणित किया गया ।

आभार:

मैं इस अवसर पर हमारे शेयर धारक कोल इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ उसके प्रबंधन के प्रति, भारत सरकार के प्रति, विशेषकर हमारे प्रशासनिक मंत्रालय यानी कोयला मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अन्य केंद्रीय सरकारी प्राधिकरण, झारखंड सरकार (विशेष रूप से खान मंत्रालय, गृह विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन), लेखा परीक्षकगण, जन प्रतिनिधिगण, स्थानीय ग्राम, स्थानीय निकायों, ट्रेड यूनियनों, हमारे मूल्यवान ग्राहकों, आपूर्ति कर्ताओं और मीडिया के प्रति उनके निरंतर समर्थन, विश्वास और सहयोग के लिए हार्दिक सम्मान और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं ।

मैं कंपनी के विकास में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए बोर्ड के अपने सभी सहकर्मियों तथा सभी कर्मचारियों की सराहना करता हूं ।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि कंपनी ने जिस प्रकार से संसाधनों और क्षमताओं का निर्माण किया है, यह निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में और अधिक सफलता लाएगी और लगातार ऐसा करते हुए आपकी कंपनी राष्ट्र की अपेक्षाओं के सहित हमारे कई शेयरधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करती रहेगी। आपकी कंपनी आपके भरोसे और विश्वास को महत्व देती है तथा इसे आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास करती रहेगी।

ह/-
डॉ. बी. वीरा रेड्डी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन- 08679590

कच्चा कोयला
उत्पादन एवं उठाव



	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
उत्पादन	63.41	68.72	66.89	62.59	68.85	76.09
उठाव	67.51	68.45	67.33	65.40	71.81	75.03

विक्री

	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
सकल विक्रय (कोयला)	15728.80	16343.92	16768.33	15900.51	18585.25	22720.19
निबल विक्रय	10817.89	11273.99	11642.64	10774.32	12352.13	15226.21

लाभ

	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
कर पूर्व लाभ	1387.49	2692.20	2932.72	1913.18	2094.73	3743.61
कर पश्चात लाभ	807.78	1704.47	1847.75	1221.28	1696.92	2751.67

निवल मालियत

संचालन आंकड़े

		31 मार्च को समाप्त वर्ष	2023	2022	2021	2020	2019	2018	2017	2016	2015	2014
1.	**(क)**	**कच्चे कोयले का उत्पादन : (मि. टन)**										
		भूमिगत	0.863	0.755	0.424	0.703	0.315	0.405	0.74	0.85	0.84	0.96
		खुली खदान	75.225	68.091	62.166	66.186	68.407	63.000	66.31	60.47	54.81	49.06
		योग	**76.088**	**68.846**	**62.589**	**66.889**	**68.722**	**63.405**	**67.05**	**61.32**	**55.65**	**50.02**
	(ख)	ओवर बर्डेन निष्कासन (मिलियन घन मीटर.)	106.581	100.066	103.577	103.356	100.490	95.622	102.63	106.78	97.38	59.02
2.		**ढुलाई (कच्चा कोयला) (मिलियन टन)**										
		स्टील	0.00	0.00	0.053	0.039	0.00	0.00	0.03	0.34	0.65	0.32
		बिजली	60.89	54.82	47.407	46.648	45.37	42.22	37.24	33.52	33.41	32.10
		सीमेंट	0.00	0.009	0.053	0.000	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		उर्वरक	0.11	0.115	0.13	0.143	0.09	0.15	0.22	0.24	0.24	0.27
		अन्य	8.34	10.948	10.63	11.732	13.80	15.73	10.83	12.40	10.23	9.00
		वाशरी को कोल आपूर्ति	5.36	5.51	7.04	8.770	9.19	9.41	12.61	13.09	10.81	10.43
		योग	**75.03**	**71.81**	**65.40**	**67.332**	**68.45**	**67.51**	**60.93**	**59.59**	**55.34**	**52.12**
3.		**औसत श्रमशक्ति**	**35418**	**36289**	**37444**	**38695**	**39919**	**41467**	**42919**	**44346**	**45849**	**47406**
4.		**उत्पादकता:**										
	(क)	प्रति व्यक्ति/प्रति वर्ष (टन)	2148.28	1897.16	1671.54	1728.62	1721.54	1529.05	1562.25	1382.76	1213.81	1055.14
	(ख)	प्रति मानव पाली उत्पादन (ओएमएस)										
	(i)	भूमिगत (टन)	2.13	1.17	0.44	0.540	0.214	0.194	0.29	0.32	0.29	0.33
	(ii)	खुली खदान (टन)	10.68	10.16	9.57	10.060	9.740	9.372	9.81	8.91	7.56	6.26
	(iii)	**समग्र (टन)**	**10.22**	**9.37**	**8.39**	**8.490**	**8.093**	**7.195**	**7.23**	**6.51**	**5.46**	**4.64**
5.		**लागत रिपोर्ट के अनुसार सूचना**										
	(i)	प्रति मानव पाली अर्जन (रु)	6252.92	4814.08	4185.94	4003.35	3794.70	3344.68	2985.56	2651.86	2507.87	2377.57
	(ii)	निबल/शुद्ध बिक्री योग्य कोयले के उत्पादन का औसत मूल्या (रु प्रति टन)	1500.87	1385.72	1343.69	1249.82	1125.09	1285.33	1048.85	1045.84	1099.43	1079.17
	(iii)	निबल/शुद्ध बिक्री योग्य कोयले के उत्पादन का औसत बिक्री मूल्य (रु प्रति टन)	1827.91	1608.20	1456.20	1547.08	1497.68	1369.23	1414.25	1490.72	1435.90	1414.86

वित्तीय स्थिति

(स्टैंडअलोन)

भारतीय लेखा मानक के अनुसार (जारी...)

(₹ करोड़ में)

क्र.			विवरण	2022-23	2021—22	2020—21	2019—20	2018—19 (पुनर्लिखित)
अ.	**गैर-चालू परिसंपत्तियां**							
	क.		संपत्ति, उपकरण एवं संयंत्र	6,045.80	5,737.61	5,532.00	4,670.11	2,496.09
	ख.		प्रगतिशील पूंजी कार्य	1,313.51	900.83	907.26	736.75	2,355.18
	ग.		आस्तियों का मूल्यांकन एवं अन्वेषण	683.95	573.69	499.79	448.45	405.43
	घ.		अप्रत्यक्ष परिसम्पत्तियां	26.80	19.93	10.93	4.37	5.74
	ङ.		वित्तीय परिसंपत्तियां					
		i.	निवेश	345.53	345.63	64.63	32.00	32.00
		ii.	ऋण	5.10	2.06	0.49	0.55	0.66
		iii.	अन्य वित्तीय परिसंपत्ति	1,642.99	1,365.00	1,250.53	1,787.15	1,467.73
	च.		आस्थगित कर परिसंपत्ति(निबल)	504.96	679.47	674.14	843.44	1,039.09
	छ.		अन्य गैर-चालू परिसंपत्ति	3,056.25	2,293.68	1,436.20	620.07	1,123.94
	कुल गैर-चालू परिसंपत्ति(अ)			**13,624.89**	**11,917.80**	**10,375.97**	**9,142.89**	**8,925.86**
ब.	**चालू परिसंपत्तियां**							
	क.		भंडारसूची	1,144.30	1,031.34	1,288.67	1,233.36	1,353.66
	ख.		वित्तीयपरिसंपत्ति					
		i.	निवेश	718.59	64.72	—	0.48	52.56
		ii.	व्यापार प्राप्य	3,001.17	2,149.65	3,402.53	2,492.11	1,095.13
		iii.	नकद एवं नकद समतुल्य	850.64	664.91	226.69	117.94	244.55
		iv.	अन्य बैंक शेष	2,533.87	1,413.04	986.69	490.85	841.51
		v.	ऋण	0.71	—	—	—	—
		vi.	अन्य वित्तीय परिसंपत्ति	158.87	97.84	256.70	591.44	628.38
	ग.		चालू कर परिसंपत्ति (निबल)	67.41	154.23	151.68	62.42	—
	घ.		अन्य चालू परिसंपत्ति	3,408.40	3,217.82	2,711.04	2,399.05	2,575.01
	कुल चालू परिसंपत्ति (ब)			**11,883.96**	**8,793.55**	**9,024.00**	**7,387.65**	**6,790.80**
कुल परिसंपत्ति (अ + ब)				**25,508.85**	**20,711.35**	**19,399.97**	**16,530.54**	**15,716.66**
इक्विटी और देयता								
अ.	**इक्विटी**							
	1.		**निर्गत, अभिदत्त एवं पेड-अप इक्विटी शेयर पूजी**	940.00	940.00	940.00	940.00	940.00
	2.		**पूंजी प्रतिदान शेष**	—	—	—	—	—
			प्रारंभिक शेष					
			इक्विटी शेयरों की वापसी खरीद	—	—	—	—	—
			जारी बोनस शेयर	—	—	—	—	—
			अंतिम शेष	—	—	—	—	—
	3.		**पूंजीगत संचय**	**—**	**—**	—	—	—
	4.		**सामान्य संचय**					
			प्रारंभिक शेष	2,392.00	2,307.15	2,246.09	2,153.70	2,068.48
			सामान्य संचय से/को स्थानान्तरण	137.58	84.85	61.06	92.39	85.22
			इक्विटी शेयरों की वापसी खरीद	—	—	—	—	—
			जारी बोनस शेयर	—	—	—	—	—
			अंतिम शेष	**2,529.58**	**2,392.00**	**2,307.15**	**2,246.09**	**2,153.70**

वित्तीय स्थिति
(स्टैंडअलोन)
भारतीय लेखा मानक के अनुसार (जारी...)

(₹ करोड़ में)

क्र.			विवरण	2022—23	2021—22	2020—21	2019—20	2018—19 (पुनर्लिखित)
	5.		**प्रतिधारित उपार्जन**					
			प्रारंभिक शेष	5,305.45	4,475.46	3,315.24	1,914.58	653.43
			समायोजन	(0.09)	—	—	—	—
			वर्ष के लिए लाभ	2,751.67	1,696.92	1,221.28	1,847.75	1,704.47
			विनियोजन					
			सामान्य संचय से/को स्थानान्तरण	(137.58)	(84.85)	(61.06)	(92.39)	(85.22)
			अन्य संचयों में स्थानान्तरण	—	—	—	—	—
			अंतरिम लाभांश	(600.66)	(404.20)	—	(294.22)	(297.04)
			अंतिम लाभांश	(423.00)	(377.88)	—	—	—
			निगमित लाभांश कर	—	—	—	(60.48)	(61.06)
			वापसी खरीद पर कर	—	—	—	—	—
			जारी बोनस शेयर	—	—	—	—	—
			अंतिम शेष	**6,895.79**	**5,305.45**	**4,475.46**	**3,315.24**	**1,914.58**
	6.		**अन्य विस्तृत आय**					
			पुनर्लिखित प्रारंभिक शेष	(225.47)	(174.08)	(109.80)	134.44	154.13
			परिभाषित लाभ योजनाओं का पुनर्मापन (निबल कर)	177.59	(51.39)	(64.28)	(244.24)	(19.69)
			अंतिम शेष	**(47.88)**	**(225.47)**	**(174.08)**	**(109.80)**	**134.44**
	7.		**अन्य इक्विटी**	**9,377.49**	**7,471.98**	**6,608.53**	**5,451.53**	**4,202.72**
	8.		**कंपनी के इक्विटी धारकों को आरोप्य इक्विटी**	**10,317.49**	**8,411.98**	**7,548.53**	**6,391.53**	**5,142.72**
	9.		**गैर-नियंत्रित ब्याज**	—	—	—	—	—
	10.		**कुल इक्विटी (अ)**	**10,317.49**	**8,411.98**	**7,548.53**	**6,391.53**	**5,142.72**
ब.	**देयता**							
	गैर-चालू देयताएं							
	क.		वित्तीय देयताएं					
		i.	उधारी	—	—	—	—	—
		ii.	व्यापार देयताएं	—	—	—	—	—
		iii.	अन्य वित्तीय देयताएं	232.21	146.25	84.40	81.21	70.61
	ख.		प्रावधान	5,334.98	5,118.65	4,876.36	4,116.22	3,411.37
	ग.		आस्थगित कर देयताएं (निबल)	—	—	—	—	—
	घ.		अन्य गैर-चालू देयताएं	452.98	496.58	537.33	578.07	540.84
	कुल गैर-चालू देयताएं (ब)			**6,020.17**	**5,761.48**	**5,498.09**	**4,775.50**	**4,022.82**
स.	**चालू देयताएं**							
	क.		वित्तीय देयताएं					
		i.	उधारी	—	—	—	—	—
		ii.	व्यापार देयताएं	1,315.11	1,555.34	1,360.82	1,404.78	484.15
		iii.	अन्य वित्तीय देयताएं	1,214.63	1,123.19	1,268.08	439.21	502.75
	ख.		अन्य चालू देयताएं	4,466.99	3,037.75	2,889.75	2,577.22	4,556.45
	ग.		प्रावधान	2,174.46	821.61	834.70	942.30	1,007.77
	कुल चालू देयताएं (स)			**9,171.19**	**6,537.89**	**6,353.35**	**5,363.51**	**6,551.12**
	कुल इक्विटी एवं देयताएं (अ + ब + स)			**25,508.85**	**20,711.35**	**19,399.97**	**16,530.54**	**15,716.66**

आय एवं व्यय का विवरण

(स्टैंडअलोन)

भारतीय लेखा मानक के अनुसार

(₹ करोड़ में)

क्र.			विवरण	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए					
				2023	2022	2021	2020	2019 (पुनर्लिखित)	2018 (पुनर्लिखित)
अ.	से आय								
	1.		सकल विषय (कोयला)	22,720.19	18,585.25	15,900.51	16,768.33	16343.92	15,728.80
			घटाव: उत्पाद शुल्क एवं अन्य लेवी	7,493.98	6,233.12	5,126.19	5,125.69	5069.93	4,910.91
	2.		निबल विक्रय	15,226.21	12,352.13	10,774.32	11,642.64	11,273.99	10,817.89
	3.	i.	कोयला आयात हेतु सुकरीकरण चार्ज	—	—	—	—	—	—
		ii.	बालू भराई एवं सख्ती कार्य हेतु सब्सिडी	—	—	—	—	—	1.05
		iii.	परिवहन ओर लदाई लागत की वसूली (एक्साइज ड्यूटी का निबल)	700.04	725.62	664.23	597.39	562.51	428.62
		iv.	निकासी सुकरीकरण चार्ज (लेवियों का निबल)	452.95	408.67	326.34	340.69	343.40	102.55
		v.	सेवाओं से आमदनी (लेवियों का निबल)	—	—	—	—	—	—
	3.		अन्य संचालन आय (एक्साइज ड्यूटी का निबल)	1,152.99	1,134.29	990.57	938.08	905.91	532.22
	4.	i.	निवेश एवं जमा का ब्याज	226.59	93.99	78.65	143.44	115.29	264.81
		ii.	म्युचुअल फंडों से लाभांश	—	—	0.01	3.15	4.92	10.59
		iii.	अन्य गैर-संचालन आय	691.64	239.70	212.62	458.86	192.82	233.56
	4.		अन्य आय	918.23	333.69	291.28	605.45	313.03	508.96
			कुल (अ)	**17,297.43**	**13,820.11**	**12,056.17**	**13,186.17**	**12,492.93**	**11,859.07**
ब.	के लिए प्रदत्त/प्रावधानित								
	1.	i.	वेतन, मजदूरी, भत्ता, बोनस आदि	5,557.91	4,247.07	3,863.35	3,866.92	3,755.20	3,754.14
		ii.	पीएफ तथा अन्य फंड में योगदान.	686.23	681.91	643.43	673.03	699.23	448.80
		iii.	ग्रेच्युटी	181.81	100.75	216.69	144.50	246.45	1,014.03
		iv.	अवकाश नकदीकरण	359.50	78.79	227.62	201.70	193.60	66.38
		v.	अन्य	437.25	367.10	281.61	374.15	234.38	195.20
	1.		कर्मचारी लाभ व्यय	7,222.70	5,475.62	5,232.70	5,260.30	5,128.86	5,478.55
	2.		उपभुक्त सामान की लागत	1,170.83	855.15	730.39	762.94	796.28	715.02
	3.		तैयार माल भंडार में बदलाव/प्रगतिशील कार्य और व्यापारगत भंडार	-81.81	278.86	(57.43)	126.37	(23.44)	512.66
	4.		बिजली एवं ईंधन	265.88	261.55	236.64	226.86	231.02	277.35
	5.		सामाजिक निगमित उत्तरादायित्व में व्यय	43.39	53.14	46.46	52.89	41.14	37.90
	6.		मरम्मति	243.10	273.20	287.91	347.09	374.57	326.69
	7.		संविदात्मक व्यय	1,944.87	1,867.10	1,638.11	1,604.04	1,322.13	1,294.38
	8.		वित्त लागत						
			छूट का अनवाईनडिंग	75.44	81.77	78.91	75.09	69.53	67.21
			अन्य वित्तीय लागत	—	—	4.98	0.53	5.72	103.60
	9.		मूल्यह्रास/अमूर्तिकरण/क्षति	682.96	647.55	554.26	490.39	344.28	351.52
	10.		स्ट्रिपिंग कार्य समायोजन	652.18	725.21	365.87	180.41	347.60	284.51
	11.		प्रावधान एवं राइट ऑफ	284.03	3.44	12.93	35.52	93.95	1.73
	12.		अन्य व्यय	1,050.25	1,202.79	1,011.26	1,091.02	1,069.09	1,020.46
			कुल (ब)	**13,553.82**	**11,725.38**	**10,142.99**	**10,253.45**	**9,800.73**	**10,471.58**

आय एवं व्यय का विवरण
(स्टैंडअलोन)
भारतीय लेखा मानक के अनुसार (जारी...)

(₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए					
		2023	2022	2021	2020	2019 (पुनर्लिखित)	2018 (पुनर्लिखित)
13.	**कर एवं अपवादात्मक वस्तु के पूर्व लाभ (अ-ब)**	**3,743.61**	**2,094.73**	**1,913.18**	**2,932.72**	**2,692.20**	**1,387.49**
14.	अपवादात्मक वस्तु	—	—	—	—	—	—
15.	**कर पूर्व लाभ**	**3,743.61**	**2,094.73**	**1,913.18**	**2,932.72**	**2,692.20**	**1,387.49**
16.	घटाव: कर व्यय	991.94	397.81	691.90	1,084.97	987.73	579.71
17.	**वर्ष के लिए चालू ऑपरेशनों से लाभ**	**2,751.67**	**1,696.92**	**1,221.28**	**1,847.75**	**1,704.47**	**807.78**
18.	समाप्त संचालनों से लाभ/(हानि) (कर पश्चात)	—	—	—	—	—	—
19.	संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों के लाभ/(हानि) में अंश	—	—	—	—	—	—
20.	**वर्ष के लिए लाभ**	**2,751.67**	**1,696.92**	**1,221.28**	**1,847.75**	**1,704.47**	**807.78**
21.	**अन्य विस्तृत आय**						
	क. i. लाभ या हानि हेतु पुनःवर्गीकृत नहीं किए जाने वाली वस्तुएं	237.32	(68.68)	(85.90)	(326.38)	(30.27)	155.59
	ii. लाभ या हानि हेतु पुनःवर्गीकृत नहीं किए जाने वाले वस्तुओं पर आय कर	59.73	(17.29)	(21.62)	(82.14)	(10.58)	53.85
	ख. i. लाभ या हानि हेतु पुनःवर्गीकृत नहीं किए जाने वाली वस्तुएं	—	—	—	—	—	—
	ii. लाभ या हानि हेतु पुनःवर्गीकृत नहीं किए जाने वाले वस्तुओं पर आय कर	—	—	—	—	—	—
22.	**अन्य कुल विस्तृत आय**	**177.59**	**(51.39)**	**(64.28)**	**(244.24)**	**(19.69)**	**101.74**
	वर्ष हेतु कुल विस्तृत आय (लाभ/(हानि) एवं वर्ष के अन्य विस्तृत आय सहित)	**2,929.26**	**1,645.53**	**1,157.00**	**1,603.51**	**1,684.78**	**909.52**
23.	**आरोप्य लाभ:**						
	कंपनी के स्वामी	2,751.67	1,696.92	1,221.28	1,847.75	1,704.47	807.78
	गैर नियंत्रण ब्याज	—	—	—	—	—	—
		2,751.67	**1,696.92**	**1,221.28**	**1,847.75**	**1,704.47**	**807.78**
24.	**अन्य आरोप्य विस्तृत आय:**						
	कंपनी के स्वामी	177.59	(51.39)	(64.28)	(244.24)	(19.69)	101.74
	गैर नियंत्रण ब्याज	—	—	—	—	—	—
		177.59	**(51.39)**	**(64.28)**	**(244.24)**	**(19.69)**	**101.74**
25.	**कुल आरोप्य विस्तृत आय:**						
	कंपनी के स्वामी	2,929.26	1,645.53	1,157.00	1,603.51	1,684.78	909.52
	गैर नियंत्रण ब्याज	—	—	—	—	—	—
		2,929.26	**1,645.53**	**1,157.00**	**1,603.51**	**1,684.78**	**909.52**

महत्त्वपूर्ण वित्तीय सूचना
(स्टैंडअलोन)
भारतीय लेखा मानक के अनुसार

(₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए					
		2022-23	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19 (पुनर्लिखित)	2017-18 (पुनर्लिखित)
अ.	**परिसंपत्तियों एवं देयताओं से संबंधित**						
1.	i. ₹ 1000/- प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की संख्या.	9400000	9400000	9400000	9400000	9400000	9400000
	ii. शेयरधारकों की निधि						
	क. इक्विटी शेयर पूंजी	940.00	940.00	940.00	940.00	940.00	940.00
	ख. आरक्षित (सामान्य एवं सांविधिक)	2,529.58	2,392.00	2,307.15	2,246.09	2,153.70	2068.48
	ग. संचित लाभ/हानि	6,847.91	5,079.98	4,301.38	3,205.44	2,049.02	807.56
	निबल संपत्ति	**10,317.49**	**8,411.98**	**7548.53**	**6391.53**	**5,142.72**	**3816.04**
	घ. पूंजीगत शेष	—	—	—	—	—	—
	शेयरधारकों की निधि	**10,317.49**	**8,411.98**	**7548.53**	**6391.53**	**5,142.72**	**3816.04**
2.	i. चालू परिपक्वता सहित दीर्घकालिक उधारी	—	—	—	—	—	—
	ii. चालू परिपक्वता दीर्घकालिक उधारी छोड़कर	—	—	—	—	—	—
3.	i. सकल संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण	9,457.36	8,602.80	7,838.14	6,568.64	3,960.35	3531.70
	ii. संचित मूल्यह्रास/क्षति	3,411.56	2,865.19	2,306.14	1,898.53	1,464.26	1110.61
	iii. निबल संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण	6,045.80	5,737.61	5,532.00	4,670.11	2,496.09	2421.09
4.	i. चालू परिसंपत्ति	11,883.96	8,793.55	9,024.00	7,387.65	6,790.80	6457.60
	ii. चालू देयताएं	9,171.19	6,537.89	6,353.35	5,363.51	6,551.12	7436.94
	iii. **निबल चालू परिसंपत्तिया/कार्यशील पूंजी**	**2,712.77**	**2,255.66**	**2670.65**	**2,024.14**	**239.68**	**(979.34)**
5.	i. **नियोजित पूंजी [3 (iii) + 4 (iii)]**	**8,758.57**	**7,993.27**	**8202.65**	**6,694.25**	**2,735.77**	**1441.75**
	ii. निबल पूंजीगत डब्ल्यूआईपी एवं विकास अंतर्गत अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति	2,024.26	1,494.45	1,417.98	1,189.57	2,766.35	1903.45
	iii. सीडब्ल्यूआईपी सहित नियोजित पूंजी [5 (i)+5 (ii)]	**10,782.83**	**9,487.72**	**9620.63**	**7,883.82**	**5,502.12**	**3345.20**
6.	i. व्यापार प्राप्य	3,001.17	2,149.65	3,402.53	2,492.11	1,095.13	1121.00
	ii. नकद एवं नकद समतुल्य	850.64	664.91	226.69	117.94	244.55	161.98
	iii. अन्य बैंक शेष	2,533.87	1,413.04	986.69	490.85	841.51	1194.23
7.	i. कोयले का अंत स्टॉक (निबल)	965.24	881.21	1163.03	1,103.27	1,229.85	1206.37
	ii. भंडार एवं कलपुर्जों का अंत स्टॉक (निबल)	174.70	144.46	123.03	125.51	119.15	137.92
	iii. अन्य अंत स्टॉक (निबल)	4.36	5.67	2.61	4.58	4.66	4.94
ब.	**लाभ/हानि संबंद्ध**						
1.	i. सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	4,502.01	2,824.05	2,551.33	3,498.73	3,111.73	1909.82
	ii. सकल लाभ (पीबीडीआईटी)	3,819.05	2,176.50	1,997.07	3,008.34	2,767.45	1558.30
	iii. कर पूर्व लाभ	3,743.61	2,094.73	1,913.18	2,932.72	2,692.20	1387.49
	iv. वर्ष के लिए कर के पश्चात लाभ	2,751.67	1,696.92	1,221.28	1,847.75	1,704.47	807.78
	v. निबल लाभ (कर एवं लाभांश पश्चात)	1,728.01	914.84	1,221.28	1,553.53	1,407.43	276.68
	vi. कुल विस्तृत आय	2,929.26	1,645.53	1,157.00	1,603.51	1,684.78	909.52
2.	i. कोयले का सकल विक्रय	22,720.19	18,585.25	15,900.51	16,768.33	16,343.92	15728.80
	ii. निबल विक्रय	15,226.21	12,352.13	10,774.32	11,642.64	11,273.99	10817.89
	iii. उत्पादन का विक्रय मूल्य	15,308.02	12,073.27	10,831.75	11,516.27	11,297.43	10305.23
3.	बेचे गए सामान का विक्रय मूल्य (निबल विक्रय-पीबीटी)	11,482.60	10,257.40	8861.14	8,709.92	8,581.79	9430.40
4.	कुल व्यय	13,553.82	11,725.38	10,12.99	10,253.45	9,800.73	10471.58
	i. कर्मचारी लाभ व्यय	7,222.70	5,475.62	5,232..70	5,260.30	5,128.86	5478.55
	ii. उपयुक्त सामग्री की लागत	1,170.83	855.15	730.39	762.94	796.28	715.02
	iii. बिजली एवं ईंधन	265.88	261.55	236.64	226.86	231.02	277.35
	iv. वित्तीय व्यय एवं मूल्य ह्रास	758.40	729.32	638.15	566.01	419.53	522.33
5.	प्रतिमाह भंडार एवं कलपुर्जों की औसत खपत	97.57	71.26	60.87	63.58	66.36	59.59
6.	i. वर्ष के दौरान नियोजित औसत श्रमशक्ति	35,418	36,313.5	37444	38,989.5	40000	41467
	ii. सीएसआर व्यय	43.39	53.14	46.46	52.89	41.14	37.90
	iii. प्रति कर्मचारी सीएसआर व्यय (रु'0000)	12.25	14.63	12.41	13.57	10.29	9.14
7.	अभिवृद्धित मूल्य	13,871.31	10,956.57	9,864.72	10,526.47	10270.13	9312.86
	i. प्रति कर्मचारी अभिवृद्धित मूल्य (रु'0000)	3,916.46	3,017.22	2,634.53	2,699.82	2567.56	2245.88

महत्वपूर्ण वित्तीय सापेक्षिक अनुपात
(स्टैंडअलोन)
भारतीय लेखा मानक के अनुसार

(₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	2022-23	2021-22	2020—21	2019—20	2018—19 (पुनर्लिखित)	2017—18 (पुनर्लिखित)
अ.	**लाभकारित अनुपात**						
1.	**प्रतिशत के रूप मे निबल विक्रय**						
	i. सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	29.57	22.86	23.68	30.05	27.60	17.65
	ii. सकल लाभ (पीबीआईटी)	25.08	17.62	18.54	25.84	24.55	14.40
	iii. कर पूर्व लाभ	24.59	16.96	17.76	25.19	23.88	12.83
2.	**प्रतिशत के रूप में कुल व्यय**						
	i. कर्मचारी लाभ व्यय	53.29	46.70	51.89	51.30	52.33	52.32
	ii. उपभुक्त सामान की लागत	8.64	7.29	7.20	7.44	8.12	6.83
	iii. बिजली एवं ईंधन	1.96	2.23	2.23	2.21	2.36	2.65
3.	**प्रतिशत के रूप में निवेशित पूंजी (सीडब्ल्यूआईपी छोड़)**						
	i. सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	51.40	35.33	31.10	52.26	113.74	132.47
	ii. सकल लाभ (पीबीआईटी)	43.60	27.23	24.35	44.94	101.16	108.08
	iii. कर पूर्व लाभ	42.74	26.21	23.32	43.81	98.41	96.24
4.	**प्रतिशत के रूप में निवेशित पूंजी (सीडब्ल्यूआईपी सहित)**						
	i. सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	41.75	29.77	26.52	44.38	56.56	57.09
	ii. सकल लाभ (पीबीआईटी)	35.42	22.94	20.76	38.16	50.30	46.58
	iii. कर पूर्व लाभ	34.72	22.08	19.89	37.20	48.93	41.48
5.	**कार्य संचालन अनुपात (निबल विक्रय - पीबीटी/निबल विक्रय)**	**0.75**	**0.83**	**0.82**	**0.75**	**0.76**	**0.87**
ब.	**तरलता अनुपात**						
	1. चालू अनुपात (चालू परिसंपत्तियां/चालू देयताएं)	1.30	1.35	1.42	1.38	1.04	0.87
	2. त्वरित अनुपात (त्वरित परिसंपत्तियां /चालू देयताएं)	1.17	1.19	1.22	1.15	0.83	0.69
स.	**टर्नओवर अनुपात**						
	1. पूँजीगत टर्नओवर अनुपात						
	i. निबल विक्रय (सीडब्ल्यूआईपी छोड़ निवेशित पूंजी)	1.74	1.55	1.31	1.74	4.12	7.50
	ii. निबल विक्रय (सीडब्ल्यूआईपी सहित निवेशित पूंजी)	1.41	1.30	1.22	1.48	2.05	3.23
	2. महीनों की संख्या में व्यवसाय प्राप्य (निबल)						
	i. सकल विक्रय	1.59	1.39	2.57	1.78	0.80	0.86
	ii. निबल विक्रय	2.37	2.09	3.79	2.57	1.17	1.24
	3. निबल विक्रय के अनुपात के रूप में						
	i. व्यापार प्राप्य	0.20	0.17	0.32	0.21	0.10	0.10
	ii. कोयले का भंडार	0.06	0.07	0.11	0.09	0.11	0.11
	4. कोयले का भंडार						
	i. माह की संख्या अनुसार उत्पादन मूल्य	0.76	0.08	1.29	1.15	1.31	1.40
	ii. माह की संख्या अनुसार बेचे गए सामान का मूल्य	1.01	1.03	1.58	1.52	1.72	1.54
	iii. माह की संख्या अनुसार निबल विक्रय	0.76	0.86	1.30	1.14	1.31	1.34
द.	**संरचनात्मक अनुपात**						
	1. दीर्घकालिक ऋण: इक्विटीगत शेयर पूंजी	—	—	—	—	—	—
	2. दीर्घकालिक ऋण: निबल संपत्ति	—	—	—	—	—	—
	3. निबल संपत्ति: इक्विटी	10.98	8.95	8.03	6.80	5.47	4.06
	4. निबल अचल संपत्ति : निबल संपत्ति	0.59	0.68	0.73	0.73	0.49	0.63
य.	**शेयरधारकों का ब्याज**						
	1. शेयर का अंकित मूल्य (रु.) (निबल संपत्ति/इक्विटी की संख्या)	10,976.05	8,948.91	8,030.35	6,799.49	5470.98	4059.62
	2. प्रति शेयर लाभांश (रु.)	1,089.00	880.00	402.00	313.00	316.00	565.00

निदेशकों का प्रतिवेदन

प्रति,

अंशधारकगण,

सेंट्रल कोलफीलड्स लिमिटेड,

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरणी सहित कंपनी के 67वें वार्षिक प्रतिवेदन को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणी, सांविधिक लेखा-परीक्षकों का प्रतिवेदन एवं उक्त के सापेक्ष प्रबंधन के उत्तर के साथ-साथ लेखा-परीक्षित लेखा पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है।

1. वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान आपकी कंपनी की वित्तीय परिणाम निम्नांकित है:

(₹ करोड़ में)

क्र.	विवरण	2022-23	2021-22
i.	संचालन से राजस्व	16379.20	13486.42
ii.	अन्य आय	918.23	333.69
iii.	सकल राजस्व	17297.43	13820.11
iv.	मूल्यह्रास, ब्याज एवं कर को छोड़कर व्यय	12795.42	10996.06
v.	मूल्यह्रास, ब्याज से पूर्व लाभ	4502.01	2824.05
vi	मूल्यह्रास/परिशोधन/हानि	682.96	647.55
vii.	ब्याज	75.44	81.77
viii.	**कर पूर्व लाभ**	**3743.61**	**2094.73**
ix.	कर व्यय	991.94	397.81
x.	**कर पश्चात निबल लाभ**	**2751.67**	**1696.92**
xi.	अन्य व्यापक आय	237.32	(68.68)
xii	अन्य व्यापक आय पर कर	59.73	(17.29)
xiii.	कंपनी के मालिकों के लिए स्रोतजन्य लाभ	2929.26	1645.53

- परिचालन से व्यय 21.45% की वृद्धि हुई है।
- मार्च'23 को समाप्त वर्ष के कर पूर्व लाभ (पीबीटी) में 78.72% की वृद्धि हुई है।
- मार्च'23 को समाप्त वर्ष के कर पश्चात लाभ (पीबएटी) में 62.16% की वृद्धि हुई है।

1.2 लाभांश

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अंतरिम लाभांश के रुप में ₹ 600.66 करोड़ (विगत वर्ष ₹ 404.20 करोड़) तथा एजीएम के सदस्यों की स्वीकृति के अधीन संतुस्त अंतिम लाभांश ₹ 423.00 करोड़ (विगत वर्ष ₹ 423.00 करोड़) का भुगतान किया गया है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सकल लाभांश ₹1023.66 करोड़ अर्थात ₹1,089.00 प्रति शेयर के 94,00,000 इक्विटी शेयरों पर ₹1000.00 प्रति शेयर (विगत वर्ष ₹827.20 करोड़ अर्थात ₹1,000.00 प्रत्येक के 94,00,000 इक्विटी शेयरों पर ₹880.00 प्रति शेयर)।

1.3 ऋण

कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी सरकार या वित्तीय संस्थान से कोई ऋण नहीं लिया है।

1.4 रिजर्व में अंतरण

वर्ष 2022-23 के दौरान, कर पश्चात लाभ (पीएटी) के 5% के बराबर ₹137.58 करोड़ की राशि जनरल रिजर्व में अंतरित की गई है।

2. परिचालन प्रदर्शन

वर्ष 2021-22 की वास्तविक आंकड़ों तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा प्राप्त उत्पादन एवं उत्पादकता के आंकड़े निम्नानुसार हैं:

विवरण	2022-23		2021-22	विगत वर्ष के मुकाबले प्रतिशत वृद्धि
	लक्ष्य	वास्तविक	वास्तविक	
उत्पादन				
खुली खदान से (मि.टन)	75.130	75.224	68.091	10.477
भूमिगत खदान से (मि.टन)	0.870	0.863	0.755	14.240
कुल (मि.टन)	76.000	76.087	68.846	10.518
ओबीआर (एमएम3)	126.000	106.581	100.066	6.511
धुला कोयला (कोकिंग)				
उत्पादन (मि.टन)	0.965	0.722	0.400	80.386
प्रेषण (मि.टन)	0.965	0.709	0.528	34.281
धुला कोयला (नॉन-कोकिंग)				
उत्पादन (मि.टन)	5.700	3.665	4.267	-14.113
प्रेषण (मि.टन)	5.700	3.691	4.213	-12.398
धुला कोयला (कोकिंग)				
उत्पादन (मि.टन)	1.377	0.732	0.625	17.150
प्रेषण (मि.टन)	1.377	0.798	0.755	5.721
उत्पादकता (ओएमएस-टीई)				
खुली खदान	11.72	10.68	10.16	
भूमिगत खदान	0.84	2.13	1.17	
कुल	**10.20**	**10.22**	**9.37**	





3. पूंजीगत व्यय

क. विगत वर्ष में ₹ 1849.11 के मुकाबले वर्ष 2022-23 के दौरान स्टैंडअलोन पूंजीगत व्यय ₹ 2252.07 करोड़ रहा। वर्ष 2022-23 में पूंजीगत व्यय का शीर्षवार विवरण नीचे दिया गया है:

(₹. करोड़ में.)

क्र.	व्यय शीर्ष	2022-23	2021-22
i.	भूमि	329.15	62.57
ii.	भवन	140.12	59.42
iii.	संयंत्र एवं मशीनरी	335.28	448.99
iv.	फर्नीचर एवं साज सज्जा	6.75	3.54
v.	कार्यालय उपकरण	17.92	10.67
vi.	रेल कोरीडोर एवं रेलवे साइडिंग	565.67	225.86

vii.	वाहन	5.86	12.68
viii.	अन्य खनन अवसंरचना	311.73	144.84
ix.	सॉफ्टवेयर	11.34	11.29
	कुल	**1723.82**	**979.87**

नोट- उपरोक्त के अलावा, कंपनी द्वारा पूंजीगत व्यय के लिए ₹528.25 करोड़ निबल अग्रिम का भुगतान किया गया है (विगत वर्ष ₹ 869.24 करोड़)। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पूंजीगत अग्रिम सहित कुल पूंजीगत व्यय ₹ 2252.07 करोड़ है (विगत वर्ष ₹ 1849.11 करोड़)।

ख. विगत वर्ष में ₹1863.30 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2022-23 के दौरान समेकित पूंजीगत व्यय 2443.19 करोड़ रहा। वर्ष 2022-23 में पूंजीगत व्यय का शीर्षवार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.	व्यय शीर्ष	2022-23	2021-22
i.	भूमि	329.15	62.57
ii.	भवन	140.12	59.42
iii.	संयंत्र एवं मशीनरी	335.28	448.99
iv.	फर्नीचर एवं साज सज्जा	6.80	3.54
v.	कार्यालय उपकरण	18.00	10.67
vi.	रेल कोरीडोर एवं रेलवे साइडिंग	734.30	233.93
vii.	वाहन	5.86	12.68
viii.	अन्य खनन अवसंरचना	311.73	144.84
ix.	सॉफ्टवेयर	11.34	11.29
	कुल	**1892.58**	**987.94**

नोट- उपरोक्त के अलावा, कंपनी ने पूंजीगत व्यय के लिए ₹ 550.61 करोड़ निबल अग्रिम का भुगतान किया है (विगत वर्ष ₹ 875.36 करोड़)। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पूंजीगत अग्रिम सहित कुल पूंजीगत व्यय ₹ 2443.19 करोड़ है (विगत वर्ष ₹ 1863.30 करोड़)।

4. राजकोष में अंशदान

वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य/केन्द्रीय राजकोष में अंशदान का विवरण नीचे है:

क्रं.	विवरण	2022-23	2021-22
i.	कोयले पर रॉयल्टी	2102.58	1657.38
ii.	एनएमईटी (केन्द्रीय निधि)	45.31	35.43
iii.	डीएमएफ (राज्य निधि)	625.03	493.79
iv.	बिक्री कर/वैट	-	1.17
v.	आयकर	761.27	362.18
vi.	लाभांश कर	-	-
vii.	सेवा कर	0.14	-
viii.	कोयले पर सेन्ट्रल एक्साइज		-
ix.	माल और सेवा कर		
	आईजीएसटी	0.02	0.02
	सीजीएसटी	316.13	266.02
	एसजीएसटी	316.13	266.02
	जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर	3011.06	2925.79

x.	ट्रांजिट शुल्क	414.14	460.60
xi.	कोविड सेस	71.66	67.65
xii.	अन्य	24.73	31.49
	सकल	**7688.20**	**6567.54**

5. पूंजीगत संरचना

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कम्पनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी तथा चुकता शेयर पूंजी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है जोकि क्रमशः ₹1100.00 करोड़ एवं ₹ 940.00 करोड़ है। 31 मार्च, 2023 को कम्पनी की निबल मालियत ₹ 10317.49 करोड़ (स्टैंडअलोन) है जो कि 31 मार्च, 2022 को ₹ 8411.98 करोड़ (स्टैंडअलोन) थी।

6. वाशरी का प्रदर्शन:

कच्चे कोयले के उत्पादन और विपणन के अलावा सीसीएल कोकिंग कोयले और गैर-कोकिंग कोयले की धुलाई/परिष्करण के व्यवसाय में भी है। कंपनी में चार कोकिंग कोल वाशरी तथा गैर-कोकिंग कोयले की धुलाई/परिष्करण के लिए एक वाशरी उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीसीएल वशरियों का समग्र लाभ में योगदान ₹ 534 करोड़ का रहा ।

वित्त वर्ष 2022-23 में कोकिंग कोल वाशरियों का परिचालन प्रदर्शन:

1. कोकिंग कोल वाशरियों में कच्चे कोयले की फीड 16.58 लाख टन है जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 37% अधिक है।
2. कोकिंग कोल वाशरियों से धुले कोयले का उत्पादन 7.22 लाख टन रहा जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 80% अधिक है।
3. वित्त वर्ष 2021-22 में कोकिंग कोल वाशरियों द्वारा 33% के सापेक्ष में धुले कोकिंग कोल का उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में 43.5% है।
4. कोकिंग कोल वाशरियों से धुले कोकिंग कोल का प्रेषण 7.1 लाख टन है जो वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 34% अधिक है।

नवीन कोकिंग कोल वाशरियों की स्थापना संबंधी उपलब्धियां:

भारत सरकार के 'मिशन कोकिंग कोल' में योगदान के प्रयोजन से, सीसीएल ने बी-ओ-ओ संकल्पना पर पांच नवीन कोकिंग कोल वाशरियों की स्थापना हेतु वर्ष 2022-23 में निविदाएं निर्गत की हैं। इनमें न्यू रजरप्पा (3 मि.टन/वर्ष), ढ़ोरी (3 मि.टन/वर्ष), न्यू स्वांग (1.5 मि.टन/वर्ष), बसंतपुर तापीन (4 मि.टन/वर्ष) और न्यू कथारा (3 मि.टन/वर्ष) शामिल हैं। इनमें से न्यू रजरप्पा और ढ़ोरी की निविदा को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा उसके संदर्भ में सूचना-पत्र दिया जा चुका है।

7. प्रेषण

वर्ष 2022-23 में कच्चे कोयले का सकल प्रेषण 75.02 मि.टन रहा। विगत वर्ष की तुलना में माध्यमवार प्रेषण निम्नानुसार है :

(आंकड़े मि. ट. में)

साधन	2022-23	2021-22	विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि
रेल	43.92	48.92	-10.22%
सड़क	25.74	17.38	48.16%
वाशरी को फीड	5.36	5.51	-2.72%
कुल प्रेषण	**75.02**	**71.81**	**4.48%**

वर्ष 2022-23 के दौरान कुल प्रेषण 75.49 मिलियन टन रहा। वर्ष 2022-23 में कोयले एवं इसके विभिन्न उत्पादों का क्षेत्रवार प्रेषण निम्नलिखित है:

(आंकड़े मि. ट. में)

क्षेत्र	कच्चा कोयला	स्वच्छ कोयला	धुला कोयला शक्ति	नन- कोकिंग धुला कोयला	स्लरी	रेजेक्ट्स	कुल
ऊर्जा	60.89	0.00	0.07	3.60	0.00	0.01	**64.56**
स्टील	0.00	0.70	0.00	0.00	0.00	0.00	**0.70**
स्टील (स्टील सीपीपी सहित)	0.32	0.00	0.73	0.01	0.00	0.00	**1.06**
उर्वरक	0.11	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	**0.11**
अन्य*	8.34	0.01	0.00	0.08	0.49	0.14	**9.06**
कुल	**69.66**	**0.71**	**0.80**	**3.69**	**0.49**	**0.15**	**75.49**

* अन्य के अंतर्गत स्पॉट ई-ऑक्शन, संपज लोहा, सी.पी.पी. एवं राज्य ऐजेंसियाँ तथा सीपीएसयू इत्यादि ।



8. कोयला भंडार

दिनांक 31.03.2022 को 7.521 मिलियन टन कोयला*-भंडार की तुलना में 31 मार्च 2023 को अपरिष्कृत कोयले का भंडार 8.585 मिलियन टन था ।

(*सभी उत्पादक ईकाइयों, कोयला वाशरियों एवं कोक संयंत्रों में अपरिष्कृत कोयला-भंडार सहित)

9. सकल विक्रय तथा विक्रय-प्राप्ति

वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी का सकल विक्रय ₹ 23,930.83 करोड़ तथा विक्रय-प्राप्ति ₹ 25,309.09 करोड़ रही (सभी ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम राशि सहित)। 31 मार्च 2023 तक कर्जदारों (सकल) की क्षेत्रवार सारणी निम्नवत है:

(आंकड़े करोड़ ₹ में)

क्षेत्र	31.03.2023 को	31.03.2022 को
ऊर्जा	2,865.97	2,116.31
स्टील	652.78	813.25
अन्य	40.33	40.33
कुल	**3559.08**	**2,969.89**

10. एचइएमएम की संख्या एवं उपलब्धियां :

सीसीएल की मशीनीकृत खुली खदानों में 31.03.2022 की तुलना में 31.03.2023 को एचईएमएम की संख्या निमन्वत है:

एचईएमएम	निम्न तिथि पर संख्या					
	31.03.2023			31.03.2022		
	जिनका सर्वे-ऑफ नहीं किया गया	अस्थायी रुप से सर्वे-ऑफ	कुल	जिनका सर्वे-ऑफ नहीं किया गया	अस्थायी रुप से सर्वे-ऑफ	कुल
शॉवेल	65	34	99	72	34	106
डंपर	231	106	337	s292	88	380
डॉज़र	176	02	178	180	04	184
ड्रिल	95	13	108	104	14	118
सकल	**567**	**155**	**722**	**648**	**140**	**788**

नोट : पिछले वर्षों के दौरान एचईएमएम संबंधित संख्याबल अस्थायी रुप से सर्वे-ऑफ मशीनों को छोड़कर दी गयी थी। अब, इस वर्ष से वैसी एचईएमएम मशीनों की संख्या दी गयी है जिनका सर्वे-ऑफ नहीं किया गया है। साथ ही, अस्थाई रुप से सर्वे-ऑफ की गयी मशीनों की संख्या के साथ विगत वर्ष के समानुरुप एचईएमएम संबंधित संख्याबल दिया गया है।

एचईएमएम	उपलब्धता %			उपयोग %		
	मानदंड	वास्तविक		मानदंड	वास्तविक	
		22-23	21-22		22-23	21-22
शॉवेल	80	83.3	80.2	58	50.2	45.0
डंपर	67	80.6	78.0	50	41.1	41.4
डॉज़र	70	81.3	79.8	45	15.0	14.9
ड्रिल	78	90.1	88.7	40	21.2	20.8

11. प्रणाली क्षमता का उपयोग :

वर्ष 2022-23 के लिए 01-04-22 को आंकलित कुल प्रणाली क्षमता (एमएम 3)	खुली खदानों द्वारा उत्पादन (2022-23)			क्षमता उपयोग %	
	कोयला (मि. टन)	ओबी हटाना (एमएम 3)	सम्मिलित (एमएम 3)	2022-23	2021-22
189.69	75.225	106.581	154.495	81.4	71.9

12. कोयला विपणन

12.1 एएपी के अनुसार मांग की आपूर्ति

(आंकड़े मि. ट. में)

क्षेत्र	मांग (एएपी) 2022-23	प्रेषण 2022-23	% संतुष्टि 2022-23	मांग (एएपी) 2021-22	प्रेषण 2021-22	% संतुष्टि 2021-22	विगत वर्ष से वृद्धि %
स्टील (स्टील सीपीपी सहित)	1.50	1.77	118.00%	1.50	1.48	98.47%	19.84%
ऊर्जा	77.08	64.56	83.75%	62.00	59.17	95.44%	9.10%
उर्वरक	0.21	0.11	52.86%	0.15	0.12	76.67%	-3.48%
अन्य	16.35	9.05	55.38%	16.35	11.28	68.99%	-19.73%
कुल	**84.29**	**75.49**	**89.56%**	**80.00**	**72.04**	**90.05%**	**4.79%**

12.2 वैगन लोडिंग

वर्ष 2022-23 एवं 2021-22 में कोलफील्डवार वैगन लोडिंग की वस्तुस्थिति निम्न सारणी में दी गयी है:

(रेक/दिन)

रेलवे फील्ड्स	2022-23	2021-22	विगत वर्ष पर वृद्धि %
दक्षिणी कर्णपुरा	5.74	4.77	20%
उत्तरी कर्णपुरा	26.04	27.36	-5%
उप-योग कर्णपुरा	31.78	32.13	-1%
झरिया	6.71	8.1	-17%
पू.म.रेलवे कुल	38.49	40.23	-4%
गिरिडीह	0.06	0.07	-18%
पू.रेलवे कुल	0.06	0.07	-18%
रांची	0.67	0.88	-24%
द.पू. रेलवे	0.67	0.88	-24%
सीसीएल कुल	**39.22**	**41.18**	**-5%**

12.3 कोयले की ई-नीलामी

वि.व. 2022-23 के दौरान स्पॉट ई-नीलामी का प्रदर्शन निम्नानुसार हैः

अवधि	स्पॉट ई-नीलामी योजना	पेश मात्रा (मिलियन टन)	दर्ज मात्रा (मिलियन टन)	अधिसूचित कीमत पर % लाभ
2022-23	रेल	0	0	लागू नहीं
	सड़क	4.72	4.72	191%
	स्लरी	0.49	0.49	93.16%
	रिजेक्ट्स	0.34	0.34	249.98%
	कुल	**5.55**	**5.55**	**182.39%**

13. परियोजना कार्यान्वयन की स्थिति

31.03.2023 तक, सीसीएल में 227.86 मिलियन टन की स्वीकृत क्षमता के साथ 25 ऑनगोइंग और 21 पूरी हो चुकीं चालू खनन परियोजनाएं हैं। सीसीएल की ऑनगोइंग परियोजनाओं की स्वीकृत पूंजी और स्वीकृत क्षमता क्रमशः ₹ 27425.84 करोड़ और 199.42 मिलियन टन है। सीसीएल की पूरी हो चुकी परियोजनाओं को चलाने के लिए स्वीकृत पूंजी और स्वीकृत क्षमता क्रमशः ₹ 1620.35 करोड़ और 28.44 मिलियन टन है।

सीसीएल की पूरी हो चुकीं कुल 21 चालू खनन परियोजनाओं का विवरण

परियोजनाओं	संख्या	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹)	स्वीकृत क्षमता (मि.टन/वर्ष)
₹ 150 करोड़ से ऊपर	4	954.66	11.75
₹150 करोड़ से ₹50 करोड़ के बीच	5	460.37	9.15
₹50 करोड़ से ₹20 करोड़ के बीच	2	56.52	1.45
₹20 करोड़ ₹ से ₹2 करोड़ के बीच	10	148.794	6.09
कुल	**21**	**1620.35**	**28.44**

सीसीएल की चल रही (ऑनगोइंग) 25 खनन परियोजनाओं का विवरण

परियोजनाओं	संख्या	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹)	स्वीकृत क्षमता (मि.टन/वर्ष)
₹ 150 करोड़ से ऊपर	20	27287.52	196.21
₹150 करोड़ से ₹50 करोड़ के बीच	शून्य	शून्य	शून्य
₹50 करोड़ से ₹20 करोड़ के बीच	2	95.31	1.8
₹20 करोड़ ₹ से ₹2 करोड़ के बीच	3	43.01	1.41
कुल	**25**	**27425.84**	**199.42**

चल रही (ऑनगोइंग) 25 परियोजनाओं में से, हुरिलोंग भूमिगत खदान परि. को क्रमशः वानिकी स्वीकृति और पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान न किए जाने के कारण प्रारंभ नहीं किया जा सका। शेष 24 परियोजनाओं में से 17 परियोजनाएं अपने नियत समय पर चल रहीं हैं और अन्य 7 परियोजनाओं में उन समस्याओं के कारण विलंब हो रहा है जिन्हें मोटे तौर पर निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है:

(क) भूमि का प्रमाणीकरण
(ख) वानिकी स्वीकृति
(ग) पर्यावरणीय स्वीकृति
(घ) कोयला निकासी समस्या
(ङ) पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के मुद्दे
(च) सुरक्षा कारण

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अनुमोदित परियोजनाएं:

क्रम सं.	परियोजनाएं	स्वीकृत क्षमता (मि.टन/वर्ष)	स्वीकृत पूंजी (करोड.₹)	अनुमोदन की तिथि
01	स्वांग -पिपराडीह खुली खदान परि.	2	363.32	515वीं सीसीएल बोर्ड बैठक 14.05.22
02	तोपा खुली खदान परि.	5.25	सीआईएल ईएससी और सीआईएल बोर्ड के अनुमोदन के लिए के लिए कुल संस्वीकृत पूंजी ₹ 1003.30करोड़।	04.07.2022को आयोजित सीसीएल बोर्ड की 516वीं बैठक में
03	अरगडा खुली खदान परि.	4	सीआईएल ईएससी और सीआईएल बोर्ड के अनुमोदन के लिए के लिए कुल संस्वीकृत पूंजी ₹ 656.28 करोड़।	3.11.2022 को आयोजित 522वीं सीसीएल बोर्ड बैठक में

वित्त वर्ष 2022-23 में पूर्ण/प्रारंभ परियोजनाएं :

क्रम सं.	परियोजनाओं	स्वीकृत क्षमता (मि.टन/वर्ष)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹)	पूरा होने की तिथि
शून्य				

वित्त वर्ष 2022-23 में परियोजनाओं ने उत्पादन प्रारंभ

क्रम सं.	परियोजना	स्वीकृत क्षमता (मि.टन/वर्ष)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹)	उत्पादन प्रारंभ
01	सयाल डी खुली खदान परि.	1	48.35	वित्त वर्ष 23-22 में उत्पादन प्रारंभ हुआ

वित्त वर्ष 2022-23 में हमारी कंपनी का उत्पादन स्तर इस प्रकार है:

समूह	2022-23 मिलियन टन
मौजूदा खदानें और पूर्ण परियोजनाएं	13.55
चल रही (ऑन गोइंग) परियोजनाएं	62.54
कुल	**76.09**

14. रेलवे अवसंरचना

क. टोरी-शिवपुर रेल लाइन सेक्शन का ट्रिपलिंग कार्य –

₹2692 करोड़ की लागत से दोहरी रेल लाइन चालू होने के बाद, ₹ 894 करोड़ की अतिरिक्त लागत पर पू.म. रेलवे द्वारा तीसरी रेल लाइन का काम करवाया जा रहा है। तीसरी रेल लाइन का काम प्रगति पर है। लगभग 65% काम पूरा हो चुका है और दिसंबर 2023 तक पूरी रेल लाइन चालू होने की उम्मीद है।

इस रेल लाइन में सीसीएल द्वारा निवेशित पूंजीनिवेश की प्रतिपूर्ति के लिए रेलवे द्वारा वर्धित माइलेज @ 70% का अनुमोदन दिया गया है। जल्द ही पहली किस्त मिलने की उम्मीद है।

ख. शिवपुर-कठोटिया नई बीजी सिंगल रेल लाइन -

(अनुमानित लागत- ₹1799.64 करोड़)

शिवपुर-कठोटिया नई बीजी रेल लाइन का कार्य मेसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा सीसीएल, इरकॉन तथा झारखंड सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी "झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल)" के माध्यम से करवाया जा रहा है। इक्विटी/ऋण अनुपात - 30:70

इस रेल लाइन परियोजना के निर्माण के लिए जेसीआरएल द्वारा ऋण के रुप में ₹1259.75 करोड़ की राशि प्राप्त की जानी है।

जेसीआरएल द्वारा वित्तीय पूर्णता प्राप्त की जा चुकी है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के नेतृत्व में 4 बैंकों के कन्सोर्टियम द्वारा जेसीआरएल को बैंक ऋण दिया जा रहा है। बैंक ऋण का प्रथम संवितरण किया जा चुका है।

कार्य प्रगति पर है और पूरा होने की समय सीमा मई 2025 है। भौतिक प्रगति लगभग 20% है।

ग. उत्तरी उरीमारी रेलवे साइडिंग का निर्माण-

मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा लगभग 10 किमी लंबाई रेल लाइन की निर्माण प्रगति पर है। व्हार्फ वॉल लोकेशन तक रेलवे लाइन के पूरा होने और व्हार्फ वॉल साइडिंग को चालू करने के लिए लोको ट्रायल रन किया गया है। दिसंबर 2023 तक पूरी रेल लाइन चालू होने की संभावना है।

घ. मगध रेलवे साइडिंग का निर्माण (प्रथम चरण)-

मेसर्स राइट्स लिमिटेड को ₹391.01 करोड़ का कार्य-आदेश दिया गया था। मेसर्स राइट्स लिमिटेड द्वारा रेलवे भूमि तथा अन्य अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

ङ. आम्रपाली रेलवे साइडिंग (फेज I) का निर्माण-

मेसर्स राइट्स लिमिटेड को ₹413.48 करोड़ का कार्य-आदेश दिया गया था। रेलवे भूमि के हिस्से में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

च. निम्नलिखित रेल लाइनों के निर्माण के लिए पीएमसी कार्य दिया गया-

1. अशोक रेलवे साइडिंग
2. संघमित्रा रेलवे साइडिंग
3. मगध रेलवे साइडिंग (द्वितीय चरण)
4. आम्रपाली रेलवे साइडिंग (द्वितीय चरण) चंद्रगुप्त खुली खदान परि. से जोड़ने हेतु
5. आरएलएस प्रावधान के लिए केडीएच रेलवे साइडिंग पर नई लाइनों का निर्माण/मौजूदा रेल लाइनों में बदलाव
6. आरएलएस प्रावधान के लिए कारो रेलवे साइडिंग पर नई लाइनों का निर्माण/मौजूदा रेल लाइनों में बदलाव

छ. निम्नलिखित हेतु पू.म. रेलवे से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का अनुमोदन -

i) कोतरे-बसंतपुर-पचमो (केबीपी) कोयला ब्लॉक (5 मि.टन/वर्ष) के लिए दानिया रेलवे स्टेशन से केदला वाशरी तक रेल बुनियादी ढांचे का निर्माण

ii) आरएलएस प्रावधान के लिए कोनार रेलवे साइडिंग पर नई लाइनों का निर्माण/मौजूदा रेल लाइनों में बदलाव।

15. कोयले का चूर्णण :

कोयला मंत्रालय के निदेशानुसार उपभोक्ताओं को सिर्फ -100 मि.मी. चूर्ण कोयला प्रेषित किया जाना चाहिए। खनित कोयले को वांछित आकार में चूर्ण करने के लिए सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 27 क्रशर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कोयले के आकार को -100 मि.मी. में चूर्ण करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकतानुसार मोबाइल क्रशर किराए पर लिए जाते हैं । साथ ही सीसीएल में कंवेयर बेल्ट के माध्यम से खदान से रेल वैगन तक -100 मि.मी. के कोयले के परिवहन हेतु विभिन्न कोल हैंडलिंग संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। यह प्रणाली पर्यावरण के लिए अनुकूल है जो ट्रकों/टिप्परों के माध्यम से कोयले के परिवहन की आवश्यकता को दूर करेगा ।

निम्नलिखित कोल हैंडलिंग संयंत्र निर्माणाधीन हैं:

i) उत्तरी उरीमारी कोल हैंडलिंग संयंत्र (7.5 मि.टन/वर्ष) को एलओए/कार्य आदेश संख्या महाप्रबंधक (ई&एम)/ सीएचपी/20/2815-25 दिनांक 31.12.2020 द्वारा मेसर्स लार्सन & टुब्रो लिमिटेड को ₹291,61,68,000.00 मात्र (वृद्धि तथा जीएसटी सहित) की संविदा राशि निर्गत की गयी। संयंत्र दिसंबर, 2023 तक चालू हो जाएगा।

ii) कोनार कोल हैंडलिंग संयंत्र (5 मि.टन/वर्ष) को एलओए/कार्य आदेश संख्या महाप्रबंधक (ई&एम)/ सीएचपी(कोनार)/22/658 दिनांक 17.03.2022 द्वारा मेसर्स हैमटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को ₹250,15,52,800.00 मात्र (जीएसटी सहित) की संविदा राशि निर्गत की गयी ।

iii) केडीएच–पुरनाडीह कोल हैंडलिंग संयंत्र (7.5 मि. टन /वर्ष) को एलओए/कार्य आदेश संख्या महाप्रबंधक (ई&एम)/ सीएचपी कार्य- आदेश /23/1402-15 (एच) दिनांक 31.03.2023 द्वारा मेसर्स मधुकॉन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को ₹ 442,73,06,429.00 मात्र (जीएसटी सहित) की संविदा राशि निर्गत की गयी ।

सीसीएल के तहत निम्नलिखित कोल हैंडलिंग संयंत्रों का अनुमोदन/ निविदा प्रक्रियाधीन है तथा निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य-आदेश जारी होने की संभावना है:

क. कारो सीएचपी (7 मि.टन/वर्ष)
ख. आम्रपाली सीएचपी (25 मि.टन/वर्ष)
ग. मगध सीएचपी (51 मि.टन/वर्ष)
घ. अशोक पिपरवार सीएचपी (20 मि.टन/वर्ष)
ङ. चन्द्रगुप्त सीएचपी (15 मि.टन/वर्ष)
च. संघमित्रा सीएचपी (20 मि.टन/वर्ष)
छ. रोहिणी- करकट्टा सीएचपी (10 मि.टन/वर्ष)
ज. कोटरे- बसंतपुर पंचमों सीएचपी (5 मि.टन/वर्ष)
झ. कल्याणी सीएचपी (2 मि.टन/वर्ष)

16. सीसीएल की सौर परियोजनाएं :

मार्च'22 तक रुफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र की कुल स्थापित क्षमता (मेगा वाट पीक में) = 1.25 मेगा वॉट पीक

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सौर ऊर्जा उत्पादन विवरण:

क्र.	विवरण	
1.	स्थापित रुफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र	शून्य
2.	अवार्ड भूमि पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजना	20 मेगा वॉट (₹ 142 करोड़)
3.	कुल सौर ऊर्जा संयंत्र जिनकी व्यवहार्यता रिपोर्ट अनुमोदित की गयी	19.77 मेगा वॉट
4.	रुफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र से उत्पन्न सौर ऊर्जा (कि.वॉट घंटे में)	8,20,000 किलो वॉट घंटा

ऊर्जा-उपभोग में गिरावट :

क. सीसीएल के क्षेत्रों को डीवीसी तथा जेबीवीएनएल के विभिन्न आपूर्ति के श्रोतों से ऊर्जा की प्राप्ति होती है। वर्ष 2021-22 के दौरान सीसीएल का विद्युत उपभोग 669.60 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे था जबकि 2022-23 के दौरान डीवीसी के मद में विद्युत की खपत 638.95 एमयू तथा जेबीवीएनएल के मद में 25.04 एमयू कुल 663.99 मिलियन किलोवाट प्रति घंटे थी। अतः वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 में ऊर्जा-उपभोग में 1.44% की गिरावट आई है।

ख. वर्ष 2022-23 के दौरान सीसीएल को ₹3.07 करोड़ का लोड फ़ैक्टर रियायत तथा त्वरित भुगतान हेतु ₹6.51 करोड़ की छूट मिली है, कुल ₹9.58 करोड़।

ग. सीसीएल के लगभग समस्त क्षेत्रों में पावर फैक्टर को 0.90 से ऊपर बरकरार रखा जा रहा है। अधिक कैपेसिटर बैंक स्थापित कर इसे बेहतर बनाया जा रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6500 किलो वोल्ट एम्पीयर रिएक्टिव कैपेसिटर बैंक स्थापित किए गए।

घ. वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न रेटिंग की 16301 एलईडी बल्ब, 5863 सुपर पंखों, 539 ऊर्जादक्ष एसी, 226 ऑटो टाइमर, 60 ऊर्जादक्ष वॉटर हीटर, 7360 केवीएआर के 20 कैपेसिटर बैंक के क्रय हेतु आदेश दिया गया। साथ ही सीसीएल, मुख्यालय हेतु 16 तथा पिपरवार क्षेत्र हेतु 06 इलेक्ट्रिक वाहन किराए पर लेने का आदेश दिया गया, जिसमें से सभी 22 इलेक्ट्रिक वाहन चल रहे हैं।

ङ. वित्त वर्ष 2022-23 में 8*300 वाट एलईडी फिटिंग्स युक्त 190 लाइटिंग टावरों का क्रय कर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया।

17. उपभोक्ता संतुष्टि

कोयला उपभोक्ता के संतुष्टि को ध्यान में रखकर उपभोक्ताओं को उत्तम गुणवत्ता तथा चूर्ण कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावकारी कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में व्यवहृत उपाय निम्नवत हैं :

- सीसीएल में क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर पूर्ण-प्रशिक्षित प्राप्त अधिकारी व कर्मचारी युक्त गुणवत्ता प्रबंधन विभाग अवस्थित है।
- पूरे सीसीएल में प्रेषित कोयले की सैंपलिंग तथा कोयले के विश्लेषण हेतु पूर्ण सज्जित कुल 11 प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं।
- उपभोक्ता संतुष्टि को बढ़ाने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीएसआईआर-सिम्फर, भारतीय गुणवत्ता परिषद तथा मेसर्स एसजीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को लदान छोर पर प्रेषित कोयले का नमूना चयन एवं विश्लेषण हेतु तृतीय पक्ष एजेंसी (टीएसपीएसए) के रुप में सूचीबद्ध किया गया है।
- उपरोक्त टीपीएसए के अलावा, एक नई एजेंसी, मेसर्स मित्रा एसके प्रा लिमिटेड को पावर फ़ाइनेंस कार्पोरेशन द्वारा सूचीबद्ध किया गया है तथा इन एजेंसियों ने 2022-23 में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है।
- कोयला गुणवत्ता प्रबंधन पर वेबिनार तथा उत्पादन एवं प्रेषण में लगे श्रमिकों के लिए कार्यशालाएं और प्रशिक्षण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- इस वर्ष के दौरान तृतीय पक्ष द्वारा कुल 47.68 एमएमटी कोयले का नमूना चयन तथा विश्लेषण किया गया। विगत वर्ष की तुलना में 2022-23 में कोयला ग्रेड के भौतिकीकरण में निरंतर सुधार हो रहा है।
- उपभोक्ताओं के शिकायत हेतु एक प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली बनाई गयी है। जिसमें उपभोक्ताओं के शिकायतों की जांच की जाती है तथा इनके निवारण हेतु प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जाती है।

- उपभोक्ताओं को (-)100 मि.मि. आकार के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अपनाई गयी है जो सीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए सीसीएल की रेलवे साइडिंगों पर फीडबैक रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर का रखा गया है।
- कोयले के लदान के समय उपभोक्ताओं को भी उपस्थित रहने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।
- गुणवत्ता हमारे व्यवसाय का एक प्रमुख भाग है तथा उपभोक्ताओं तक वांछित गुणवत्ता एवं आकार का कोयला पहुंचाने के लिए कोयला गुणवत्ता निगरानी कार्य, उत्पादन, प्रेषण आदि में नियोजित कार्मिकों को संवेदनशील बनाया जाता है।
- प्रेषित कोयले के गुणवत्ता प्रबंधन हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है। जिसे सीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है।

18. कोल कंडीशनिंग और मॉनिटरिंग सेल (सीसीएमसी) की उपलब्धियां

1. वित्त वर्ष 2022-23 में सीएमपीडीआई के सहयोग से सीसीएल की 30 खुली खदानों में विशिष्ट डीजल खपत की बेंचमर्किंग की गयी एवं ईंधन संरक्षण के लागू करने हेतु उनकी अनुशंसा समस्त संबंधित क्षेत्रों में परिचालित किए गए।
2. वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज की गयी एसडीसी 1.25 लीटर प्रति क्यूबिक मीटर है, अतः सीएमपीडीआईएल निर्धारित मानदंड 1.33 ली./घन मी. की तुलना में 6.01% सुधार है।
3. वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की कुल खपत 663.99 एमकेडब्लूएच रही, जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 669.59 एमकेडब्लूएच थी, यह दर्शाता है कि वित्त वर्ष 2021-22 कि तुलना में वित्त वर्ष 2022-23 में 0.84% सुधार हुआ है।
4. विभिन्न प्रकार के प्रयुक्त तेलों के विश्लेषण हेतु उत्तरी तापिन, कथारा तथा डकरा जैसे तीन आरआर शॉप में तीन टीएएन (टोटल एसिड नंबर), टीबीएन (टोटल बेस नंबर) तथा नमी की मात्रा निर्धारित करने वाले यंत्र कमीशन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, रोटेटिंग असेंबली/सब-असेंबली में तापमान के बदलाव का पता लगाने हेतु सीआरएस, बरकाकाना में एक थर्मल इमेजर लगाया गया है।
5. वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक ऊर्जा लेखा प्रतिवेदन संकलित कर सभी संबंधित सदस्यों के मध्य इसमें और सुधार के लिए परिचालित किया गया।
6. पीईएसओ के निर्देशानुसार 11 परियोजनाओं में तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा एचएसडी के तेजी से और डिजिटल रुप से नियंत्रित फिलिंग के लिए डीजल बाउजर के लिए टॉप लोडिंग सुविधा का निर्माण/कमीशन किया गया है।
7. वित्त वर्ष 2022-23 हेतु ऊर्जा बचत में सुधार के उपायों के लिए सीएमपीडीआईएल के समन्वय से उन 5 खानों का इलेक्ट्रिकल ऑडिट और बेंचमार्किंग किया गया जहां ऊर्जा की खपत अधिक थी। इसके अतिरिक्त, खदान के स्टार रेटिंग उद्देश्य के लिए सीएमपीडीआईएल के समन्वय से उत्तरी उरीमारी (बिरसा) परियोजना का भी इलेक्ट्रिकल ऑडिट और बेंचमार्किंग किया गया।
8. ओएमसी द्वारा सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के उपायों तथा ज्ञान को बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
9. आईओसीएल के समन्वय से सीसीएल के उत्तरी कर्णपुरा, पिपरवार और राजहरा क्षेत्र में पुराने मैकेनिकल डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट (डीडीयू) को हटाकर इलेक्ट्रॉनिक डीडीयू लगाया गया। शेष व्यवहार्य इकाइयों का प्रतिस्थापन प्रगति पर है तथा वित्तीय वर्ष 23-24 में पूरा होने की संभावना है।

19. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार

प्रौद्योगिकीय विकास एवं प्रगति का भविष्य संभवतः इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार क्षेत्र की प्रगति पर निर्भर रहेगी। वर्तमान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार समाज के दो मजबूत आधार स्तंभ हैं तथा निकट भविष्य में भी यह प्रवृत्ति बनी रहेगी। हमारे खानि संगठन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार वृहत्तर संवाद स्थापित करना संभव बनाते हैं, चाहे वह फोन हो या इंटरनेट, वायु-तरंग हो या अथवा केबल द्वारा अथवा तार से या बेतार संचार स्थापित करना हो। सीसीएल के ई&टी विभाग द्वारा ऐसी अवसंरचना विकसित की गयी है जिससे दृश्य एवं श्रव्य डेटा का अंतरण सीसीएल कमान क्षेत्र में या बाहर कहीं भी किया सकता है।

सीसीएल के ई&टी विभाग द्वारा कई क्रांतिकारी परियोजनाएं शुरू की गई हैं जो दैनिक संचार की सुविधा उपलब्ध करती हैं, डेटा अंतरण को सक्षम करती हैं, हमारे दूर-सुदूर फैले क्षेत्रों को करीब लाती हैं तथा कोयला प्रेषण एवं परिवहन पारदर्शी बनाती हैं। ई&टी विभाग द्वारा की प्रमुख उपलब्धियां एवं अनुकरणीय कार्य निम्नानुसार हैं:

1. एमपीएलएस-वीपीएन तकनीक द्वारा वाइड एरिया नेटवर्क (डबल्यूएएन)

वर्तमान में, सीसीएल का परिचालन रांची स्थित मुख्यालय की साथ 13 क्षेत्रों और केंद्रीयकृत इकाइयों यथा गांधीनगर अस्पताल-रांची, केंद्रीय अस्पताल-रामगढ़, खान बचाव केंद्र-रामगढ़, बरकाकाना स्थित केन्द्रीय भंडार तथा केन्द्रीय कर्मशाला में किया जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में क्षेत्रीय भंडार, परियोजना कार्यालय, खनन इकाइयां, वेब्रिज, मैगजीन्स, डीजल वितरण इकाइयां, औषधालय आदि अवस्थित हैं। इन सभी स्थानों में दो अलग सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 2 डबल्यूएएन (वैन) द्वारा रिडनडेंसी के साथ दोहरी कनेक्टिविटी प्रदान की गई है:

i. **रेलटेल वैन (ईआरपी के लिए प्राथमिक वैन (डबल्यूएएन) नेटवर्क):** मेसर्स रेलटेल द्वारा उच्च-गति एमपीएलएस-वीपीएन बैंडविड्थ कनेक्टिविटी (2 स्थानों पर 500 एमबीपीएस लिंक, 1 स्थान पर 100 एमबीपीएस लिंक, 18 स्थानों पर 40 एमबीपीएस लिंक, 50 स्थानों पर 10 एमबीपीएस लिंक, 40 स्थानों पर 4 एमबीपीएस लिंक और 336 स्थानों के लिए 2 एमबीपीएस लिंक) उपलब्ध कराई गयी है। कुल 447 स्थलों में से 381 स्थल मेसर्स रेलटेल को सुपुर्द किए गए थे, जिनमें से सभी को चालू कर दिया गया है। यह स्तरोन्नत नेटवर्क मेसर्स टीसीआईएल के वैन(WAN) को प्रतिस्थापित करता है तथा साथ ही साथ सीसीएल में ईआरपी कार्यान्वयन के लिए प्राथमिक मुख्य कनेक्टिविटी रुप में कार्यान्वित है।

ii. **बीएसएनएल वैन (डबल्यूएएन) (ईआरपी के लिए अतिरिक्त वैन (डबल्यूएएन) नेटवर्क):** 5 वर्षों के लिए किराये पर लिए गए इस नेटवर्क में मूल रुप से 279 लिंक थे। इसके अलावा, इस वर्ष नेटवर्क में अतिरिक्त 168 लिंक जोड़े गए, जिनका बैंडविड्थ वितरण इस प्रकार है : डीसी और डीआरसी के लिए 2 स्थानों पर 500 एमबीपीएस का लिंक, सीसीएल मुख्यालय में 100 एमबीपीएस लिंक, 18 स्थानों पर 40 एमबीपीएस लिंक जिसमें क्षेत्र जीएम कार्यालय, 4 केंद्रीय अस्पताल, केन्द्रीय भंडार और केन्द्रीय कर्मशाला शामिल हैं। 50 स्थलों जैसे परियोजना अधिकारियों के कार्यालय में 10 एमबीपीएस का लिंक, क्षेत्रीय भंडार, क्षेत्रीय अस्पताल, कर्मशालाओं जैसे 40 स्थानों पर 4 एमबीपीएस लिंक और 336 स्थानों जैसे वेब्रिज, रेलवे साइडिंग, सब-स्टेशन आदि के लिए 2 एमबीपीएस लिंक उपलब्ध कराया गया। कुल 447 स्थलों में से 431 स्थल मेसर्स बीएसएनएल को सौंप दिए गए थे जिनमें से 422 तैयार स्थल चालू कर दिए गए हैं। इस नेटवर्क पर सीसीएल कमान क्षेत्रों में ई-ऑफिस कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। इसके अलावा, सीसीएल मुख्यालय में स्थित वेब्रिज से सेंट्रल सर्वर तक रियल-टाइम डेटा-ट्रांसफर भी इस एमपीएलएस-वीपीएन आधारित नेटवर्क का उपयोग करके पूरा किया जाता है।

2. केंद्रीकृत इंटरनेट लीज्ड लाइन सुविधा

सीसीएल ने इससे पहले सीसीएल मुख्यालय और सभी क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के माध्यम से इंटरनेट लीज्ड लाइनों की अलग-अलग बैंडविड्थ प्रदान की थी। दिनांक 26.02.2022 को का.आ. सं. सीसीएल(मुख्यालय)/ई& टी/डब्ल्यूओ/1Gbps_ILL/2021-22/126 द्वारा मेसर्स बीएसएनएल को सीसीएल मुख्यालय तथा क्षेत्रों में 1 जीबीपीएस असंपीड़ित (1:1) आईएलएल के न्यूनतम 128 सार्वजनिक आई.पी. के साथ केंद्रीकृत इंटरनेट कनेक्टिविटी बीएसएनएल-एमपीएलएस वीपीएन का कार्य-आदेश निर्गत किया गया था। यह परियोजना 01.05.2022 को प्रारंभ की गई थी और संपूर्ण सीसीएल कमान क्षेत्र में इसके द्वारा केंद्रीकृत इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। इसका उपयोग सीसीएल मुख्यालय में लैन में वितरण के साथ-साथ मेसर्स ऑरेंज बिजनेस सर्विसेज के जीपीएस/जीपीआरएस तथा आरएफआईडी सर्वर के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के लिए किया जा रहा है। सीसीएल मुख्यालय में अलग से 30 एमबीपीएस आईआईएल खरीदा गया है।

3. सीसीएल के सभी क्षेत्रों के लिए लोकल एरिया नेटवर्क

सीसीएल के सभी क्षेत्रों में 5 वर्षों के लिए किराये के आधार पर लोकल एरिया नेटवर्क की स्थापना के लिए 06.11.2021 को मेसर्स रेलटेल को कार्यादेश जारी किया गया था। यह परियोजना मेसर्स टीसीआईएल के लैन के उन्नयन तथा उसके स्थान पर कार्य कर रही है। इसमें संबद्ध उपस्करों सहित 2338 लैन बिंदु समस्त महाप्रबंधक कार्यालय, परियोजन अधिकारी कार्यालय, लेखा कार्यालय, क्षेत्रीय भंडार, केन्द्रीय भंडार, केन्द्रीय कर्मशाला, खान बचाव केंद्र के साथ-साथ सीसीएल के अन्य समस्त महत्वपूर्ण स्थानों को आच्छादित करने का प्रावधान सम्मिलित है।

4. अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए बुनियादी नेटवर्किंग

सीसीएल के चार केन्द्रीय अस्पतालों में अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए जीईएम पर कस्टम बोली के माध्यम से नेटवर्किंग अवसंरचना उपकरणों की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए दिनांक 18.11.2021 को कार्य-आदेश जारी किया गया था। सीसीएल के चार केंद्रीय अस्पतालों, अर्थात रांची स्थित गांधीनगर अस्पताल और रामगढ़, ढ़ोरी और उत्तरी कर्णपुरा स्थित केंद्रीय अस्पतालों में नेटवर्किंग बुनियादी ढांचे की स्थापना मई 2022 में पूरी कर ली गयी तथा उक्त 4 अस्पतालों में लैन पूरी तरह से क्रियान्वित है। इस नेटवर्क द्वारा सीसीएल के केंद्रीय अस्पतालों में अस्पताल प्रबंधन प्रणाली (एचएमएस) के कार्यान्वयन को सक्षम किया गया।

5. सीसीएल कमान क्षेत्रों के लिए सीयूजी और बल्क संदेश सेवाएं

सीसीएल कमान क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 3 वर्षों के लिए क्लोज्ड यूजर ग्रुप (सीयूजी) सुविधा के अंतर्गत मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए कार्य-आदेश 25.01.2022 को जारी किया गया था, जिसमें और सीसीएल के सभी अधिकारियों तथा अनुमोदित सुपरवाइजरी कर्मचारियों के लिए असीमित कॉलिंग सुविधा, न्यूनतम 1 जीबी डेटा प्रति दिन प्रति माह, 500 (स्थानीय + एसटीडी) एसएमएस के साथ कुल 4228 कनेक्शन का प्रावधान सम्मिलित था। इस परियोजना द्वारा सीसीएल कार्मिकों को निशुल्क वॉइस तथा डेटा की सुविधा दी गयी है। इसके अलावा जीईएम से सेवा के रुप में 10 लाख बल्क एसएमएस खरीदे गए, जिनका उपयोग कर्मचारियों/अन्य हितधारकों को एसएमएस के रुप में विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सूचनाओं के वितरण के लिए किया जाता है।

6. मगध और आम्रपाली की परियोजनाओं के लिए डिजिटल वॉकी टॉकी, ट्रांसीवर और रिपीटर सेट

जीईएम के माध्यम से 3 साल की वारंटी के साथ डिजिटल वॉकी-टॉकी (100), ट्रांसीवर्स (18) और रिपीटर सेट (4) की आपूर्ति के लिए 19.02.2022 को कार्य-आदेश जारी किया गया था। लाइसेंस प्रदान के लिए डब्ल्यूपीसी निर्णय (डीएल) प्राप्त होने के बाद सीसीएल की मेगा परियोजनाओं - मगध और आम्रपाली में सामग्री की डिलीवरी और स्थापना की गई। इनका उपयोग मगध और आम्रपाली में विस्फोटन, सीआईएसएफ के परिचालन कार्य, सुरक्षा, कोयला वाशरी संचालन व अन्य संयंत्र तथा रखरखाव कार्य जैसे कई महत्वपूर्ण कामों के लिए किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीसीएल के इतिहास में डिजिटल वीएचएफ प्रणाली तथा डब्ल्यूपीसी द्वारा जारी वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस पहली बार प्राप्त हुआ है।

7. ब्रॉडबैंड से हाई स्पीड एफटीटीएच उन्नयन

सीसीएल मुख्यालय के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों में सभी विभागाध्यक्षों को प्रदान किए गए ब्रॉडबैंड कनेक्शनों को लैन के अलावा इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए उच्च गति वाले एफटीटीएच कनेक्शन में अपग्रेड किया गया है।

8. वीसी प्रणाली

सीसीएल के सभी क्षेत्रों, केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना और सीसीएल मुख्यालय, रांची में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली स्थापित तथा परिचालन में हैं। मास्टर कंट्रोल यूनिट (एमसीयू) केंद्रीय स्ट्रीमिंग और रिकॉर्डिंग सर्वर के साथ सीसीएल मुख्यालय, रांची में स्थापित है। सभी दूरस्थ स्थानों में सार्वजनिक आईपी, यूपीएस और एक डिस्प्ले यूनिट के साथ 1 वीडियो एंडपॉइंट दिया गया है। यह प्रणाली इंटरनेट के साथ-साथ वैन पर भी काम करती है और हमारे पास सीआईएल कोलकाता की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के एमसीयू और सार्वजनिक आईपी वाले किसी भी वीसी प्रणाली को जोड़ने का प्रावधान है। इसके अलावा वीसी प्रणाली सभी कार्यकारी निदेशकों के कार्यालय, सीवीओ कक्ष, अप्रनि के आवासीय कार्यालय और गांधीनगर अस्पताल में प्रदान किया गया है। सार्वजनिक आईपी प्रावधान के साथ उपर्युक्त वीसी प्रणाली के साथ, ई&टी विभाग ने कोविड प्रतिबंधों के मद्देनजर लिंक सुविधा के साथ ऐप/वेब-आधारित वीसी की भी सुविधा प्रदान की है। इस वीसी प्रणाली में कोयला मंत्रालय, सीआईएल मुख्यालय, क्षेत्र के महाप्रबंधक तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि के साथ वीसी बैठक की सुविधा है जिसके कारण प्रशासनिक और प्रबंधकीय निर्णयों के साथ-साथ डीपीसी में कई साक्षात्कारों के संचालन के साथ-साथ निर्बाध समन्वय स्थापित करने में सहायता प्राप्त हुई। इसके फलस्वरुप अधिकारियों की यात्रा और आवास पर होने वाले सार्वजनिक धन की एक बड़ी राशि को व्यय करने से बचाया जा सका।

9. सीसीएल कमान क्षेत्रों के संवेदनशील बिंदुओं पर सीसीटीवी द्वारा निगरानी

कोयले की चोरी/उठाईगिरी की संभावना से बचाव हेतु कोयला मंत्रालय तथा सीवीओ, सीआईएल के निर्देशानुसार सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित की गयी हैं। भंडार-गृह, विस्फोटक मैगजीन, प्रवेश-निकास के बिंदुओं, रेल वेब्रिज, साइडिंग और कोल हीप/डंप और अन्य संवेदनशील स्थानों की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है।

सीसीएल कमान क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर लगभग 1656 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें से 1234 कैमरे एनवीआर/ क्षेत्र नेटवर्क से जुड़े हैं, बाकी एकल रुप में कार्य करते हैं। क्षेत्रीय मुख्यालय, सीसीएल मुख्यालय और सीआईएल मुख्यालय में भी केन्द्रीकृत निगरानी के लिए क्षेत्र से क्षेत्रीय नियंत्रण कक्ष के सभी कैमरों के नेटवर्किंग की व्यवस्था उपलब्ध है। सीआईएल द्वारा चिन्हित सीसीएल की पांच प्रमुख खानों के सीसीटीवी कैमरों का सजीव प्रसारण भी सीआईएल मुख्यालय में उपलब्ध कराया गया है।

10. वेब्रिज का परिचालन तथा रखरखाव

ई & टी विभाग द्वारा एफओआईएस अनुपालन के लिए रेल वेब्रिज की एएमसी, सॉफ्टवेयर स्थापना और रेल वेब्रिज का उन्नयन किया गया है। एफओआईएस अनुपालन के लिए रेल वेब्रिज के उन्नयन और एफओआईएस सर्वरों में डेटा अंतरण के लिए रेल वेब्रिज की कनेक्टिविटी के लिए व्यवस्था की गई थी। सीसीएल के 23 रेल वेब्रिज के लिए एफओआईएस एकीकरण पूरा हो चुका है। वेब्रिज डेटा ट्रांसफर और एसएपी के साथ इसका एकीकरण भी विभाग द्वारा पूरा किया गया है।

11. सीसीएल कमान क्षेत्रों में जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली और आरएफआईडी के साथ सीसीटीवी आधारित वजन नियंत्रण तथा निगरानी प्रणाली

सीसीएल द्वारा मेसर्स ऑरेंज बिजनेस सर्विसेस इंडिया टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के माध्यम से 24X7 निगरानी के लिए एकीकृत प्रणाली स्थापित की गयी है। इस प्रणाली द्वारा 112 रोड वेब्रिजों पर कोयला परिवहन में तैनात ट्रकों, डंपरों तथा निजी टिप्परों के वजन का नियंत्रण सीसीटीवी के साथ आरएफआईडी से किया जाता है। साथ ही, 52 परियोजना कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण तथा 11 क्षेत्रीय कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। एक केंद्रीयकृत नियंत्रण कक्ष सीसीएल मुख्यालय, रांची में स्थित है।

चूंकि सभी क्षेत्रों में पर्याप्त इंटरनेट लीज लाइन बैंडविड्थ उपलब्ध है, अतः समस्त सड़क वेब्रिजों की निगरानी 112 सीसीटीवी कैमरों के लाइव सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से सीसीएल मुख्यालय द्वारा की जा रही की है। इस प्रणाली के कार्यान्वयन से ट्रक चालकों द्वारा ड्राइविंग के नियमों के अनुपालन में सुधार हुआ है तथा लापरवाहीपूर्ण वाहन चलाने, निर्धारित गति से अधिक गति एवं ट्रकों के ओवरलोडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हुआ है ।

मगध और आम्रपाली परियोजनाओं में वाहन ट्रैकिंग प्रणाली भी लागू की गई है जिसमें वर्तमान में 1300 जीपीएस उपकरण तैनात किए गए हैं। इन क्षेत्रों में, 800 उपकरण लगाए गए हैं। शेष 500 जीपीएस उपकरणों को भंडार में रखा गया है तथा नए परिवहन अनुबंध दिये जाने पर लगाए किए जाएंगे। आम्रपाली और चंद्रगुप्त क्षेत्र में चेक-पोस्ट पर बूम-बैरियर आधारित प्रणाली के साथ आरएफआईडी भी स्थापित किया गया है।

20. सुरक्षा

सीसीएल में, सभी के लिए खान सुरक्षा सर्वोपरि है। अतः, हमारी समस्त गतिविधियों का केंद्र संसाधनों की 'शून्य क्षति' सुनिश्चित करना है। आंतरिक सुरक्षा संगठन(आईएसओ) हमारी कंपनी की खानों की सुरक्षा का संधारण करता है। महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) के नेतृत्व में अनुभव प्राप्त दक्ष तकनीकी बहु-संवर्गीय टीम संरक्षा संबंधी कार्यों का निर्वहन कर रही है।

उपलब्धियां:

1. सीसीएल ने सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त कीं -
   - क. 18 अगस्त, 2022 को वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु सुरक्षा के लिए "कोल मिनिस्टर पुरस्कार" (द्वितीय पुरस्कार)।
   - ख. सीआईएल के 48वें स्थापना दिवस (1 नवंबर 2022) के अवसर पर "सुरक्षा पर कारपोरेट पुरस्कार" (दूसरा पुरस्कार)।
   - ग. ऑपरेटरों के प्रशिक्षण और कौशल वर्धन हेतु एक बहु-आयामी सिम्युलेटर का क्रय।
   - घ. आरआरआरटी, चुरी, उ.कर्ण. क्षेत्र में एक गैस क्रोमैटोग्राफ का क्रय एवं परिचालन प्रारम्भ।
   - ङ. बचाव संबंधी सेवाओं को बढ़ाने के लिए सीसीएल द्वारा पूर्ण सज्जित 3 बचाव वैन खरीदे गए।
   - च. नवंबर, 2022 में उदयपुर में आयोजित अखिल भारतीय बचाव स्पर्धा में, सीसीएल समग्र रुप से सर्वश्रेष्ठ टीम में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेस्क्यू रिले रेस में प्रथम पुरस्कार, बचाव और रिकवरी में तीसरा पुरस्कार और चुरी भूमिगत में अग्निशमन हेतु विशेष योगदान की श्रेणी में दूसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ।
2. श्रीमती आकांक्षा कुमारी, प्रबंधन प्रशिक्षु (खनन), चुरी भूमिगत खदान, उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र, भारत में पहली रेस्क्यू प्रशिक्षित महिला बनीं।
3. महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत, दो महिला खनन अभियंता, सुश्री संयमी निधि और सुश्री अंजलि अत्रेयी ने चुरी भूमिगत खदान में अपना योगदान दिया ।
4. चुरी भूमिगत खदान में 57एल ड्रिफ्ट में आग लगने के कारण सीलबंद डब्ल्यू-10 पैनल को पुनः खोलने का कार्य 30.07.2022 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।
5. खान बचाव केंद्र, रामगढ़ के प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण केंद्र में 707 लोगों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।

सुरक्षा प्रबंधन योजना:

i. डीजीएमएस अधिकारियों, प्रत्येक गतिविधि से जुड़े खदान कर्मियों और आईएसओ से प्रशिक्षित सिमटार्स (SIMTARS) विशेषज्ञों के ठोस प्रयासों से सभी गतिविधियों और प्रत्येक गतिविधि से जुड़े खतरों को ध्यान में रखते हुए सभी ओपनकास्ट और भूमिगत खानों के लिए सुरक्षा प्रबंधन योजना (एसएमपी) तैयार की गई है। सुरक्षा संचालन प्रक्रिया बनाकर संबंधित कर्मियों को वितरित कर दी गई है।

ii. कार्य जोखिम विश्लेषण के आधार पर मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का निर्माण और अनुपालन।

iii. एसएमपी की समय-समय पर समीक्षा की जाती है और यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

सीसीएल सुरक्षा बोर्ड की बैठक:

सीसीएल सुरक्षा बोर्ड की बैठक नियमित रुप से आयोजित की जाती है और इसकी अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल या निदेशक (तकनीकी/परि.&यो.), सीसीएल करते हैं और प्रतिभागियों में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, सीसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष और आईएसओ अधिकारी शामिल होते हैं।
आईएसओ नोडल अधिकारी के साथ ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि क्षेत्र के प्रत्येक खदान का निरीक्षण करते हैं। प्रत्येक खान में दृष्टिगत कमियों को निरीक्षण के आधार पर विचार-विमर्श कर खान-प्रबंधन द्वारा कमियों को दूर करने के लिए कृत-कार्रवाई सदस्यों के समक्ष रखी जाती है।

सुरक्षा ड्राइव:

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान चलाये गए सुरक्षा अभियान इस प्रकार हैं:

1. 22.04.2022 से 29.04.2022 तक खुली खानों में एचईएमएम रख-रखाव तथा सुरक्षा जागरुकता पर सुरक्षा अभियान।
2. दिनांक 01.06.2022 से 08.06.2022 तक मानसून की तैयारी।
3. दिनांक 22.08.2022 से 03.09.2022 तक भूमिगत एवं खुली खदान में ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग, खान जियोमेट्री के लिए वैज्ञानिक अध्ययन का कार्यान्वयन, कोयला और ओबी डंप प्रबंधन, एससीएएमपी, भूमिगत खदान खानों में रुफ बोल्टिंग और रुफ सपोर्ट प्रणाली ।
4. 21.09.2022 से 30.09.2022 तक भूमिगत खनन मशीनों की सुरक्षा प्रणाली (एसडीएल, एलएचडी, यूडीएम, सीएम, एमयूवी, क्वाड/ट्विन बोल्टर, शीयरर, ऊर्जा सपोर्ट, एएफ़सी इत्यादि) और खुली खदानों मे शोवेल्स (विभागीय और संवेदकीय) का संचालन और रखरखाव।
5. दिनांक 09.11.2022 से 18.11.2022 तक खानों में "सुरक्षा संस्कृति" की स्थिति का मूल्यांकन।
6. इलेक्ट्रीशियन और इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजरों के लिए दिनांक 22.02.2023 से 23.02.2023 तक खानों में "शटडाउन प्रक्रिया और लोटो के कार्यान्वयन" पर दो दिवसीय कार्यशाला।
7. दिनांक 15.03.2023 से 28.03.2023 तक खुली खदानों का अग्नि सुरक्षा ऑडिट।

सुरक्षा समिति का सुदृढ़ीकरण

सुरक्षा समिति की बैठक खानों में आयोजित की जाती है जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, सीसीएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य और आईएसओ अधिकारी भी शामिल होते हैं। जिन स्थानों पर ठेकेदार खनन कार्यों में लगे हुए हैं, उनके प्रतिनिधियों को भी सुरक्षा मामलों पर जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

सुरक्षा समिति की भूमिका को मजबूत करने के लिए अप्रनि, सीसीएल और निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल, भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुछ बैठकों में सम्मिलित हुए है।

यह सांविधिक और सबसे प्रभावी मंच है जहां प्रतिभागी जमीनी स्तर पर अपने बहुमूल्य सुझाव देते हैं।

क्षेत्र सुरक्षा पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक

सीसीएल की सभी खदानों की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए हर महीने क्षेत्र सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाती है। बैठक की अध्यक्षता निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल द्वारा की जाती है और इसमें क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी और आईएसओ अधिकारी शामिल होते हैं। यह मुख्यालय और क्षेत्रों के बीच दो-तरफ़ा संचार प्रणाली स्थापित करता है और सुरक्षा मुद्दों को हल करने में मदद करता है।

सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यवहृत पहल-

सीसीएल ने हाल के वर्षों में सभी परियोजनाओं में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए सांविधिक आवश्यकताओं के अनुपालन के अलावा चल रही सुरक्षा संबंधी पहलों के साथ-साथ कई उपायों का पालन किया है।

- सुरक्षा पर त्रिपक्षीय बैठक दिनांक 30.01.2023 को सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित की गई।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 मे 11 द्विपक्षीय और 11 त्रिपक्षीय बैठकों सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की गई।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सभी खुली खदानों और भूमिगत खदानों का इंटर क्षेत्र सेफ्टी ऑडिट मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम द्वारा जून से सितंबर 2022 तक किया गया था।
- खदान मे कार्य करने वाले कामगारों को उनके कार्य से संबंधित सुरक्षा के साथ-साथ उनके परिवेश और सहकर्मियों के बारे में अद्यतन रखने के लिए नियमित रुप से सुरक्षा वार्ता की जाती है। साथ ही, व्यक्तिगत सुरक्षा विमर्श नियमित आधार पर की जाती है।
- सभी कर्मचारियों को दिखाने और साझा करने के लिए खदानों के विभिन्न सुरक्षा प्रक्रियाओं, संचालन से संबंधित क्या करें और क्या न करें और दुर्घटना विश्लेषण पर वीडियो क्लिप/एनीमेशन फिल्म तैयार की गई है। विभिन्न वीटीसी और अन्य प्रतिष्ठानों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान इन वीडियो क्लिप या एनिमेशन फिल्मों का व्यापक रुप से उपयोग किया जा रहा है। इस प्रयास से सभी कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरुकता बढ़ने और जमीनी स्तर पर सर्वोत्तम सुरक्षा संस्कृति विकसित करने की उम्मीद है।
- धूल की निगरानी के लिए साइडिंग में 25 पीएम 10 एनालाइजर लगाए गए हैं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में 14 सीएएक्यूएमएस की स्थापना की गई है।
- सीसीएल में, कोयला उत्पादन के लिए 15 सरफेस माइनर है। सरफेस माइनर द्वारा खनन विस्फोट मुक्त पर्यावरण अनुकूल खनन प्रणाली है। साथ ही चुरी भूमिगत खदान में कोयला निकालने के लिए कंटीन्यूअस माइनर का उपयोग किया जाता है।
- आईटी अवसंरचना का विकास: सीसीएल में खान सर्वेक्षण और निगरानी के लिए आधुनिक सर्वेक्षण उपकरण जैसे इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन और 3-डी लेजर स्कैनर का उपयोग किया जाता है। इनके अलावा, आरएफआईडी प्रणाली, बूम बैरियर, स्नैपशॉट के लिए सीसीटीवी कैमरा और मौजूदा वेब्रिज प्रणाली के साथ एकीकरण के साथ कोयला परिवहन के लिए जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली निष्पादित किया गया है। एक व्यापक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली भी क्रियान्वित की जा रही है। ईआरपी और ई-ऑफिस पहले से ही परिचलन में हैं।
- उन्नत ब्लास्टिंग प्रणाली: सीसीएल में, गांवों और कस्बों के निकट न्यूनतम भू-कंपन तथा उचित विखंडन सुनिश्चित करने के लिए खुली खानों में नियंत्रित ब्लास्टिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर का उपयोग किया जा रहा है।
- 36 मोबाइल मिस्ट प्रकार के स्प्रिंकलर प्रदान किए गए और 15 ट्रॉली पर लगे फॉग कैनन की खरीद की गई।

मॉक रिहर्सल

2022-23 में ओपन कास्ट और भूमिगत खानों में विभिन्न आकस्मिक स्थितियों जैसे एचईएमएम में आग लगने, काम करने वाले व्यक्ति के डूबने, यू/जी पम्पिंग स्टेशन के पास CO_2 का उत्सर्जन, आदि से निपटने के लिए 148 मॉक रिहर्सल आयोजित किए गए।

केंद्रीकृत सुरक्षा सूचना प्रणाली (CSIS) पोर्टल

सीएसआईएस पोर्टल को संचालित किया गया है जहां सभी रिपोर्ट, आंकड़े और डेटा, जैसे, सांविधिक श्रमशक्ति, सांविधिक दस्तावेज, प्रशिक्षण, ई-निरीक्षण रिपोर्ट, दुर्घटना/घटना आदि, खान प्रबंधक द्वारा अपलोड किए जाते हैं। इसे अद्यतन तथा अधिक प्रभावशाली बनाए रखने के लिए आईएसओ अधिकारियों द्वारा नियमित रुप से इसकी समीक्षा की जाती है।

सांविधिक श्रमशक्ति

निम्नलिखित सांविधिक कार्मिकों की भर्ती प्रक्रियाधीन है -

क) माइनिंग सरदार- 77
ख) उप-सर्वेक्षक - 20
ग) इलेक्ट्रीशियन (गैर-उत्खनन) श्रेणी- IV - 126
घ) सहायक फोरमैन (विद्त) तक.&पर्य. ग्रेड-सी – 107

सुरक्षा प्रदर्शन

विवरण	अप्रैल 2021 - मार्च 2022	अप्रैल 2022 - मार्च 2023
संघातक दुर्घटना	2	1
मृत्यु	2	1
गंभीर दुर्घटना	2	2
गंभीर चोटें	3	2
मृत्यु दर प्रति मिलियन एम3 समग्र (ओबी+कोयला) (भूमिगत खदान+खुली खदान परि.)	0.02	0.01
मृत्यु दर प्रति 3 लाख मैन-शिफ्ट	0.08	0.04
गंभीर चोट दर प्रति मिलियन M3	0.02	0.01
गंभीर चोटों की दर प्रति 3 लाख मैन-शिफ्ट	0.12	0.08

21. कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध

21.1 कार्मिक प्रबंधन

दिनांक 31.03.2022 को कंपनी की श्रमशक्ति संख्या 35861 की तुलना में दिनांक 31.03.2023 की वर्तमान श्रमशक्ति 34975 है। 31.03.2022 की तुलना में 31.03.2023 को श्रम-शक्ति निम्न सारणी में श्रेणीवार प्रदर्शित है।

वर्ग	31.03.2023	31.03.2022
अधिकारी	2333	2285
पर्यवेक्षी	3203	3255
अत्यधिक कुशल / कुशल	10740	11206
कुशल/अकुशल(टीआर)	14440	14910
कुशल/अकुशल (पीआर)	199	215
अनुसचिवीय कर्मचारी	3694	3677
अन्य	366	313
कुल	**34975**	**35861**

वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 886 श्रमशक्ति कम हुई। यद्यपि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी में 1754 कर्मचारियों की संख्या घटी, तथापि, मौजूदा श्रमशक्ति में 868 कर्मचारियों की संख्या जुड़ी।

कटौती:

श्रम-शक्ति में कटौती	कर्मचारियो की संख्या (31.03.2023)
सेवानिवृति	1153
मृत्यु	373
अंतर कम्पनी स्थानांतरण	147
इस्तीफा	46
निष्कासन/बर्खास्तगी	35
वी.आर.एस (जीएनएच)	0
चिकित्सीय अयोग्यता	0
अन्य	0
कुल कटौती	**1754**

वृद्धि:

श्रम-शक्ति में कटौती	कर्मचारियो की संख्या (31.03.2023)
9.3.0 के तहत नियुक्ति	331
भू-विस्थापन के अंतर्गत नियुक्ति	161
मृतक अधिकारियो के आश्रितो की नियुक्ति	0
9.4.0 के तहत नियुक्ति	0
अंतर कम्पनी स्थानांतरण	182
नयी भर्ती	186
पुनर्नियुक्ति	8
अवार्ड केस	0
अन्य (एसएफ़वीआरएस)	0
कुल	**868**

अ.जा./अ.ज.जा./बेंचमार्क दिव्यांगों का प्रतिनिधित्व :

अ.जा./अ.ज.जा./बेंचमार्क दिव्यांगों की बहाली/पदोन्नति के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी आरक्षण नियम/दिशा निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन सीसीएल में किया जाता है। 31.03.2023 को सकल श्रमशक्ति में उक्त वर्ग के कर्मचारियों की संख्या नीचे प्रदर्शित है :

वर्ग	31.03.2023 को	प्रतिनिधित्व (%)	31.03.2022 को	प्रतिनिधित्व (%)
अनुसूचित जाति	6968	19.92%	7037	19.44%
अनुसूचित जनजाति	5815	16.63%	6009	16.60%
अन्य पिछड़ा वर्ग	9015	25.77%	9297	25.69%
बेंचमार्क दिव्यांग	74	-	71	-

21.2 भर्ती विभाग

- माइनिंग सिरदार तक.&पर्य. ग्रेड-सी के 77 पद, सहायक फोरमैन (विद्युत) तक.&पर्य. ग्रेड-सी के 107 पद, उप-पर्यवेक्षक (खनन) तक.&पर्य. ग्रेड-सी के 20 पद तथा इलेक्ट्रिशियन (गैर-उत्खनन) श्रेणी- IV के 126 पद कुल 330 सांविधिक पदों को भरने हेतु एक विशेष भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गयी ।
- सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 330 सांविधिक पदों की भर्ती हेतु सीबीटी आयोजित कर ईडीसीआईएल (पीएसयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है जिसका विज्ञापन 28.03.2023 को प्रकाशित किया जा चुका है एवं नियुक्ति-प्रस्ताव जून 2023 तक जारी होने की संभावना है।
- सीधी भर्ती के माध्यम से {जूनियर ओवरमैन के मद में 06 तथा सहायक फोरमैन (विद्युत) के मद में 01 } कुल 07 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया।
- 04 विभागीय कर्मचारियों का चयन अकाउंटेंट तक.&पर्य. ग्रेड-ए किया गया।
- 55 चिकित्सा अधिकारियों (वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ {ई-4}, चिकित्सा विशेषज्ञ {ई-3} और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी {जीडीएमओ} {ई-3}) की भर्ती के लिए रोजगार सूचना का विज्ञापन दिया गया। कुल 710 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 378 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चयनित किया गया था। साक्षात्कार में 114 उम्मीदवार उपस्थित हुए। तत्पश्चात, परिणाम की घोषणा तथा नियुक्ति-पत्र निर्गत करने हेतु सीआईएल को 103 सफल अभ्यर्थियों की सूची अनुशंसा हेतु भेजी गयी।
- भर्ती विभाग में ओएमआर मशीन उपलब्ध है तथा ओएमआर मशीन द्वारा उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाता है। विभिन्न भर्ती/विभागीय अभ्यर्थियों की डीपीसी आदि के लिए ओएमआर मूल्यांकन की विस्तारित सुविधा सीसीएल के विभिन्न विभागों/क्षेत्रों को उपलब्ध करायी जा रही है ।

22. मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा प्रबंधकों, कर्मचारियों, कामगारों और संविदा कामगारों तथा हितधारकों में सिद्धांत एवं प्रयोग को संश्लेषित करने का कौशल प्रदान करने की पहल की जाती है। यह विभाग प्रबंधन के प्रयोजन मूलक विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकारी अधिकारियों के मध्य क्रॉस फंक्शनल इनपुट, अधिकारियों हेतु सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, प्रबंधन प्रशिक्षुओं तथा नव-नियुक्त अधिकारीयों के लिए प्रवेश व अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन करता है।

जहां तक प्रशिक्षण एवं विकास का संबंध है मा.सं.वि. विभाग, सीसीएल द्वारा मुख्यतः दो केंद्रीय क्षेत्रों पर प्रश्रय दिया जा रहा है:

- ❖ ज्ञान संवर्धन
- ❖ कौशल विकास

ज्ञान संवर्धन परिक्षेत्र के अंतर्गत, प्रबंधन के प्रयोजनमूलक प्रक्षेत्र, कार्यकारी अधिकारियों को क्रॉस फंक्शनल इनपुट प्रदान करना, अधिकारियों हेतु सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम, प्रबंधन प्रशिक्षुओं एवं नव- नियुक्त अधिकारियों हेतु प्रवेश तथा अभिविन्यास कार्यक्रम, अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु ई-ऑफिस तथा ईआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानक संचालन प्रक्रिया के लिए जागरुकता कार्यक्रम, गैर-वित्त कार्मिकों हेतु वित्त सम्बन्धी, सुरक्षा एवं बचाव कार्यक्रम, कार्मिक संवर्गीय अधिकारियों हेतु प्रयोजनमूलक कौशल विकास कार्यक्रम मा.सं.वि. के प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, सीसीएल में आयोजित किए गए हैं।

प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, मा.सं.वि.,सीसीएल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

फ्रंटलाइन पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों का कौशल विकास तथा कर्मचारियों हेतु कौशल स्तरोन्नतिकरण कार्यक्रम प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, मा.सं.वि., सीसीएल के नियमित पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। हिंदी कार्यशाला, कंप्यूटर बोध कार्यक्रम तथा अधिकारी और कर्मचारियों के लिए प्रयोजनमूलक कौशल विकास जैसे कार्यक्रम बीटीटीआई, भुरकुंडा और सीईटीआई, बरकाकाना, प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, मा.सं.वि. में आयोजित किए गए हैं।

यह विभाग हितधारकों के मध्य रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

उपर्युक्त के अलावा, अधिकारियों और कुछ कर्मचारियों को वर्ष पर्यंत विशिष्ट ज्ञान एवं कौशल वर्धन हेतु प्रशिक्षण के लिए बाहरी संस्थानों में नामित किया जाता है।

उपर्युक्त के आलोक में, मा.सं.वि. विभाग, सीसीएल की वर्ष 2022-23 द्वारा लब्ध प्रमुख उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:

- कोल इंडिया लिमिटेड की समस्त सहायक कंपनियों में सीसीएल भुरकुंडा में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई पाठ्यक्रम का प्रवर्तक रहा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, बैच 2021-23 में 19 तथा बैच 2022-24 में 20 छात्र बीटीटीआई, भुरकुंडा में उक्त पाठ्यक्रम का अध्ययन

कर रहे है, और साथ ही सीसीएल की विभिन्न इकाइयों/ परियोजनाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। बीटीटीआई, भुरकुंडा को प्रशिक्षण अधिनियम के तहत बुनियादी प्रशिक्षण प्रदाता का भी दर्जा प्राप्त है।

बीटीटीआई भुरकुंडा में संचालित पाठ्यक्रम

- 318 कर्मचारियों (सभी को समाहित कहरते हुए) के लिए विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम बीटीटीआई, भुरकुंडा में आयोजित किए गए हैं; जैसे सामान्य जागरुकता एवं सुरक्षा कार्यक्रम, कैरियर विकास कार्यक्रम, विस्फोटक हैंडलिंग कार्यक्रम और मानसून की प्रारम्भिक तैयारी कार्यक्रम आदि।

एचईएमएम का बुनियादी प्रशिक्षण :

- डंपर, ड्रिल, पे-लोडर, मोटर ग्रेडर, ऑपरेटर जैसे एचईएमएम ऑपरेटरों को विभिन्न बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाता है। बुनियादी प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारियों की प्रारंभिक सैद्धांतिक कक्षाएं सीईटीआई, बरकाकाना में संचालित की जाती है एवं तत्पश्चात व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर एचईएमएम संचालन में उनकी दक्षता जाँचने हेतु परीक्षा आयोजित की जाती है। उपरोक्त पाठ्यक्रम के अलावा, परियोजना प्रभावित जन को प्रशिक्षण एवं बेसिक ऑपरेटर कोर्स के अतिरिक्त कंपनी के अनुभवी कर्मचारियों हेतु विभिन्न पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें उन्हें सीईटीआई/ सीआरएस बरकाकाना के प्राध्यापकों सहित ओईएम/ ओईएमएस द्वारा विभिन्न तकनीकी प्रगति/ सुरक्षा विशेषताओं की जानकारी प्रदान की जाती है। सीईटीआई, बरकाकाना ने वर्ष 2022-23 में 425 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

एचईएमएम चालकों के लिए ओईएम प्रशिक्षण

- इसके अतिरिक्त, जनवरी 2023 में केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण केंद्र में एचईएमएम प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण सिम्युलेटर स्थापित किया गया।
- उपरोक्त के अतिरिक्त, सीसीएल देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों को इंजीनियरिंग/ एमबीए/ बीबीए/ एमसीए / बीसीए और अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के निःशुल्क इंटर्नशिप/ व्यवसायिक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 2192 गैर-खनन तथा 509 खनन के छात्रों को सीसीएल के कॉर्पोरेट मुख्यालय, क्षेत्रों, परियोजनाओं और इकाइयों में उक्त अवसर का लाभ प्राप्त हुआ है।

शिक्षुता अधिनियम के अनुसार शिक्षु प्रशिक्षण

- वर्ष 2022-23 के दौरान, कोल इंडिया और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन के अनुरुप सीसीएल को संविदाकर्मी सहित कुल श्रमशक्ति के न्यूनतम 2.69% शिक्षुओं की नियुक्ति करनी थी। मानव संसाधन विकास विभाग ने निर्धारित समय के अन्दर सफलतापूर्वक 2.5% शिक्षुओं को नियुक्त करने का लक्ष्य प्राप्त किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

क्र सं	संविदा कर्मियों सहित सीसीएल की कुल श्रमशक्ति	2022-23 में नियुक्त शिशुक्षुओं की कुल संख्या (31/03/2023 की स्थिति)
01	42995 31/03/2023 तक	1160

एनएटीएस : 525
बीटीपी : 75
एनएपीएस : 560

बीटीपी का सफल आयोजन

वित्त वर्ष 2022 के अगस्त माह से सीसीएल में बीटीपी प्रारंभ किया गया है। सीसीएल, बीटीपी में पंजीकृत होने वाली पहली सहायक कंपनी है जहां व्यापार के लिए पर्याप्त/ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। बीटीपी में किसी संस्था नियुक्त वैसे नए प्रशिक्षुओं को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनके पास संबद्ध ट्रेड से कोई औपचारिक शिक्षा और/या प्रशिक्षण नहीं हैं तथा वे आर्थिक रुप से पिछड़े वर्गों से संबंध रखते हों।

वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल के बीटीपी* नव- शिशुक्षुओं की सूची।

क्र सं	स्थापना का नाम	ट्रेड	चयनित उम्मीदवार
1.	एमटीसी, मा.सं. वि.	आईटीईएसएम, मल्टीमीडिया और वेबपेज डिजाइनिंग	15
2.	गांधी नगर अस्पताल, राँची	मेडिकल लेबोरेटरी टेकनिशियन (एमएलटी) पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी, स्वास्थ्य और स्वच्छता निरीक्षक और ड्रेसर/हेयर कटर	25
3.	बीटीटीआई भुरकुंडा	वायरमैन, सर्वेयर	20
4.	सीईटीआई भुरकुंडा	वेल्डर, मैकेनिक अर्थमूविंग मशीनरी, मैकेनिक मोटर वाहन	15
		कुल = 75	

- योग व ध्यान प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, मानव संसाधन विकास विभाग में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अभिन्न अंग है। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, मानव संसाधन विकास विभाग, रांची में किसी भी संस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों हेतु जीवन-शैली एवं योग-सत्र अनिवार्यतः आयोजित किया जाता है। अभी तक कुल 175 अधिकारी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं ।
- मा.सं.वि. विभाग,सीसीएल द्वारा प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, सीसीएल, आईआईसीएम, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा राष्ट्र के अन्य बाह्य प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण व सेमिनारों के मद में समीक्षाधीन वित्त वर्ष 2022-23 में ₹ 21.75 करोड़ (इक्कीस करोड़ पचत्तर लाख) व्यय किया गया है।

जागरुकता प्रशिक्षण

- मासंवि, सीसीएल द्वारा दिनांक 28/10/2022 को हाईवॉल माइनिंग पर चर्चा हेतु एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस प्रशिक्षण में कुल 29 अधिकारियों ने भाग लिया। तथा इस प्रशिक्षण की सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि पूर्व अप्रनि, श्री बाला स्वामी अकला ने इस सत्र का संचालन किया।
- दिनांक 12/12/2022 से 13/12/2022 तक, सैप में भुगतान आदेश संबंधी लेन-देन और देनदारियों का शोधन" जैसे विषयों पर एमटीसी, मासंवि, सीसीएल रांची में दो दिवसीय सत्र आयोजित किया गया । तथा इस कार्यक्रम में सीसीएल के समस्त क्षेत्रों से कुल 63 अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।
- सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके लाभ से सम्बद्ध आवश्यक स्वास्थ्य तथा वित्तीय जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक: 22/12/2022 को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- दिनांक 22/02/2023 को " शटडाउन प्रक्रिया और विद्दत पर्यवेक्षकों के लिए एलओटीओ के कार्यान्वयन" विषय पर एक दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।
- दिनांक 23/02/2023 को " शटडाउन प्रक्रिया और उत्खनन पर्यवेक्षकों के लिए लोटो(एलओटीओ) का कार्यान्वयन" विषय पर एक दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कुल 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

आयोजित प्रशिक्षण सत्र तथा डीडीएमएस (विद्युत) द्वारा प्रदत्त प्रशिक्षण

- दिनांक: 18/03/2023 को "कर्मचारी मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम" पर एक दिवसीय सत्र आयोजित किया गया जिसमें कुल 30 कर्मचारियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

वर्ष के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियां

1. लंबे अंतराल तथा अनेक प्रयासों के पश्चात केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण को अंततः एचईएमएम प्रशिक्षण प्रदान करने वाले क्षेत्रों में 'उत्कृष्टता के केंद्र' की श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ । पहले केवल सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा व्यावहारिक अनुभव हेतु नौकरी प्रशिक्षण ही प्रदान किया जाता था । परन्तु अब, एक प्रशिक्षण सिम्युलेटर स्थापित किया गया है जिसमें बीईएमएल द्वारा निर्मित 100टी डम्पर, एचईसी द्वारा निर्मित ईकेजी 4.6 क्यूबिक मीटर ईआरएस इलेक्ट्रिकल

शॉवेल तथा बीईएमएल द्वारा निर्मित डी355डोज़4 410 एचपी जैसे एचईएमएम सिम्युलेटर डिजाइन के तीन कंसोल के साथ मल्टी-डायमेंशनल / मॉड्यूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें मोशन प्लेटफॉर्म है जो 6° फ्रीडम के साथ 180° विआर विज़न प्रदान करता है। सुरक्षा के अतिरिक्त प्रशिक्षण सिम्युलेटर हमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

सीईटीआई, बरकाकाना में सिम्युलेटर प्रशिक्षण

2. सुरक्षा विभाग, सीआईएल द्वारा लिए गए पहल : पीपी मोड के तहत निजी पार्टी के सहयोग से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सुरक्षा उन्मुख प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु रजरप्पा क्षेत्र, सीसीएल के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र को "सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र" के रुप स्थापित करने के लिए चिन्हित किया गया है। तथा इस संबंध में निविदाएँ पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। इसके साथ यह भी तय किया गया की सफल बोलीदाता अनुबंध प्रारंभ होने की तिथि से छह वर्ष की अवधि तक प्रशिक्षण केंद्र का संचालन करेंगे ।

वीटीसी रजरप्पा को सीसीएल के उत्कृष्ट सुरक्षा केन्द्रों में शामिल किया जाएगा

3. सीसीएल में गैस- परीक्षण सुविधा हेतु जीवीटीसी को अधिकृत करना

जीवीटीसी अरगडा, जीवीटीसी सौंदा तथा जीवीटीसी उत्तरी कर्णपुरा को गैस चैंबर का संचालन कर गैस- परीक्षण प्रमाण पत्र निर्गम हेतु अधिकृत किया गया।

भविष्य की पहल

- कुल कार्यबल (संविदा कर्मचारियों सहित) के विभिन्न ट्रेडों से न्यूनतम 5% प्रशिक्षुओं की नियुक्ति;
- जीवीटीसी की बुनियादी स्तरोन्नति;
- लेक्चर हॉल और कंप्यूटर लैब में आधुनिक ऑडियो-विजुअल उपकरणों की खरीद एवं संस्थापना द्वारा प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, मा.सं.वि., सीसीएल का बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना;
- मौजूदा शॉवेल, डम्पर और डॉज़र ऑपरेटरों का कौशल विकास तथा ऑपरेटरों के प्रवेशकीय स्तरीय प्रशिक्षण हेतु बहु-आयामी एचईएमएम सिम्युलेटर की खरीद;
- सीसीएल के मौजूदा अधिकारियों से आंतरिक संकाय व प्रशिक्षकों के एक समूह का विकास;
- प्रबंधन के मुद्दों पर आउटरीच कार्यक्रमों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों का नामांकन;
- मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल, रांची में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण
- यूजर इंटरफेस का उपयोग करके ऑनलाइन इंटर्न/वीटी एप्लिकेशन प्रदान करके डिजिटल मा.सं.वि. का निर्माण।
- यूट्यूब चैनल के माध्यम से डिजिटल कोचिंग।

23. कल्याण

कंपनी के उद्देश्यों के अनुरुप सीसीएल का कल्याण विभाग कर्मचारियों के लिए सभी कल्याणकारी सुविधाएं सुनिश्चित तथा

प्रदान कर कर्मचारियों के वृहत्तर कल्याण में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। विभाग का लक्ष्य कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ावा देना तथा अनुकूल और सौहार्दपूर्ण व्यवसायिक कार्य परिवेश प्रदान कर कार्य कौशल में सुधार करना है।

हमारी कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख कल्याणकारी सुविधाओं की विवरणी निम्नानुसार है:

- **आवास :** सीसीएल अपने कर्मचारियों के जीवन को और बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रयास कर रहा है। सभी कर्मचारियों को कंपनी द्वारा आवास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। कंपनी द्वारा आवासीय कॉलोनियों का रखरखाव किया जा रहा है, जिसमें सड़क, पार्क, मनोरंजक क्लब, खेल का मैदान आदि जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं।

  कर्मचारियों को अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीसीएल द्वारा मगध-संघमित्रा तथा आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त "स्मार्ट टाउनशिप प्रोजेक्ट" की संकल्पना की गयी तथा उसपर कार्य आरंभ किया। प्लिंथ क्षेत्र के संबंध में नवीनतम जीपीआरए दिशानिर्देशानुसार विभिन्न श्रेणियों के आवासों का क्षेत्रफल रखा गया है। कुल 1194 इकाइयों की परिकल्पना की गई है, जिन्हें मार्च 2024 तक पूरा किया जाना है।

- **पेयजल :** पेयजल आपूर्ति बढ़ाने सहित आईएस-10500 के अनुसार गुणवत्ता मानकों के अनुपालन हेतु मेकॉन ने सभी लाभार्थियों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ नए डब्ल्यूटीपी की स्थापना कर मौजूदा डब्ल्यूटीपी के नवीनीकरण का कार्य आरंभ किया है। मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

वर्तमान स्थिति में सीसीएल के पास निम्नलिखित जल के स्त्रोत उपलब्ध हैं ।

1	जल प्रशोधन संयंत्र	10
2	गहरे बोर होल	182
3	दाब शोधन संयंत्र	78

प्रस्तावित नए जल प्रशोधन संयंत्रों का निर्माण

क्रम सं	नए जल प्रशोधन संयंत्र @ 1 एमजीडी क्षमता (प्रत्येक)
1.	गिद्दी- ए, अरगड़ा
2.	रेलीगढ़ा, अरगड़ा
3.	लोहा पुल, कथारा
4.	स्वांग, कथारा
5.	हिल टॉप, बोकारो एवं करगली
6.	उत्तरी तापिन, हजारीबाग

- **चिकित्सीय सुविधाएँ :** सीसीएल में चिकित्सीय सेवा त्रिस्तरीय प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। प्राथमिक स्तर पर सेवा डिस्पेन्सरी के माध्यम से प्रदान की जाती है। क्षेत्रीय अस्पतालों/ केंद्रीय अस्पतालों के द्वारा क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्तर की चिकित्सीय सुविधाएँ प्रदान की जा रही है।

यहाँ चार केंद्रीय अस्पताल अवस्थित है :

- गांधीनगर अस्पताल, रांची
- केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़
- केन्द्रीय अस्पताल, ढोरी
- केन्द्रीय अस्पताल, उत्तरी कर्णपुरा

क. अवसंरचनाः

क्र.	चिकित्सीय अवसंरचना का प्रकार	संख्या
1	अस्पताल	
	- केंद्रीय अस्पताल	04
	- रीज़नल अस्पताल	07
	- क्षेत्रीय अस्पताल	08
2	बिस्तर	892
3	डिस्पेंसरी	63
4	चिकित्सक	219
5	एम्बुलेंस	78 (63 किराए पर और 15 रोगी परिवहन के लिए, 56 बीएलएस तथा 7 एएलएस

ख. केंद्रीय अस्पताल, रांची में मूल्य संवर्धित सेवाएं

(i) केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची में प्रत्येक महीने हृदय-रोग सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक का संचालन किया जाता है। इस क्लीनिक में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के हृदय-रोग विशेषज्ञ डॉ.राजीव राठी तथा यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के हृदय-रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.के.कुचलकांति गांधीनगर अस्पताल में हृदय-रोग संबंधी परामर्श देते हैं।

(ii) गाधी नगर अस्पताल में 20 बिस्तर की क्षमता युक्त सघन चिकित्सा इकाइयों का विवरण निम्नानुसार है :

क. आई.सी.यू. : 06 बिस्तर
ख. सी.सी.यू. : 05 बिस्तर
ग. डायलिसिस : 04 बिस्तर
घ. रिकवरी : 05 बिस्तर

(iii) सीसीएल स्थित केंद्रीय अस्पतालों में 355 बिस्तरों की क्षमता वाले कुल नौ (09) कोविड केंद्र स्थापित किए गए।

(iv) सीसीएल के नौ (9) स्थानों में कोविड टीकाकरण केंद्र पूर्णरुपेण कार्य कर रही है, जिसमें अब तक (31 मार्च, 2023) तक 240000 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया

जा चुका है। टीका लगवाने वाले लाभार्थियों में कर्मचारीवृंद तथा उनके आश्रित, संविदा कर्मी तथा सीसीएल कमान क्षेत्रों के निवासी शामिल हैं।

(v) गांधीनगर अस्पताल, रांची में जनरल मेडिसिन में डीएनबी पाठ्यक्रम हेतु 2 सीटें तथा डिप्लोमा (नेत्र) के लिए 04 सीटें उपलब्ध हैं।

(vi) एबीपीएमजेएवाई (अटल बिहारी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) के तहत दस (10) अस्पताल सूचीबद्ध किए गए हैं।

(vii) जन औषधि योजना के तहत (4) जन औषधि केंद्र सीसीएल में स्थापित किए गए हैं जहां जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं।

❖ **शिक्षा :**

विद्यालयों को अनुदान:

सीसीएल द्वारा अपने कर्मचारियों के बच्चों तथा इसकी इकाइयों के निकटवर्ती क्षेत्र के आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधा पर विशेष बल दिया जा रहा है। सीसीएल की समीपवर्ती क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल चल रहे हैं। इन विद्यालयों को पुनरावर्ती तथा अनावर्ती वित्तीय अनुदान के साथ अन्य बुनियादी सहयता भी दी जा रहीं है ।

विद्यालय का नाम	2022-2023 हेतु कुल राशि
डीएवी	₹ 9.87 करोड़
केंद्रीय विद्यालय	₹ 3.74 करोड़

छात्रवृति:

सीआईएल छात्रवृति योजना के अंतर्गत सीसीएल अपने कर्मचारियों के मेघावी बच्चों को प्रत्येक वर्ष छात्रवृति प्रदान करता है। सीआईएल छात्रवृति योजना के लाभार्थियों की संख्या ।:

	वर्ष- 2022-2023
व्यय	2.87 लाख
छात्रों की संख्या	152

शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति:

एनसीडब्ल्यूए - X के तहत सीसीएल अपने गैर-अधिकारियों के बच्चों के प्रतिभा का विकास एवं सहायता करने हेतु सरकारी इंजीनियरिंग/मेडिकल महाविद्यालयों में पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में नामांकित मेधावी छात्रों के शिक्षण शुल्क तथा छात्रावास शुल्क की प्रतिपूर्ति करता है। विगत वर्ष में किया गया व्यय नीचे दिया गया है:

	वर्ष- 2022-2023
व्यय	51.27 लाख
छात्रों की संख्या	58

❖ **खेल और कल्याण**

सीसीएल अपने कर्मचारियों, उनके पारिवार के सदस्यों, ग्रामीणों तथा परियोजना प्रभावित लोगों के सामाजिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विकास हेतु खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को काफी महत्व देता है। आयोजित की जाने वाले कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा चुकी हैं। सीआईएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के दिशानिर्देशानुसार खिलाड़ियों के कौशल विकास हेतु विभिन्न खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के अलावा कोचिंग कैंप भी आयोजित किए जा रहे हैं।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अंतर सार्वजनिक उपक्रम स्तरीय दो प्रतिष्ठित कार्यक्रम आयोजित किए साथ ही सीआईएल एवं सीसीएल स्तर के खेल कैलेंडर के अनुसार समस्त खेलों का आयोजन किया है।

अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम वॉलीबॉल टूर्नामेंट:

अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 8 से 10 जून 2022 तक हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया।

सात (7) सार्वजनिक उपक्रम की टीमों ने लीग-सह-नॉकआउट मुक़ाबले में भाग लिया।

अंततः फाइनल मैच जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बनाम ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के बीच खेला गया जिसमें एलआईसी ने ओआईएल को 3 सेट से हरा दिया।

अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम वॉलीबॉल टूर्नामेंट

अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम क्रिकेट टूर्नामेंट:

अखिल भारतीयसार्वजनिक उपक्रम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 13 से 18 मार्च 2023 तक रांची में किया गया था, जिसमें तेरह (13) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया था।

फाइनल मैच एयर इंडिया (एआई) बनाम बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के बीच खेला गया जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा विजेता रहा।

अखिल भारतीय सार्वजनिक उपक्रम क्रिकेट टूर्नामेंट

सिमडेगा और खूंटी में हॉकी स्टिक का वितरण:

झारखंड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों का इतिहास रहा है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, सीसीएल ने सिमडेगा और खूंटी जिले के उभरते खिलाड़ियों के मध्य 200 हॉकी स्टिक वितरित किए ।

झारखंड की भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान:

सीसीएल ने 24 अगस्त 2022 को कॉमन वेल्थ गेम्स 2022 में देश का नाम रौशन करने वाले हॉकी खिलाड़ियों तथा भारत का प्रतिनिधित्व करने वालों को सम्मानित किया गया ।

कोल इंडिया मैराथन:

कोल इंडिया ने 26 मार्च 2023 को झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के तकनीकी सहयोग से रांची में कोल इंडिया मैराथन का सफल आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित आयोजन सीसीएल द्वारा झारखंड में आयोजित किया जाने वाला पहला पंजीकृत मैराथन है। इस मैराथन में पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुश्री शाइनी विल्सन, सुश्री ज्योतिर्मयी सिकदर तथा सुश्री प्रेमलता अग्रवाल ने भाग लिया।

1. फुल मैराथन: 42.195 कि. मी. (18 वर्ष और अधिक) ।
2. हाफ मैराथन: 21.098 कि. मी. (18 वर्ष और अधिक) ।
3. 10 कि. मी. (18 वर्ष और अधिक) ।
4. 05 कि. मी. (सभी के लिए) ।

कोल इंडिया मैराथन की कुछ झलकियाँ

अन्य कल्याण संबंधी गतिविधियाँ:

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन :
कोयला मंत्रालय द्वारा निर्धारित तिथि पर कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीपीवाई) के अभ्यास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीसीएल, मुख्यालय तथा सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कई योग गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

हर घर तिरंगा अभियान :
आम जनता के बीच रोमांच व पहुँच बढ़ाने के लिए, पूरी कंपनी में प्रभात फेरी जैसी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रभात फेरी में 250 कर्मचारियों ने दरभंगा हाउस, सीसीएल, मुख्यालय से जवाहर नगर क्लब तक मार्च किया तथा क्विज़, भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं ।

सीसीईबीएफएस :
इस योजना को "सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एम्प्लॉइज बेनेवोलेंट फंड सोसाइटी" कहा जाता है। यह भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित सीसीएल के सभी मुख्यालयों सहित समस्त कोलियरी, वाशरियों तथा अन्य इकाइयों और संस्थानों पर सभी कर्मचारियों पर लागू होता है ।

सीसीईबीएफएस के लाभ

- मृत्यु भुगतान
- छात्रवृत्ति
- बीमारी
- चाँदी के सिक्के (विदाई उपहार)

क्रम संख्या	लाभ योजनाएँ	वर्ष 2022-2023	
		लाभार्थियों की संख्या	राशि (लाख में)
1	मृत्यु भुगतान	405	1
2	छात्रवृत्ति	155	2
3	बीमारी	0	3
4	चाँदी के सिक्के (विदाई उपहार)	971	4

क्रेच सुविधा : सीसीएल के समस्त क्षेत्रों में क्रेच की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य प्रगति पर है तथा वर्तमान तिथि में सीसीएल में कुल छह (6) क्रेच कार्यरत हैं।

सुरक्षा बैरक तथा अधिकारी हॉस्टल: 3 हॉल और 7 केबिन वाले एक नए सीआईएसएफ बैरक तथा 25 कमरों वाले दो मंजिला अधिकारी हॉस्टल का निर्माण किया गया ।

24. नैगमिक सामाजिक दायित्व

सीसीएल झारखंड के 8 जिलों (रांची, रामगढ़, चतरा, लातेहार, पलामू, गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो) में परिचालित है। उक्त जिले विकास सूचकांक में नीचे हैं तथा देश के 112 आकांक्षी जिलों में सूचीबद्ध हैं।

संवहनीय विकास सीसीएल के मिशन का केंद्रबिन्दु है। इसे ध्यान

में रखते हुए रख कर दृढ़ संकल्प के साथ सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड स्थानीय समुदायों की सेवा कर रहा है। सीसीएल द्वारा अपने कमान क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले ग्रामीणों की सेवा-यात्रा सामुदायिक विकास कार्यक्रम से प्रारंभ की गयी थी जिसे वर्ष 2014 में सीएसआर के प्रारंभ होने के पश्चात अपने कमान क्षेत्र तथा झारखंड राज्य के अन्य हिस्सों में सामाजिक सुविधाओं में कई गुना वृद्धि की गयी है।

सीसीएल में सीएसआर का कार्यान्वयन इसके बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीसीएल सीएसआर नीति, अनुवर्ती संशोधनों के साथ कंपनी अधिनियम 2013, कंपनी सीएसआर नियम 2014 और संशोधन, डीपीई, नीति आयोग तथा अन्य सरकारी नियम/दिशानिर्देश/कार्यक्रम पर आधारित है।

सीसीएल की सीएसआर नीति कंपनी अधिनियम-2013 के अनुरूप सीएसआर योजनाओं को दर्शाती है। इस सीएसआर नीति के अनुसार सीएसआर के मद में न्यूनतम विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कंपनी के औसतन शुद्ध लाभ का 2% अथवा विगत वर्ष के कोयला उत्पादन का ₹ 2.00 प्रति टन में से जो अधिक हो का व्यय किया जाना है। तदनुसार, 2022-23 में लक्षित सीएसआर व्यय ₹46.27 करोड़ था।

सीएसआर नीति के अनुसार, सीएसआर व्यय का लगभग 80% सीसीएल की परिचालित इकाइयों के 25 किलोमीटर के अंदर तथा शेष 20% का व्यय झारखंड के अन्य स्थानों में किया जाना है।

सीपीएसई के डीपीई दिशानिर्देशानुसार, वर्ष 2022-23 हेतु डीपीई द्वारा निर्धारित वार्षिक थीम 'स्वास्थ्य एवं पोषण' के अनुसरण में आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सीएसआर का लगभग 60% व्यय किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2022-23 में निर्धारित ₹46.27 करोड़ के लक्ष्य के मुक़ाबले सीएसआर का कुल व्यय ₹ 36.12 करोड़ रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में सीएसआर व्यय के ₹ 36.12 करोड़ में से वार्षिक थीम के मद में ₹15.01 करोड़ का व्यय किया गया।

सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में क्षेत्रवार व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	क्षेत्र	वित्त वर्ष 2022-23 में व्यय (लाख में)
1	स्वास्थ्य एवं पोषण	972.34
2	शिक्षा	811.73
3	खेल प्रोत्साहन	593.05
4	पेयजल	379.33
5	ग्रामीण विकास	256.37
6	कौशल विकास तथा आजीविका	161.62
7	स्वच्छता	142.18
8	पर्यावरण तथा सतत वियक्स	129.62
9	पशु कल्याण	9.36
10	दिव्यांग कल्याण	7.55
11	कला एवं संस्कृति का प्रोत्साहन	3.89
12	वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण	2.99
13	आपदा प्रबंधन	1.50
14	प्रशासनिक व्यय	140.72
	कुल	**3612.24**

सीसीएल द्वारा 2022-23 की क्षेत्रवार सीएसआर गतिविधियों का सार इस प्रकार है :

1. स्वास्थ्य और पोषण

इस क्षेत्र में सीसीएल द्वारा निष्पादित प्रमुख परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

1.1 एमडीएम हेतु रामगढ़ में सामुदायिक रसोई का निर्माण

सीसीएल ने रामगढ़ जिले के 538 सरकारी विद्यालयों को सामूहिक भोजन की आपूर्ति हेतु प्रतिदिन 50000 भोजन क्षमता वाली एक सामुदायिक रसोई स्थापित करने के लिए अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन रामगढ़ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस परियोजना की कुल लागत ₹ 22.09 करोड़ है जिसमें भवन, उपकरण, जहाजों, वाहनों आदि के निर्माण तथा संचालन के 1 वर्ष हेतु आवश्यक धनराशि आदि शामिल है।

1.2 नि:क्षय मित्रः टीबी के मरीजों को गोद लेना

सीसीएल ने पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लातेहार और चतरा जिलों के टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए निक्षय मित्र में पंजीकरण कराया है। इस नए पहल के तहत, सीसीएल ने इन जिलों के पंजीकृत टीबी रोगियों को सीआईएनआई के माध्यम से मासिक तौर पर पौष्टिक भोजन प्रदान की है जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग की जाती है। इस परियोजना की लागत ₹ 74.36 लाख तथा अवधि 6 माह की है।

Ministry of Health and Family Welfare,
Government of India

Acknowledges that Mr. / Ms / Dr / M/s CENTRAL COALFIELDS LIMITED
with an id 358622174 has registered as a Ni-Kshay Mitra under the 'Pradhan Mantri TB Mukt Bharat Abhiyaan' to provide support to Persons with TB undergoing treatment.
Your valuable support will help the country in eliminating TB from India.

Deputy Director General-TB

चतरा और लातेहार जिले में यक्ष्मा रोगियों के मध्य पोषक आहार का वितरण

1.3 चतरा जिला के लिए एंबुलेंस की सुविधा

जिला प्रशासन, चतरा को ₹1.05 करोड़ की लागत का 4 'बी' टाइप तथा 2 'सी' टाइप एम्बुलेंस प्रदान की गई। मरीजों एवं दुर्घटना पीड़ित लोगों को त्वरित एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने हेतु इन एंबुलेंसों की तैनाती सीएचसी में की गयी ।

चतरा जिले में एम्बूलेंस का प्रावधान

1.4 सीएसआर डिस्पेंसरी तथा विशेष स्वास्थ्य शिविर का नियमित आयोजन

केंद्रीय अस्पताल, रांची में स्थित जन आरोग्य केंद्र तथा संचालित क्षेत्रों में कंपनी अस्पतालों के सीएसआर डिस्पेंसरियों के माध्यम से सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य हेतु सेवा प्रदान की है। तत्पश्चात, ग्रामीणों के मध्य पहुंचकर कंपनी ने गांवों तथा विद्यालयों में पूरे वर्ष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया । वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 684 शिविरों का आयोजन किया गया, जिससे 1,32,871 लोग लाभान्वित हुए।

स्वास्थ्य शिविर

मल्टी स्पेशियलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर, रोग विशिष्ट शिविर (मधुमेह, एनीमिया, उच्च रक्तचाप चिन्हित करने हेतु) तथा मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का भी आयोजन किया है। जिन रोगियों को उच्चतर चिकित्सा की आवश्यकता होती है उनका कंपनी के केन्द्रीय अस्पताल में रेफर उपरांत निःशुल्क ईलाज किया जाता है।

1.5 रामगढ़ के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सीय उपकरणों की आपूर्ति

सीसीएल के कई परिचालित क्षेत्रों से जुड़ा रामगढ़ जिला एक महत्वपूर्ण जिला है। इस क्लस्टर के ग्रामीणों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी अस्पताल, रामगढ़ में 4 बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर, 2 एबीजी एनालाइजर , 4 हेमेटोलॉजी एनालाइजर आदि लगाने हेतु सीसीएल ने ₹88.60 लाख का योगदान दिया है ।

1.6 बोकारो जिला के एएनएम विद्यार्थियों को ई-स्कूटर

सीसीएल ने ₹75.16 लाख की लागत से बोकारो जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार हेतु सहायक नर्स (एएनएम) के लिए 100 ई-स्कूटर के क्रय व वितरण की स्वीकृति दी गयी है।

बोकारो में सहायक नर्सों के बीच ई-स्कूटर का वितरण

1.7 लातेहार में मॉडल प्रसव कक्ष

सीसीएल द्वारा ₹1.05 करोड़ की परियोजना लागत से लातेहार जिले के 15 सीएचसी/पीएचसी में मॉडल प्रसव कक्ष के निर्माण में सहायता दी गयी है। जिससे सीसीएल से जुड़े इन आकांक्षी जिलों के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को संस्थागत प्रसव की सुविधा के साथ मां तथा नवजात शिशुओं के स्वस्थ जीवन में सहायता प्राप्त मिलेगी।

1.8 कोडरमा में आँगन बाड़ी केन्द्रों का निर्माण

सीसीएल के सीएसआर योगना के अंतर्गत ₹42 लाख की लागत से कोडरमा जिले के 30 आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में स्तरोन्नत किया गया।

2. शिक्षा

सीसीएल ने आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए कमान क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया है।

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर के तहत सीसीएल द्वारा की गई प्रमुख पहलें नीचे सूचीबद्ध हैं:

2.1 राजकीय पुस्तकालय, रांची

सीसीएल ने शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार से ₹65.25 करोड़ की लागत के साथ रांची विश्वविद्यालय में 5000 सीट वाले राज्य पुस्तकालय की स्थापना हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। पुस्तकालय में रीडिंग-हॉल, ई-रिसोर्स & जर्नल सेक्शन, कॉन्फ्रेंस रूम, डिजिटल लाइब्रेरी सेक्शन, ग्रुप-स्टडी के लिए क्यूबिकल्स, मीटिंग रूम, मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यह पुस्तकालय छात्रों के अलावा आम लोगों के लिए भी खुला रहेगा। तथा इस परियोजना को पूरा होने में 2 वर्षों का समय लग सकता है।

2.2 सीसीएल के लाल और सीसीएल की लाडली

कमान क्षेत्रों अंतर्गत वंचित वर्ग के विद्यार्थियों (लड़कों और लड़कियों) का चयन योग्यता/प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है तथा जेईई मेन्स/एडवांस्ड/अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए सीसीएल के आईआईटीयन अधिकारियों द्वारा निशुल्क आवासीय कोचिंग एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के साथ सीसीएल कमान क्षेत्र के 20 छात्रों और 20 छात्राओं को नामांकन किया जाता है तथा संध्याकालीन कक्षाओं में आईआईटीयन अधिकारी कोचिंग देते हैं, वहीं +2 की पढ़ाई डीएवी गांधीनगर में होती है।

सीसीएल के लाल एवं सीसीएल के लाडली

2020-22 बैच का परिणाम: कुल 31 छात्रों में से 19 छात्रों ने सीबीएसई बारहवीं कक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 9 ने 80% से अधिक तथा अन्य 3 ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इंजीनियरिंग की प्रवेश-परीक्षा में 25 ने जेईई मेन्स के लिए क्वालीफाई किया तथा जिसमें से 7 ने जेईई एडवांस्ड पास किया है।

2.3 सीसीएल कोविड संकट छात्रवृत्ति योजना

कोरोना के कारण अपने माता-पिता या परिवार के प्राथमिक अन्नदाता के स्वर्गवास के उपरांत भी बच्चों की निर्बाध एवं नियमित पढ़ाई के लिए सीसीएल द्वारा वर्ष 2022 में "कोविड संकट छात्रवृत्ति योजना" का आरंभ की गयी। इस योजना के अंतर्गत सीसीएल कमान क्षेत्रों से सम्बद्ध जिलों में कक्षा 01 से स्नातक तक की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की नियमित शिक्षा के लिए दो वर्षों तक छात्रवृत्ति दी जाती है। वर्तमान में यह परियोजना अपने द्वितीय वर्ष में चल रही है। इस परियोजना को उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश की सराहना भी मिल चुकी है तथा इन लाभार्थियों को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के "शिशु परियोजना" से भी लाभ प्राप्त हुआ है।

सीसीएल कोविड संकट छात्रवृत्ती योजना

2.4 सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा

चतरा तथा जामताड़ा जिला प्रशासन के समन्वय से सीसीएल द्वारा सरकारी विद्यालयों में कुल 94 स्मार्ट क्लास स्थापित किए गए हैं। टंडवा, चतरा के सरकारी विद्यालयों में एक्स्ट्रामार्क्स फाउंडेशन

सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास

द्वारा 54 स्मार्ट क्लास डिवाइस स्थापित किए गए। यह परियोजना अपने द्वितीय वर्ष में चल रही है। साथ ही, सरकारी शिक्षकों को प्रशिक्षण तथा सहयोग दिया जा रहा है। जामताड़ा के सरकारी विद्यालयों में कुल 40 स्मार्ट क्लास उपकरण लगाए गए। इस परियोजना सरकारी विद्यालयों को डिजिटल शिक्षण की सुविधा मिली है जिससे शिक्षण एवं अधिगम को अधिक रुचिकर एवं प्रभावशाली बनाते हुए विद्यार्थियों में शिक्षा-शिक्षण-स्कूल के प्रति रुचि जागृत हुई है।

2.5 कोडरमा और गिरिडीह के सरकारी विद्यालयों के भवन का निर्माण

कोडरमा तथा गिरिडीह जिलों के सरकारी विद्यालयों में सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए ₹3.46 करोड़ की लागत से कुल 21 विद्यालयों में चारदीवारी का निर्माण, डीप बोरिंग की खुदाई, आरओ वाटर प्यूरीफायर लगाने, शौचालयों के निर्माण आदि का कार्य प्रगति पर है।

2.6 मिनी साइंस लैब : ग्रामीण छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने तथा प्रभावी शिक्षा और छात्रों के स्मरण-शक्ति को बढ़ाने हेतु ₹19.92 लाख की लागत से चतरा के 4 सरकारी विद्यालयों में मिनी साइंस लैब की स्थापना की गई।

2.7 एकल विद्यालय: लातेहार जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आदिवासी बच्चों की अनौपचारिक शिक्षा हेतु 120 एकल शिक्षक विद्यालयों को सीसीएल द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई गयी है। (परियोजना लागत ₹ 26.40 लाख तथा अवधि 1 वर्ष)

2.8 शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए अन्य महत्वपूर्ण कदम

अपने कमान क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सीसीएल ने कई अन्य परियोजनाएं आरंभ की हैं, जिनमें से कुछ नीचे उल्लिखित है :

- सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विद्यालयों में कक्षाओं के निर्माण, विद्त सामग्री की फिटिंग, डेस्क, बेंच आदि जैसे आधारभूत सुविधाएं प्रदान की हैं ।
- स्थानीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आवासीय शिक्षा की सुविधा देने हेतु गोद लिए गए बच्चों (मुख्य रुप से अनाथ और अन्य वंचित छात्रों) को शैक्षिक सहायता दी गयी।
- छात्रों को पुस्तकें, बैग, स्टेशनरी, विद्यालय की फीस, विद्यालय-ड्रेस आदि प्रदान किए गए ।
- ग्रामीण छात्रों के विद्यालय आने-जाने हेतु विद्यालय बस किराए पर लिय गया।
- कक्षाएं एवं सामुदायिक पुस्तकालय

3. खेल प्रोत्साहन

3.1 खेल अकादमी, खेलगांव, झारखण्ड का संचालन/ अनुरक्षण

सितंबर 2015 में झारखंड सरकार के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के तहत, 34वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान खेलगांव, होटवार, रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक खेल अकादमी की स्थापना की गई। इस अकादमी के निर्माण में हुआ व्यय सीसीएल तथा राज्य सरकार के बीच 50:50 के अनुपात में साझा किया गया। अकादमी का संचालन स्थानीय प्रबंधन समिति (एलएमसी) की मदद से झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) द्वारा किया जाता है, जिसमें सीसीएल के कर्मियों का भी बहुमूल्य योगदान रहता है। वर्तमान में 437 स्पोर्ट्स कैडेट (206 लड़कियां और 231 लड़के) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यव्यापी कठिन प्रतिभा पहचान के माध्यम से चुने गए, लगभग 96% स्पोर्ट्स कैडेट अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े समुदाय वर्ग से संबंध रखते हैं।

निशुल्क सुविधाएं : विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण, खेल-कूद सामाग्री, हॉस्टल, मेस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग में सेकेंडरी एजुकेशन, चिकित्सीय सेवा, ₹1 लाख का मेडिकल व दुर्घटना बीमा, ₹500 प्रति माह के दर से छात्रवृति तथा टूर्नामेंट में भाग लेने आदि हेतु सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं।

अकादमी, ओलंपिक पदक जीतने के अपने प्रतिष्ठित सपने को साकार करने हेतु का निरंतर प्रयास करती है। खेल कैडेटों ने जिला/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुल 847 पदक जीते हैं (स्वर्ण-376, रजत-240, कांस्य-231)।

सीसीएल द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 में अकादमी के संचालन में ₹7.99 करोड़ का व्यय किया गया।

इस परियोजना ने खेल-संवर्धन श्रेणी में सीसीएल को लगातार दूसरी बार (2019 और 2020-2022 में घोषित) राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार दिलाया है।

खेल अकादमी, होटवार

3.2 खेल-सामग्री का वितरण तथा फुटबाल मैदान का नवीकरण

खेल को एक उपयुक्त माध्यम मानते हुए तथा खेल-कूद को प्रोत्साहन देने हेतु सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र में रहने वाले युवाओं के मध्य फुटबॉल, क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, नेट आदि का वितरण किया है।

4. पेयजल

खनन क्षेत्रों में स्थित गांवों में हमेशा जल की कमी रहती है। सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोगों के पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु गहरे बोरिंग, सौर ऊर्जा से संचालित गहरे बोरिंग, हैंडपंप, कूपों, आरओ वाटर संयंत्र, वॉटर प्यूरीफायर, पाइपलाइन आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई है। अपने कमान क्षेत्रों अंतर्गत रहने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीसीएल द्वारा इन स्रोतों की स्थापना की गयी है।

पिरी, बरकाकाना में सौर ऊर्जा चालित डीप बोरिंग

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आरंभ किए गए पेयजल स्रोतों का विवरण निम्नानुसार है:

गतिविधि	संख्या	व्यय (लाख में)
हैंड पम्प	86	59.11
कूप	12	43.79
गहरे बोरवेल	21	100.73
सौर सबमर्सिबल पम्प सहित गहरा बोरवेल	13	128.56
जल प्रशोधक	37	32.02
पाइप तथा अन्य के द्वारा जल वितरण	1	8.69

हरित-ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए कंपनी द्वारा दूर-दराज के गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए जल भंडारण टैंक के साथ सौर ऊर्जा चालित गहरे बोरवेल बनाए गए हैं। वैसे क्षेत्रों में जहां बिजली की कमी/अनुलब्धता है वहाँ ग्रामीणों ने इन सुविधावों का बखूबी सदुपयोग किया है। इन उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था स्थानीय समूहों द्वारा की जाती है।

5. पर्यावरण और सतत विकास

5.1 रांची चिड़ियाघर में 2 शेर तथा 2 बाघ को गोद लेना

झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत सीसीएल ने रांची के भगवान बिरसा जूलॉजिकल पार्क में तीन साल के लिए एक शेर तथा एक बाघ के जोड़े को गोद लिया है। चिड़ियाघर में रहने वाले पक्षियों तथा जानवरों के भोजन, चिकित्सा सामग्री एवं रखरखाव के मद में सीसीएल ने कुल ₹36 लाख का व्यय किया है। यह परियोजना अपने द्वितीय वर्ष में जारी है।

बिरसा प्राणी उद्यान में प्राणियों को गोद लिया गया

5.2 ट्री-एम्बुलेंस

इस अनूठी पहल के अंतर्गत सीसीएल ने अपने परिचालन क्षेत्र के समीपवर्ती जंगलों में संक्रमित पेड़ों के उपचार तथा उनकी दीर्घ आयु, रख-रखाव हेतु ₹ लाख की वित्तीय सहयता दी है। ₹51.09 लाख की लागत से इस परियोजना का कार्यान्वयन तीन वर्षों की अवधि हेतु आरकेडीएफ विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

5.3 तालाबों का निर्माण

भूजल स्तर को रिचार्ज करने तथा जल की उपलब्धता सुविधाजनक बनाने हेतु, सीसीएल द्वारा अपने कमान क्षेत्र में स्थित गांवों तथा आसपास के क्षेत्रों में तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ₹112.84 लाख की लागत से 14 तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण कराया गया।

6. कौशल संवर्धन तथा आजीविका

हालिया वर्षों में स्थानीय युवाओं का कौशल संवर्धन लाभार्थियों की आजीविका तथा राष्ट्रीय/राज्य की अर्थव्यवस्था हेतु कुशल कार्यबल के निर्माण में हस्तक्षेप का महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है।

6.1 एचएमवी (हैवी मोटर वेहिकल) ड्राइविंग प्रशिक्षण

भारी मोटर वाहन चालकों की अत्यधिक मांग है तथा भारी मोटर वाहन चालक लाइसेन्स प्राप्त करना चालकों का उद्देश्य रहता है। सीसीएल ने ₹30.50 लाख की कुल लागत से झारखंड सरकार से अनुज्ञप्ति प्राप्त भारी मोटर वाहन चालान प्रशिशन केंद्र (डीटीसी) को नियुक्त कर सीसीएल कमान क्षेत्रों के 140 परियोजना प्रभावित

लोगों/ग्रामीणों को 45 दिवसीय निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए एचएमवी ड्राइविंग लाइसेंस निर्गम की व्यवस्था भी की गयी।

लातेहार में भारी मोटर वाहन चालन प्रशिक्षण

6.2 सिलाई प्रशिक्षण : ₹11.44 लाख की लागत से रांची जिले में सनमार्गम फाउंडेशन के माध्यम से अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग कीं 50 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। लाभार्थियों की स्वरोजगार गतिविधियों को व्यापक बनाने के लिए इस प्रयोजन में स्थानीय लघु और मध्यम परिधान निर्माण इकाइयों के साथ लिंकेज की व्यवस्था, स्थानीय बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी योजना, मुद्रा योजना आदि जैसी योजनाएँ भी शामिल की गईं।

6.3 'ट्राइबल हाट'

ट्राइबल हाट- ग्रामीण कलाकारों का कौशल विकास

रामगढ़ जिले में ₹48.72 लाख की परियोजना लागत से 'ट्राइबल-हाट' (Tribal HAndicraft Artefact Tribune) परियोजना के तहत अमर जागृति केंद्र के माध्यम से 20 के समूह में स्वयं सहायता समूह बना कर 200 कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन महिलाओं को डोकरा कला, सुजनी कला, बांस शिल्प, जूट शिल्प का प्रशिक्षण दिया गया । वर्तमान स्थिति में कारीगर कलाकृतियाँ बनाकर व्यक्तियों, दुकानों में विक्रय कर रहे हैं। ई-मार्केटिंग पटल द्वारा विक्रय सक्षम किया जा रहा है।

6.4 टाना भगत समुदाय के 25 सदस्यों को मोटरसाइकिल के रखरखाव तथा मरम्मत तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

टाना भगतों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण

टाना भगत झारखंड का एक स्थानीय आदिवासी समुदाय है, जो अंग्रेजी शासन के प्रतिरोध और विशुद्ध गांधीवादी होने के लिए विख्यात है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत, झारखंड सरकार टूल रूम (उद्योग विभाग, झारखंड के तत्वावधान में एक सोसाइटी) की भागीदारी से 24 युवाओं को सीसीएल द्वारा मोटरसाइकिल रखरखाव और मरम्मत का प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल के परिणामस्वरुप कुछ अभ्यर्थी मोटरसाइकिल मरम्मत की दुकानों में कार्य कर रहे हैं तथा कुछ ने निजी मोटरसाइकिल गैरेज खोलकर स्वरोजगार को बढ़ावा दिया है।

6.5 चितरपुर (रामगढ़) के सिलाई क्लस्टर में सोलर पीवी मॉड्यूल की स्थापना ।

सिलाई क्लस्टर, चितरपुर के लिए सोलर पीवी

सीसीएल द्वारा द एनर्जी&रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) के साथ भागीदारी में रामगढ़ स्थित चितरपुर सिलाई क्लस्टर में 50 परिवारों को

सिलाई मशीन,पंखा दिया गया तथा बिजली के लिए सोलर पैनल, बैटरी और वायरिंग आदि लगाने में हुए कुल व्यय की 50 प्रतिशत राशि दी। व्यय की गयी कुल धनराशि लाभार्थियों तथा सीसीएल के बीच 50:50 के अनुपात में साझा किया गया। ₹8.75 लाख कम निवेश से बिजली कटने पर अतिरिक्त काम होने से मासिक आय में लगभग ₹2500 की वृद्धि होने के कारण इस पहल का काफी प्रभाव पड़ा है। सौर ऊर्जा से जुड़ी सिलाई मशीन के साथ दो बल्ब तथा एक पंखा उपलब्ध कराया गया जिससे उनके बच्चों के पठन-पाठन में सहायता मिली है।

6.6 युवाओं के लिए अल्पावधि प्रशिक्षण

स्थानीय ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्रों में फूड प्रोसेसिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई, कंप्यूटर आदि जैसे विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान की है।

प्रशिक्षण का प्रकार	लाभार्थियों की संख्या	व्यय (₹ लाख में)
कम्प्यूटर प्रशिक्षण	120	1.79
खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण	986	20.00
प्लास्टिक प्रसंस्करण	160	72.80
दुग्ध एवं मत्स्य	50	0.51
कुल	1316	95.10

6.7 आजीविका सृजन

आजीविका और आय सृजन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा मूढ़ी (पफ राइस) मशीन, मसाला पीसने की मशीन, सैनिटरी नैपकिन निर्माण केंद्र, सिलाई मशीन, मधुमक्खी के छत्ते आदि जैसे सीएसआर पहल किए गए।

7. स्वच्छता

7.1 रांची तथा हटिया रेलवे स्टेशन में बोतल क्रशिंग मशीन की स्थापना।

राँची तथा हटिया रेलवे स्टेशन में बोतल क्रशिंग मशीन

प्लेटफॉर्म की सफाई एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग के उद्देश्य से रांची रेलवे स्टेशन में 9 तथा हटिया रेलवे स्टेशन में 2 बॉटल क्रशिंग मशीनें लगाई गईं हैं।

7.2 शौचालय निर्माण

सीसीएल ने खुले में शौच को कम करने हेतु अपने कमान क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों/गांवों में लगभग 30 शौचालयों का निर्माण किया है, जिससे एक स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण का निर्माण हुआ है।

7.3 स्वच्छता पखवाड़ा

कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार, विशिष्ट अवधि के दौरान कंपनी द्वारा सभी क्षेत्रों / मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिनांक 16.06.2022 से 30.06.2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया था ।

सीसीएल के क्षेत्रों/मुख्यालय में वृक्षारोपण, विद्यालयों व अस्पतालों की सफाई, कार्यालयों तथा आवासीय परिसरों की सफाई, स्टेशनरी वस्तुओं के सदुपयोग हेतु एकल उपयोग प्लास्टिक को कम करने, पुनः प्राप्त भूमि पर ठोस कूड़ा-कचड़ा को खाद में बदलने, वर्षा के जल का संचयन तथा जल पुनर्चक्रण, मास्क, सैनिटाइज़र, साबुन आदि सामग्रियों के वितरण जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

8. ग्रामीण विकास योजनाएं

सार्वजनिक बैठक/सामाजिक समारोह आयोजन का स्थल, आवागमन तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सामुदायिक भवन, सड़क आदि की बहुधा मांग ग्रामीणों द्वारा की जाती है।

8.1 राय- खलारी रोड के चौड़ीकरण का प्रावधान

यह सड़क सीसीएल के उत्तरी कर्णपुरा तथा पिपरवार क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामीणों की जीवन-रेखा है। स्थानीय लोगों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीसीएल ने राय-खलारी रोड (6 कि.मी.) के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण हेतु ₹8.02 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। आरईओ वर्क्स डिवीजन, रांची के माध्यम से इस सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

8.2 सड़क का निर्माण

पिपरवार क्षेत्र द्वारा चतरा के बेंती गांव में ₹79.56 लाख की लागत से लगभग 800 मीटर के पीसीसी रोड सहित 4 पुलियों का निर्माण किया गया ।

9. सीएसआर की अन्य प्रमुख पहलें

9.1 "हर घर तिरंगा" अभियान ।

"आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत घरों, कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के राष्ट्रीय अभियान के साथ जुड़ते हुए सीसीएल ने मुख्य रुप से ट्राइफेड और जेएसएलपीएस से झंडों की व्यवस्था की, जिसके परिणामस्वरुप अभियान के सम्मान के साथ-साथ आदिवासियों की आजीविका में भी सुधार हुआ।

सीसीएल ने झारखंड सरकार को ₹2.0 करोड़ की सहायता प्रदान करने के साथ-साथ लगभग 13 लाख झंडों के क्रय हेतु ₹ 2.40 करोड़ का व्यय किया है।

हर घर तिरंगा अभियान-2021

9.2 प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन:

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत नए उद्यमियों/एमएसएमई स्टार्ट-अप को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु जेयूटी में एक टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (टीबीआई) स्थापित किया गया। 3 वर्षों की यह योजना अपने द्वितीय वर्ष में चल रही है।

9.3 पशु एम्बुलेंस:

घायल/बीमार जानवरों (आवारा जानवरों और पशुधन) के इलाज हेतु ओटी की सुविधा सहित 24x7 पशु एम्बुलेंस -सह-आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन प्रदान करने व चलाने के लिए होप&एनिमल ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है, जिसकी परियोजना लागत ₹37.00 लाख है। इस योजना की अवधि 1 वर्ष की है।

आवारा पशुओं के लिए पशु एम्बुलेंस

10. सीएसआर पुरस्कार तथा सम्मान

6 जनवरी को मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह में सीसीएल को वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ कारपोरेट (बड़ी श्रेणी) के अंतर्गत प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया से आईसीएसआई सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ।

आईसीएसआई -सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार-2022

दिनांक 18.08.2022 को, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार ने विभिन्न श्रेणियों में द्वितीय राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की है। सीसीएल को रांची के होटवार स्थित खेल अकादमी चलाने की अपनी प्रमुख परियोजना के लिए "खेल को बढ़ावा देने" की श्रेणी में विजेता घोषित किया गया।

25. समाधान योजना

सीसीएल में कार्यरत या सेवानिवृत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, संवेदकों, उपभोक्ताओं या सीसीएल से संबंधित किसी भी व्यक्ति की शिकायत के निवारण हेतु 27.04.2012 को एक शिकायत केंद्र की स्थापना की गयी थी।

शिकायतकर्ता अपनी शिकायत व्यक्तिगत रुप से, लिखित रुप में, अथवा सीसीएल वेबसाइट पर शिकायत डेस्क के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन समाधान पोर्टल (https://www.centralcoalfields.in/ccl_cmplnt/mobileauth1.php) पर दर्ज कर सकते हैं तथा उन्हें टोल फ्री नंबर 18003456501 पर हर संभव सहायता भी प्रदान की जाती है। पोर्टल पर दर्ज शिकायत होने के उपरांत ऑनलाइन जनित पावती संख्या शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है। शिकायत की स्थिति/प्रतिपुष्टि ऑनलाइन उपलब्ध रहती है जिसे कंपनी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

मुख्यालय में शिकायत की समीक्षा करने के उपरांत, इसे संबंधित क्षेत्र/विभाग को अग्रेषित किया जाता है, जो शिकायत से संबंधित इकाई को ऑनलाइन अग्रेषित की जाती है। सभी स्तरों पर संबद्ध इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय के विभागों के संबंधित नोडल अधिकारियों की सूचना के लिए एसएमएस सुविधा अंतर्निहित है।

नए मामले की सूचना संबंधित इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय के संबंधित नोडल अधिकारी को प्रस्थिति बताने के लिए अनंतर अग्रेषित की जाती है।

दर्ज शिकायतों की दैनिक अनुवर्ती कार्रवाई फोन के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रुप से की जाती है।

संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा 7 दिनों के भीतर अनुपालन न करने की स्थिति में, मामला संबंधित महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष/ स्टाफ अधिकारी (का. एवं प्र.) के सम्मुख रखा जाता है और उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा सूचना दी जाती है।

यदि संबंधित महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष/ स्टाफ अधिकारी (का. एवं प्र.) द्वारा 14 दिनों के अन्दर शिकायत का निवारण न करने की स्थिति में, मामला महाप्रबंधक (समाधान) और निदेशक (कार्मिक) के तक। सचिव के सम्मुख व्यक्तिगत रुप से रखा जाता है तथा उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा सूचना दी जाती है।

कुछ तकनीकी कारणों या किसी अन्य कारण से यदि शिकायत लंबित हो जाती है तो इस स्थिति में, व्यक्तिगत रुप से शिकायत को निदेशक (कार्मिक) के संज्ञान में लाया जाता है और उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा सूचना दी जाती है।

संबंधित क्षेत्र/विभाग द्वारा प्राप्त उत्तर की समीक्षा की जाती है और यदि संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो मामले को पुनः समीक्षा तथा यथोचित उत्तर के लिए संबंधित क्षेत्र/विभाग को भेजा जाता है और यदि संतोषजनक पाया जाता है, तो उत्तर शिकायतकर्ता को शिकायत प्रस्तुत करने प्रकार्य अनुसार पत्र/ईमेल अथवा ऑनलाइन के माध्यम से अग्रेषित कर दिया जाता है।

वर्ष 2022-23 में समाधान सेल कि उपलब्धियां.

वर्ष 2022-23 में समाधान सेल के कुल 330 शिकायतें प्राप्त हुईं जिस में से 330 शिकायतों का निष्पादन किया गया फलस्वरुप उपलब्धि प्रतिशतता 100 % रही है ।

26. वन एवं पर्यावरण

क. पर्यावरणीय स्वीकृतियां:

1. सांविधिक स्वीकृति:

वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त टीओआर तथा पर्यावरणीय स्वीकृतियां निम्न की तालिका में सूचीबद्ध है :

अ. वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त टीओआर:

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन/वर्ष में)	टीओआर निर्गम की तिथि
1	ढोरी खास (लोअर) ओसीएम	2	12.12.2022
2	रोहिणी खुली खदान परियोजना	0.75	24.03.2023

ब. वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ

क्रम सं	परियोजना का नाम	क्षमता (मि.टन/वर्ष में)	पर्यावरणीय स्वीकृति निर्गम की तिथि
नई पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ			
1	भुरकुंडा कोलियरी	2.05	13.07.2022
2	कथारा खुली खदान परियोजना	1.90	18.10.2022
3	कबरीबाद खुली खदान परियोजना	0.60	30.01.2023
4	ढोरी खास (लोअर) खुली खदान	2	30.01.2023
5	गिद्दी 'ए' खुली खदान परियोजना	1	24.03.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति क्षमता में वृद्धि			
1	उत्तरी उरीमारी खुली खदान परियोजना	4.2	13.02.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति की वैद्यता का विस्तार/परिशिष्ट			
1	केडीएच विस्तार खुली खदान परियोजना	5	26.12.2022
2	उत्तरी उरीमारी खुली खदान परियोजना	3.6	27.12.2022
3	कारो विस्तार खुली खदान परियोजना	3.5	16.01.2023

स. वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त सीटीओ/सीटीई तथा अन्य स्वीकृतियाँ :

जल और वायु अधिनियमों के तहत सीसीएल की सभी परिचालन इकाइयों के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) द्वारा संचालन की सहमति (सीटीओ) प्राप्त की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 52 सीटीओ का नवीनीकरण/निर्गत किया गया है। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल की विभिन्न इकाइयों के लिए 5 परियोजनाओं की सीटीई और 3 संख्या में स्टॉक परिसमापन अनुमति भी जारी की गई है।

2. वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय:

क. सीसीएल की प्रत्येक इकाई में मिस्ट टाइप वाटर स्प्रिंकलर सहित मोबाइल वाटर स्प्रिंकलर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा सीसीएल की परियोजनाओं में फिक्स वाटर स्प्रिंकलर भी लगाए गए हैं।

ख. वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल की इकाइयों के लिए 15 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन की क्रय तथा स्थापित किया गया।

ग. ओवरबर्डन के ऊपर, बुनियादी अवसंरचनाओं के निकट वृक्षारोपण तथा हरित पट्टी का विकास।

घ. केवल आच्छादित ट्रकों से कोयले का परिवहन।

ङ. मोबाइल/फिक्स्ड वॉटर स्प्रिंकलर के माध्यम से रेलवे साइडिंग पर विंड ब्रेकिंग प्रणाली एवं पानी के छिड़काव की व्यवस्था की जाती है।

3. जल संसाधन प्रबंधन :

क. खनन कार्य के कारण जलस्तर तथा भूजल गुणवत्ता की नियमित निगरानी पीजोमीटरों के नेटवर्क तथा अन्य बोर/खुले कूपों के माध्यम से की जा रही है।

ख. सतही जल एवं बहिःस्राव जल की नियमित निगरानी की जा रही है।

ग. सतही बहाव के खान संप तक प्रवाह के लिए कैच ड्रेन और गारलैंड ड्रेन का निर्माण किया गया है।

घ. सीसीएल के कमान क्षेत्र में खदान-जल का उपयोग आसपास के गांवों (120 संख्या) में पानी की आपूर्ति के लिए किया जाता है, जिससे लगभग 1,86,703 लोग लाभान्वित होते हैं। सीसीएल कमान क्षेत्र में खदान के पानी के उपयोग की विवरणी नीचे सारणीबद्ध है:

सभी आंकड़े लाख घन मी. में

औसत खान डिस्चार्ज	व्यक्तिगत उपयोग हेतु		सार्वजनिक उपयोग हेतु		रिचार्ज/भविष्य में उपयोग हेतु
	घरेलू	व्यावसायिक	घरेलू	सिंचाई	
373.9	75.12	150	86.8	10.44	51.54

ङ. सीसीएल के खदान खड्डों का सदुपयोग स्थानीय समुदाय/स्वयं सहायता समूहों द्वारा पिंजड़ाबंद मछली उत्पादन/मत्स्य पालन के लिए किया जा रहा है।

सीसीएल के उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र स्थित खदान खड्डे में पिंजड़ाबंद मछली पालन।

4. भूमि-उद्धार तथा वृक्षारोपण

क. वित्त वर्ष 2022-23 में किए गए वृक्षारोपण की तालिका नीचे प्रस्तुत है।:

पौधों की संख्या	रोपित पौधों का कुल क्षेत्रफल (हे. में)
3,75,401	178.85

ख. अपने कमान क्षेत्र में इको-पार्क के विकास हेतु सीसीएल ने वैपकोस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है । इस समझौता ज्ञापन के तहत, वैपकोस लगभग 63 करोड़ की लागत से 100 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र को आच्छादित करते हुए सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कुल नौ (09) इको-पार्क का विकास और रखरखाव करेगा।

5. पर्यावरणीय अनुश्रवण:

क. एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला के साथ सीएमपीडीआई की मदद से वर्ष 2022-23 के दौरान सीसीएल के समस्त इकाइयों में वायु, जल एवं ध्वनि का नियमित पर्यावरणीय अनुश्रवण किया जा रहा है।

ख. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सीसीएल की 14 परियोजनाओं हेतु एक सीजन का बेसलाइन डाटा जनरेशन का काम भी किया गया।

ग. सीसीएल के कमान क्षेत्रों में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के सर्वर से जुड़े डेटा के साथ 14 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन (सीएएक्यूएमएस) एवं 28 कंटीन्यूअस पीएम10 एनालाइजर पहले से स्थापित हैं।

घ. वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सीएमपीडीआई के माध्यम से सैटेलाइट के आंकड़ों तथा रिमोट सेंसिंग के आधार पर सीसीएल की 27 खुली खदानों की भूमि-उद्धार का अनुश्रवण किया जा रहा है।

6. आईएमएस प्रमाणन :

सीसीएल स्थित इकाइयों के लिए आईएमएस (आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001: 2018) का पुनर्प्रमाणन 12.05.2022 को निर्गत हुआ। सीसीएल की पांच इकाइयों में एक पाइलट परियोजना के रुप में ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 50001:2018) के कार्यान्वयन की प्रक्रिया दिसंबर-2022 में आरंभ हुई है।

7. वित्त वर्ष 2022-23 में पर्यावरण से संबंधित अन्य गतिविधियां:

क. अरगडा क्षेत्र, सीसीएल, रांची, झारखंड के गिद्दी 'ए' कोलियरी पिट लेक में प्रस्तावित रामसर साइट की जैव-विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का आकलन करने हेतु दिनांक 16.02.2023 को वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के साथ ₹18.29 लाख की लागत पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सीसीएल द्वारा किया गया है। उक्त कार्य की अवधि 06 माह की है।

ख. भारतीय कोयला खनन उद्योग के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन की रुपरेखा की समीक्षा हेतु दिनांक 03.02.2023 को सीसीएल ने आइआइटी (आईएसएम) धनबाद को कुल ₹ 24.09 लाख की लागत का कार्य-आदेश जारी किया है। उक्त कार्य की अवधि 12 माह की है।

ग. सीसीएल ने दक्षिण कर्णपुरा कोलफील्ड्स, दामोदर नदी बेसिन, झारखंड के समीपवर्ती पारिस्थितिकी-तंत्र में खनन कार्य के प्रभाव के आकलन हेतु 18.10.2022 को झारखंड के केंद्रीय विश्वविद्यालय को ₹48.73 लाख की लागत से कार्य-आदेश जारी किया है। उक्त कार्य की अवधि 07 माह की है।

घ. सीसीएल ने खदान स्थल के उद्धार के लिए मृदा-संरक्षण तथा उपयोग एवं देशीय पारिस्थितिकी-तंत्र के प्रत्यारोपण की कार्य-प्रणाली के विकास के लिए ₹441 लाख की लागत से दिनांक 22.11.2021 को आईसीईएफ़आरई-आईएफपी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। उक्त कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्रियान्वयन के अधीन है।

8. अन्य पर्यावरण संबंधी समारोह:

क. पारिस्थितिकी-तंत्र को बहाल के लिए नयीं पहलों को प्रोत्साहन देने तथा संवहनीय खनन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समस्त क्षेत्रों तथा परियोजनाओं में "विश्व पर्यावरण दिवस-2021" दिनांक 05.06.2022 को मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल के कमान क्षेत्र में पौधारोपण के साथ-साथ पौधा वितरण, क्विज, निबंध व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की कुछ झलकियाँ

ख. एमओईएफ़&सीसी के निर्देशन में भारत में चीतों की वापसी से संबंधित जागरुकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सीसीएल कार्मिकों, छात्रों, शिक्षकों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय पोस्टर, चित्रकारी आदि के माध्यम से दिया।

भारत में चीतों की वापसी के अवसर पर आयोजित गतिविधियों की कुछ झलकियाँ

ख. वानिकी स्वीकृति:

i. चरण I वानिकी स्वीकृति: 1311.94 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु 4 प्रस्ताव

क्र.सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	चरण1 की तिथि
1	होन्हे से शिवपुर साइडिंग तक सड़क	8.38	19.09.2022
2	पुरनाडीह खुली खदान परि.	321.69	17.01.2023
3	केडीएच खुली खदान परि.	126.72	27.02.2023
4	कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परि.	855.17	27.02.2023
	कुल	**1311.96**	

ii. चरण II वानिकी स्वीकृति: 8.38 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु 1 प्रस्ताव

क्र.सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	चरण1 की तिथि
1	होन्हे से शिवपुर साइडिंग तक सड़क	8.38	15..01.2023
	कुल	**8.38**	

iii. साइट हैंडओवर: 32.61 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु 1 प्रस्ताव

क्र.सं.	परियोजना का नाम	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	साइट हैंडओवर की तिथि
1	कर्मा खुली खदान परि. (132.28)	32.61	17.02.2023
	कुल	**32.61**	

iv. मगध कोयला ब्लॉक (8.54 हेक्टेयर) में कोल पाइप कन्वेयर की 5.55 हेक्टेयर वन भूमि हेतु एक वर्ष की अस्थायी कार्य अनुमति 23.12.2022 को दी गई

v. झारखंड सरकार द्वारा जलवायु एमओईएफ&सीसी/आईआरओ-एमओईएफ&सीसी को अनुशंसित प्रस्ताव

क्र.सं.	प्रस्ताव का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)	अनुशंसा की तिथि
1	होन्हे से शिवपुर साइडिंग तक सड़क	8.38	08.04.2022
2	पुरनाडीह खुली खदान परि.	323.49	17.08.2022
3	केडीएच खुली खदान परि.	126.72	22.08.2022
4	कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परि.	855.17	30.09.2022
5	उरीमारी खुली खदान परि.	34.64	23.12.2022
6	उत्तर उरीमारी रेलवे साइडिंग	11.11	03.01.2023
7	आम्रपाली खुली खदान परि.	431.59	06.03.2023
8	मगध खुली खदान परि.	192.36	06.03.2023
9	सौंडा डी नवीनीकरण	99.69	14.12.2022
10	उरीमारी खुली खदान परि. नवीनीकरण	49.97	14.12.2022
11	रजरप्पा खुली खदान परि.	277.15	07.09.2022
12	केदला खुली खदान परि.	168.50	28.11.2022
13	लाइयो भूमिगत	78.59	02.12.2022
14	एसडीखुली खदान परि.	7.45	21.02.2023
		2664.81	

vi. ऑनलाइन समर्पित वन स्वीकृति आवेदन/संशोधन:

क्र. सं.	प्रस्ताव का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)	आवेदन/संशोधन की तिथि
1	मगध रेलवे साइडिंग	115.18	15.09.2022
2	आम्रपाली रेलवे साइडिंग	120.61	29.11.2022
3	कबरीबाद खुली खदान परि.	27.37	10.01.2023
	कुल	**263.16**	

vii. वित्त वर्ष 2022-23 में वन विभाग द्वारा कैपेक्स के अंतर्गत ₹ 306.94 करोड़ का भुगतान किया गया है।

viii. 565.52 हेक्टेयर जीएमजेजे भूमि के 7 प्रस्तावों हेतु निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र

क्र. सं.	प्रस्ताव का नाम	क्षेत्रफल (हे. में)	निर्गम तिथि
1	चंद्रगुप्त खुली खदान परि. (चतरा)	3.46	10.06.2022
2	चंद्रगुप्त खुली खदान परि.) हजारीबाग)	161.81	30.08.2022
3	अरगड़ा खुली खदान परि.	18.2	30.09.2022
4	आम्रपाली रेलवे साइडिंग	17.35	11.11.2022
5	मगध रेलवे साइडिंग	18.9	10.01.2023
6	अशोक विस्तार खुली खदान परि.	307.99	10.01.2023
7	पिपरवार भूमिगत खदान	37.81	10.01.2023
	कुल	**565.52**	

ix. 1717.865 हेक्टेयर भूमि के प्रस्ताव हेतु चिन्हित प्रतिपूरक वनीकरण

क्र. सं.	प्रस्ताव का नाम (हेक्टेयर में क्षेत्र)	प्रतिपूरक वनीकरण का क्षेत्रफल
1	आम्रपाली रेलवे साइडिंग (120.61)	241.22
2	मगध रेलवे साइडिंग (115.18)	230.36
3	आम्रपाली खुली खदान परि. के लिए अतिरिक्त सीए (431.59)	127
4	मगध खुली खदान परि. के लिए अतिरिक्त सीए (115.18)	30.02
5	अशोक खुली खदान परि. (28.35)	56.70
6	पिपरवार में 20 मेगावाट सौर पीवी परियोजना (17.06)	34.12
7	चंद्रगुप्त खुली खदान परि. (चतरा डिवीजन भाग)	801.92
8	कारो खुली खदान परि. (226.67)	108.94
9	रजरप्पा खुली खदान परि.	84
10	रजरप्पा (1.5 गुना सुरक्षा क्षेत्र क्षेत्र)	3.585
	कुल	**1717.865**

x. 3816.485 हेक्टेयर प्रतिपूरक वनीकरण के 12 प्रस्तावों का डीजीपीएस और केएमएल का निर्माण:

क्र. सं.	प्रस्ताव का नाम (हेक्टेयर में क्षेत्र)	प्रतिपूरक वनीकरण का क्षेत्रफल
1	रजरप्पा खुली खदान परि.	84
2	भुरकुंडा कोलियरी	1225
3	होन्हे से शिवपुर तक सड़क	83.80
4	आम्रपाली रेलवे साइडिंग	260
5	आम्रपाली खुली खदान परि.	127
6	कर्मा खुली खदान परि.	193.16
7	करो खुली खदान परि.	108.94
8	झारखंड खुली खदान परि. नवीनीकरण	116
9	लाइयों भूमिगत खदान	158
10	रजरप्पा खुली खदान परि. (1.5 गुना सुरक्षा क्षेत्र)	3.585
11	चंद्रगुप्त खुली खदान परि.	1400
12	अशोक खुली खदान परि.	57
	कुल	**3816.485**

xi. 1287.61 हेक्टेयर वन भूमि के लिए प्रस्ताव की 11 संख्या की डीजीपीएस/केएमएल/भूमि उपयोग योजना तैयार करना:

क्र. सं.	प्रस्ताव का नाम	वन क्षेत्र (हेक्टेयर में)
1	अशोक खुली खदान परि.	259.17
2	मगध रेलवे साइडिंग	115.18
3	पिछरी खुली खदान परि.	53.94
4	आम्रपाली रेलवे साइडिंग	120.61
5	केदला दानिया रेलवे साइडिंग	34.26
6	कबरीबाद खुली खदान परि.	27.37
7	लाइयो भूमिगत खदान (287.56 हेक्टेयर केएमएल और भूमि उपयोग)	78.59
8	केदला खुली खदान परि. (1084.49 केएमएल और भूमि उपयोग)	168.50
9	खासमहल भूमिगत खदान परि.	14.99
10	चैनपुर खुली खदान परि.	308
11	पूर्वी परेज भूमिगत खदान परि.	107
	कुल	**1287.61**

xii. विभिन्न योजनाओं की तैयारी और अनुमोदन:

क्र. सं.	प्रस्ताव	योजना	अनुमोदन दिनांक
1	मगध कोयला ब्लॉक में	साइट विशिष्ट वन्यजीव प्रबंधन योजना	26.07.2022
2	कोयला पाइप कन्वेयर	जलग्रहण क्षेत्र प्रशोधन योजना	22.11.2022
3	कारो खुली खदान परि.	साइट विशिष्ट वन्यजीव प्रबंधन योजना	17.03.2023

27. भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास

1. भूमि अधिग्रहण की स्थिति

वर्ष 2022-23 के दौरान कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम,1957 के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण के निम्नलिखित प्रस्तावों पर अग्रेत्तर प्रगति निम्नदर्शित है:

क्र.सं.	विवरण	क्षेत्र (हेक्टेयर में)
1.	रोहिणी करकट्टा खुली खदान हेतु सीबीए धारा 4(1) देखें एस.ओ. -705 दिनांक 02 अगस्त 2022	1173.48
2.	सिरका खुली खदान परियोजना हेतु सीबीए धारा 4(1) देखें एस.ओ. -779 दिनांक 14.09.2022	92.91
3.	पुंडी खुली खदान परियोजना हेतु सीबीए धारा 4(1) देखें एस.ओ. -539 (ई) दिनांक 02.2.2023	50.59
4.	मगध खुली खदान परियोजना सीबीए धारा 4(1) देखें एस.ओ. -1397 (ई) दिनांक 23.03.2023	23.03
5.	गिद्दी- 'सी' खुली खदान सीबीए धारा 7(1) देखें एस.ओ. - 680 दिनांक 20.07.2022	42.88
6.	गोविंदपुर चरण- II सीबीए धारा 7(1) देखें एस.ओ. -3221 (ई) दिनांक 18.07. 2022	178.31
7.	झारखंड लईयो खुली खदान सीबीए धारा 7(1) देखें एस.ओ. 801 दिनांक 26.08.2022	108.10
8.	चंद्रगुप्त खुली खदान परियोजना सीबीए धारा (1)7 देखें एस.स 118 दिनांक 15.11.2022	170.72
9.	होन्हे शिवपुर रोड़, आम्रपाली खुली खदान परियोजना सीबीए धारा 7(1) देखें एस.ओ. 5558(ई) दिनांक 30.11.2022	6.44
10.	कल्याणी खुली खदान परियोजना सीबीए धारा 9(1) देखें एस.ओ. सं. 645 दिनांक 8.07.2022, ई	291.24
11.	आम्रपाली खुली खदान परियोजना सीबीए धारा 9 (1) देखें एस.ओ. सं. 3220 दिनांक 18.07.2022,	107.32
12.	कल्याणी खुली खदान सीबीए धारा 11 (1) देखें एस. ओ.1077 दिनांक 05.11.2022	291.24

- सीबीए (ए&बी) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत कुल 12 राजपत्र अधिसूचना जारी किए गए।
- प्रस्तावित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण के लिए सीसीएल द्वारा झारखंड सरकार से 5.5 एकड़ भूमि ली गई है इस हेतु हस्तांतरण विलेख प्रक्रियाधीन है ।

2. नियोजन:

वर्ष 2022-23 के दौरान भू.अ. एवं राजस्व विभाग द्वारा 211 नियोजन-प्रस्तावों को निष्पादित किया गया। 31.03.2023 तक 211 प्रस्तावों में से 161 नियुक्ति-पत्र जारी किए गए हैं।

3. पुनर्वास एवं पुर्नस्थापना:

वर्ष 2022-23 के दौरान 271 घरों/निर्माण में निवास करने वाले कुल 321 स्थानांतरित परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना मद मे कुल ₹28.77 करोड़ पुनर्वसन लाभ एवं पुनर्वासित स्थल के विकास की गतिविधियों के लिए स्वीकृत किए गए।

4. भू-मुआवजा: (₹527.91करोड़)

सीसीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 में, ₹527.91 करोड़ भूमि मुआवजे का भुगतान किया, जिसमें से झारखंड सरकार को ₹493.80 करोड़ सरकारी अधिग्रहित भूमि के मद मे अग्रिम राशि झारखंड सरकार को दी गई। प्रस्तावित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण हेतु ₹12.83 करोड़ का भुगतान झारखंड सरकार को तथा विभिन्न भू-स्वामियों को भूमि के मद में ₹19.38 करोड़ का भुगतान किया गया। साथ ही ₹0.45 करोड़ का भुगतान प्राधिकरण तथा डीएलएओ को किया गया।

5. विधिक मुकदमों का निष्पादन:

वित्त वर्ष 2022-23 में भूमि से संबंधित कुल 52 मुकदमों का निपटारा हुआ जिसमें से 39 भूमि से संबंधित मुकदमों का निष्पादन आयोजित विभिन्न लोक अदालतों द्वारा किया गया।

28. भूगर्भ विज्ञान विभाग

(i) भूगर्भीय एवं अन्य सेवाएं

वर्ष 2022-23 के दौरान निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। उनमें से अधिकांश सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉकों में अन्वेषण और उत्पादन समर्थन खनन सेवाओं से संबंधित हैं।

1. क्षेत्रीय निदेशक और विभागाध्यक्ष (अन्वेषण), क्षे.सं.-III, सीएमपीडीआई, रांची के साथ चालू ब्लॉकों के लोकेशन योजनाओं के संबंध में पारस्परिक विमर्श जहां सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉकों में विभागीय और आउटसोर्सिंग मोड के माध्यम से अन्वेषण किया जा रहा है।
2. क्षे.सं.- III, सीएमपीडीआई, रांची द्वारा सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉकों में विभागीय सहित आउटसोर्सिंग माध्यम किए गए भूगर्भीय, भूभौतिकीय (भूभौतिकीय लॉगिंग, प्रतिरोधकता और वीईएस सर्वेक्षण) अन्वेषण कार्य का अनुश्रवण।
3. वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भूगर्भ विज्ञान विभाग,सीसीएल का प्रदर्शन निम्न प्रदर्शित है :

भूगर्भ विज्ञान विभाग, सीसीएल2022-23 - का प्रदर्शन

	वित्तीय वर्ष 2021-22 उपलब्धियां	वित्तीय वर्ष 2022-23		विगत वर्ष की तुलना में वृद्धि (%)	लक्ष्य से अधिक वृद्धि (%)
		लक्ष्य	उपलब्धियॉ		
विभागीय (मीटरेज)	50535	54000	57828	14.43%	107.09%
आउटसोर्स (मीटरेज)	7451	35000	31434	321.88%	90.0%
कुल मीटरेज	**57986**	**89000**	**89262**	**53.94%**	**100.29%**
पूंजीगत व्यय (करोड़)	55	65	65	18%	100%
भूगर्भीय रिपोर्ट (जीआर)	2	3	3	50%	100%

- सीसीएल कमान क्षेत्र में अन्वेषण ड्रिलिंग में 59.94% की प्रगति हुई है।
- 3-डी सिस्मिक सर्वे के लिए ₹17.0 करोड़ आवंटित किए गए हैं परंतु 2022-23 में काम नहीं प्रारंभ हुआ।
- वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 6000 मिलियन टन की अतिरिक्त ड्रिलिंग प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

4. क्षे.सं.- III, सीएमपीडीआई, रांची द्वारा प्रस्तुत भूवैज्ञानिक रिपोर्ट का याद्दच्छिक पुनरीक्षण। पुनरीक्षित भूवैज्ञानिक रिपोर्ट इस प्रकार हैं:

1. धाधू पूर्व (दक्षिण), उत्तरी कर्णपुरा कोयला क्षेत्र।
2. सयाल डी, दक्षिणी कर्णपुरा कोलफील्ड्स।
3. पिछरी, पूर्वी बोकारो कोलफील्ड्स।
4. राजबर 'ए', औरंगा कोलफील्ड्स।

5. विभागीय सहित आउटसोर्सिंग द्वारा सीसीएल कमान क्षेत्र अंतर्गत सीआईएल ब्लॉकों में कोयला परीक्षण तथा भूभौतिकीय बिल सहित अन्वेषण कार्य के लिए लिए सीएमपीडीआई के 79 बिलों (20.03.2023 तक) का प्रसंस्करण।

6. सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉकों में 102 ड्रिल किए गए बोरहोल का संयुक्त मापन प्रमाणन हेतु क्षेत्र का दौरा।

7. आउटसोर्सिंग प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के लिए तकनीकी समिति की 40 बैठकें आयोजित की गई।

8. दिनांक 01.04.2022 तक क्षे.सं.-III, सीएमपीडीआई के अनुसार सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉक कोयला में भंडार का संकलन। सीसीएल कमान क्षेत्र के सीआईएल ब्लॉक कोयले का भंडार कुल 22708.02 मि.टन है। 1.04.2022 तक भारत में कोयले का कुल भंडार 361411.46 मि.टन है ।

9. सीसीएल कमान क्षेत्रों में भूमिगत कोयला उत्पादन तथा वृद्धि, कोयले की हाई वाल माइनिंग तथा कोयला गैसीकरण के लिए क्षेत्रो का दौरा।

10. अनुसंधान एवं विकास,भूमिगत,योजना एवं परियोजना, संचालन, क्षेत्रीय संस्थान-III के साथ परस्पर विमर्श।

11. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान क्षेत्रों की मांग के अनुसार तोपा (1141 मी.) एवं लपंगा (6929 मी.) ड्रिलिंग कैम्प द्वारा कुल 8070 मीटर ड्रिलिंग की सेवाएं उपलब्ध करायी गयी। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की आवश्यकता पूर्ति हेतु कुल 26 नलकूपों की ड्रिलिंग की गई।

12. राँची विश्वविद्यालय के दो (02) छात्रों का भूगर्भ विज्ञान विभाग, सीसीएल में प्रशिक्षण दिया गया।

(ii) कोयला भंडार

दिनांक 01.04.2022 तक सीसीएल कमान क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्रीय संस्थान-III, सीएमपीडीआई द्वारा संकलित एवं परिकलित सिद्ध, सूचित एवं अनुमानित कोयला का सकल भूगर्भीय भंडार 22708.02 मिलियन टन है। सीसीएल कमान क्षेत्र में कोयला भंडार का विवरण नीचे दिया गया है :-

(आंकड़े मिलियन टन में)

कोयले का प्रकार	सिद्ध	सूचित	अनुमानित	कुल
कुल कोयला भंडार	17325.25	4991.95	390.82	22708.02

29. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

पारदर्शिता बढ़ाने और अपने संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के निरंतर प्रयास में, सीसीएल ने अपने हितधारकों की संतुष्टि हेतु कंपनी की कई व्यावसायिक प्रक्रियाओं में आई.सी.टी. का प्रभावी उपयोग किया है।

वित्त वर्ष 2022-23 में इस दिशा में उठाये गए मुख्य कदम इस प्रकार हैं:

1. सीसीएल में व्यवसायिक प्रक्रिया के एकीकरण के लिए, विश्व विख्यात ईआरपी समाधान 'सैप (SAP)' जिसे विगत वर्ष सीआईएल की अन्य सहायक कंपनियों में एक साथ शुरू किया गया था, के 7 क्रियान्वित मॉड्यूलों यथा पी.पी.(प्रोडक्शन प्लानिंग), पी.एस.(प्रोजेक्ट सिस्टम), पी.एम.(संयंत्र मेंटेनेंस), एच.सी.एम.(ह्मन कैपिटल मैनेजमेंट), एफ.आई. सी.ओ (फाइनेंस & कण्ट्रोल) ,एम.एम.(मटेरियल मैनेजमेंट) एवं एस.डी.(सेल्स और डिस्ट्रीब्यूशन) में पूरी अनुषंगी के उपयोगकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से स्थिरता आई है।
2. इस वर्ष, सीसीएल के 4 केंद्रीय अस्पतालों में फोटो मेडिकल कार्ड के साथ चिकित्सा सेवाओं के एकीकृत समाधान - अस्पताल प्रबंधन प्रणाली (एच.एम.एस.) की शुरुआत की गई है ।
3. सीसीएल में टेली मेडिसिन सुविधा के लिए 11 स्थानों पर डिजिटल डिस्पेंसरी प्रारंभ किया गया है ।

4. गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, साइबर अपराध के खिलाफ लोगों की आम जागरूकता के लिए सीसीएल की विभिन्न इकाइयों में 'साइबर जागरुकता दिवस' का आयोजन किया गया है।
5. सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कार्यरत सभी कांटाघरों (रोड सेल और आंतरिक परिवहन) को नेटवर्क व्यवधान से बचने के लिए फ़ेलसेफ तंत्र सहित निर्बाध डाटा अंतरण के लिए केंद्रीय सैप सर्वर से जोड़ा गया है।
6. सीआईएल के केंद्रीय सेवा प्रदाता के सौजन्य से कोयले की ई-नीलामी एवं वस्तुओं और सेवाओं का ई-क्रय परिचालन में है। उपलब्धता के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं के ई-क्रय के लिए जीईएम पोर्टल का प्रमुख रूप से उपयोग किया जा रहा है। आईटी पहलों के माध्यम से व्यावसायिक प्रक्रियाओं को आरंभ वेंडरों एवं कर्मचारियों को ई-भुगतान एवं शिकायकर्तो के निवारण हेतु ई-फाइलिंग की सुविधा दी गई है।
7. संपूर्ण सीसीएल में संगठन की व्यावसायिक प्रक्रियाओं में उन्नयन हेतु एनआईसी के सौजन्य से ई-ऑफिस का उपयोग किया जा रहा है जिसका उद्देश्य व्यापार प्रक्रिया प्रबंधन में गुणात्मक सुधार, उत्पादन,और उत्पादकता मे वृद्धि एवं पारदर्शिता लाना है।
8. विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं के उत्पादकता और दक्षता में प्रभावी सुधार करने की दिशा में एवं सैप (ईआरपी) क्रियान्वयन हेतु सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल तथा कमान क्षेत्रों में लैन सहित सैप(ईआरपी) के प्रभावी क्रियावयन के लिए वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) को फ़ेलसेफ रिडनडेंट मोड के साथ चालू किया गया है ।
9. सीसीएल के सभी अधिकारियों को सीआईएल द्वारा जारी किए गए कारपोरेट ई-मेल मैसेज सिस्टम को विभागीय पत्राचार के लिए लागू किया गया है।
10. विभागीय प्रमुखों के कार्य संपादन की निगरानी एवं विवेचना हेतु अध्यक्ष-सह-प्रबंधक निदेशक के डैशबोर्ड, कोविड परीक्षण रिपोर्ट पोर्टल, क़्वार्टर आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए पोर्टल, एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भीष्म पितामह पोर्टल जैसे इन-हाउस विकसित बहुतेरे वेब/ मोबाइल एप्पलिकेशन परिचालन में है। कोल इंडिया मैराथन (2023) के लिए वेब पोर्टल देश भर में निर्बाध पंजीकरण के लिए विकसित और लॉन्च किया गया था।
11. सीसीएल के सभी अधिकारियों की वार्षिक कार्यक्षमता का मूल्यांकन, सतर्कता सूचना एवं वार्षिक संपत्ति विवरण सीआईएल द्वारा संचालित केंद्रीय वेब प्रणाली पर किया जाता है।
12. अपने हितधारकों को समय पर भुगतान के लिए प्रतिबद्ध, विगत साल शुरू किए गए सैप के माध्यम से बैंक का पेमेंट गेटवे सफलतापूर्वक चल रहा है।

30. सुरक्षा प्रबंधन

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का सुरक्षा विभाग एक 24x7 कार्यकारी विभाग है जो कोयले की चोरी, अवैध खनन और कंपनी की संपत्ति तथा परिसंपत्तियों की सुरक्षा के खतरे को रोकने के लिए आवश्यक निवारक उपायों की निगरानी, नियंत्रण और आवश्यक निवारक उपाय करता है। इसके अलावे अवैध खनन की रोकथाम के लिए मोबाइल आधारित एप्प "खनन प्रहरी" का भी उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षा विभाग ने विभिन्न खदानों/ परियोजनाओं और इकाइयों में चल रही विभिन्न गतिविधियों की चौबीसों घंटे निगरानी हेतु एक क्रियाविधि स्थापित किया है।

कंपनी की संपत्ति तथा परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु सीसीएल के सुरक्षा बल में विभागीय सुरक्षा कर्मी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ), झारखंड सरकार तथा झारखंड सरकार के होमगार्ड आदि शामिल हैं।

दिनांक 31.03.2023 तक सीसीएल के कुल सुरक्षा बल की कुल संख्या निम्नानुसार है: -

क्र० सं०	सुरक्षा बलों के प्रकार	मौजूदा श्रमशक्ति की संख्या
1.	विभागीय सुरक्षा बल	1561
2.	केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)	1833
3.	राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ), झारखंड सरकार।	272
4.	होमगार्ड , झारखंड सरकार।	1975
	कुल	**5641**

वर्तमान में सीआईएसएफ बोकारो एवं करगली , ढोरी, उतरी कर्णपुरा तथा पिपरवार जैसे चार क्षेत्रों में तैनात है । मगध-संघमित्रा तथा आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्रों में सीआईएसएफ की तैनाती प्रक्रियाधीन है। सीसीएल के मगध-संघमित्रा और आम्रपाली-चंद्रगुप्त के अति संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीआईएसएफ की भर्ती के लिए सुरक्षा स्कंध में 1676 पदों के सृजन के लिए गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। ₹41.48 करोड़ की प्रतिभूति राशि के ई-भुगतान की प्राप्ति की सूचना लेखा अधिकारी/रिकवरी सीआईएसएफ़, नयी दिल्ली के पत्र संख्या आर-11013/लेखा/ वसूली/वीविधि/2022/1467, दिनांक 16/01/2023 द्वारा प्राप्त हुई ।

सीसीएल के करगली, उतरी कर्णपुरा तथा पिपरवार क्षेत्र में सीआईएसएफ की अतिरिक्त तैनाती का पुनः सर्वेक्षण अवलोकन तथा अनुमोदनार्थ महानिदेशक, सीआईएसएफ बल मुख्यालय, नई दिल्ली को भेजा गया है।

बरामद मात्रा (टन में)	अनुमानित मूल्य (लाख ₹ में)	घटनाओ की संख्या	कार्रवाही की संख्या	स्थानीय पुलिस थाना में दर्ज शिकायत की संख्या	एफआईआर (पंजीकृत)	कुल गिरफ्तारी	काली सूची में दर्ज वाहनो की संख्या
1450.51	40.75	565	565	94	66	29	20

सुरक्षा बल द्वारा किए गए सफल छापे दुर्भावनापूर्ण इरादों के प्रभावी निवारण की पहचान है। सीसीएल के लीज होल्ड क्षेत्र में अवैध कोयला खनन की सूचना मिलने पर, सुरक्षा विभाग स्थानीय पुलिस की मदद से घटना स्थल पर छापेमारी कर रैट होल को बंद करना सुनिश्चित करती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 3443 रैट होल को बंद किए गए है।

सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कोयले की चोरी तथा अवैध खनन की रोकथाम के लिए निम्नलिखित अनुमोदित मानक संचालन प्रक्रिया को परिचालित किया गया है।

1. अवैध उत्खनन के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया ।
2. कोयला चोरी से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया ।
3. ट्रकों द्वारा कोयला चोरी के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया।
4. रोड सेल से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया ।
5. कोयला प्रेषण से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया ।

सीसीएल के कमान क्षेत्रों में कोयले की चोरी को रोकने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी को लागू किया गया। विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणो का विवरण निम्नानुसार है: -

स्थापित सीसीटीवी कैमरों की संख्या	वाहनों में लगाए गए जीपीएस की संख्या	आरएफ़आईडी आधारित बूम बैरीयर की संख्या
1687	3150	112

कंपनी की संपत्ति तथा परिसंपतियों की वास्तविक समय में 24x7 निगरानी हेतु इले. एवं दूरसंचार विभाग द्वारा क्षेत्रों, आवासीय परिसर तथा कार्यालय परिसर में लगाया गया है तथा आईवीटी नियंत्रण कक्ष के साथ सीसीटीवी कैमरों को जोड़ा गया है।

गैर-तकनीकी श्रेणी में "राजभाषा" का प्रथम पुरस्कार/शील्ड सुरक्षा विभाग को दिया गया।

26/03/2023 को आयोजित कोल इंडिया मैराथन-2023 में आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मैराथन की सभी चार श्रेणियों में यथा फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी के लिए निर्बाध मार्ग सुनश्चित कर मैराथन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

बहाल नए कर्मचारियों में से 55 को बुनियादी सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उन्हें लाभकारी उपयोग के लिए सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया है।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 51 सुरक्षा कर्मियों को अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किया गया है ।

वित्त वर्ष 22-23 के दौरान अवैध गतिविधियों में शामिल होने के लिए 20 वाहनों को काली सूची में डाला गया है।

वित्तीय वर्ष 22-23 के दौरान 106 संवेदनशील पदों पर पदस्थापित सुरक्षाकर्मियों को रोटेशन नीति/दिशानिर्देश के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में रोटेट/स्थानांतरित किया गया है।

31. राजभाषा कार्यान्वयन प्रतिवेदन 2022-23

राजभाषा विभाग : गतिविधि एवं उपलब्धियां

झारखंड की राजधानी- रांची में स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी – सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 'क' क्षेत्र में अवस्थित है । यहाँ लगभग 90 प्रतिशत कार्मिक हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान से युक्त हैं। भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु कंपनी का राजभाषा विभाग सदैव तत्परता से कार्य करता है। गृह-मंत्रालय और कोयला-मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पूर्णरूपेण अनुपालन किया जाता है।

कारपोरेट स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें :

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार मुख्यालय के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों एवं कारपोरेट स्तर पर मुख्यालय में प्रत्येक तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित किया जाता है। वर्ष 2022-23 में क्रमशः दिनांक 22.06.2022, 29.08.2022, 05.12.2022, 21.03.2023 को कारपोरेट स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें आयोजित की गईं।

सीसीएल के प्रकाशन:

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की गृह पत्रिका 'उत्कर्ष' हिंदी भाषा में प्रकाशित होती है। राजभाषा विभाग के सहयोग से जनसंपर्क विभाग द्वारा उक्त पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। अद्यतन अंक का विमोचन 1 नवंबर, 2022 को किया गया था। 'उत्कर्ष' पत्रिका के साथ-साथ सीसीएल में प्रति माह सीसीएल समाचार की एक ई-पत्रिका 'अपनी बात' प्रकाशित की जाती है।

सीसीएल हिंदी काव्यपाठमाला :

सीसीएल में हिंदी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य तथा सीसीएल में कार्यरत कार्मिकों के भीतर छिपी काव्य प्रतिभा की पहचान हेतु सीसीएल हिंदी काव्यपाठमाला (काव्यपाठ की श्रृंखला) का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस काव्यपाठ श्रृंखला के अंतर्गत अब तक काव्यपाठ के दो अध्यायों का आयोजन वेब के माध्यम से किया जा रहा है।

राजभाषा विभाग, कोयला मंत्रालय द्वारा सीसीएल मुख्यालय का निरीक्षण :

उप-निदेशक(राजभाषा), राजभाषा विभाग, कोयला मंत्रालय द्वारा सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्र का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया तथा प्राप्त सुझावों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

नराकास (उपक्रम), रांची के तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन :

सीसीएल द्वारा नराकास(उपक्रम), रांची के तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24 जनवरी 2023 को किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 2 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीसीएल द्वारा आयोजित उक्त प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की सराहना प्रतिभागियों द्वारा की गयी।

पुरस्कार योजना :

कंपनी के कार्मिकों की रचनात्मकता और मौलिक हिंदी लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2021-22 से हिंदी मौलिक पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना, सीसीएल का शुभारंभ किया गया है। मूल रूप से हिंदी में कार्यालयीन कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूल रूप से हिन्दी में पत्राचार टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गयी है।

पुस्तकों का क्रय : समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजभाषा विभाग,सीसीएल द्वारा विभिन्न विषयों पर हिंदी भाषा में पुस्तकों का क्रय किया गया।

राजभाषा प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं :

सीसीएल में राजभाषा क्रियान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु 5 राजभाषा प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गयी। विगत एक वर्ष के दौरान मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल के सहयोग से राजभाषा विभाग द्वारा क्रमशः दिनांक 29.06.2022, 07.09.2022, 19.09.2022, 22.12.2022, 28.03.2023 को सीसीएल मुख्यालय स्थित सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इन कार्यशालाओं में तकनीकी सुविधाओं का प्रशिक्षण दिया गया, जिनका विषय यूनिकोड समर्थित हिन्दी टंकण, बोलकर टंकण करने, मशीन अनुवाद आदि रहा। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन हिन्दी संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रयोगकीय प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मुख्यालय के विभिन्न विभागों में 'डेस्क-प्रशिक्षण' एवं कम्प्यूटर की द्विभाषी स्थापना में सहयोग किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण

समय-समय पर सीसीएल के क्षेत्रों, केन्द्रीय कृत इकाइयों एवं मुख्यालय के विभागों का निरीक्षण किया जाता है और राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उचित सलाह दी जाती है। विभाग द्वारा वर्ष के दौरान मुख्यालय के 12 विभागों तथा 08 क्षेत्रों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया।

पखवाड़ा – 2022 का आयोजन

वित्त वर्ष 2022-23 में सीसीएल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन 14 सितंबर से 30 सितंबर तक किया गया जिसमें सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजभाषा के संवर्धन हेतु 6 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें से एक प्रतियोगिता अहिंदी भाषी कार्मिकों के लिए विशेषकर आयोजित की गयी। पखवाड़े के दौरान सीसीएल काव्यपाठमाला की वार्षिक प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

राजभाषा पखवाड़ा के समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह 30.09.2023 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण—पत्र सहित कोल इंडिया द्वारा निर्धारित पुरस्कार राशि का भुगतान किया गया। लगभग 100 प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

राजभाषा पखवाड़ा के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य के प्रतिष्ठित साहित्यकार को सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान – 2022 से सम्मानित किया गया।

प्रोत्साहन हेतु अन्य गतिविधियां :

- राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करने के उद्देश्य से तिमाही के दौरान राजभाषा का सर्वोत्तम क्रियान्वयन करने वाले विभागों/क्षेत्रों को राजभाषा चल-शील्ड प्रदान किया जाता है।
- राजभाषा विभाग द्वारा सीसीएल की वेबसाइट पर विविध तकनीकी तथा प्रशासनिक शब्दकोश का लिंक उपलब्ध कराया गया है।
- सीसीएल की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर प्रतिदिन 'आज का शब्द' अद्यतन किया जा रहा है।
- कार्मिकों की राजभाषा संबंधी सहायता के लिए 'राजभाषा सहायिका' सीसीएल की वेबसाइट राजभाषा टैब के अंतर्गत उपलब्ध कराया गया है।
- साथ ही, कार्यालय के विभिन्न विभागों में प्रतिदिन प्रयुक्त होने वाले कठिन शब्दों को संकलित करते हुए एक 'कार्यालय सहायिका' पुस्तिका का निर्माण किया गया है। उक्त पुस्तिका सीसीएल के वेबसाइट पर राजभाषा टैब के अंतर्गत उपलब्ध है।
- कंपनी में कंप्यूटर पर काम करने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को यूनिकोड समर्थित हिंदी टाइपिंग प्रणाली का प्रशिक्षण उनके कार्यस्थल पर दिया जाता है।
- राजभाषा के कार्यान्वयन के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा समय-समय पर प्राप्त निर्देशों का अनुपालन किया जाता है।

32. सतर्कता विभाग

वित्तीय वर्ष 2022-23 में सतर्कता विभाग, सीसीएल का प्रदर्शन निम्नानुसार है ।

क. प्राप्त शिकायतें तथा कृत कार्रवाई:

प्राप्त शिकायतें	वर्ष 2022-23
1 अप्रैल 2022तक लंबित मामले	93
1 अप्रैल,2022 से 31 मार्च,2023 तक प्राप्त शिकायतें की संख्या	445
दायर बेनामी/छद्मनामी मामले दायर किया गया शिकायतें की संख्या	129
1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च,2023 तक की अवधि के दौरान जांच/ सत्यापन के लिए ली गई शिकायतों की संख्या	263
आवश्यक कार्रवाई हेतु विभागाध्यक्ष/ महाप्रबंधक को अग्रसारित शिकायतों की संख्या	59

ख. नियमित अनुसंधान (आरआई मामले):

अनुसंधान	वर्ष 2022-2023
1 अप्रैल 2022 को लंबित मामले	08
1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 की अवधि के दौरान अनुसंधान हेतु लिए गए मामले	21
1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के अवधि के दौरान समाप्त अनुसंधान	20
31 मार्च 2023 तक लंबित मामले	9

ग. अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामले (आरडीए मामले):

अनुशासनात्मक कार्रवाई (आरडीए) के मामलों की संख्या	मामले	वर्ष 2022-23	
		व्यक्तियों की संख्या	
		बड़ेमामले	बड़ेमामले
बड़े मामले	7	16	5
छोटे मामले	1	-	2

घ. विभागीय अनुसंधान

पूर्ण विभागीय अनुसंधान	वर्ष 2022-23	
	मामले	व्यक्तियों की संख्या
समाप्त	13	32
आंशिक कार्रवाई	07	34

ङ. वैसे मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया:

वैसे मामलों की संख्या जिनमें जुर्माना लगाया गया	वर्ष 2023-2023	
	मामले	मामले
बड़े मामले		
समाप्त	18	48
आंशिक कार्रवाई	1	2
छोटे मामले		
समाप्त	2	3
आंशिक कार्रवाई	0	0

च. वर्ष 2022-23 के दौरान औचक निरीक्षण :

वर्ष	सम्पन्न औचक निरीक्षण	नियमित अनुसंधान में परिवर्तित
वर्ष 2022-23 (1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023)	06	01

छ. गहन अनुसंधान के मामले (आईटीई मामले):

वर्ष	सम्पन्न औचक निरीक्षण	नियमित अनुसंधान में परिवर्तित
2022-23	05	00

ज. अधिकारियों की संपत्ति विवरणी की संवीक्षा

वर्ष (2022-23)	कृत संवीक्षा
वर्ष 2022-23 (1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023)	460

झ. प्रत्येक वर्ष संदेहपूर्ण व्यक्तियों (अग्रीड लिस्ट)/संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों (ओडीआई) की सूची तैयार की जा रही है।

ञ. अनुसंधान के दौरान प्रचलित प्रणाली में व्याप्त अनियमितताओं को दृष्टिगत करते हुए तथा सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के आधार पर प्रणालीगत सुधार हेतु सक्षम प्राधिकारी को निवारक उपायों की संतुस्ति दी जाती है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भ्रष्टाचार के अवसरों को न्यूनीकृत करने हेतु निम्न प्रणालीगत सुधारों की अनुशंसा की गई:

- निविदाओं में फर्मों को भाग लेने से प्रतिबंधित करने के संबंध में प्रणालीगत सुधार।
- विपणन एवं विक्रय विभाग दृष्टिगत ई-नीलामी की सूचना अपलोड करने के लिए वेबपेज इंटरफेस विकसित करने की प्रणाली में सुधार के उपाय।

- सीपीआरएमएस-एनई और सीपीआरएमएस-ई में चिकित्सा दावों के ससमय पर निपटान के लिए प्रणाली में सुधार के उपाय।
- वाशरियों के लिए बीओओ निविदाओं में प्रणाली सुधार के उपाय।
- निविदाओं में गंभीर असंतुलित बोली से निपटने में प्रणाली में सुधार और माप पुस्तकों का रख-रखाव।
- रोड सेल बिक्री दिशानिर्देश, 2009 के संबंध में प्रणाली में सुधार के उपाय।
- अधिक वैज्ञानिक और व्यवस्थित तरीके से हिंडरेंस रजिस्टर के रख-रखाव में प्रणाली में सुधार।

ट. सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 का पालन

केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 31.10.2022 से 06.11.2022 तक सीसीएल की समस्त इकाइयों, क्षेत्रों के साथ सीसीएल मुख्यालय में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022' का सोत्साह आयोजन किया गया। इस वर्ष सीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा जागरूकता अभियान का प्रारंभ दरभंगा हाउस,सीसीएल में प्रतिज्ञा से हुआ।

- **प्रतिज्ञा:**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2022 का आयोजन सीसीएल (मुख्यालय), रांची के साथ-साथ सीसीएल के सभी क्षेत्रों और परियोजनाओं/इकाइयों में सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के साथ शुरू हुआ। सीसीएल (मुख्यालय) में, सीवीओ, सीसीएल, निदेशक (वित्त), सीसीएल, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, और निदेशक (तकनीकी/पीपी), सीसीएल द्वारा 31.10.2022 को सीसीएल (मुख्यालय) शपथ दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन के संबंध में भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय सीवीसी के संदेश को भी सीवीओ और सीसीएल के कार्यकारी निदेशकों द्वारा पढ़ा गया।

वस्तुतः, सभी कर्मचारियों व अन्य हितधारकों को सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार की रोकथाम और उसके विरुद्ध लड़ाई में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 से काफी पहले ही सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई जा रही थी। यह गतिविधि मुख्यालय और क्षेत्र ,इकाइयों तक सीमित नहीं रही बल्कि कई अन्य स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज आदि में भी आयोजित किया गया।

- **ई-शपथ**

ई-शपथ ग्रहण हेतु कर्मचारियों के साथ-साथ ग्राहकों, ठेकेदारों, नागरिकों आदि को प्रेरित एवं प्रभावित करने के लिए सीसीएल की वेबसाइट पर "सत्यनिष्ठा-शपथ" हेतु www.cvc.nic.in का हाइपरलिंक सक्रिय किया गया। साथ ही, अधिकारियों, गैर-अधिकारियों, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, नागरिकों आदि को शपथ ग्रहण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रों में ई-शपथ बूथ लगाए गए। सीसीएल, मुख्यालय में ई-प्रतिज्ञा ग्रहण हेतु 4 ई-शपथ बूथ लगाए गए थे। इस वर्ष 1700 से अधिक लोगों को ई-शपथ दिलाई गई है।

- **सतर्कता जागरूकता रथ:**

दिनांक 31.10.2022 को अप्रनि, सीसीएल सहित समस्त कार्यकारी निदेशकों ने सीसीएल मुख्यालय से सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के चारों ओर भ्रष्टाचार निरोधक एवं जागरूकता संबंधित नारे, छायाचित्र एवं संदेशादि का प्रदर्शन किया गया था। रथ द्वारा रांची के समस्त आवासीय क्षेत्रों का परिभ्रमण किया गया। सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित कार्यक्रम जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 8 जिलों (रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, लातेहार, पलामू) में 2600 वर्ग किलोमीटर प्रसारित सीसीएल के 12 क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता रथ द्वारा परिभ्रमण किया गया।

- **सतर्कता जागरूकता मार्च:**

रथ को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद, सीसीएल (मुख्यालय), रांची में एक सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ताकि भ्रष्टाचार के अस्तित्व, कारण और खतरे के बारे में जन जागरूकता बढ़ाई जा सके। रैली में लगभग 300 प्रतिभागी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर उत्तेजक नारे लिखे हुए थे। सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद द्वारा मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया,इस मार्च में सीसीएल के कार्यकारी निदेशकों सहित सीसीएल के सीएमडी ने भाग लिया। उपर्युक्त अभियान को सीसीएल के सभी 12 क्षेत्रों में भी दोहराया गया। इसके अलावा सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में कई मार्च, प्रात:कालीन 'प्रभात फेरी' आदि का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया।

- **सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ:**

सीसीएल से परे जागरूकता कार्यक्रम का प्रसार करने के लिए, अभियान को शहर के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। 3 नवंबर को सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में इस वर्ष की थीम "भ्रष्टाचार मुक्त भारत एक विकसित राष्ट्र के लिए" पर वाद-विवाद, भाषण, निबंध लेखन, नृत्य, गायन, पेंटिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- **प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए सीसीएल (मुख्यालय), रांची में आयोजित कार्यक्रम:**

दरभंगा हाउस में नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 4 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां सीसीएल के सभी प्रबंधन प्रशिक्षुओं को आमंत्रित किया गया था। सतर्कता अधिकारियों ने उन्हें सीडीए नियमों, सतर्कता नियमावली, प्रमाणित स्थायी आदेशों और अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में अवगत कराया।

- **डीएवी गांधीनगर और केंद्रीय विद्यालय, राजेंद्रनगर में आयोजित कार्यक्रम :**
  डीएवी गांधीनगर और केवी राजेंद्र नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे:
  - निबंध लेखन
  - वाद –विवाद
  - कविता पाठ
  - पेंटिंग प्रतियोगिताएं
  - प्रश्नोत्तरी
- **सीसीएल के 13 विभिन्न क्षेत्रों एवं 5 स्वतंत्र इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया।**

31अक्टूबर '22 को 11.00 बजे सुबह शपथ ग्रहण समारोह के साथ सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ हुआ। क्षेत्रीय महाप्रबंधक या इकाई/ क्षेत्र के वरीय अधिकारी द्वारा सत्यनिष्ठा-शपथ दिलाई गयी। सभी इकाइयों/ कार्यालयों/ क्षेत्रों में मुख्य स्थानों पर बैनर एवं पोस्टर भ्रष्टाचार निरोधक विचारोत्तेजक स्लोगन प्रदर्शित किए गए। साथ ही, सीसीएल के समस्त क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

स्कूली बच्चों के मन-मतिष्क में अच्छे मूल्यों और नैतिकता को विकसित करने के लिए विभिन्न स्कूलों में क्षेत्र स्तर पर वाद-विवाद/वाक्य/भाषण, पेंटिंग/पोस्टर मेकिंग, स्किट, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। 8 स्कूलों की में इंटीग्रिटी क्लब भी बनाए गए।

- **सीसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों में सेमिनार/ कार्यशालाएं:**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सीसीएल सतर्कता द्वारा निम्नलिखित कार्यशालाएं तथा सेमिनार आयोजित किए गए:

(i) प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए कार्यशाला : दरभंगा हाउस में नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 4 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां सीसीएल के सभी मि.टन को आमंत्रित किया गया था। हमारे कुछ सतर्कता अधिकारियों ने उन्हें सीडीए नियमों, सतर्कता नियमावली, प्रमाणित स्थायी आदेशों और अनुशासनात्मक कार्यवाही के बारे में अवगत कराया।

उपर्युक्त कार्यशालाएं एक बहुत ही जीवंत इंटरैक्टिव सत्र के साथ समाप्त हुईं और प्रतिभागियों/विक्रेताओं/ठेकेदारों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का पर्याप्त उत्तर दिया गया।

साथ ही नवनियुक्तों के बीच विजिलेंस मैनुअल 2021, सीडीए रूल्स और येलो बुक की कॉपी भी बांटी गई।

(ii) 06.11.2022 को, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के समापन दिवस पर, डीएवी गांधीनगर और के. वी राजेंद्र नगर में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्कूलों द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम में शीर्ष 3 विजेताओं को सम्मानित किया गया।

- **जागरूकता ग्राम सभा :** सीसीएल की 6 क्षेत्रों और 2 स्वतंत्र इकाइयों में 9 जागरूकता सभाओं का आयोजन किया गया। सभाओं में मुखिया, सरपंच, ग्रामीणों, छात्रों आदि ने भाग लिया। जागरूकता सभाओं के दौरान ग्रामीणों को सामूहिक शपथ दिलाई गई और भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा की गई।
- **सीयूजी मोबाइल और सोशल मीडिया (ट्विटर) में संदेश के माध्यम से जागरूकता:**

सीसीएल सतर्कता ने सप्ताह के दौरान जागरूकता पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और सीसीएल के अधिकारियों को और संवेदनशील बनाने के लिए कुछ नवोन्मेषी उपाय किए गए।

i. सीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर सभी गतिविधियों को फोटो सहित अपलोड किया गया।

ii. इस दिशा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान प्रत्येक दिन अधिकारियों के सीयूजी मोबाइल पर प्रेरक संदेश भेजे गए।

iii. थीम सहित प्रमुख कार्यक्रमों के छायाचित्र सीसीएल के अधिकारिक ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किए गए।

iv. राज्य में व्यापक प्रसार वाले प्रमुख समाचार पत्रों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रकाशित किया गया।

33. सूचना का अधिकार की स्थिति

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत वर्ष 2022-23 के दौरान निपटाए गए आवेदनों का विवरण नीचे दिया गया है:

1.	प्राप्त आवेदनों की संख्या:	675
2.	निपटाए गए आवेदनों की संख्या:	407
3.	प्रक्रियाधीन आवेदनों की संख्या:	11
4.	सूचना का अधिकार अधिनियम2005- के पैरा 6(3) के तहत स्थानांतरित आवेदनों की संख्या:	252
31.03.2023 तक आरटीआई अधिनियम 2005 के पैरा (3) के तहत स्थानांतरित आरटीआई आवेदन की स्थिति		
•	अन्य संगठन/लोक प्राधिकरण को स्थानांतरण:	46
•	संबंधित क्षेत्र/क्षेत्रों में स्थानांतरण (लोक प्राधिकरण) (आवेदकों को भेजी गयी सूचना - 154, जारी स्मार-पत्र -52)	206
5.	अस्वीकृत आवेदनों की संख्या:	05
6.	क्या सीआईसी द्वारा आरटीआई अधिनियम-2005 के तहत सीसीएल के किसी अधिकारी को कोई दंड दिया गया है	नहीं

34. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के अंतर्गत सूचना

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संदर्भ में सीसीएल में एक आंतरिक शिकायत समिति कार्य कर रही है। समिति के गठन का आदेश सीसीएल वेबसाइट के महिला सशक्तिकरण पोर्टल में अपलोड किया गया है। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 की धारा 22 के संदर्भ में वित्त वर्ष 2022-23 से संबंधित जानकारी इस प्रकार है:

प्राप्त शिकायतें	निस्तारित मामले	कृत कार्रवाई
शून्य	शून्य	लागू नहीं

35. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सहायक कंपनियां, सहयोगी और संयुक्त उद्यम कंपनियां

झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और झारखंड सरकार की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। कंपनी का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया था। जेसीआरएल का शेयरधारिता पैटर्न इस प्रकार है:

प्रमोटर का नाम	शेयर होल्डिंग
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड	64%
मेसर्स इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	26%
झारखंड सरकार	10%

जेसीआरएल की अधिकृत शेयर पूंजी ₹ 500.00 करोड़ है। झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड का गठन को शिवपुर-कठौतिया नई बड़ी गेज विद्तीकृत रेल लाइन - 49.085 किमी (1799.64 करोड़) की परियोजना शुरू करने के लिए 31.08.2015 को की गयी थी। जेसीआरएल की विस्तृत जानकारी इस रिपोर्ट के साथ संलग्न अनुलग्नक-XIII में दी गई है ।

36. एमओयू मापदंडों के सापेक्ष प्रदर्शन

सीपीएसई की रेटिंग के लिए भारत सरकार के भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अप्रनि, सीसीएल और अध्यक्ष, सीआईएल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों सभी मापदंडों के वास्तविक प्रदर्शन के आधार पर, सीसीएल का एमओयू समग्र स्कोर "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ 91.99% था। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है।

37. नैगमिक शासन

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी के रूप में आपकी कंपनी का यह दृढ़ विश्वास है कि निष्पक्ष, नैतिक और पारदर्शी प्रशासन प्रणाली की समृद्ध विरासत पर महान कंपनियों का निर्माण होता है। आपकी कंपनी में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, नैतिकता तथा अन्य सुशासन कार्यप्रणाली के उच्चतम मानदंड इनके लागू होने के पहले ही विद्यमान थे। महारत्न कोलइंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी के रूप में आपकी कंपनी की नैगमिक शासन प्रणाली सर्वश्रेष्ठ मानदंड एवं कार्यप्रणाली के अनुरूप है। नैगमिक शासन वस्तुतः विभिन्न हितधारकों यथा अंशधारकों, प्रबंधन, कार्मिकों, ग्राहकों, विक्रेताओं, नियामक प्राधिकारियों एवं वृहत्तर समुदाय के मध्य अंतर्संबंधों का कुशल प्रबंधन है। आपकी कंपनी का यह दृढ़ विश्वास है कि उक्त संबंधों को निगमित निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा उत्तरदेयता के माध्यम से सुदृढ किया जा सकता है। विश्वसनीय वित्तीय सूचना, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, सशक्तिकरण एवं विधिक अनुपालन को आपकी कंपनी प्राथमिक महत्व देती है।

नैगमिक शासन संबंधित सूचना अनुलग्नक-1 में संलग्न है तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु आपकी कंपनी द्वारा नैगमिक शासन के प्रावधानों के अनुपालन संबंधी लेखा परीक्षकों का प्रमाणन अनुलग्नक-II में संलग्न है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 1992 की धारा 12 (1) एवं वर्ष 2018 एवं 2019 में संशोधन, के अनुसार अंतरंग व्यापार के प्रतिषेध हेतु आचार संहिता मु.म.प्र.(वित्त)/कंपनी सचिव, सीआईएल के कार्यालय आदेश संख्याः सीआईएलःIX(डी): 04007:2010:1856 दिनांक 30.11/01.12.2010 का अनुमोदन 13 अगस्त 2019 को आयोजित सीआईएल बोर्ड की 390वीं बैठक में दिया गया है। सेबी की अधिसूचनाओं के अनुरूप इस नीति का आवधिक अद्यतनीकरण किया जाता है तथा सीआईएल की सहायक कंपनियों द्वारा जाता है व जारी परिपत्र कंपनी के पदनामित कर्मचारियों के मध्य परिचालित किया गया है जिसमें निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, समस्त कार्यकारी निदेशकगण, समस्त मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधकगण एवं कंपनी के नामित विभागों में कार्यरत अधिकारीगण सम्मिलित हैं।

डीपीई द्वारा जारी नैगमिक शासन के दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर ग्रेडिंग इस प्रकार है :

क्र.	मानदंड	उत्कृष्ट रेटिंग के लिए एमओयू 2022-23 का लक्ष्य	एमओयू 2022-23की वास्तविक उपलब्धि
1.	डीपीई द्वारा जारी नैगमिक शासन के दिशानिर्देशों के अनुपालन के आधार पर ग्रेडिंग	85 एवं अधिक	91.11

38. शेयरधारकों के निरीक्षण हेतु मुख्यालय में वार्षिक रिपोर्ट और लेखा की उपलब्धता

सीसीएल के वार्षिक लेखा और संबंधित विस्तृत जानकारियाँ, नियंत्रण कंपनी एवं सहायक कंपनियों के शेयरधारकों द्वारा किसी भी समय मांगे जाने की स्थिति में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सीसीएल के मुख्यालय में वार्षिक लेखा किसी भी शेयरधारक द्वारा निरीक्षण के लिए रखा गया है।

अतएव, निगमित मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 2/2011 दिनांक 8 फरवरी, 2011 तथा अनुवर्ती पत्र संख्या CIL:XI(D):04032:2011:2255 दिनांक 8 मार्च, 2011 के अनुपालन में सीआईएल के शेयरधारकों को जानकारी प्रदान करने के लिए उनकी की मांग पर सीसीएल का लेखा रांची (मुख्यालय) में उपलब्ध कराया गया हैं।

39. निदेशक मंडल

कंपनी कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी है। निदेशकों को भारत सरकार द्वारा नामांकित/नियुक्त किया जाता है।

आलोच्य वर्ष के दौरान सीसीएल के निदेशक मंडल की 13 (तेरह) बैठकों का आयोजन किया गया। दिनांक 31.03.2023 को आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में निम्नलिखित निदेशकगण थे :

कार्यकारी निदेशगण :

1. श्री पी.एम. प्रसाद, अप्रनि, सीसीएल
2. श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तक/संच), सीसीएल
3. श्री पवन कुमार मिश्र, निदेशक (वित्त), सीसीएल
4. श्री बी. साईंराम, निदेशक (तक./परि. एवं यो.), सीसीएल
5. श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल

आधिकारिक अंशकालिक निदेशक:

1. श्री अजितेश कुमार, निदेशक, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
2. श्री विनय रंजन, निदेशक (का.एवं औ.सं.), सीआईएल

गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशक:

1. श्री रमेश कुमार सोनी, सीए

   वर्ष के दौरान कंपनी के बोर्ड/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक में परिवर्तन का विवरण नैगमिक शासन प्रतिवेदन के अनुलग्नक-1 के बिंदु संख्या - 2 पर उपलब्ध है।

40. बोर्ड, समिति और निदेशकों के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन

आपकी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में पंजीकृत है और किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (पी) के प्रावधान लागू नहीं होंगे क्योंकि निदेशकों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कोयला मंत्रालय द्वारा किया जाता, जो कंपनी की प्रशासनिक प्रभारी है।

41. कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जमाराशि

कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों और धारा 73 से 76 के प्रावधानों या कंपनी अधिनियम के किसी भी अन्य प्रासंगिक प्रावधान और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, कोई भी जमा राशि स्वीकार नहीं की है।

42. निदेशकों का उत्तरदायित्व का विवरण :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अंतर्गत निदेशकों के दायित्व वक्तव्य के संबंध में, एतदद्वारा पुष्टि की जाती है कि :

1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वित्तीय विवरणी के निर्माण में धारक कंपनी, सीआईएल, द्वारा अनुमोदित एकरूप लेखाकरण नीति का अनुपालन किया गया है। उक्त एकरूप लेखाकरण नीति कंपनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियम, 2015 अंतर्गत अधिसूचित भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) के अनुसार तैयार किया गया है। निम्नांकित के अतिरिक्त, वित्तीय विवरणी परंपरागत लागत के आधार पर निर्मित की गयी है।
2. निम्न के अलावा, वित्तीय विवरणी ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए है,
   - कुछ वित्तीय परिसंपत्ति एवं देयताओं को उचित मूल्य पर मापा गया है.
   - परिभाषित लाभ योजनाएं - योजना परिसंपत्तियों को उचित मूल्य पर मापा गया है।
   - भण्डार को लागत पर या एनआरवी में जो कम हो।
3. यह कि, निदेशकों द्वारा उन लेखाकरण नीतियों का चयन किया गया तथा निर्णय व प्राक्कलन किया गया जिन्हें तार्किक एवं विवेकपूर्ण माना गया ताकि संदर्भाधीन वर्ष हेतु लाभ-हानि तथा वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति के बारे में सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्राप्त किया जा सके।
4. यह कि, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखा आंकड़ो का पर्याप्त एवं समुचित रख-रखाव ताकि कंपनी-परिसंपत्ति की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं की पहचान और उनकी रोकथाम की जा सके।

5. यह कि, 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु 'गोइंग कंसर्न' के रूप कार्यरत रहने में कंपनी की क्षमता, यथा लागू, गोइंग कंसर्न से संबद्ध मामलों का प्रकटीकरण एवं गोइंग कंसर्न लेखांकन के अनुप्रयोग के आधार पर कंपनी वित्तीय विवरणी निर्मित की गयी है।

6. यह कि आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली समुचित है तथा प्रभावी रूप कार्य कर रही है।

7. यह कि, लागू सभी विधिक प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु यह प्रणाली विकसित की गई है एवं उक्त प्रणालियां पर्याप्त हैं एवं उनका संचालन प्रभावी रूप से हो रहा है।

43. कंपनी अधिनियम की धारा 186 के तहत ऋण, गारंटी और निवेश:

	विवरण	राशि	प्रयोजन
क.	किसी व्यक्ति या निगमित निकाय को ऋण	5.81	कर्मचारी को घर बनाने और कार खरीदने के लिए ऋण
ख.	किसी निगमित निकाय या व्यक्ति को ऋण के संबंध में प्रदान की गई गारंटी या प्रतिभूति	शून्य	
ग.	किसी अन्य निगमित निकाय की सदस्यता, खरीद या अन्यथा, प्रतिभूति के माध्यम से निवेश	345.53	सहायक कंपनी के इक्विटी शेयरों में ₹64.63 करोड़ के इक्विटी शेयर तथा ₹280.90 करोड़ के क्वासी इक्विटी के रूप में निवेश।

44. दिवाला एवं दिवालियापन संहिता, 2016

नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा गोइंग कंसर्न स्थिति और भविष्य में कंपनी के संचालन को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश पारित नहीं किए गए थे, और दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया था या कार्यवाही लंबित नहीं थी।

45. कंपनी के अंकेक्षंगण :

सांविधिक लेखा परीक्षक:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए आपकी कंपनी के वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षक हेतु भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किए गए थे। उक्त का विवरण निगमित प्रशासन प्रतिवेदन में संलग्न अनुलग्नक- I में बिंदु क्रमांक 5 पर दिया गया है।

लागत लेखा परीक्षक :

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए आपकी कंपनी की लागत लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए 26.09.2022 को आयोजित 519वीं बोर्ड बैठक में निदेशक मंडल द्वारा लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। उक्त का विवरण निगमित प्रशासन प्रतिवेदन में संलग्न अनुलग्नक- I में बिंदु क्रमांक 5 पर दिया गया है।

साचिवीय लेखा परीक्षक :

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए सचिवीय लेखा परीक्षक को निदेशक मंडल द्वारा अपनी 515 वीं बोर्ड बैठक में मद संख्या 4 (5) दिनांक 14.05.2022 के तहत नियुक्त किया गया उक्त का विवरण निगमित प्रशासन प्रतिवेदन में संलग्न अनुलग्नक- I में बिंदु क्रमांक 5 पर दिया गया है। कंपनी ने वर्ष 2022-23 के लिए एमआर-3 के रूप में 'सचिवीय लेखा परीक्षक प्रतिवेदन' प्राप्त किया है तथा उनकी टिप्पणी पर जवाब अनुलग्नक-III में संलग्न थी।

आतंरिक लेखा परीक्षक :

सीसीएल बोर्ड द्वारा 06.07.2020 को आयोजित 488वीं बोर्ड बैठक में वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। उक्त का विवरण निगमित प्रशासन प्रतिवेदन में संलग्न अनुलग्नक- I में बिंदु क्रमांक 5 पर दिया गया है।

46. लागत लेखा परीक्षक प्रतिवेदन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के साथ पठित कंपनी (लागत रिकॉर्ड और ऑडिट) नियम, 2014 के अनुसार कंपनी लागत लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण कर रही है। वर्ष 2021-22 के लिए दाखिल करने की नियत तारीख के भीतर लागत लेखा परीक्षक प्रतिवेदन एक्सबीआरएल मोड के तहत दायर की गई है। वर्ष 2021-22 की लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कोई योग्यता अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। वर्ष 2022-23 के लिए लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है और दाखिल करने की निर्धारित तिथि के भीतर दाखिल की जाएगी।

47. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंधन का स्पष्टीकरण:

क. सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंधन स्पष्टीकरण:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी टिप्पणियों के साथ प्रबंधन का स्पष्टीकरण संबंधित टिप्पणी/पाद टिप्पणी में यथोचित रूप से स्पष्ट किया गया है।

ख. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) द्वारा वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा:

वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ए) [तथा धारा 129(4) के साथ पठित] के तहत की गयी पूरक लेखापरीक्षा पर कैग के कार्यालय द्वारा जारी टिप्पणियाँ के साथ प्रबंधन स्पष्टीकरण संलग्न है।

48. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली

कंपनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हैं। वर्ष के दौरान, यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति सुरक्षित है और कंपनी की गतिविधियां संगठन की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार संचालित की जाती हैं, इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों का परीक्षण किया गया तथा कैग लेखापरीक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा और सांविधिक लेखापरीक्षा में डिजाइन या संचालन में रिपोर्ट करने योग्य सामग्री में कोई कमी नहीं देखी गई।

49. बोर्ड समितियां:

क. निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति

31.03.2023 को निदेशकीय लेखा परीक्षक समिति की अद्यतन संरचना निम्नानुसार है::

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक – अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का. एवं औ.सं.), सीआईएल – सदस्य
3. श्री अजितेश कुमार,
   आधिकारिक अंशकालिक निदेशक – सदस्य
4. श्री पवन कुमार मिश्र,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल – स्थायी आमंत्रित

वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित कंपनी की लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के बिंदु संख्या 4 में दिया गया है।

ख. सतत विकास / नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति:

31.03.2023 को सतत विकास /नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति की अद्यतन संरचना निम्नानुसार है:

1. श्री रमेश कु. सोनी,
   गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशक – अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का. एवं औ.सं.), सीआईएल – सदस्य
3. श्री पवन कुमार मिश्र,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल – सदस्य
4. श्री हर्ष नाथ मिश्र,
   निदेशक (कार्मिक), सीसीएल – सदस्य

वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित कंपनी की सतत विकास/ नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के बिंदु संख्या 4 में दिया गया है।

ग. जोखिम प्रबंधन समिति:

31.03.2023 को जोखिम प्रबंधन समिति की अद्यतन संरचना निम्नानुसार है:

1. श्री रमेश कु. सोनी,
   गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशक – अध्यक्ष
2. श्री राम बाबू प्रसाद,
   निदेशक (तक./ संचा), सीसीएल – सदस्य
3. श्री बी. साईंराम,
   निदेशक (तकनीक/परि. एवं यो.), सीसीएल – सदस्य
4. श्री एस.आर. तालंकर,
   महाप्रबंधक (संचालन) – मुख्य जोखिम अधिकारी

वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित कंपनी की जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के बिंदु संख्या 4 में दिया गया है।

घ. मानव संसाधन समिति:

31.03.2023 को मानव संसाधन समिति समिति की अद्यतन संरचना निम्नानुसार है:

1. श्री रमेश कु. सोनी,
   गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशक – अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का.एवं औ.सं.), सीआईएल – सदस्य
3. श्री बी साईंराम,
   निदेशक (तकनीक/परि. एवं यो.), सीसीएल – सदस्य
4. श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल - सदस्य

वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित कंपनी की मानव संसाधन समिति की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के बिंदु संख्या 4 में दिया गया है।

50. डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन

डीपीई ने दिशानिर्देश/नियम/प्रक्रियाएं जारी की हैं, जिनका पालन प्रत्येक सीपीएसई को करना होगा और वित्तीय वर्ष के अंत में, कारण बताते हुए अनुपालन/गैर-अनुपालन प्रमाण-पत्र आगामी वर्ष के 30 अप्रैल तक कोयला मंत्रालय को भेजना होगा।

उपर्युक्त के अनुरूप, आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कोयला मंत्रालय को अनुपालन/गैर-अनुपालन का प्रमाण-पत्र भेजा गया।

51. वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले भौतिक परिवर्तन

वित्तीय वर्ष की समाप्ति और रिपोर्ट की तारीख के बीच ऐसा कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धता नहीं हुई जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर सकती है।

52. सचिवीय मानक

आपकी कंपनी ने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सभी लागू सचिवीय मानकों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की तथा उक्त प्रणालियाँ पर्याप्त हैं व प्रभावी ढंग से काम रहीं हैं।

53. वार्षिक रिटर्न

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) के साथ पठित धारा 134(3)(ए) के अनुसार, अधिनियम की धारा 92(1) के साथ पठित नियम 11 के अनुसार कंपनी की वार्षिक रिटर्न की प्रति तैयार की जाती है। कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 को कंपनी की वेबसाइट https://www.centralcoalfields.in/ccl_admin/dept_circular_upload/file/20.pdf पर देखा जा सकता है।

54. धोखाधड़ी की सूचना

रिपोर्ट के तहत वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) के तहत लेखा परीक्षकों द्वारा किसी प्रकार की धोखाधड़ी सूचित नहीं की गई है।

55. महत्वपूर्ण वेबलिंक:

कंपनी की वेबसाइट पर निम्नलिखित नीतियां देखीं जा सकती हैः

(i) सीएसआर समिति की संरचना, सीएसआर नीति और बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर परियोजनाओं का वेब-लिंक :

Web Link: https://www.centralcoalfields.in/sutbs/sdcsr.php

(ii) सतर्कता तंत्रः

https://www.centralcoalfields.in/vglnc/pdf/21_02_2020_whistle_blower_policy.pdf

(iii) कोल इंडिया लिमिटेड के नामित व्यक्तियों द्वारा नियमन, निगरानी और प्रतिवेदन ट्रेडिंग के लिए आचार संहिताः

https://www.centralcoalfields.in/indsk/pdf/policy/02_07_2021_code_of_conduct.pdf

(iv) संबंधित पार्टी लेनदेन नीतिः

https://www.centralcoalfields.in/indsk/pdf/policy/related_party_policy.pdf

(v) सेबी(एलओडीआर) विनियम, 2015 के तहत भौतिकता निर्धारण पर नीति

https://www.centralcoalfields.in/indsk/pdf/policy/Policy_on_determination_of%20_Materiality_under_SEBI_LODR_%20Regulations_2015__03042017.pdf

(vi) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(डी) के अनुसार धारा 149 की उपधारा (6) के तहत स्वतंत्र निदेशक की घोषणा।

https://www.centralcoalfields.in/ccl_admin/dept_circular_upload/file/15.pdf

56. धन्यवाद ज्ञापन:

आपके निदेशकगण, कंपनी के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आपकी कंपनी को प्रदत्त बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं समर्थन हेतु भारत सरकार, विशेष रूप से कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के प्रति हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। आपके निदेशकगण, आपकी कंपनी को बहुमूल्य सहयोग एवं सहायता के लिए झारखंड सरकार एवं अन्य राज्य सरकारों को भी धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। आपके निदेशकगण, हार्दिक सहयोग एवं कर्तव्य निष्ठा के लिए कामगारों, कर्मचारियों और अधिकारियों को भी धन्यवाद देते हैं।

आपके निदेशकगण को पूर्ण विश्वास है कि समस्त श्रेणी के कार्मिक आगामी वर्षों में कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कठिन परिश्रम करते रहेंगे। आपके निदेशकगण वैधानिक अंकेक्षकों, कर अंकेक्षकों, नियंत्रक एवं भारत सरकार के महालेखापरीक्षक तथा कंपनी रजिस्ट्रार, बिहार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता और मार्गदर्शन हेतु सधन्यवाद आभार प्रकट करते हैं।

57. परिशिष्टः

आपके विचारार्थ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जा रहे हैं:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अनुसरण में निदेश-कीय रिपोर्ट का परिशिष्टः

i. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए नैगमिक शासन **अनुलग्नक-I**

ii. नैगमिक शासन के अनुपालन पर प्रमाण-पत्र **अनुलग्नक-II**

iii. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा प्रतिवेदन **अनुलग्नक - III**

iv. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ और उस पर प्रबंधन का उत्तर। **अनुलग्नक - IV**

v. सीईओ और सीएफओ प्रमाणन **अनुलग्नक - V**

vi. प्रबंधकीय कार्मिक नियम, 2014 के अध्याय XII के तहत नियुक्ति और पारिश्रमिक के नियम 5 के अनुसार सूचना। **अनुलग्नक-VI**

vii. कंपनी की ऊर्जा संरक्षण पर सूचना,अनुसंधान और विकास गतिविधियों के बारे में विवरण और धारा 134 (3एम) के अनुसार विदेशी मुद्रा आय और व्यय का विवरण - **अनुलग्नक VII-IX**

viii. वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सीएसआर गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन **अनुलग्नक – X**

ix. कंपनी द्वारा संबंधित पक्षों के साथ की गयी संविदा/ व्यवस्थाओं विवरण का प्रकटीकरण (एओसी-2) **अनुलग्नक -XI**

x. प्रत्येक सहायक कंपनी, सहयोगी और संयुक्त उद्यम कंपनी के प्रदर्शन और वित्तीय स्थिति पर प्रतिवेदन **अनुलग्नक- XII**

xi. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण प्रतिवेदन **अनुलग्नक - XIII**

कृते तथा निदेशक मंडल की ओर से

ह/-
(बी.वीरा रेड्डी)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-08679590
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

दिनांक : 26.07.2023
स्थान : रांची

अनुलग्नक – I

नैगमिक शासन पर रिपोर्ट

1. दर्शन

प्रबंधन, उत्कृष्ट नैगमिक शासन एवं अपने प्रबन्धकीय उत्तरदायित्वों के लिए सीसीएल सदैव प्रयत्नशील रहा है। सीसीएल का नैगमिक शासन मुख्यतः निम्नलिखित मुख्य सिद्धांतों पर आधारित हैः

1. अपने उत्तरदायित्वों तथा कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध, दक्ष, समुचित संरचना एवं आकार के निदेशक मंडल का गठन।
2. यह सुनिश्चित करना कि बोर्ड तथा इसकी समितियों को समयबद्ध सूचना प्राप्त हो ताकि वे प्रभावकारी ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकें।
3. कंपनी की वित्तीय रिपोर्ट की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना तथा स्वतंत्र जांच कराना।
4. जोखिम प्रबंधन तथा आंतरिक नियंत्रण की ठोस पद्धति अपनाना।
5. कंपनी से संबंधित वास्तविक सूचना शेयरधारकों के समक्ष समय पर संतुलित रूप से प्रकाशित करना।
6. पारदर्शिता और प्रतिबद्धता।
7. सभी लागू नियमों और विनियमों का अनुपालन।
8. अपने सभी हितधारकों, कर्मचारियों, उपभोगताओं, अंशधारकों और निवेशकों के साथ निष्पक्ष एवं समान व्यवहार करना।

नैगमिक नागरिक के रूप में आपकी कंपनी नैगमिक शासन के उच्चतम मानदंडों के पालन में विश्वास करती है। सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सीसीएल समस्त भारतीय नागरिकों को सभी वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु संभव सहायता प्रदान करता है।

यह मात्र अनुपालन एवं नियंत्रण-संतुलन बनाने का विषय नहीं है अपितु, अवसरों को वास्तविकता में बदलने के दृष्टिकोण के साथ कंपनी के उदेश्यों को बेहतर निष्पादन की दिशा में सतत् प्रक्रिया है। कंपनी के इन प्रयासों में राष्ट्रीय मांग, शेयरधारकों के लाभ एवं कर्मचारियों के विकास के साथ इसकी गतिविधियों को पंक्तिबद्ध करना तथा विभिन्न संसाधनों का लाभ लेना शामिल है जिससे कि जोखिमों को कम करने के फलस्वरूप शेयरधारकों को प्रसन्न किया जा सके। कंपनी के मुख्य उदेश्यों में विवेक एवं चेतना की निगमित संस्कृति का सृजन एवं पालन, पारदर्शिता, स्पष्टता, जिम्मेदारी, औचित्य, हिस्सेदारी, सतत मूल्य सृजन, नैतिक आचरण तथा क्षमता का विकसित करना एवं उन अवसरों को पहचानना है जो मूल्य सृजन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, जिससे सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन संगठन का निर्माण हो।

2. निदेशक मंडल

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में दिनांक 31.03.2023 को आठ (08) निदेशक शामिल थे जिसमें पाँच (05) कार्यकारी निदेशक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सहित, दो (2) अंशकालिक प्रशासकीय निदेशक, एक (1) अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक शामिल थे।

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की कुल तेरह (13) बैठकें हुई यथा 29.04.2022, 14.05.2022, 04.072.2022, 31.07.2022, 31.08.2022, 26.09.2022, 10.10.2022, 28.10.2022, 23.11.2022, 21.12.2022, 17.01.2023, 25.01.2023 तथा 24.03.2023। इस प्रकार निदेशक मंडल की इन बैठकों के बीच समय का अंतराल 2 माह से अधिक नहीं था।

निदेशक मंडल के गठन, निदेशक मंडल की बैठक, आम बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति, अन्य कंपनियों में निदेशकों के पद तथा अन्य समितियों में उनकी सदस्यता इत्यादि का निम्नानुसार विवरण दिया जा रहा हैः

क्रम सं.	नाम तथा पदनाम	श्रेणी	बोर्ड बैठक (समिति की बैठक का विवरण अलग से दिया गया है)		निदेशकीय पद का धारण
			कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति	
1.	श्री पी. एम. प्रसाद, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	कार्यकारी निदेशक	13	13	शून्य
2.	श्री अजितेश कुमार , निदेशक, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार*	प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	1	1	शून्य
3.	सुश्री संतोष, उप महानिदेशक,कोयला मंत्रालय, भारत सरकार**	प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	12	10	शून्य
4.	श्री विनय रंजन, निदेशक(का. एवं औ), सीआईएल	प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	13	12	• सीआईएल • डबल्यूसीएल
6.	श्री के आर वासुदेवन, निदेशक (वित्त), सीसीएल^	कार्यकारी निदेशक	2	2	• एमसीएल • एमजेएसजे कोल लिमिटेड • एमएनएच शक्ति लिमिटेड
7.	श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त),सीसीएल^^	कार्यकारी निदेशक	11	11	जेसीआरएल
8.	श्री राम बाबू प्रसाद , निदेशक (तक./सं.), सीसीएल ^^^	कार्यकारी निदेशक	12	12	शून्य
10.	श्री एस के गोमस्ता, निदेशक (तक./परि. एवं यो.),सीसीएल$	कार्यकारी निदेशक	7	7	• सीएमपीडीआईएल • जेसीआरएल
11.	श्री बी.साईंराम , निदेशक (तक./परि. एवं यो.), सीसीएल$$	कार्यकारी निदेशक	6	6	• जेसीआरएल
12.	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (कार्मिक),सीसीएल#	कार्यकारी निदेशक	4	3	• बीसीसीएल
13.	श्री हर्ष नाथ मिश्र , निदेशक (कार्मिक),सीसीएल##	कार्यकारी निदेशक	9	9	शून्य
14.	श्री हरबंस सिंह, भूतपूर्व निदेशक जनरल एपेक्स, जीएसआई	अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	3	3	शून्य
15.	श्रीमती जाजुला गौरी, अधिवक्ता+	अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	3	3	शून्य
16.	श्री रमेश कुमार सोनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट++	अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक	13	13	शून्य

* श्री अजितेश कुमार, निदेशक, कोयला मंत्रालय ने 22.02.2023 को प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया

** सुश्री संतोष, उप महानिदेशक, कोयला मंत्रालय ने 22.02.2023 को प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला

^ श्री के.आर. वासुदेवन ने 10.06.2022 को निदेशक (वित्त), सीसीएल के अतिरिक्त प्रभार का त्याग किया

^^ श्री पवन कुमार मिश्रा ने दिनांक 10.06.2022 को निदेशक (वित्त), सीसीएल के रूप में पदभार ग्रहण किया

^^^ श्री राम बाबू प्रसाद ने 14.05.2022 को सीसीएल के निदेशक (तक. /सं.), के रूप में पदभार ग्रहण किया

$ श्री एस.के. गोमास्ता ने 26.10.2022 को निदेशक (तक./परि. एवं यो.), सीसीएल अतिरिक्त प्रभार छोड़ दिया

$$ श्री बी. साईंराम ने 26.10.2022 को सीसीएल के निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), के रूप में पदभार ग्रहण किया

\# 31.07.2022 को श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल सेवानिवृत्त हुए।

\## श्री हर्ष नाथ मिश्र ने 24.08.2022 को निदेशक (कार्मिक), सीसीएल के रूप में पदभार ग्रहण किया

\+ श्री हरबंस सिंह ने 09.07.2022 को गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया

++ श्रीमती जजुला गौरी ने 09.07.2022 को गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया

वर्ष 2022-23 दौरान अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं निदेशकों के पारिश्रमिक की अनुसूची

क. कार्यकारी निदेशकगण

नाम	अन्य निदेशकों के साथ संबंध	अन्य निदेशकों के साथ व्यावसायिक संबंध	वर्ष 2022-23 का पारिश्रमिक (रु)										
			वेतन एवं बकाया सहित भत्ते	पीआरपी	परिलब्धि	आवास किराया भत्ता	अवकाश नकदीकरण	सीएम पीएफ अंशदान	चिकित्सा व्यय	एनपीएस अंशदान	एलटीसी (एफ)	उपदान	कुल
श्री पी. एम. प्रसाद	शून्य	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	4798962.00	2705467.06	778803.38	0.00	657051.00	456367.00	0.00	263937.00	0.00	0.00	9660587.44
श्री राम बाबू प्रसाद	शून्य	निदेशक (तक./सं).	4708736.70	1706304.96	592022.58	0.00	0.00	447775.00	0.00	236219.00	0.00	0.00	7691058.24
श्री हर्ष नाथ मिश्र	शून्य	निदेशक (कार्मिक)	2806676.21	0.00	221304.62	0.00	0.00	267620.00	0.00	124579.00	0.00	0.00	3420179.83
श्री पवन कुमार मिश्रा	शून्य	निदेशक (वित्त)	2630400.00	0.00	158187.00	0.00	0.00	250464.00	0.00	129369.00	0.00	0.00	3168420.00
श्री बी. साईंराम	शून्य	निदेशक (तक./ यो. एवं परि)	1448921.75	831712.80	0.00	227977.20	0.00	138408.00	0.00	59265.00	0.00	0.00	2706284.75
कुल योग			**16393696.66**	**5243484.82**	**1750317.58**	**227977.20**	**657051.00**	**1560634.00**	**0.00**	**813369.00**	**0.00**	**0.00**	**26646530.26**

सेवा संविदा

कंपनी के समस्त निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा होती है। पूर्णकालिक निदशकों को नियुक्ति के संबंध में नियम एवं शर्तों का निर्धारण कंपनी की अन्तर्नियमावली के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

ख. अंशकालीन निदेशकगण

किसी प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

ग. अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशक

क्र.	पारिश्रमिक का विवरण				कुल राशि (रु)
1.	स्वतंत्र निदेशक:	श्री हरबंस सिंह, (09.07.2022 तक)	श्रीमती जाजुला गौरी (09.07.2022 तक)	श्री रमेश कुमार सोनी, (01.11.2021 से आज तक)	
	बोर्ड/समिति की बैठक में भाग लेने हेतु सिटिंग फीस	1,40,000	1,60,000	6,00,000	9,00,000
	कुल (1)	1,40,000	1,60,000	6,00,000	9,00,000

3. बोर्ड समिति

(क) निदेशकों की लेखा-परीक्षण समिति

श्री के.आर.वासुदेवन की 10.06.2022 को सेवानिवृत्त उपरांत, निदेशक (वित्त), सीसीएल के रूप में श्री पवन कुमार मिश्रा ने दिनांक 10.06.2022 को कार्यभार ग्रहण किया फलस्वरूप, निदेशकों की लेखा-परीक्षण समिति का पुनर्गठन निम्नलिखित निदेशकों के साथ 04.07.2022 को आयोजित 516वीं बोर्ड बैठक में किया गया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. सुश्री संतोष,
   प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
3. श्री हरबंस सिंह,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
4. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का. एवं औ), सीआईएल — सदस्य
5. श्रीमती जाजुला गौरी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
6. श्री पवन कुमार मिश्रा ,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — स्थाई आमंत्रित

दिनांक 09.07.2022 को श्री हरबंस सिंह तथा श्रीमती जाजुला गौरी का कार्यकाल पूरा होने पर, सीसीएल बोर्ड की 31.07.2022 को आयोजित 517वीं बोर्ड बैठक में निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए निदेशकों की लेखा-परीक्षण समिति का पुनर्गठन किया गया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. सुश्री संतोष,
   प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
3. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का. एवं औ), सीआईएल — सदस्य
4. श्री पवन कुमार मिश्रा ,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — स्थाई आमंत्रित

श्री अजितेश कुमार, निदेशक, कोयला मंत्रालय द्वारा 22.02.2023 को सुश्री संतोष, उप. महानिदेशक, कोयला मंत्रालय के स्थान पर प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात, सीसीएल बोर्ड ने 24.03.2023 को आयोजित अपनी 526 वीं बैठक में निम्नलिखित निदेशकों के साथ निदेशकों की लेखा-परीक्षण समिति का पुनर्गठन किया-

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
3. श्री अजितेश कुमार,
   प्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
4. श्री पवन कुमार मिश्रा ,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — स्थाई आमंत्रित

लेखा-परीक्षण समिति की बैठक के कोरम में, या तो 2 सदस्य होंगे या लेखा-परीक्षण समिति के एक तिहाई सदस्यों में से जो भी अधिक हो, लेकिन कम से कम दो स्वतंत्र निदेशकों की उपस्थिति अनिवार्य है। सीसीएल बोर्ड ने अपनी 411वें बैठक में 04.11.2014 को लेखा-परीक्षण समिति के संदर्भ में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177(4) के प्रावधान की शर्तों को मंजूरी दी।

दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान लेखा-परीक्षण समिति की 08 (आठ) बैठकों का आयोजन दिनांक 25.05.2021, 14.05.2022, 27.06.2022, 30.07.2022, 16.09.2022, 28.10.2022, 21.12.2022, 25.01.2023 एवं 24.03.2023. को किया गया। कंपनी सचिव लेखा-परीक्षण समिति के भी सचिव हैं।

लेखा-परीक्षण समिति का कार्य क्षेत्र

परस्पर-कार्य की सूची निम्नवत है:

1. अंकेक्षकों के साथ आवधिक परिचर्चा:
   - आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्ता एवं अनुपालन
   - अंकेक्षकों के पर्यवेक्षण सहित लेखा-परीक्षण का दायरा
   - बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले तिमाही, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा करें।

2. निम्नलिखित कार्य करने के लिए:

- सही, पर्याप्त और विश्वसनीय वित्तीय विवरण यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया का निरीक्षण
- प्रबंधन के साथ बोर्ड में अनुमोदन पूर्व वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा, विशेषकर इसे निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण में सम्मिलित की जाने वाली बातें, यदि कोई लेखा विधिनीति में परिवर्तन हो, लेखा संबंधी महत्वपूर्ण प्रविष्टियां, किये गये महत्वपूर्ण समायोजन एवं अभियोग्यता का प्रस्तुतीकरण संबंधित पार्टी के लेन-देन, लेखा-परीक्षण प्रतिवेदन प्रारूप में।

ii. सतत विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति

लोक उपक्रम विभाग, भारी उद्योग और लोक उपक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञापन सं. डीपीई ओ. एम. सं. 3(9)/2010- डीपीईह (एमओयू) दिनांक 23 सितम्बर, 2011 को सरकारी लोक उपक्रमों के सतत विकास हेतु मार्गदर्शिका जारी की:

मार्गदर्शिका के अनुसार प्रभावी क्रियान्वयन हेतु:

- सतत विकास हेतु योजना तैयार किया जाना आवश्यक है।
- सतत विकास के मूल्यांकन हेतु स्वतंत्र बाहरी एजेंसी/ विशेषज्ञ/सलाहकार की नियुक्ति की जाए।
- सतत विकास योजना के अनुमोदन और उसके निष्पादन की देख-रेख हेतु बोर्ड स्तरीय पदनामित समिति गठित की जाए।

कंपनी अधिनियम, 2013 के भाग 135 के अन्तर्गत निगमित उत्तरदायित्व और सतत विकास समिति में कम से कम 3 निदेशक होना आवश्यक हैं - जिनमें से कम से कम एक स्वतंत्र निदेशक होंगे।

श्री पवन कुमार मिश्रा ने दिनांक 10.06.2022 को श्री के.आर. वासुदेवन के स्थान पर निदेशक(वित्त), सीसीएल के रूप में प्रभार ग्रहण के उपरांत निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए सतत विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति का पुनर्गठन 04.07.2022 को आयोजित 516वीं बोर्ड बैठक में किया गया:

1. श्री हरबंस सिंह,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्रीमती जाजुला गौरी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
3. श्री रमेश कुमार सोनी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
4. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का.एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
5. श्री पवन कुमार मिश्रा ,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — सदस्य
6. श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव,
   निदेशक (का.), सीसीएल — सदस्य

इसके अनंतर, श्री हरबंस सिंह और श्रीमती जाजुला गौरी का कार्यकाल 09.07.2022 को पूरा होने तथा श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (का.), सीसीएल (अतिरिक्त प्रभार) की 31.07.2022 को सेवा निवर्तन उपरांत, सतत विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति का पुनर्गठन निम्नलिखित निदेशकों को सम्मलित करते हुए 31.07.2022 को आयोजित 517वीं बोर्ड बैठक में किया गया :

1 श्री रमेश कुमार सोनी,
  अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का. एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
3. श्री पवन कुमार मिश्रा,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — सदस्य
4. श्री राम बाबू प्रसाद,
   निदेशक (तक. /सं.), सीसीएल — सदस्य

तत्पश्चात, श्री हर्ष नाथ मिश्र द्वारा निदेशक (कार्मिक), सीसीएल का कार्यभार ग्रहण के उपरांत सतत विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति का पुनर्गठन निम्नलिखित निदेशकों को सम्मलित करते हुए 26.09.2022 को आयोजित 517वीं बोर्ड बैठक में किया गया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
   निदेशक (का.एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
3. श्री पवन कुमार मिश्रा ,
   निदेशक (वित्त), सीसीएल — सदस्य
4. श्री हर्ष नाथ मिश्र,
   निदेशक (का.), सीसीएल — सदस्य

दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान निदेशकों की उच्चधिकार समिति की 07 (पांच) बैठकों का आयोजन दिनांक 28.04.2022, 27.06.2022, 08.08.2022, 31.08.2022, 21.12.2022, 17.01.2023 और 24.03.2023 को किया गया।

iii. जोखिम प्रबंधन समिति

दिनांक 14.05.2022 को निदेशक (तकनीकी), सीसीएल के पद पर श्री राम बाबू प्रसाद की नियुक्ति के परिणामस्वरूप , सीसीएल बोर्ड ने 04.07.2022 को आयोजित अपनी 516वीं बैठक में निम्नलिखित निदेशकों के साथ जोखिम प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
   गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष,
2. श्री राम बाबू प्रसाद,
   निदेशक (तकनीक/संचालन), सीसीएल — सदस्य
3. श्री एस.के.गोमस्ता,
   निदेशक (तकनीक/यो.एवं परी.), सीसीएल — सदस्य

4. श्री एस.के. पांडे,
महाप्रबंधक (संचालन) — मुख्य जोखिम अधिकारी

श्री एस.के.गोमस्ता के स्थान पर श्री बी.साईंराम द्वारा निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सीसीएल बोर्ड ने 23.11.2022 को आयोजित अपनी 522वीं बैठक में निम्नलिखित निदेशकों के साथ जोखिम प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष,
2. श्री राम बाबू प्रसाद,
निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल — सदस्य
3. श्री बी.साईंराम,
निदेशक (तकनीकी/यो.एवं परी.), सीसीएल — सदस्य
4. श्री एस.के. पांडे,
महाप्रबंधक (संचालन) — मुख्य जोखिम अधिकारी

सीसीएल बोर्ड ने 24.03.2023 को आयोजित अपनी 526वीं बैठक में निम्नलिखित निदेशकों के साथ जोखिम प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया:

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष,
2. श्री राम बाबू प्रसाद,
निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल — सदस्य
3. श्री बी.साईंराम,
निदेशक (तकनीकी/यो.एवं परी.), सीसीएल —सदस्य
4. श्री एस.आर.तलंकार,
महाप्रबंधक (संचालन) — मुख्य जोखिम अधिकारी

दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की 1 (एक) बैठक का आयोजन दिनांक 25.03.2023 को किया गया।

iv. मानव संसाधन समिति

सीसीएल बोर्ड द्वारा 04.07.2022 को आयोजित 516 वीं बैठक में निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन किया गया:

1. श्रीमती जाजुला गौरी,
अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री रमेश कुमार सोनी,
अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — सदस्य
3. श्री विनय रंजन,
निदेशक (तकनीकी), सीआईएल — सदस्य
5. श्री एस.के. गोमस्ता,
निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), सीसीएल — सदस्य
6. श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव,
निदेशक (का.), सीसीएल — सदस्य

इसके अनंतर, श्री हरबंस सिंह और श्रीमती जाजुला गौरी का कार्यकाल 09.07.2022 को पूरा होने तथा श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (का.), सीसीएल (अतिरिक्त प्रभार) की 31.07.2022 को सेवा निवर्तन उपरांत, मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए 31.07.2022 को आयोजित 517वीं बोर्ड बैठक में किया गया :

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
निदेशक (का.एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
3. श्री एस.के. गोमस्ता,
निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), सीसीएल — सदस्य
4. श्री राम बाबू प्रसाद ,
निदेशक (तक./सं.), सीसीएल — सदस्य

श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव,निदेशक (का.), सीसीएल के 31.07.2022 को सेवा निवर्तन तथा श्री हर्ष नाथ मिश्र द्वारा निदेशक (कार्मिक), सीसीएल का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत, सीसीएल बोर्ड द्वारा 26.09.2022 को आयोजित अपनी 519 वीं बोर्ड बैठक में, निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन किया गया -

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
निदेशक (का.एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
3. श्री एस.के. गोमस्ता,
निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), सीसीएल— सदस्य
4. श्री हर्ष नाथ मिश्र,
निदेशक (का.), सीसीएल — सदस्य

इसके अनंतर, श्री एस.के.गोमस्ता के स्थान पर श्री बी.साईंराम द्वारा निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सीसीएल बोर्ड द्वारा 23.11.2022 को आयोजित 522वीं बोर्ड बैठक में, निम्नलिखित निदेशकों को सम्मिलित करते हुए मानव संसाधन समिति का पुनर्गठन किया गया :

1. श्री रमेश कुमार सोनी,
अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक — अध्यक्ष
2. श्री विनय रंजन,
निदेशक (का.एवं औ. सं), सीआईएल — सदस्य
3. श्री बी.साईंराम,
निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.), सीसीएल — सदस्य
4. श्री हर्ष नाथ मिश्र,
निदेशक (का.), सीसीएल — सदस्य

दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान मानव संसाधन समिति की 1 (एक) बैठक का आयोजन दिनांक 14.05.2023 को किया गया।

4. 2022-23 में बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकों में उपस्थिति

क्रं	नाम एवं पदनाम	लेखा-परीक्षण समिति	सतत विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व समिति	मानव संसाधन समिति	मानव संसाधन समिति
कार्यकारी निदेशकगण					
1.	श्री पी.एम.प्रसाद	-	-	-	-
2.	श्री के.आर.वासुदेवन	1/1	1/1	-	-
3.	श्री पावन कुमार मिश्रा	-	6/6	-	-
4.	श्री राम बाबू प्रसाद ,निदेशक (तक./सं.), सीसीएल)	-	2/2	1/1	-
5.	श्री बी.साईंराम	-	-	1/1	-
6.	श्री एस.के. गोमस्ता	-	-	-	-
7.	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव	-	2/2	-	1/1
8.	श्री हर्ष नाथ मिश्र	-	4/4	-	-
प्रशासकीय अंशकालीन निदेशक					
9.	सुश्री संतोष, उप महानिदेशक कोयला मंत्रालय	5/7	-	-	-
10.	श्री अजितेश कुमार , निदेशक,कोयला मंत्रालय, भारत सरकार*	1/1	-	-	-
11.	श्री विनय रंजन	8/8	7/7	-	1/1
अप्रशासकीय अंशकालीन निदेशक					
12.	श्री हरबंस सिंह	2/2	2/2	-	-
13.	श्रीमती जाजुला गौरी	2/2	2/2	-	1/1
14.	श्री रमेश कुमार सोनी	8/8	7/7	1/1	1/1

* उपरोक्त तालिका, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित बोर्ड स्तर की समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण दर्शाती है। उपस्थिति, बैठक के लिए प्राप्त आहर्ता की संख्या में से बैठकों में उपस्थिति की संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है।

5. कंपनी के लेखा परीक्षक

क. सांविधिक अंकेक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत वर्ष 2022-23 के लिए आपकी कंपनी की लेखा-रिपोर्ट के लेखा-परीक्षण कार्य हेतु भारत के नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक द्वारा निम्नलिखित चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों की नियुक्ति की गई है:

मेसर्स एसएपीएन एंड एसोसिएट्स

द्वारा– श्री अमित कुमार चाँद, 140, ओल्ड एजी कॉलोनी,

कडरू रांची - 834002, रांची, झारखंड

शाखा लेखा-परीक्षक

1. **मेसर्स वी. रोहतगी एंड कंपनी**
   प्रथम तल्ला, सर्जना बिल्डिंग, मेन रोड,
   रांची - 834001 , झारखंड
2. **मेसर्स लोधा पटेल वाधवा एण्ड कं.**
   304, श्रीलोक कॉम्प्लेक्स,4 एच.बी. रोड, तीसरा तल्ला,
   रांची - 834001, झारखंड
3. **मेसर्स सुशील शर्मा एंड कंपनी**
   तीरथ मेंशन,कमरा नंबर 222, ओवरब्रिज के पास,
   रांची - 834001, झारखंड
4. **मेसर्स एन.के.डी एंड कंपनी**
   द्वितीय तल्ला, राधा गौरी, गौशाला चौक,
   नॉर्थ मार्केट रोड,अप्पर बाज़ार
   रांची- 834001, झारखंड

ख लागत लेखा-परीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 26.09.2022 पर 519 वीं बोर्ड बैठक में वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए अधिनियम के तहत आवश्यक लागत लेखा-परीक्षा आयोजित करने के लिए निम्नलिखित लागत लेखा-परीक्षकों को नियुक्त किया गया:

मैसर्स निरन एंड कंपनी,

ईएसईएन डेन, 475, ऐगिनिया,
एशियाना प्लाजा एंट्री, खंडगिरि,
भुवनेश्वर-751019, ओडिशा।

शाखा लागत लेखा-परीक्षक

1. **मैसर्स मणि एंड कंपनी**
   लागत लेखाकार, "अशोका" 111,
   सदर्न एवेन्यू कोलकाता–700029
2. **मैसर्स डीजीएम एंड एसोसिएट्स**
   64, बी.बी गांगुली स्ट्रीट,
   (द्वितीय तल्ला), कोलकाता - 700012

ग. सचिवीय अंकेक्षक:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14.05.2022 पर 515वीं बोर्ड बैठक में मद संख्या 4(5) के तहत वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए अधिनियम के तहत आवश्यक लागत लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए निम्नलिखित लागत लेखा परीक्षकों को नियुक्त किया गया था:

सचिवीय अंकेक्षक:

मेसर्स सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स
कार्यालय क्रमांक 603, समृद्धि स्क्वायर, 6वीं मंजिल,
किशोरगंज चौक, रांची - 834001 (झारखंड)

घ. आतंरिक लेखा परीक्षक:

सीसीएल बोर्ड द्वारा 06.07.2020 को आयोजित 488वीं बैठक में वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक के लिए निम्नलिखित आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किए गए:

मेसर्स जैन सरावगी एन्ड कं.
508-8, पंचवटी प्लाजा, कचहरी रोड,
राँची-834001

क्षेत्र आंतरिक लेखा परीक्षक:

1. **मेसर्स नंदी एंड एसोसिएट्स**
   द्वारा - श्री फाल्गुनी बनर्जी, डी-1, सुधालेखा अपार्टमेंट,
   जे सी मल्लिक रोड, हीरापुर, धनबाद – 826001
2. **मेसर्स एस के नरेडी एंड कंपनी**
   द्वारा- विश्वजीत दास, राणा रॉय, सरना मैदान, नगरटोली,
   न्यूक्लियस मॉल के पीछे, राँची-834001
3. **मेसर्स जयसवाल ब्रजेश एंड कंपनी**
   सीए रूबी बंसल, 400सी, आइकॉन हाइट
   धुमसा टोली, घासी तालाब, राँची -834001
4. **मेसर्स बिस्वास दासगुप्ता दत्ता & रॉय**
   फ्लैट नंबर-3, नबकांति अपार्टमेंट, 59-बी,
   सर्कुलर रोड, होटल अप्सरा के पीछे, राँची -834001
5. **मेसर्स गुप्ता सचदेवा एंड कंपनी**
   205-बी, महाबीर टावर, मेन रोड, राँची -834001
6. **मेसर्स पारीक एंड कंपनी**
   आशीर्वाद भवन, दिंदली बस्ती,
   शेर-ए-पंजाब चौक के पास,
   आदित्यपुर, जमशेदपुर – 831013
7. **मेसर्स सी के प्रुस्ती एसोसिएट्स**
   15 एसी मार्केट, पहली मंजिल,
   जीईएल चर्च कॉम्प्लेक्स,
   मेन रोड, राँची – 834001
8. **मेसर्स हबीबुल्लाह एंड कंपनी**
   मकान नंबर 2, दर्जी मोहल्ला, एचपीओ डोरंडा,
   राँची – 834002
9. **मेसर्स अभिजीत दत्त एंड एसोसिएट्स**
   8 द्वारा 2, किरना शंकर रॉय रोड, दूसरी मंजिल,
   कमरा नंबर 2 और 3, कलकत्ता-700001
10. **मेसर्स आर जी एस एंड एसोसिएट्स**
    सी/ओ मनीष सिंह, संत नगर, झिरी सरकारी स्कूल के पास,
    नया शिव मंदिर झिरी, कामरे, राँची -835222
11. **मेसर्स बी गुप्ता एंड कंपनी**
    602, पार्क प्लाजा, टैगोर हिल रोड,
    मोरहाबादी, राँची – 834008
12. **मेसर्स ए के केजरीवाल एंड एसोसिएट्स**
    2सी, श्री बिमलानंद टॉवर, पुरुलिया रोड,
    राँची -834001

6. वार्षिक आम बैठक:

विगत तीन वर्षों में शेयर धारकों की आम बैठकों का विवरण निम्नानुसार दिया जा रहा है:

वर्ष	तिथि एवं समय	अवस्थिति	उपस्थिति	विशेष संकल्प, यदि कोई हो
2020-21	12 अगस्त 2021 पूर्वाह्न 10.00 बजे	दरभंगा हाउस, रांची	1. श्री पी. एम. प्रसाद, सदस्य एवं अध्यक्ष. 2. श्री प्रमोद अग्रवाल, सदस्य 3. श्री बिनय दयाल सदस्य 4. श्री एम. विश्वनाथन,सीआईएल के प्रतिनिधि	शून्य
2021-22	12 अगस्त 2021 पूर्वाह्न 10.00 बजे	दरभंगा हाउस, रांची	1. श्री पी. एम. प्रसाद, सदस्य एवं अध्यक्ष. 2. श्री प्रमोद अग्रवाल, सदस्य 3. श्री बिनय दयाल सदस्य 4. श्री एम. विश्वनाथन,सीआईएल के प्रतिनिधि	शून्य
2022-23	4 अगस्त 2022 पूर्वाह्न 12.00 बजे	दरभंगा हाउस, रांची	1. श्री पी. एम. प्रसाद, सदस्य एवं अध्यक्ष. 2. श्री विनय रंजन, सदस्य 3. श्री एम. विश्वनाथन,सीआईएल के प्रतिनिधि	शून्य

नोटः विगत तीन वर्षों में संपन्न आम बैठकों में डाक द्वारा मतदान के माध्यम से कोई भी विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया।

7. प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर)

संबंधित पार्टी के लेन- देन

कंपनी के निदेशकों द्वारा प्रदत्त प्रकटीकरण के अनुसार, सम्बद्ध पार्टियों से ऐसा कोई लेन- देन नहीं किया गया जिससे व्यापक रूप से कंपनी के हित को कोई हानि पहुंचती हो।

निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आचार- संहिता

दिनांक 02.07.2008 को निदेशक मंडल की 348वीं बैठक में निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आचार संहिता बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसे सीसीएल की वेबसाइट www.centralcoalfields.inपर अपलोड किया गया है। मार्च 2022 को समाप्त वर्ष तक आचार संहिता की प्राप्ति रसीद एवं उसके अनुपालन सम्बन्धी स्वीकारोक्ति प्राप्त की जा चुकी है।

सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 के विनियम 12(1) के अनुसरण में अंतरंग व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता।

अंतरंग व्यापार की रोकथाम के लिए, सेबी (अंतरंग व्यापार का प्रतिषेध) विनियम 2015 के विनियम 12(1) और 2018 तथा 2019 में संशोधित, सीआईएल बोर्ड द्वारा 13 अगस्त 2019 को आयोजित 390वीं बोर्ड बैठक में आंतरिक प्रक्रिया संहिता तथा आचरण संहिता नीति को अनुमोदित किया गया है। इस नीति को समय-समय पर सीआईएल द्वारा अद्यतन किया जा रहा है। सेबी अधिसूचनाओं के अनुसार और इसकी सभी सहायक कंपनियों द्वारा अपनाया जाता है।

संशोधित पीटीआई नियमों के अनुसार, नामित व्यक्तियों के डिजिटल डेटाबेस का अनुरक्षण सीआईएल द्वारा कार्यान्वित सॉफ्टवेयर में किया जा रहा है।

शक्तियों का प्रत्यायोजन:

सीसीएल की शक्तियों के प्रत्यायोजन को 15 नवंबर 2022 को आयोजित 34वीं ईसीएफडी बैठक के अनुमोदन से संशोधित किया गया था तथा उक्त को 17.11.2022 से सीसीएल में लागू किया गया था।

लेखा संव्यवहार:

कंपनी अधिनियम 2013 के तहत प्रस्तुतीकरण करते हुए वांछित एवं संगत अपेक्षाओं तथा कंपनी में लागू बाध्यकारी लेखा मापदंडों के अनुरूप ही वित्तीय विवरणियों को तैयार किया गया है।

जोखिम प्रबंधनः

व्यवसायिक रणनीति के तहत जोखिम को चिन्हित करने, मूल्यांकन एवं संगठन के विभिन्न कार्य-संचालन के विभिन्न क्षेत्रों में जोखिम कम करने संबंधी प्रक्रियात्मक कार्यों पर समुचित ध्यान दिया जाता है। आन्तरिक एवं बाह्य कारणों से सन्निहित संभावित जोखिम का मूल्यांकन किया जाता है तथा जोखिम पर प्रभावपूर्ण तरीके से काबू पाने हेतु जोखिम के विरूद्ध बनाई गई नीति एवं प्रणाली के माध्यम से आवश्यक निरोधात्मक कदम उठाए जाते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वर्ष के दौरान सभी स्वतंत्र निदेशकों ने "स्वतंत्र निदेशक" का पद धारण करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) के तहत निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया है एवं धारा 149(7) के तहत प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक से आवश्यक घोषणा पत्र प्राप्त हुए हैं।

8. संचार-व्यवस्था साधनः

कंपनी का संचालन और वित्तीय निष्पादन प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्रों और स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है। उपरोक्त के अलावा कंपनी की वेबसाइट में वित्तीय परिणाम प्रदर्शित किया जाता है।

9. लेखा-परीक्षण अर्हता:

दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी लेखा पर सांविधिक अंकेक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन के उत्तर की विवरणियों को निदेशकों की रिपोर्ट में परिशिष्ट के रूप में प्रदर्शित किया गया है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 के भाग के 143(6)(बी) के अन्तर्गत सीसीएल की वित्तीय विवरणी पर भारत के सीएजी के टिप्पणी को भी संलग्न किया गया है।

10. बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षणः

विशेषज्ञता एवं अनुभव आधार पर कार्यकारी निदेशकगण अपने कार्यात्मक क्षेत्र के प्रमुख होते हैं तथा कंपनी के साथ-साथ कंपनी के व्यवसाय के जोखिम प्रोफाइल के बारे में भी जानकारी रखते हैं। अंशकालीन निदेशकगण, कंपनी के व्यापार मॉडल की पूर्ण जानकारी रखते हैं। कंपनी के व्यवसाय के जोखिम प्रोफाइल को बोर्ड के द्वारा पूरी तरह से परिभाषित किया गया है तथा बोर्ड सदस्यों को समय-समय पर इसके बारे में जानकारी दी जाती रहती है।

11. अंशकालिक निदेशकों के मूल्यांकन के लिए तंत्रः

कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया लिमिटेड (नियंत्रक कंपनी) का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक निदेशकगणों के प्रदर्शन का मूल्यांकन उनके संबंधित नियमों के अनुसार किया जाता है। अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशकगणों की बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए कोयला मंत्रालय और लोक उपक्रम विभाग के माध्यम से भारत सरकार के द्वारा चयन किया जाता है। आम तौर पर नियुक्ति तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए की जाती है।

12. व्हीसिल ब्लोअर नीतिः

दिनांक 13 अगस्त 2019 को आयोजित अपने 390वीं बोर्ड बैठक में सीआईएल द्वारा अनुमोदित कोल इंडिया की व्हीसिल ब्लोअर नीति, 2019 अपने सभी सहायक कंपनियों के लिए लागू है।

इसके अलावा पीएसयू होने के नाते कंपनी का रिकार्ड सीएजी और सतर्कता/सीबीआई के द्वारा जांच के लिए उपलब्ध है।

आपकी कंपनी में एक स्वतंत्र सतर्कता विभाग है जिसके प्रमुख, मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं। सतर्कता विभाग, केन्द्रीय सतर्कता कमीशन के समग्र मार्गदर्शन के तहत कार्य करता है तथा मुख्य रूप से निवारक सतर्कता पर जोर देता है।

13. सत्यनिष्ठा संधिः

दिनांक 11.08.2008 को नई दिल्ली में आपकी कंपनी तथा ट्रांसपेरेंसी इन्टरनेशनल इंडिया के बीच सत्यनिष्ठा के कार्यान्वयन हेतु एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। दिनांक 23/08/2008 को संपन्न बोर्ड की 350वीं बोर्ड के समक्ष सूचना हेतु उक्त ज्ञापन-समझौता को प्रस्तुत किया गया।

14. कंपनी द्वारा अनुपालनः

कारपोरेट गवर्नेंस पर जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन के अनुसरण में तिमाही अनुपालन रिपोर्ट नई दिल्ली स्थित कोयला मंत्रालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के विभाग तथा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रमों के मंत्रालय को भेजी गई है।

15. यूएन ग्लोबल काम्पेक्ट

ग्लोबल काम्पेक्ट एक तंत्र है जिसमें मानवाधिकार, श्रम, पर्यावरण तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सर्वमान्य 10 सिद्धांतो के अनुरूप उद्यम अपने परिचालन तथा रणनीति के कार्यान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। विश्व के सबसे बड़े कारपोरेट नागरिक के रूप ग्लोबल काम्पेक्ट प्रथम संस्था है जो किसी भी उद्योग के कारोबार तथा विपणन को व्यापक रूप से सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप मान्यता दिलाने तथा विस्तार का प्रयास करती है। विश्व स्तरीय कंपनियाँ यू.एन. ग्लोबल काम्पेक्ट की सदस्य बनी है। सामुदायिक विकास के क्षेत्र में प्रदर्शन के आधार पर सीसीएल 2009 से यू.एन. ग्लोबल काम्पेक्ट की सदस्य है। तब से, कंपनी ने व्यावसायिक उत्कृष्टता सिद्धांतो के अनुप्रयोग से सीएसआरको एक मुख्य व्यवसाय प्रविधि बनाने के साथ अपनी सीएसआर गतिविधियों को बढ़ाया है। सीसीएल सहयोग और नवाचार पर बल देते हुए वृहतत्तर सामाजिक लक्ष्यों जैसे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य को आगे ले जाने हेतु रणनैतिक कार्रवाई की है।

सीसीएल अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास समुदाय तथा झारखंड के अन्य हिस्सों में आवश्यकता के अनुसार नागरिकों की तात्कालिक आवश्यकताओं में एसडीजी को प्राथमिकता देते हुए सीएसआर कार्यान्वित करती है। कंपनी मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छता, पेय जल, शिक्षा, खेल, रोजगार/स्व-रोजगार के लिए युवाओं का कौशल विकास, पशु कल्याण आदि के क्षेत्रों में कार्यों का निष्पादन किया है। कंपनी एक हाइब्रिड दृष्टिकोण को अंगीकृत करते हुए सीएसआर कार्यान्वयन का कुछ अंश स्वयं तथा कुछ अलाभकारी प्रतिष्ठित कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में सीसीएल ने अक्षय पात्र फाउंडेशन और जिला प्रशासन रामगढ़ के साथ रामगढ़ जिले के 538 सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति के लिए प्रतिदिन 50000 भोजन क्षमता वाली केंद्रीकृत रसोई की स्थापना के लिए, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यान्वयन की ऑनलाइन ट्रैकिंग के साथ सीसीएल ने लातेहार और चतरा जिले के 1400 टीबी रोगियों को 6 महीने के लिए गोद लेने और पोषण टोकरी प्रदान करने के लिए निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण कराया है। मरीजों और दुर्घटना पीड़ितों की

त्वरित सहायता के लिए चतरा जिला प्रशासन को 4 टाइप बी और 2 टाइप सी एम्बुलेंस प्रदान किए गए। सीसीएल रांची में अपने केंद्रीय अस्पताल में स्थित जन आरोग्य केंद्र तथा परिचालन क्षेत्रों में कंपनी अस्पतालों में सीएसआर औषधालय के माध्यम से कमान क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। सीसीएल ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरण, एएनएम के लिए ई-स्कूटर, मॉडल लेबर रूम विकसित किए हैं और आंगनबाड़ियों को मॉडल आंगनबाड़ियों में स्तरोन्नत किया है।

शिक्षा के अधीन, सीसीएल ने रांची विश्वविद्यालय में छात्रों तथा आम लोगों के लिए वाचनालय, ई-संसाधन और जर्नल अनुभाग, सम्मेलन कक्ष, डिजिटल लाइब्रेरी अनुभाग, सामूहिक अध्ययन के लिए कक्ष, बैठक-कक्ष, ध्यान केंद्र, कैफेटेरिया आदि से सुसज्जित 5000 सीटों वाले राजकीय पुस्तकालय के निर्माण हेतु शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। कमान क्षेत्र के वंचित वर्गों से संबंधित छात्रों (लड़कों और लड़कियों) को मेधा/प्रवेश-परीक्षा के आधार पर चुना जाता है और उन्हें प्रतिष्ठित स्कूल में निशुल्क उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाती है तथा सीसीएल के लाल/लाडली योजना के तहत जेईई मेन्स/एडवांस्ड/अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए सीसीएल के आईआईटियन अधिकारियों द्वारा निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वैसे बच्चों की नियमित शिक्षा जारी रखने के लिए, जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने माता-पिता या परिवार के प्राथमिक कमाने वाले सदस्यों को खो दिया है, सीसीएल ने एक कोविड संकट छात्रवृत्ति शुरू की है। इसके अलावा, सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूलों में 4 मिनी साइंस लैब और 94 स्मार्ट क्लास ,स्कूलों में मौलिक अवसंरचना, शिक्षण किट/ स्टेशनरी का प्रावधान किया है साथ ही ग्रामीण बच्चों के आवागमन के लिए स्कूल बसों को किराए पर लेना, कक्षाओं और सामुदायिक पुस्तकालयों का विकास किया है।

सीसीएल का झारखंड के खेलगांव में खेल अकादमी के संचालन और रखरखाव के माध्यम से खेल को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान है। इस योजना से खेल श्रेणी को बढ़ावा देने के लिए लगातार दो वर्षों से सीसीएल को राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार मिले हैं (2019 और 2020 2022 में घोषित)। खेल अकादमी की प्रमुख योजना के अलावा, सीसीएल खेल को बढ़ावा देने, समय के लाभकारी उपयोग और स्थानीय युवाओं के सकारात्मक अभिविन्यास और प्रेरणा के साथ-साथ समाज के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण विकसित करने के लिए स्थानीय युवाओं और बच्चों को फुटबॉल, क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, नेट आदि प्रदान करता है।

समुदाय की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सीसीएल ने गहरे नलकूप, सौर ऊर्जा संचालित गहरे नलकूप, हैंडपंप, कुएं, आरओ जल संयंत्र और जल प्रशोधक की स्थापना की है तथा पाइपलाइनों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए दूरदराज के गांवों में जल भंडारण टैंकों के साथ सौर-ऊर्जा संचालित गहरे नलकूपों का निर्माण किया है।

पशु कल्याण के क्षेत्र में, सीसीएल द्वारा भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची में जानवरों (शेर और बाघ की एक जोड़ी) को उनके भरण-पोषण, भोजन, चिकित्सा/पशु चिकित्सीय देखभाल के लिए गोद लिया गया है। घायल/बीमार जानवरों (आवारा और पशुधन) के इलाज के लिए, सीसीएल द्वारा इनबिल्ट ओटी सुविधा के साथ 24x7 पशु एम्बुलेंस सह आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन आरंभ किया जा रहा है।

स्थानीय युवाओं/महिलाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सफल प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के साथ 140 पीएपी को एचएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को बाजार से जोड़ने के साथ-साथ सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रामगढ़ कोयला क्षेत्र के आसपास के गांवों में, कारीगरों के एसएचजी का गठन किया गया और डोकरा कला, सुजनी कला, बांस शिल्प और जूट शिल्प में प्रशिक्षण प्रदान किया गया और साथ ही ई-मार्केटिंग प्लेटफॉर्म/व्यक्तियों/दुकानों के माध्यम से बाजार से जुड़ने में सहायता प्रदान की गई। टाना भगत समुदाय के 25 युवाओं को कार्यशालाओं में नौकरी/खुद की मरम्मत की दुकान खोलने से जोड़कर मोटरसाइकिल रखरखाव और मरम्मत तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। सिलाई मशीनों और पंखे को बिजली देने के लिए सोलर पैनल, बैटरी और वायरिंग आदि की स्थापना के माध्यम से सिलाई समूहों का सोलराइजेशन, टेरी के माध्यम से 50 सिलाई उद्यमियों के लिए घर आधारित कार्यशाला का काम किया गया। सीसीएल स्थानीय ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए अपने कमान क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण, मोबाइल मरम्मत, सिलाई, कंप्यूटर आदि के व्यापार में विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण भी चला रहा है।

स्वच्छता के तहत, खुले में शौच को कम करने के लिए इसके कमान क्षेत्रों में स्थित स्कूलों/गांवों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है, जिससे एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण तैयार किया जा सके। प्रमुख रेलवे स्टेशनों रांची और हटिया में 13 बोतल क्रशिंग मशीनें लगाई गई हैं।

टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन के तहत सीसीएल के सीएसआर समर्थन के साथ झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची में नए उद्यमियों/एमएसएमई स्टार्ट-अप को तकनीकी और वित्तीय सहायता दी जा रही है।

गतिविधियों, आयोजनों, सम्मेलनों, समुदायों के साथ बातचीत और आवश्यकता आधारित योजना में मदद करने वाले प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की भागीदारी सीसीएल में सीएसआर कार्यान्वयन की प्रमुख विशेषता है। कर्मचारी नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सीएसआर प्रयासों के समाचार/सूचना/उपलब्धियों को साझा करते हैं।

अनुलग्नक – IA

निदेशकों का पार्श्वदृश्य

दिनांक 31-03-2023 तक सीसीएल के निदेशक मंडल में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक,निदेशक (वित्त),निदेशक (तक./परि एवं यो.), निदेशक (कार्मिक),निदेशक(तक/सं.), दो सरकारी/सीआईएल मनोनीत निदेशक, एक अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशक सम्मिलित हैं।

सभी निदेशकगणों का संक्षिप्त परिचय, उनकी शैक्षणिक योग्यता, कार्य-क्षेत्र, अनुभव एवं विशेषज्ञता, व्यावसायिक संस्थाओं में उनकी सदस्यता, अन्य कंपनियों में अध्यक्षकीय/निदेशकीय पद का धारण आदि नीचे दिया गया है :

कार्यकारी निदेशकगण:

DIN : 08073913

श्री पी.एम. प्रसाद

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

दिनांक 01 सितम्बर, 2020 को श्री पी.एम.प्रसाद ने सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। श्री प्रसाद को परिचालन तथा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 39 वर्षों का वृहत अनुभव है। ओस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन अभियांत्रिकी की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात, श्री प्रसाद भारतीय खानि विद्यापीठ(आईआईटी-आईएसएम), धनबाद से ओपन कास्ट खनन में स्नात्तकोत्तर(एम.टेक) की उपाधि प्राप्त की। श्री प्रसाद को डीजीएमएस द्वारा प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का प्रमाण-पत्र वर्ष 1988 में प्राप्त हुआ तथा उन्होंने वर्ष 1997 में नागपुर विश्वविद्यालय से विधिशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

श्री प्रसाद ने अपने व्यावसायिक जीवन का प्रारंभकोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल) की सहायक कंपनी, वेकोलिमें प्रशिक्षु अधिकारी के रूप मेंवर्ष 1984 से की थी। कंपनी में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए उन्होंने संपूर्ण समर्पण, मेहनत, ईमानदारी एवं ऊर्जास्वित नेतृत्व का प्रदर्शन किया। तदुपरान्त, वह महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में लिंगराज क्षेत्र के महाप्रबंधक नियुक्त हुए।

वर्ष 1994-95 में वेकोलि में अपने कार्यकाल के दौरान भूमिगत आग से प्रभावित डीआरसी खदान में पुनः खनन प्रारंभ कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस असाधारण कार्यनिष्पादन के लिए, श्री प्रसाद को वर्ष 1995 में सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार तथा अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ खान प्रबंधक' से पुरस्कृत किया गया।

एमसीएल में महाप्रबंधक के रूप में अपने सफल कार्यकाल के दौरान, मार्च,2010 में उन्होंने 'कानिहा खुली खदान परियोजना' के सफल शुभारंभ एवं परिचालन में प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी प्रमुख उपलब्धियों के अंतर्गत वर्ष 2014-15 में हिंगुला खुली खदान क्षेत्र स्थित नाले का सफल दिशा परिवर्तन,जिसके कारण 26 मि.टन अवरुद्ध कोयले की निकासी संभव हो पायी तथा तालचर में न्यू रेलवे साइडिंग सं. 9 का शुभारंभ भी सम्मिलित है। सुरक्षा के प्रति उनकी विशेष अभिरुचि है तथा वह जिस परियोजना में पदस्थापित रहे, वहाँ उन्होंने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की। वह दो परियोजनाओं यथा वर्ष 1996 से 1998 तक पदमपुर परियोजना, वेकोलि तथा 2006 से 2008 के मध्य नंदिरा भूमिगत खदान, एमसीएल में लगातार तीन बार विजयी रह चुके हैं।

मई 2015 में, वह एनटीपीसी में कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) के रूप में नियुक्त हुए जहां उन्हें एमडीओ परियोजनाओं के आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा पकरी-बरवाडीह कोयला ब्लॉक (एनटीपीसी की पहली परियोजना) के आवंटन और शेष कोयला ब्लॉकों के लिए निविदा आमंत्रण सूचना जारी करने का श्रेय दिया जाता है। मार्च 2016 में उन्होंने एनटीपीसी हजारीबाग, झारखंड के परियोजना के कार्यकारी निदेशक सह प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। पकरी-बरवाडीह कोल ब्लॉक में कोयला खनन परिचालन शुरू करने की चुनौती स्वीकार की। परियोजना प्रमुख के रूप में उनके इस कार्यकाल के दौरानपकरी-बरवाडीह परियोजना को वर्ष 2016 में कोयला खनन परियोजनाओं के लिए 'स्वर्ण शक्ति पुरस्कार' के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

फरवरी 2018 में, श्री प्रसाद सीआईएल की एक अनुषंगी कंपनी नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के निदेशक तकनीकी (परि. एवं यो.) का कार्यभार ग्रहण किया जहां उन्हें 5 मुख्य क्षेत्रों यथा कारपोरेट योजना विन्यास, असैनिक अभियांत्रिकी, रेलवे साइडिंग, पर्यावरण एवं वन आदि का उत्तरदायित्व दिया गया। उनके कुशल नेतृत्व के अंतर्गत एनसीएल को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जून, 2018 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन के दौरान पर्यवरण संरक्षण हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

अगस्त, 2019 में उन्होंने बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद पर योगदान दिया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के मध्य उन्होंने प्रतिबद्धता, उत्साह एवं समर्पण के साथ कंपनी का नेतृत्व किया। कोविड-19 महामारी के विरुद्ध उन्होंने कंपनी का कुशल नेतृत्व किया तथा कंपनी के समग्र प्रदर्शन में बदलाव लाने के प्रयासों के साथ विभिन्न पहलों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्री प्रसाद अपने अंतर-वैयक्तिक कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं और टीम-वर्क में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा उत्कृष्ट तकनीकी विशेषज्ञता के स्वामी हैं। उनके मार्गदर्शन में कंपनी नित नयी सफलता की एवं ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

श्री राम बाबू प्रसाद

निदेशक (तकनीकी/संचालन)

DIN: 09644944

श्री राम बाबू प्रसाद दिनांक 14.05.2022 से निदेशक तकनीकी(संचालन), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के पद पर कार्यरत हैं।

श्री प्रसाद ने वर्ष 1987 में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (भारतीय खानि विद्यापीठ) (आईआईटी-आईएसएम), धनबाद, झारखंड से प्रौद्योगिकी स्नातक (खनन आभियांत्रिकी) की उपाधि मिली। वर्ष 1987 में उन्होंनें कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)में प्रबंधन प्रशिक्षु (खनन) के रूप में अपना प्रथम योगदान दिया। उन्हेंसीएमआरअंतर्गत कोयला खदान प्रबंधन हेतु खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस), धनबाद से प्रथम श्रेणी प्रबंधक अभियोग्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त प्राप्त है। वर्ष 1996 से 1999 के दौरान उन्होने इग्नू, नई दिल्ली से 4 पाठ्यक्रमों यथा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त प्रबंधन), प्रबंधन डिप्लोमा, वित्त प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त की।

कोल इंडिया लिमिटेड की झारखंड राज्य में अवस्थित सहायक कंपनी सीसीएल में शीर्ष तकनीकी पद पर आसीन होने के पूर्व, श्री राम बाबू प्रसाद को सीसीएल के साथ-साथ एनसीएल में जुलाई 2010 से मई 2022 तक महाप्रबंधक (खनन) के रूप में कार्यों के निष्पादन का व्यापक अनुभव है। एनसीएल में वह महाप्रबंधक(खनन), जयंत क्षेत्र, एनसीएल के पद पर कार्यरत थे। एनसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है। एनसीएल को सीआईएल की तीसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। सीसीएल की विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना अधिकारी के रूप में उन्होंने मार्च 2004 से जुलाई 2010 तक कार्यों का सफल निष्पादन किया। श्री प्रसाद को एनसीएल, सीसीएल और एसईसीएल में अत्यधिक यंत्रीकृत ओपनकास्ट खादानों के साथ भूमिगत खादानों में कार्यों के निष्पादन का 35 वर्षों का वृहत व विविध कार्य-अनुभवहै।

पुरस्कार एवं प्रशस्ति

- वर्ष 1998 में एसईसीएल की सोमना यूजी खदान में खदान प्रबंधक के रूप में कार्य करने के दौरान, सीआईएल में उच्चतम एसडीएल उत्पादकता प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट खनिक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
- उन्हें वर्ष 2016 में एनसीएल के "सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक" का सम्मान प्राप्त हुआ।
- उन्हें वर्ष 2021 में "लोकोन्मुख सर्वश्रेष्ठ लाइन प्रबंधक" से सम्मानित किया गया।

श्री प्रसाद को अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी प्राप्त है। 2018 में, उन्होंने मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय खनन एवं संसाधन सम्मेलन में भाग लिया। वर्ष 2019 में ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम में उनकी प्रतिभागिता रही। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) कोलकाता, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर तथा हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय प्रतिभागिता रही है।

श्री प्रसाद कोयला खदान बंदीकरण तथा जस्ट ट्रांजिशन के संबंध में उपरोक्त देशों में अंगीकृत सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करने हेतु पोलैंड, जर्मनी और बेल्जियम स्थित खदान स्थलों में विश्व बैंक तथा जीआईजेड प्रायोजित अध्ययन दौरे के सदस्य रहे। अध्ययन दौरे का उद्देश्य जस्ट ट्रांजिशन के सिद्धांतों पर एक व्यापक खदान बंदीकरण की रूपरेखा का विकास करना था। अध्ययन दौरे में सम्मिलित भारतीय टीम को जस्ट ट्रांजिशन सुनिश्चित करने वाले समुदायोन्मुख दृष्टिकोण के साथ खदान स्थलों के बंदीकरण हेतु जर्मनी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को देखने तथा उन सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसकी प्रतिकृति भारत में की जा सकती है। इस दौरे से भारत को दीर्घावधि में निम्न कार्बन उत्सर्जक अर्थव्यवस्था में निर्बाध अवस्थान्तरके लिए क्षमता निर्माण का विकास करनेतथा जलवायु परिवर्तन कारकोंके विरुद्ध युद्ध में सहायता प्राप्त हुई है।

श्री राम बाबू प्रसाद पेशे न केवल एक खनन अभियंता हैं, अपितु लोकोपकार के प्रति भी उनकी अभिरुचि है तथा वह ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन-यापन करने वाले ग्रामीणों की सहायता हेतु सदैव प्रवृत रहते हैं। श्री प्रसाद जब महाप्रबंधक,सीएसआर,सीसीएल के पद पर कार्यों का निष्पादन कर रहे थे, तब उन्होंने निर्धन परिवारों के सशक्तिकरण हेतु भारतीय प्रबंधन संस्थान(आईआईएम) रांची के सहयोग से "सीसीएल के लाल" और "बेयरफुट मैनेजर" कार्यक्रम की शुरूवात की। वर्ष 2014-15 के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में 7000 से अधिक शौचालयों के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

श्री प्रसाद अपने अंतर-वैयक्तिक कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं और टीम-वर्क में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा उत्कृष्ट तकनीकी विशेषज्ञता के स्वामी हैं। उनके मार्गदर्शन में कंपनी नित नयी सफलता की एवं ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

DIN: 09665365

श्री पवन कुमार मिश्रा

निदेशक (वित्त)

श्री पवन कुमार मिश्रा ने जून,2022 में कोयला खनन कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड(सीसीएल) में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यभार ग्रहण किया हैं। वह वाणिज्य विषय में स्नातक हैं और चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के सदस्य भी हैं। साथ ही,वह झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) के निदेशक हैं।

सीसीएल में नियुक्त होने के पूर्व, उन्होंने डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएनएचपीडीसीएल), विदृत संवितरण इकाई तथा विदृत उत्पादक कंपनी न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) के पद पर कार्यों का संपादन किया है।उनके पास लेखांकन, वित्त और कराधान के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का विस्तृत अनुभव है। श्री मिश्रा को ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित कारपोरेट लेखांकन और कराधान, कारपोरेट वित्तपोषण सहित पुनर्गठन, वाणिज्यिक/परियोजनामूल्यांकन सहित समझौता वार्ता एवं उक्त का प्रलेखन, बजट तथा बजटीय नियंत्रण, लेखा परीक्षकों के साथ कार्य-व्यवहार, वाणिज्यिक अनुपालन सहित टैरिफ निर्धारण तथा अंतिम रूप देने,विदृतक्रय करार तथा अन्य नियामक अनुपालन का वृहत एवं व्यापक अनुभव है।

अपने पूर्ववर्ती व्यावसायिक कार्यावधि में,प्रलेखन के साथ प्रतिस्पर्धी बोली द्वारा विदृतसंवितरण कंपनी के निजीकरण में उनकी प्रमुख भूमिका रही है जो स्वयं एक अभूतपूर्व प्रक्रिया थी। उक्त निजीकरण के दौरान हस्तांतरण तथा हैंडहोल्डिंग प्रक्रिया में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। नियामक सुधारों के माध्यम से वितरण उपयोगिता कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार, एकीकृत व्यापार समाधान एवं स्वचालित व्यावसायिक प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन, वित्त नियमावलीएवं आंतरिक लेखा परीक्षा नियमावली का निर्माण, नवीन लेखा नीतियों और रिपोर्टिंग संरचना को अंतिम रूप देने सहित नए लेखा मानकों (इंडएएस) के कार्यान्वयन में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

DIN: 09732955

श्री हर्ष नाथ मिश्र

निदेशक (कार्मिक)

श्रीहर्ष नाथ मिश्र,कोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल)की सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड(सीसीएल) में निदेशक (कार्मिक) के पद पर कार्यरत हैं। श्री मिश्र ने अपने व्यावसायिक जीवन की यात्रा वर्ष 1991 से प्रारंभ की थी। सीआईएल में योगदान देने से पूर्व उन्होंने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएँ दी थीं।

श्री मिश्र ने पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की उपाधितथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड बिजनेस मैनेजमेंट (आईआईएसडबल्यूबीएम), कलकत्ता विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य एवं श्रम कल्याण में डिप्लोमा प्राप्त किया है। उक्त शास्तियों सहित उन्हें विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि भी प्राप्त है। वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (एनआईपीएम) के आजीवन सदस्य हैं और अद्यतन रांची चैप्टर के अध्यक्ष हैं।

उन्हें मानव संपदा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का अनुभव प्राप्त है। श्री मिश्र अपनी दूरदर्शी दृष्टिकोण और बहुआयामी निर्णय क्षमता के लिए सुप्रसिद्ध हैं। वह प्रक्रिया सरलीकरण हेतु परिवर्तनकारी एवं अभिनव कार्यप्रणालियों को कार्यान्वित करने में विश्वास करते हैं। अल्पावधि में ही उन्होंने सीसीएल तथा बीसीसीएल में हितधारकों के सुखद अनुभव के संवर्धन हेतु विभिन्न प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणालियों में अनुकरणीय सुधार किया है। वह मृदुभाषी, सुधीर श्रोता तथा कर्मचारी हितैषी अधिकारी हैं। उन्हें औद्योगिक संबंधों का विशेषज्ञ माना जाता है।

वह एक सुधि पाठकहैं तथा उन्होंने विभिन्न स्तरों पर अनान्य सम्मेलनों एवं सेमिनारों में भाग लिया है।

श्री बी. साईंराम

निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना)

श्री बी.साईराम एनआईटी,रायपुर से स्नातक खनन अभियंता हैं। उन्हें कोयला प्रक्षेत्र में 32 वर्षों का वृहत कार्य-अनुभव प्राप्त है तथा उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में खान परिचालन, योजना, लॉजिस्टिक्स एवं नियामकपहलुओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया है। वर्ष 1991 में कोल इंडिया लिमिटेड में उन्होंने प्रथम योगदान दिया था। उन्होंने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और कारपोरेट मुख्यालय,सीआईएल में विभिन्न पदों पर कार्य-निष्पादन किया है। एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस,दिल्ली से उन्होंने प्रबंधन विषय पर 15 माह का पूर्णकालिक आवासीय पीजीडीएम की उपाधि प्राप्त की।

DIN: 09784229

कोर्स के दौरान उन्होंने नानयांग बिजनेस स्कूल,सिंगापुर में 15 दिवसीय इमरशन कार्यक्रम में भाग लिया। वह जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन से संबंधित जर्मनी और पोलैंड के अध्ययन दौरे की टीम का हिस्सा भी रहे हैं। कोयला खनन के केंद्रीय क्षेत्र - संचालन तथा योजना निर्माण के साथ-साथ उन्हें कर्मचारी कल्याण,जनसंपर्क, सीएसआर तथा विधि विभाग का नेतृत्व करने का भी अनुभव प्राप्त है। उनके नवीनतम कार्यों में कोयला क्षेत्र अंतर्गत स्थायी सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय कार्य-प्रणालियों की स्थापना शामिल है। निदेशक (तकनीकी),सीसीएल का कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व श्री साईराम सीआईएल में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

अंश-कालिक/ नामित निदेशक

DIN: 03636743

श्री विनय रंजन

निदेशक (का. एवं औ.), सीआईएल नामित निदेशक

श्री विनय रंजन, निदेशक (का. एवं औ.), कोल इंडिया लिमिटेड ने 05.08.2021 को सीसीएल बोर्ड ने सीआईएल नामित निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया है।श्री रंजन प्रदर्शन-केन्द्रित,लोकोन्मुखी कार्यकारी हैं जिन्हें मानव संसाधन के सभी क्षेत्रों में विशद व वृहत कार्यानुभव प्राप्त है जिसमें वृहत पैमाने पर लेटरल/कैंपस चयन, प्रतिभा प्रबंधन, प्रदर्शन प्रबंधन, नियोक्ता की ब्रांडिंग, प्रतिपूर्ति प्रबंधन और बेंच-मार्किंग, चेंज मैनेजमेंट, संस्कृति निर्माण, कार्मिक नियोजन, कार्मिक संबंध, एचआरआईएस, कर्मचारी उत्पादकता तथा अधिगम एवं विकास आदि क्षेत्रों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है।

उन्होंने सफलतापूर्वक विदेशी व्यापारिक संस्थाओं में मानव संपदा से संबधित अपना सहयोग दिया है। वह सैप-एचआर कार्यान्वयन के दो पूर्ण जीवन-चक्र का हिस्सा रह चुके है। उन्होने टाटा कम्युनिकेशन (पूर्व में वीएसएनएल) में सैप-एचआर कार्यान्वयन के पूर्ण जीवन चक्र की टीम का नेतृत्व किया हैं। वहाँ उन्होंने आठ (8) सदस्यीय टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सम्पूर्ण सैप एचसीएम मॉड्यूल के कार्यान्वयन के लिए वीएसएनएल एचआर और टीसीएस शामिल थी। वीएसएनएल से प्रतिनियुक्त पर श्री रंजन टाटा टेलीसर्विसेज (टीटीएसएल) की सैप क्रियान्वयन कार्यान्वयन टीम का भी हिस्सा भी रहे हैं।

वह प्रभावोत्पादक नेतृत्व कौशल युक्त कुशल व उत्पादक कार्यबल विकसित करने की क्षमता रखते हैं। वह हितधारक प्रबंधन का कौशल रखते हैं तथा विगत 5 वर्षों से वह प्रमोटरों के साथ प्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं। वह उच्च स्तरीय सेवा-निष्पादन के साथ-साथ अपनी सत्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता के लिए विख्यात है। श्री रंजन अपने कुशल अंतर्वैयक्तिकसंवाद कौशल एवं संव्यवहार के लिए भी जाने जाते हैं।

29 जुलाई 2016 को फ्रांस के फॉनटेनब्लियू परिसर में पाठ्यक्रम की समाप्ति के उपरांत आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह वह इनसियाड के पूर्ववर्ती छात्र बनें।

दैनिक भास्कर समूह ने जब विस्तार कर यूएस 2 बिलियन डॉलर के निवेश से दो वृहत ताप विद्त संयंत्रों के निर्माण का निर्णय लिया तब श्री विनय रंजन डीबी पावर लिमिटेड (दैनिक भास्कर समूह की कंपनी) के कारपोरेट प्रमुख-मानव संसाधन का कार्यभार संभाल रहे थे।

श्री अजितेश कुमार

निदेशक, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार

श्री अजितेश कुमार,कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने 22.02.2023 को सेंट्रल कोलफीएल्ड्स लिमिटेड के आधिकारिक अंशकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला।

श्री अजितेश कुमार, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा, 2005में सेंट्रल पावर इंजीनियरिंग (ग्रुप-ए) सेवा के 2006 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने वर्ष 2004 में गोविंद वल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) के अधीन इंजीनियरिंगमहाविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है।

2008 से 2019 तककेंद्रीय विद्त प्राधिकरण, विद्त मंत्रालय (भारत सरकार), नई दिल्ली में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पनबिजली (हाइड्रोपावर) परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का मूल्यांकन तथा पनबिजली परियोजनाओं की स्थापित क्षमताओं के निर्धारण का कार्य किया है। वह उप-स्टेशनों तथा प्रेषण लाइनों सहित

DIN: 08765626

एचवी बिजली परियोजनाओं की निगरानी में भी शामिल थे। वर्तमान में, वह सितंबर, 2019 से सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के तहत कोयला मंत्रालय (भारत सरकार) में निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। अपने वर्तमान कार्यभार में, वह कोयला ब्लॉक आवंटन व नीलामी, कोयला ब्लॉकों की निगरानी और विकास, नीति से संबंधित काम कर रहे हैं।

उन्होंने सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में भी काम किया है।

अप्रशासकीय अंशकालिक निदेशकगण

DIN: 09399355

श्री रमेश कुमार सोनी

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्य, श्री रमेश कुमार सोनी का जन्म वर्ष 1962 में हुआ।

उन्होंने अपने स्नातक की उपाधि रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) से प्राप्त की है।

वर्तमान में वह जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) में चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्य संभाल रहे हैं।

श्री सोनी आरंभ से ही विभिन्न निजी लिमिटेड कंपनियों, बैंक-शाखाओं, औद्योगिक-इकाइयों, स्वास्थ्य क्षेत्र की इकाइयों तथा गैर-लाभकारी संस्थाओं के सलाहकार व सांविधिक लेखा परीक्षक रहे हैं। वह विभिन्न लघु, सूक्ष्म व मध्यम उद्यमों से जुड़े रहे हैं तथा उनके व्यवसाय को स्थापित करने व सुधार करने में सहायता की है।

उन्हें सांविधिक लेखा, समवर्ती लेखा, भंडार लेखा, वित्त प्रबंधन, प्रत्यक्ष कर, निवेश संबंधी परामर्श जैसे विविध प्रक्षेत्रों में दक्षता प्राप्त है।

उन्होंने अपने व्यावसायिक विशेषज्ञता से संबधित व्याख्यान विभिन्न जिला औद्योगिक केंद्र, चैंबर ऑफ कॉमर्स, चैंबर ऑफ स्कूल एवं विभिन्न गैर-लाभकारी संस्थाओं दिया है।

श्री सोनी द्वारा विभिन्न विद्यालयों तथा गैर-लाभकारी संस्थाओं में आयोजित गोष्ठियों में वाणिज्य-क्षेत्र में कैरियर मार्ग दर्शन, शिक्षा एवं व्यावसायिक अवसरों आदि पर व्याख्यान दिया गया है।

अनुलग्नक-II

सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा कारपोरेट शासन पर प्रमाण-पत्र

सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

सेवा में

सदस्यगण,
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड।
रांची

1. हमने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी द्वारा नैगमिक शासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की, यद्यपि सूची में प्रदर्शित करार का अनुच्छेद-49 कंपनी में लागू नहीं होता है। यह कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी इकाई है जो कि सूचीबद्ध है।
2. नैगमिक शासन की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबधंन की है। नैगमिक शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु कंपनी द्वारा स्वीकृत सीमा को देखते हुए हमारी यह जांच उसकी प्रक्रिया तथा उसके क्रियान्वयन की जांच तक ही सीमित थी। यह न तो लेखा-परीक्षण और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणियों पर मंतव्य की अभिव्यक्ति है।
3. हमारे विचार मेंतथा हमारी सर्वोतम जानकारी के अनुसार एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदनों के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट शासन पर विभाग के सार्वजनिक उद्यम दिशानिर्देश के अनुसार आवश्यक संख्या में गैर-आधिकारिक अंशकालिक निदेशकों की नियुक्ति को छोड़कर कारपोरेट शासन की शर्तों का अनुपालन किया है।
4. हम आगे कहते हैं कि इस तरह का अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते **सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स**

ह/-
(सतीश कुमार)
कंपनी सचिव
एफसीएस संख्या:8423
सी.पी. संख्या:9788

स्थान : रांची
दिनांक : 11 जुलाई, 2023
यूडीआईएन : F008423E000589190

अनुलग्नक–III

प्रपत्र सं. एमआर -3

सचिवीय लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

(31 मार्च, 2023को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए)

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) और कंपनी (नियुक्ति और पारिश्रमिक कार्मिक) नियम, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुसार]

सेवा में,

सदस्यगण,
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड,
रांची

हमनें सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसके पश्चात "कंपनी" के रूप में संदर्भित)के लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन तथाअच्छी कारपोरेट प्रथाओं के अनुपालन की सचिवीयलेखा-परीक्षण किया है। सचिवीय लेखा-परीक्षणइस तरह से आयोजित की गई थी जिससे हमें कारपोरेट आचरण /वैधानिक अनुपालन का मूल्यांकन करने के लिए और उस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए उचित आधार मिला। अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक कीलेखा अवधि के दौरान कंपनी की पुस्तकों, कागजात, मिनट बुक्स,, फॉर्म और दाखिल किए गए रिटर्न व कंपनी द्वारा बनाए गए अन्य अभिलेखों के हमारे सत्यापन के आधार पर तथा कंपनी, कंपनी के अधिकारियों, एजेंटों एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदत्त सूचना एवं अन्य यथा प्रासंगिक दस्तावेजों/ फाइलिंग सहित, जिनपर निम्नलिखित प्रावधानों के अनुपालन सापेक्ष 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु भरोसा किया गया है:

1. कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उक्त के अधीन बनाए गए नियम;
2. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक
3. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 एवं इसके तहत बनाए गए विनियम और उपनियम
4. भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015
5. सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा उनके दिनांक 14 मई, 2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(8)/2005-जीएम के तहत जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देश
6. अनुबंध श्रम (नियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970
7. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम,2013)
8. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए अन्य पर्यावरण कानून और नियम।
9. सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देश जारी किए गए।
10. कोयला मंत्रालय के पत्र संख्या 21/35/2005-एएसओ (iv) दिनांक 6 जून, 2008 में विनिर्दिष्ट कंपनी के निदेशक मंडल का गठन।
11. सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (कंपनी) पर लागू विशिष्ट कानूनों का अनुपालन की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। हमारी प्रतिवेदन प्रबंधन और उसके अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अनुपालन प्रमाणपत्रों की सीमा तक सीमित है। तथापि, उत्पादन इकाई/क्षेत्र पर विशेष रूप से लागू अन्य कानूनों के अंतर्गत दाखिल किए जाने वाले सांविधिक विवरणियों के अनुपालन के आश्वासन/विश्वसनीयता को संबंधित विभागाध्यक्ष या कंपनी के अधिकारियों से प्राप्त प्रमाणपत्रों पर भरोसा किया गया है (अनुलग्नक-बी1 देखें)।

I. हमारे मत में, हमारे द्वारा किए गए परीक्षण के आधार पर, कंपनी तथा अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी तथा हमें प्रस्तुत अभिलेखों के सत्यापन के अनुसार,कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों तथा अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों का, कंपनी के मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन का,विशेषकर यहां उल्लिखित प्रावधानों अनुपालन किया है; तथा यह भी कि कंपनी के पास उचित बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन तंत्र एक सीमा तक, प्रकार्य से तथा रिपोर्टिंग व प्रेक्षण के अनुरूप है **(अनुलग्नक-बी में देखें):**

1. भाग I के तहत निर्धारित तुलन-पत्र का फॉर्म, भाग II के तहत विहित लाभ और हानि का विवरण तथा इसे तैयार करने के लिए सामान्य निर्देश, जैसा कि अधिनियम की अनुसूची III में निर्धारित है।

2. सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा दिनांक 14 मई, 2010 के उनके ओएम सं 18(8)/2005-जीएम द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट प्रशासन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसरण में कंपनी के निदेशक मंडल के पास कार्यकारी, गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशक का पर्याप्त संतुलन नहीं है।कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (1) के प्रावधान (कंपनी

निदेशकों की नियुक्ति) नियम, 2014 के नियम 3 के साथ और कोयला मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से महिला निदेशक और स्वतंत्र निदेशक के संबंध में जारी किए गए निर्देश ।

3. कंपनी के नाम एवं पंजीकृत कार्यालय का प्रकाशन।
4. झारखंड कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष उक्त अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित समय के भीतर अपेक्षित फॉर्म और रिटर्न दाखिल करना ।
5. निदेशक मंडलों और उसकी समितियों की बैठकें बुलाना और आयोजित करना ।
6. 04 अगस्त, 2022 गुरुवार, को सदस्यों की 66वीं वार्षिक आम बैठकें बुलाना और आयोजित करना ।
7. वार्षिक आम बैठक, असाधारण बैठक, बोर्ड बैठक और बोर्ड की समितियों की बैठकों की कार्यवाही के कार्यवृत्त का रखरखाव खुले पन्नोंमें व्यवस्थित रूप अभिलेखित किया जाता है, जिसे नियमित अंतराल पर सजिल्द पुस्तक रूप में रखाजा रहा है ।
8. निदेशकों को पारिश्रमिक भुगतान।
9. सांविधिक लेखा परीक्षकों, आंतरिक लेखा परीक्षकों और लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक ।
10. लेखा परीक्षण समिति तथा नामांकन व पारिश्रमिक समिति की संरचना एवं संदर्भ की शर्तें।
11. कंपनी के सदस्यों और लेखा परीक्षकों पर कंपनी द्वारा दस्तावेजों की सर्विस ।

II. हम आगे प्रतिवेदित करते हैं कि

1. निदेशकों ने यथा आवश्यकतानुसार अन्य कंपनियों में अपनी शेयरधारिता और निदेशकीय पदतथा अन्य संस्थाओं में अपने सरोकार को प्रकटकिया है और उनके सरोकारों को बोर्ड द्वारा नोट और दर्ज किया गया है।
2. निदेशकों ने अपनी नियुक्ति की पात्रता, उनके स्वतंत्र होने और निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों की आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में प्रकटीकरण कीआवश्यकताओं का अनुपालन किया है ।
3. समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी, अपने किसी निदेशक तथा अधिकारी पर अभियोग,जुर्माना या दंड नहीं लगाया गया।
4. कंपनी द्वारा स्थापित अनुपालन-तंत्र तथा कंपनी सचिव, कंपनी के अनुपालन अधिकारी और कंपनी के अन्य विभागीय प्रमुखों द्वारा जारी किए गए अनुपालन प्रमाण-पत्र(त्रों) और अन्य प्रमाण-पत्रों के आधार पर कंपनी का किसी प्रकार का कोई अनुपालन लंबित नहीं है ।
5. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि ऑडिट के दौरान, कंपनी ने कोई भी विशिष्ट घटना/कार्रवाई नहीं की है जिसका उपरोक्त संदर्भित कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के अनुसरण में कंपनी के मामलों पर बड़ा असर हो सकता है ।

कृते **सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स**

ह/-
(सतीश कुमार)
कंपनी सचिव
एफसीएस संख्या:8423
सी.पी. संख्या:9788

स्थान : रांची
दिनांक : 11 जुलाई, 2023
यूडीआईएन : F008423E000589124

नोट: - इस प्रतिवेदन को हमारे कार्यक्रम की तारीख के पत्र के साथ पढ़ा जाना है जो "अनुलग्नक-ए", "अनुलग्नक-बी" और अनुलग्नक-बी 1 के रूप में संलग्न है जो इस प्रतिवेदन का एक अभिन्न अंग है।

अनुलग्नक –ए

सेवा में,
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
रांची

समतिथि के हमारे प्रतिवेदन को इस पत्र के साथ पढ़ा जाए ।

प्रबंधन की जिम्मेदारी

1. सचिवीय अभिलेख के रख-रखाव की जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की है। हमारी जिम्मेदारी इन सचिवीय अभिलेखों के लेखा-परीक्षण के आधार पर अभिमत व्यक्त करना है ।
2. हमने सचिवीय अभिलेखों के तथ्यों के सत्यता के बारे में संगत आश्वासन उपलब्ध कराने के लिए हमने उपयुक्त लेखा-परीक्षण कार्यों एव विधियों का अनुसरण किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित होते हैं, परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया था। हम मानते हैं कि हमारे द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं और प्रथाएं हमारी राय बनाने के लिए एक उचित आधार प्रदान करती हैं।
3. कारपोरेट शासन के प्रावधानों तथा लागू अन्य सभी विधियों, नियमों व अधिनियमों, मानकोंका अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारा परीक्षण टेस्ट बेसिस के आधार पर विधियों की जांच के कार्य तक सीमित था ।
4. सचिवीय लेखा-परीक्षण प्रतिवेदन न तो कंपनी की भावी सुगमता का आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता का, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का संपादन किया है ।
5. हमलोगों ने कंपनी के वित्तीय आंकड़े एवं लेखा पुस्तकों, जीएसटी और टीडीएस रिटर्न आदि की सत्यता एवं उपयुक्ता का सत्यापन नहीं किया है ।
6. कंपनी ने "**अनुलग्नक-बी**" में निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर प्रावधानों, विनियमों, परिपत्रों का अनुपालन किया है।

कृते **सतीश कुमार एंड एसोसिएट्स**

ह/-
(सतीश कुमार)
कंपनी सचिव
एफसीएस संख्या:8423
सी.पी. संख्या:9788

स्थान : रांची
दिनांक : 11 जुलाई, 2023
यूडीआईएन : F008423E000589124

अनुलग्नक – बी

सचिवीय लेखा प्रेक्षण पर प्रबंधन का उत्तर

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के अनुसार मेसेर्स सतीश कुमार एवं एसोसिएट्स को मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची के सचिवीय लेखा परीक्षण हेतु नियुक्त किया गया है। सतीश कुमार एवं एसोसिएट्स द्वारा 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु सचिवीय लेखा प्रतिवेदन के प्रेक्षण के संदर्भ में प्रबंधन का उत्तर यथासंलग्न है:

क्र. स.	प्रेक्षण	प्रबंधन का उत्तर
1	कंपनी विशेष रूप से बोर्ड में महिला निदेशक की नियुक्ति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (1) तथा (कंपनी निदेशकों की नियुक्ति) नियम, 2014 के नियम 3 के प्रावधान के अनुपालन में नहीं थी।	कंपनी कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी है एवं कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। निदेशकों की नियुक्ति कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाती है जिसमें कंपनी की कोई भूमिका नहीं होती है। तथापि, कंपनी के निदेशक मंडल में महिला निदेशक की रिक्तियों को भरने के लिए प्रशासनिक मंत्रालय को अभ्यावेदन दिया गया है।
2	सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा अपने ओएम नंबर 18(8)2005-जीएम दिनांक 14 मई, 2010 के तहत जारी किया , केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यकारी निदेशकों, गैर-कार्यकारी निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के उचित संतुलन के साथ कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन नहीं किया गया है। क्योंकि बोर्ड में ऊपर उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार पांच स्वतंत्र निदेशकों की कुल आवश्यकता की तुलना में केवल एक स्वतंत्र निदेशक है।	कंपनी कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी है और कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। निदेशकों की नियुक्ति कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाती है जिसमें कंपनी की कोई भूमिका नहीं होती है । तथापि, कंपनी के निदेशक मंडल में गैर-सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशकों की रिक्तियों को भरने के लिए प्रशासनिक मंत्रालय को अभ्यावेदन दिया गया है ।

अनुलग्नक – बी 1

कंपनी पर लागू निम्नलिखित विशिष्ट विधियों के संबंध में अनुपालन पूर्ण रूप से कंपनीप्रबंधन तथा उसके अधिकारियों से प्राप्त अनुपालन प्रमाण-पत्रों पर आधारित हैं (यहरिपोर्ट का एक अभिन्न अंग है)

1. खान अधिनियम, 1952;
2. भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 1884;
3. कोलियरी नियंत्रण आदेश, 2000 और कोलियरी नियंत्रण नियम, 2004;
4. कोयला खान विनियम, 2017;
5. वेतन भुगतान (खान) नियम 1956;
6. कोयला खान पेंशन योजना, 1998;
7. कोयला खान (संरक्षण एवं विकास) अधिनियम 1974;
8. खान व्यावसायिक प्रशिक्षण विनियम, 1966;
9. खान क्रेच नियम, 1961;
10. खान बचाव नियम, 1985;
11. कोयला खदान पिथेड बाथ नियम, 1946
12. प्रसूति प्रसुविधा नियम 1963;
13. विस्फोटक नियम, 2008;
14. खान रियायत नियम,1960;
15. कोयला खान भविष्यनिधि (प्रकीर्ण उपबन्ध) अधिनियम, 1948;
16. खान और खनिज (विकास और विनियम) अधिनियम, 1957;
17. अवितरित मजदूरी का भुगतान (खान) नियम, 1989;
18. भारतीय विद्त नियमावली, 1956, भारतीय विद्त अधिनियम, 2003;
19. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986; (पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986)
20. हानिकारक अपशिष्ट (प्रबंधन और पारगमन गतिविधि) नियम, 2016;
21. जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974; और उसके तहत बनाए गए नियम
22. वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981;
23. लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 और उसके तहत बनाये गये नियम।

अनुलग्नक-IV

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के वित्तीय विवरण पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (बी) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के साथ धारा के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकगण अधिनियम की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप अधिनियम की धारा 143 के साथ 129 (4) के तहत स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणी पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं। यह घोषित किया जाता है कि यह उनके द्वारा 13 जून 2023 की संशोधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 27 अप्रैल, 2023 की उनकी पूर्व लेखा प्रतिवेदन को अधिलंघित करता है ।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की तरफ से, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणी की अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के तहत पूरक लेखा परीक्षा आयोजित की है। यह पूरक लेखा परीक्षा वैधानिक लेखा परीक्षकों के कार्य-पत्रों के बिना स्वतंत्र रूप से किया गया था और मुख्य रूप से वैधानिक लेखा परीक्षकों और कंपनी कर्मियों की पूछताछ और कुछ लेखांकन रिकॉर्ड के चुनिंदा परीक्षण तक सीमित है। पूरक लेखा परीक्षण के मेरे कुछ लेखापरीक्षा अवलोकन को लेखा प्रतिवेदन में सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा संशोधित किया गया है।

इसके अतिरिक्त , मैं अधिनियम की धारा 143 (6) (बी) के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहूंगा जो मुझे दृष्टिगत हुए तथा मेरे विचार से वित्तीय विवरण एवं संबद्ध लेखा-परीक्षण प्रतिवेदन कि बेहतर समझ हेतु आवश्यक हैं।

ए. प्रकटीकरण पर टिप्पणी

ए .1 तुलन-पत्र

ए .1.1 वर्तमान परिसंपत्ति: अन्य वर्तमान देनदारियां (नोट संख्या 11) प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट: ₹ 1455.57 करोड़

भारतीय लेखा मानक - 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, परंतु उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसमें आगे कहा गया है कि एक इकाई को भविष्य के बारे में अपनी धारणाओं और रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों के बारे में जानकारी का प्रकटीकरण करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप वहन राशि में महत्वपूर्ण समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के भीतर संपत्तियों और देनदारियों का हो सकता है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 28 जून 2017 के माध्यम से उन वस्तुओं का विवरण अधिसूचित किया है, जिनके संबंध में अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी, जहां क्रेडिट ऐसी वस्तुओं की आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण इनपुट पर कर की दर जमा हो गई है। उपरोक्त सूची में 'कोयला' का उल्लेख नहीं है।

अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 54(3) के प्रावधानों के अनुसार रिफ़ंड की अनुमति दी जा सकती है, जहां इनपुट पर कर की दर आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण क्रेडिट जमा हो गया है, सिवाय इसके कि जहां माल हो या सेवाओं को परिषद की सिफारिशों पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 09/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 13 जुलाई 2022 के माध्यम से उपरोक्त अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) में संशोधन कर कोयला जोड़ा गया, जिस पर कोई अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट पर किसी प्रकार के रिफ़ंड की अनुमति नहीं दी गई।

सीसीएल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए वसूली योग्य राशि ₹1,455.57 करोड़ दिखाई है, जिसमें से ₹1,273.94 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना से पहले की अवधि से संबंधित है और शेष ₹181.64 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना के बाद की अवधि से संबंधित है, जिस पर सीसीएल रिफ़ंड का दावा करने का पात्र नहीं हैं।

आउटपुट यानी कोयले की बिक्री पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत है जबकि इनपुट पर 18 प्रतिशत कर लगता है, जिसके परिणामस्वरूप इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए प्राप्य राशि जमा हो जाती है। सीसीएल ने वर्ष 2018-19 के लिए 61.96 करोड़ रुपये के रिफ़ंड के लिए आवेदन किया है। हालाँकि, सहायक चालान/दस्तावेजों की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए कर अधिकारियों द्वारा इसे अस्वीकार कर दिया गया है और उचित दस्तावेजों के साथ नया दावा प्रस्तुत करने की भी सलाह दी गई है। सीसीएल द्वारा रिफ़ंड के लिए कोई और दावा दायर नहीं किया गया। हालाँकि, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए जीएसटी अधिनियम के

तहत कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है, यह ध्यान देने योग्य है कि इनपुट और आउटपुट टैक्स की दर में महत्वपूर्ण अंतर के कारण, सीसीएल पिछले वर्षों के टैक्स क्रेडिट को समायोजित करने में असमर्थ है और टैक्स क्रेडिट है समय के साथ बढ़ रहा है। इसके अलावा, सीसीएल द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के रिफ़ंड/संचय का मामला उच्च अधिकारियों के साथ नहीं उठाया गया है। हालाँकि, इसे नियंत्रक कंपनी कोल इंडिया ने उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है।

न तो सीसीएल और न ही सांविधिक लेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में इनपुट टैक्स क्रेडिट को आगे ले जाने के लिए उपर्युक्त तथ्यों और उनके स्पष्टीकरणों को प्रकट किया है तथा वित्तीय विवरणी/लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उपर्युक्त तथ्यों को प्रकट किया गया है, जो भारतीय लेखा मानक-01 का उल्लंघन है। वैसे तथ्यों को प्रकट न करने से जो वित्तीय विवरणी के उपयोगकर्ताओं के सुविज्ञ निर्णय के लिए अभिन्न हैं के परिणामस्वरूप प्रकटीकरण आवश्यकताओं में त्रुटि आयी है।

ए.1.2. स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन: ₹ 3,639.59 करोड़ (नोट 21)

भारतीय लेखा मानक – 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, लेकिन उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि जब कोई इकाई भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताओं से हटती है तो उसे यह प्रकट करना होता है कि उसने लागू भारतीय लेखा मानक का अनुपालन किया है, सिवाय इसके कि वह सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए किसी विशेष आवश्यकता से हट गई है ।

भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) ने 2017 में एकरूपता, यथोचित सटीकता के साथ ओवरबर्डन हटाने की लागत (ओबीआर) निर्धारित करने, सिद्धांतों में संगतता लाने के लिए लागत लेखा मानक-23 (सीएएस-23) जारी किया। सीएएस-23 ओबीआर मूल्यांकन के विभिन्न प्रमुख घटकों को परिभाषित करते समय एडवांस स्ट्रिपिंग की कार्यप्रणाली को भी परिभाषित करता है ।

साथ ही, भारतीय लेखा मानक -16 में कहा गया है कि स्ट्रिपिंग गतिविधि को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और अपेक्षित उपयोगी जीवनावधि के आधार पर व्यवस्थित मूल्यह्रास या परिशोधन किया जाना चाहिए।

स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन से संबंधित कंपनी की लेखांकन नीति यह निर्धारित करती है कि एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की निर्धारित क्षमता वाली खदानों में, खदानों को राजस्वित करने के उपरांत स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्तियों और अनुपात भिन्नता खाते का समायोजन करते हुए स्ट्रिपिंग की लागत प्रत्येक खदान पर तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी: कोयला) के आधार चार्ज पर की जाती है। तुलन-पत्र में स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट तथा अनुपात भिन्नता के निबल शेष को गैर-वर्तमान प्रावधान/(अन्य गैर-चालू संपत्ति जैसा भी मामला हो) के तहत स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एडजस्टमेंट प्रदर्शित किया गया है ।

कंपनी द्वारा अपनाई गई ओबीआर पर उपरोक्त नीति भारतीय लेखा मानक -16 (परिशिष्ट बी) के प्रावधानों के अनुपालन में नहीं है। इसके अलावा, सीसीएल की परियोजनाओं ने एडवांस स्ट्रिपिंग की गणना करते समय विभिन्न तरीकों को अपनाया, जो कि सीएएस-23 के प्रावधानों का अपालन है ।

सीसीएल ने भारतीय लेखा मानक -16 के साथ-साथ सीएएस-23 के प्रावधानों के संदर्भ में उपरोक्त लेखांकन नीति की कभी समीक्षा नहीं की थी। साथ ही, ओबीआर मूल्यांकन की वर्तमान प्रणाली को जारी रखने का स्पष्टीकरण सीएएस-23 और भारतीय लेखा मानक -16 के विचलन में अथवा प्रावधान में है और उन खातों में उक्त का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जो भारतीय लेखा मानक -01 का अपालन है।

कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से

ह /-

(अतुल प्रकाश)
प्रधान लेखापरीक्षा निदेशक (कोयला)
कोलकाता

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 30 जून 2023

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (बी) के साथ धारा 129 (4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार 31 मार्च ,2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के साथ धारा के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकगण अधिनियम की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप अधिनियम की धारा 143 के साथ 129 (4) के तहत स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणी पर राय व्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं। यह घोषित किया जाता है कि यह उनके द्वारा 13 जून, 2023 की संशोधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 27 अप्रैल,2023 के उनके पूर्व लेखा प्रतिवेदन को अधिलंघित करता है ।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की तरफ से, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के समेकित वित्तीय विवरणी की अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के साथ अधिनियम की धारा 129(4) के तहत पूरक लेखा परीक्षा आयोजित की है। उक्त तारीख को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनी झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड के वित्तीय विवरणी का पूरक लेखापरिक्षण किया। यह पूरक लेखा परीक्षा वैधानिक लेखा परीक्षकों के कार्य -पत्रों के बिना स्वतंत्र रूप से किया गया था और मुख्य रूप से वैधानिक लेखा परीक्षकों और कंपनी कर्मियों की पूछताछ और कुछ लेखांकन रिकॉर्ड के चुनिंदा परीक्षण तक सीमित है। पूरक लेखा परीक्षण के मेरे कुछ लेखापरीक्षा अवलोकन को लेखा प्रतिवेदन में सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा संशोधित किया गया है।

इसके अतिरिक्त , मैं अधिनियम की धारा 143 (6) (बी) के साथ अधिनियम की धारा 129 (4) के अंतर्गत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहूंगा जो मुझे दृष्टिगत हुए तथा मेरे विचार से समेकित समेकित समेकित समेकित समेकित वित्तीय विवरण एवं संबद्ध लेखा-परीक्षण प्रतिवेदन की बेहतर समझ हेतु आवश्यक हैं ।

ए. प्रकटीकरण पर टिप्पणी

ए .1 तुलन-पत्र

ए.1.1 वर्तमान संपत्ति: अन्य वर्तमान संपत्ति (नोट 11) प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट: 1,481.70 करोड़

भारतीय लेखा मानक - 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, परंतु उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसमें आगे कहा गया है कि एक इकाई को भविष्य के बारे में अपनी धारणाओं और रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों के बारे में जानकारी का प्रकटीकरण करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप वहन राशि में महत्वपूर्ण समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के भीतर संपत्तियों और देनदारियों का हो सकता है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 28 जून 2017 के माध्यम से उन वस्तुओं का विवरण अधिसूचित किया, जिनके संबंध में अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी, जहां क्रेडिट ऐसी वस्तुओं की आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण इनपुट पर कर की दर जमा हो गई है। उपरोक्त सूची में 'कोयला' का नाम नहीं था।

अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 54(3) के प्रावधानों के अनुसार रिफ़ंड के रूप में अनुमति दी जा सकती है, जहां इनपुट पर कर की दर आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण क्रेडिट जमा हो गया है, सिवाय इसके कि जहां माल हो या सेवाओं को परिषद की सिफारिशों पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है । इसके अलावा, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है ।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 09/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 13 जुलाई 2022 के माध्यम से उपरोक्त अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) में संशोधन किया और कोयला डाला, जिस पर कोई अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी की अनुमति दी जानी थी ।

सीसीएल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए वसूली योग्य राशि ₹ 1,455.57 करोड़ दिखाई है, जिसमें से ₹ 1,273.94 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना से पहले की अवधि से संबंधित है और शेष ₹ 181.64 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना के बाद की अवधि से संबंधित है, जिस पर सीसीएल है। रिफ़ंड का दावा करने के लिए पात्र नहीं हैं।

आउटपुट यानी कोयले की बिक्री पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत है जबकि इनपुट पर 18 प्रतिशत कर लगता है, जिसके परिणामस्वरूप इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए प्राप्य राशि जमा हो जाती है। सीसीएल ने वर्ष 2018-19 के लिए 61.96 करोड़ रुपये के रिफ़ंड के लिए आवेदन किया है. हालाँकि, सहायक चालान/ दस्तावेजों की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए कर अधिकारियों द्वारा इसे अस्वीकार कर दिया गया है और उचित दस्तावेजों के साथ नया दावा प्रस्तुत करने की भी सलाह दी गई है। सीसीएल द्वारा रिफ़ंड के लिए कोई और दावा दायर नहीं किया गया। हालाँकि, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए जीएसटी अधिनियम के तहत कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है, यह ध्यान देने योग्य है कि इनपुट और आउटपुट टैक्स की दर में महत्वपूर्ण अंतर के कारण, सीसीएल पिछले वर्षों के टैक्स क्रेडिट को समायोजित करने में असमर्थ है और टैक्स क्रेडिट है समय के साथ बढ़ रहा है. इसके अलावा, सीसीएल द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के रिफ़ंड/संचय का मामला उच्च अधिकारियों के साथ नहीं उठाया गया है। हालाँकि,

इसे नियंत्रक कंपनी कोल इंडिया ने उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया है।

न तो सीसीएल और न ही सांविधिक लेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में इनपुट टैक्स क्रेडिट को आगे ले जाने के लिए उपर्युक्त तथ्यों और उनके स्पष्टीकरणों को प्रकट किया है तथा वित्तीय विवरणी/लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उपर्युक्त तथ्यों को प्रकट किया गया है, जो भारतीय लेखा मानक-01 का उल्लंघन है। वैसे तथ्यों को प्रकट न करने से जो वित्तीय विवरणी के उपयोगकर्ताओं के सुविज्ञ निर्णय के लिए अभिन्न हैं के परिणामस्वरूप प्रकटीकरण आवश्यकताओं में त्रुटि आयी है।

ए. 1.2. स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन: ₹ 3,639.59 करोड़ (नोट 21)

भारतीय लेखा मानक – 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, लेकिन उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि जब कोई इकाई भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताओं से हटती है तो उसे यह प्रकट करना होता है कि उसने लागू भारतीय लेखा मानक का अनुपालन किया है, सिवाय इसके कि वह सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए किसी विशेष आवश्यकता से हट गई है ।

भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) ने 2017 में एकरूपता, यथोचित सटीकता के साथ ओवरबर्डन हटाने की लागत (ओबीआर) निर्धारित करने, सिद्धांतों में संगतता लाने के लिए लागत लेखा मानक-23 (सीएएस-23) जारी किया। सीएएस-23 ओबीआर मूल्यांकन के विभिन्न प्रमुख घटकों को परिभाषित करते समय एडवांस स्ट्रिपिंग की कार्यप्रणाली को भी परिभाषित करता है ।

साथ ही, भारतीय लेखा मानक -16 में कहा गया है कि स्ट्रिपिंग गतिविधि को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और अपेक्षित उपयोगी जीवनावधि के आधार पर व्यवस्थित मूल्यह्रास या परिशोधन किया जाना चाहिए।

स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन से संबंधित कंपनी की लेखांकन नीति यह निर्धारित करती है कि एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की निर्धारित क्षमता वाली खदानों में, खदानों को राजस्वित करने के उपरांत स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्तियों और अनुपात भिन्नता खाते का समायोजन करते हुए स्ट्रिपिंग की लागत प्रत्येक खदान पर तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी: कोयला) के आधार चार्ज पर की जाती है। तुलन-पत्र में स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट तथा अनुपात भिन्नता के निबल शेष को गैर-वर्तमान प्रावधान/(अन्य गैर-चालू संपत्ति जैसा भी मामला हो) के तहत स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एडजस्टमेंट प्रदर्शित किया गया है ।

कंपनी द्वारा अपनाई गई ओबीआर पर उपरोक्त नीति भारतीय लेखा मानक -16 (परिशिष्ट बी) के प्रावधानों के अनुपालन में नहीं है। इसके अलावा, सीसीएल की परियोजनाओं ने एडवांस स्ट्रिपिंग की गणना करते समय विभिन्न तरीकों को अपनाया, जो सीएएस-23 के प्रावधानों का अपालन है ।

सीसीएल ने भारतीय लेखा मानक -16 के साथ-साथ सीएएस-23 के प्रावधानों के संदर्भ में उपरोक्त लेखांकन नीति की कभी समीक्षा नहीं की थी। साथ ही, ओबीआर मूल्यांकन की वर्तमान प्रणाली को जारी रखने का स्पष्टीकरण सीएएस-23 और भारतीय लेखा मानक-16 के विचलन में अथवा प्रावधान में है और उन खातों में उक्त का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जो भारतीय लेखा मानक -01 का अपालन है।

ए.2. नोट -38 - वित्तीय विवरण के लिए अतिरिक्त नोट्स

भारतीय लेखा मानक - 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, परंतु उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसमें आगे कहा गया है कि एक इकाई को भविष्य के बारे में अपनी धारणाओं और रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों के बारे में जानकारी का प्रकटीकरण करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप वहन राशि में महत्वपूर्ण समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के भीतर संपत्तियों और देनदारियों का हो सकता है।

झारखंड सरकार द्वारा 61.44 हेक्टेयर भूमि को झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) को हस्तांतरित करने के लिए जनवरी 2022 में 216.55 करोड़ रुपये की मांग की गई है। जेसीआरएल के प्रबंधन ने तर्क दिया (जुलाई 2022) कि उठाई गई मांग कृषि भूमि के स्थान पर व्यावसायिक भूमि कीउच्च दर पर आधारित थी। हालांकि, इस मुद्दे पर राज्य सरकार और कोयला मंत्रालय के विभिन्न स्तरों पर चर्चा की गई है। हालांकि, मार्च 2023 तक अनसुलझा रहा। भूमि के मूल्य निर्धारण के संबंध में मामले का समाधान होने पर भूमि का कब्ज़ा प्राप्त करने के लिए झारखंड सरकार को भुगतान किया जाएगा। हालाँकि, मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणी में इस मुद्दे का प्रकट नहीं किया गया है । वित्तीय विवरणी में इस मुद्दे का प्रकट न करना भारतीय लेखा मानक -01 का उल्लंघन है।

कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से

ह /-

(अतुल प्रकाश)
प्रधान लेखापरीक्षा निदेशक (कोयला)
कोलकाता

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 30 जून 2023

अनुलग्नक -A

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर

स्टैंडअलोन

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	प्रबंधन का उत्तर
ए.1 तुलन-पत्र **ए .1.1 वर्तमान संपत्ति: अन्य वर्तमान संपत्ति (नोट 11) प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट: 1,455.57 करोड़** भारतीय लेखा मानक - 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, परंतु उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसमें आगे कहा गया है कि एक इकाई को भविष्य के बारे में अपनी धारणाओं और रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अनुमान अनिश्चितता के अन्य प्रमुख स्रोतों के बारे में जानकारी का प्रकटीकरण करना होगा, जिसके परिणामस्वरूप वहन राशि में महत्वपूर्ण समायोजन अगले वित्तीय वर्ष के भीतर संपत्तियों और देनदारियों का हो सकता है। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 28 जून 2017 के माध्यम से उन वस्तुओं का विवरण अधिसूचित किया है, जिनके संबंध में अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी, जहां क्रेडिट ऐसी वस्तुओं की आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण इनपुट पर कर की दर जमा हो गई है। उपरोक्त सूची में 'कोयला' का उल्लेख नहीं है। अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 54(3) के प्रावधानों के अनुसार रिफ़ंड की अनुमति दी जा सकती है, जहां इनपुट पर कर की दर आउटपुट आपूर्ति पर कर की दर से अधिक होने के कारण क्रेडिट जमा हो गया है, सिवाय इसके कि जहां माल हो या सेवाओं को परिषद की सिफारिशों पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 09/2017-केंद्रीय कर (दर) दिनांक 13 जुलाई 2022 के माध्यम से उपरोक्त अधिसूचना संख्या 5/2017-केंद्रीय कर (दर) में संशोधन कर कोयला जोड़ा गया, जिस पर कोई अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट पर किसी प्रकार के रिफ़ंड की अनुमति नहीं दी गई।	बही-खातों में प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट-जीएसटी (आईटीसी - जीएसटी) को प्रतिलब्धि के रूप आगे ले जाना आंतरिक और बाहरी दोनों कारकों - कोयला मूल्य संशोधन, भविष्य में मात्रा में वृद्धि, कोयले पर जीएसटी दर में परिवर्तन, मुआवजा सेस पर भविष्यगत निर्णय, रॉयल्टी पर मुकदमेबाजी, अन्य व्यावसायिक कारकों, विविधीकरण तथा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटस ऑफ इंडिया की विशेषज्ञ सलाहकार समिति के मत में विहित यथोचित कालक्रम पर निर्भर है। आईटीसी - जीएसटी संचय की वर्तमान प्रवृत्ति में ह्रास की प्रवृत्ति दृष्टिगत हुई है तथा भविष्य में और अधिक कम होने की प्रत्याशा है। इसके अलावा, जीएसटी को भारत में वर्ष 2017 में लागू किया गया है और उद्योग के समग्र विस्तार एवं चल रहे व्यापार अवधारणा को ध्यान में रखते हुए, उद्योग के दृष्टिकोण से भविष्य में पर्याप्त समय बचा है। इसलिए, उक्त मामले में तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए यथोचित कालक्रम व्यतीत होना वर्तमान में शेष है। उक्त मामले में, नियम 89 (5) इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के मामले में आईटीसी के वांछित प्रतिपूर्ति की गणना का सूत्र निर्धारित करता है। जीएसटी के सूत्रपात से लेकर जुलाई 2022 तक रिफ़ंड केवल इनपुट वस्तुओं पर आईटीसी के लिए उपलब्ध था। हालाँकि, अधिसूचना संख्या 14/2022 द्वारा इनपुट सेवाओं को सम्मिलित करने हेतु इसका संशोधन किया गया। इसके अलावा, यह भी अधिसूचित किया गया है कि कोयला उद्योग अप्रयुक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट की वापसी के लिए अयोग्य होगा, जहां क्रेडिट अधिसूचना संख्या 09/2022 के माध्यम से इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण जमा हुआ है। ऐसे परिदृश्य में, कोयला उद्योग के लिए किसी भी रिफ़ंड की संभावना बहुत कम है।

सीसीएल ने इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए वसूली योग्य राशि ₹1,455.57 करोड़ दिखाई है, जिसमें से ₹1,273.94 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना से पहले की अवधि से संबंधित है और शेष ₹181.64 करोड़ जुलाई 2022 की अधिसूचना के बाद की अवधि से संबंधित है, जिस पर सीसीएल रिफ़ंड का दावा करने का पात्र नहीं हैं।

आउटपुट यानी कोयले की बिक्री पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत है जबकि इनपुट पर 18 प्रतिशत कर लगता है, जिसके परिणामस्वरूप इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए प्राप्य राशि जमा हो जाती है। सीसीएल ने वर्ष 2018-19 के लिए 61.96 करोड़ रुपये के रिफ़ंड के लिए आवेदन किया है। हालाँकि, सहायक चालान/दस्तावेजों की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए कर अधिकारियों द्वारा इसे अस्वीकार कर दिया गया है और उचित दस्तावेजों के साथ नया दावा प्रस्तुत करने की भी सलाह दी गई है। सीसीएल द्वारा रिफ़ंड के लिए कोई और दावा दायर नहीं किया गया। हालाँकि, इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग के लिए जीएसटी अधिनियम के तहत कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है, यह ध्यान देने योग्य है कि इनपुट और आउटपुट टैक्स की दर में महत्वपूर्ण अंतर के कारण, सीसीएल पिछले वर्षों के टैक्स क्रेडिट को समायोजित करने में असमर्थ है और टैक्स क्रेडिट है समय के साथ बढ़ रहा है। इसके अलावा, सीसीएल द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट के रिफ़ंड/संचय का मामला उच्च अधिकारियों के साथ नहीं उठाया गया है। हालाँकि, इसे नियंत्रक कंपनी कोल इंडिया ने उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है।

न तो सीसीएल और न ही सांविधिक लेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में इनपुट टैक्स क्रेडिट को आगे ले जाने के लिए उपर्युक्त तथ्यों और उनके स्पष्टीकरणों को प्रकट किया है तथा वित्तीय विवरणी/लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में उपर्युक्त तथ्यों को प्रकट किया गया है, जो भारतीय लेखा मानक-01 का उल्लंघन है। वैसे तथ्यों को प्रकट न करने से जो वित्तीय विवरणी के उपयोगकर्ताओं के सुविज्ञ निर्णय के लिए अभिन्न हैं के परिणामस्वरूप प्रकटीकरण आवश्यकताओं में त्रुटि आयी है।

उक्त घटना के प्रकटीकरण के संबंध में, निम्नलिखित ध्यान देने योग्य हैं; भारतीय लेखा मानक-1 'वित्तीय विवरणी की प्रस्तुति' का उद्देश्य सामान्य-उद्देश्य वित्तीय विवरणी की प्रस्तुति के लिए आधार निर्धारित करना है ताकि पिछली अवधि में इकाई की वित्तीय विवरणी तथा अन्य इकाइयों की वित्तीय विवरणी के साथ तुलनात्मकता सुनिश्चित की जा सके। यह वित्तीय विवरणी की प्रस्तुति के लिए समग्र आवश्यकताओं, उनकी संरचना के दिशानिर्देश और उनकी सामग्री के लिए न्यूनतम आवश्यकताओं को निर्धारित करता है। अतः, भारतीय लेखा मानक-1 वित्तीय विवरणी की तैयारी और प्रस्तुति के लिए न्यूनतम आवश्यकताएं स्थापित करता है।

इसके अलावा, भारतीय लेखा मानक-1 की धारा 48 में निर्दिष्ट करती है कि यह मानक कभी-कभी वित्तीय विवरणी में प्रस्तुत वस्तुओं को शामिल करते हुए व्यापक अर्थ में 'प्रकटीकरण' शब्द का उपयोग करता है। अन्य भारतीय लेखा मानक द्वारा भी प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है। जब तक इस मानक या किसी अन्य भारतीय लेखा मानक में इसके विपरीत निर्दिष्ट न किया जाए, ऐसे प्रकटीकरण वित्तीय विवरणी में किए जा सकते हैं।

इसके अलावा, "भारतीय लेखा मानक के अनुसार वित्तीय विवरणी की तैयारी और प्रस्तुति के लिए रूपरेखा, इसके खंड 44 से 45 में कहा गया है कि सूचना/संवाद पर समयबद्धता, लाभ और लागत के बीच संतुलन, गुणात्मक विशेषताओं के बीच संतुलन जैसी बाधाएं हैं।(अर्थात अत्यधिक प्रकटीकरण)।

उपरोक्त मामले में, यह अग्रेत्तर यह प्रस्तुत किया गया है कि इनपुट टैक्स क्रेडिट को आगे ले जाने के मामले में विशिष्ट प्रकटीकरण करने के लिए लागू भारतीय लेखा मानक के तहत कोई विशिष्ट आवश्यकता नहीं है। इसलिए, यही घटना वित्तीय विवरण में शामिल किए जाने वाले अन्य स्वैच्छिक प्रकटीकरण के अंतर्गत आती है। चूंकि, उक्त विषय वस्तु में अन्य प्रासंगिक जानकारी पहले से ही बाजार में है यानी उद्योग की जानकारी, वैधानिक प्रावधान और अन्य प्लेटफॉर्म, उक्त मामले में कोई भी विशिष्ट चर्चा वित्तीय विवरणी में नहीं की गई है। फिर भी, जैसा कि कैग की लेखा-परीक्षा टीम द्वारा इसका विशेष अवलोकन किया गया है, भविष्य के वित्तीय विवरणी में उक्त का अनुपालन किया जाएगा।

ए.1.2. स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन: ₹ 3,639.59 करोड़ (नोट 21)

भारतीय लेखा मानक – 01 के अनुसार, एक इकाई को वह जानकारी प्रदान करनी होती है जो वित्तीय विवरणी में कहीं और प्रस्तुत नहीं की गई है, लेकिन उनमें से किसी की भी समझ के लिए प्रासंगिक है। इसके अलावा, इसमें कहा गया है कि जब कोई इकाई भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताओं से हटती है तो उसे यह प्रकट करना होता है कि उसने लागू भारतीय लेखा मानक का अनुपालन किया है, सिवाय इसके कि वह सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए किसी विशेष आवश्यकता से हट गई है ।

भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) ने 2017 में एकरूपता, यथोचित सटीकता के साथ ओवरबर्डन हटाने की लागत (ओबीआर) निर्धारित करने, सिद्धांतों में संगतता लाने के लिए लागत लेखा मानक-23 (सीएएस-23) जारी किया। सीएएस-23 ओबीआर मूल्यांकन के विभिन्न प्रमुख घटकों को परिभाषित करते समय एडवांस स्ट्रिपिंग की कार्यप्रणाली को भी परिभाषित करता है ।

साथ ही, भारतीय लेखा मानक -16 में कहा गया है कि स्ट्रिपिंग गतिविधि को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और अपेक्षित उपयोगी जीवनावधि के आधार पर व्यवस्थित मूल्यह्रास या परिशोधन किया जाना चाहिए।

स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन से संबंधित कंपनी की लेखांकन नीति यह निर्धारित करती है कि एक मिलियन टन प्रति वर्ष और उससे अधिक की निर्धारित क्षमता वाली खदानों में, खदानों को राजस्वित करने के उपरांत स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्तियों और अनुपात भिन्नता खाते का समायोजन करते हुए स्ट्रिपिंग की लागत प्रत्येक खदान पर तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी: कोयला) के आधार चार्ज पर की जाती है। तुलन-पत्र में स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट तथा अनुपात भिन्नता के निबल शेष को गैर-वर्तमान प्रावधान/(अन्य गैर-चालू संपत्ति जैसा भी मामला हो) के तहत स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एडजस्टमेंट प्रदर्शित किया गया है ।

कंपनी द्वारा अपनाई गई ओबीआर पर उपरोक्त नीति भारतीय लेखा मानक -16 (परिशिष्ट बी) के प्रावधानों के अनुपालन में नहीं है। इसके अलावा, सीसीएल की परियोजनाओं ने एडवांस स्ट्रिपिंग की गणना करते समय विभिन्न तरीकों को अपनाया, जो कि सीएएस-23 के प्रावधानों का अपालन है ।

सीसीएल ने भारतीय लेखा मानक -16 के साथ-साथ सीएएस-23 के प्रावधानों के संदर्भ में उपरोक्त लेखांकन नीति की कभी समीक्षा नहीं की थी। साथ ही, ओबीआर मूल्यांकन की वर्तमान प्रणाली को जारी रखने का स्पष्टीकरण सीएएस-23 और भारतीय लेखा मानक -16 के विचलन में अथवा प्रावधान में है और उन खातों में उक्त का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जो भारतीय लेखा मानक -01 का अपालन है।

भारतीय लेखा मानक 1 वित्तीय विवरणी की प्रस्तुति के लिए न्यूनतम आवश्यकताएं स्थापित करता है। यह सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए वित्तीय विवरणी की टिप्पणी में प्रकटीकरण के लिए न्यूनतम आवश्यकताओं को भी निर्दिष्ट करता है।

भारतीय लेखा मानक 1 का पैरा 20 प्रकटीकरण आवश्यकता से संबंधित है जब कोई इकाई भारतीय लेखा मानक की आवश्यकता से बाहर निकलती है यानी जब प्रबंधन यह निष्कर्ष निकालता है कि, भारतीय लेखा मानक में आवश्यकता का अनुपालन इतना भ्रामक होगा कि यह फ्रेमवर्क में निर्धारित वित्तीय विवरणी के उद्देश्य के विरूद्ध होगा।

जहां तक सीएएस (अर्थात लागत लेखा मानक) 23 के अपालन का संबंध में है, कृपया भारतीय लेखा मानक-1 के पैरा 20 का संदर्भ लिया जाए, जिसमें विशेष रूप से यह कहा गया है कि लागत लेखा मानक के बजाय भारतीय लेखा मानक की आवश्यकता का अनुपालन न किए जाने का प्रकटीकरण किया जाना अपेक्षित है। इसके अलावा, वित्तीय विवरण तैयार करने में सीएएस की कोई प्रयोज्यता नहीं है और इसकी अंतर्निहित प्रकृति के कारण, लागत विवरण/लागत लेखांकन रिकॉर्ड तैयार करने में सीएएस का अनुपालन किया जाना है।

भारतीय लेखा मानक 16 के परिशिष्ट बी के प्रावधानों के संबंध में, यह ध्यान दिया जा सकता है कि सतही खदान के उत्पादन में स्ट्रिपिंग लागत के लेखांकन से संबंधित है तथा दायित्व के रूप में अनुपात भिन्नता को छोड़कर केवल परिसंपत्ति के निर्माण का निर्धारण करता है अर्थात केवल अनुकूल खनन परिस्थिति। उक्त मामले में सभी प्रासंगिक जानकारी संबंधित लेखांकन नीति यानी स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन में उपयुक्त रूप से तथा उचित रूप से प्रकट की गई है। इस प्रकार, उक्त विषय वस्तु में लागू भारतीय लेखांकन मानक-16 से कोई अपालन या विचलन नहीं है।

समेकित

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ	प्रबंधन का उत्तर
ए .1 तुलन-पत्र **ए.1.1 वर्तमान संपत्ति: अन्य वर्तमान संपत्ति (नोट 11)** **प्राप्य इनपुट टैक्स क्रेडिट: 1481.70 करोड़**	
(iii)	विद्त अधीक्षण अभियंता विद्त आपूर्ति मंडल, हजारीबाग द्वारा निर्गत लोड स्वीकृति आदेश संख्या 1957/ईएसई(एस) हज़ारीबाग़ दिनांक 22.11.2019 एवं 1955/ईएसई(एस) हज़ारीबाग दिनांक 22.11.2019 के अनुपालन में सहायक विद्त अभियंता, विद्त आपूर्ति उपकेंद्र चतरा जेबीवीएनएल	आम्रपाली खुली खदान परियोजना, आम्रपाली एवं चन्द्रगुप्त क्षेत्र	0.54
(iv)	विद्त अधीक्षक अभियंता विद्त आपूर्ति मंडल, डाल्टनगंज द्वारा निर्गत लोड स्वीकृति आदेश संख्या 2259/ईएससी डालटनगंज दिनांक 28.11.2019 के अनुपालन में सहायक विद्त अभियंता, विद्त आपूर्ति उपकेंद्र चतरा जेबीवीएनएल	मगध खुली खदान परियोजना, मगध एवं संघमित्र क्षेत्र	0.27
(v)	निवारण योजना एवं प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के क्रियान्वयन के अनुपालन में सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	कथारा खुली खदान परियोजना, कथारा क्षेत्र	20.33

7.6 आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 206 (सी) के अंतर्गत आयकर विभाग की मांग के विरुद्ध ₹106.56 करोड़ रुपये की राशि के लिए, विभाग ने कंपनी के बैंक खाते को जोड़कर ₹71.79 करोड़ एकत्र किए हैं और कंपनी द्वारा शेष राशि 34.77 करोड़ जमा किया गया है। बदले में कंपनी ने ग्राहकों से तुलन पत्र की तारीख तक ₹77.53 करोड़ रुपये वसूले हैं एवं ₹27.99 करोड़ रुपये की शेष राशि वसूली की प्रक्रिया में है।

इसके परिणामस्वरूप, मामले का निपटारा सीआईटी (ए) द्वारा किया गया तथा सीआईटी (ए) द्वारा जारी आदेश स्पष्ट नहीं होने के कारण सीसीएल ने उक्त आदेश के विरुद्ध आईटीएटी के समक्ष एक अपील दायर की है । आईटीएटी ने दिनांक 23.01.2023 के अपने आदेश में सीसीएल के पक्ष में फैसला सुनाया है एवं सीसीएल द्वारा उठाए गए सभी मामलों पर सहमती दर्शायी है ।

7.7 सीसीएल अपने एवं सेल/आरआईएनएल के बीच तय किए गए समझौता ज्ञापन में पारस्परिक रूप से सहमत मूल्य पर मेसर्स सेल तथा आरआईएनएल को वॉश्ड मीडियम कोकिंग कोल (डब्ल्यूएमसीसी)की आपूर्ति करता है, जिसमें सीसीएल तथा सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड)/आरआईएनएल (राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, जिसे वाईज़ैग स्टील भी कहा जाता है) के प्रतिनिधियों ने विधिवत हस्ताक्षर किया है । इस प्रकार के अंतिम निष्पादित समझौता ज्ञापन वित्त वर्ष 2016-17 हेतु अर्थात 31.03.2017 तक की तिथि तक मान्य था तथा वित्त वर्ष 2016-17 के लिए लागू मूल्य ₹ 5,780/- प्रति टन था। सीआईएल (कोल इंडिया लिमिटेड) के निर्देशानुसार, सीसीएल ने सरकार की नई कोयला वितरण नीति (एनसीडीपी) द्वारा परिकल्पित आयात समानता के सिद्धांत पर विचार करते हुए वॉश्ड मीडियम कोकिंग कोल का मूल्य अधिसूचित/तय किया है । हालाँकि, सेल और आरआईएनएल दोनों ने तय किए गए मूल्य के विपरीत एकतरफा मूल्य संशोधन करने के मामले में अपनी चिंता व्यक्त की है । तदनुसार, कई बार विचार-विमर्श समेत अनेकों पत्रों का आदान-प्रदान हो चुका है, परंतु उक्त मामले में अभी तक कोई आम सहमति नहीं बन पाई है। हालाँकि, उक्त मामले में कई दौर के चर्चा उपरांत दिनांक 28.07.2018 से ₹ 6,500/- प्रति टन की दर पर मूल्य को लागू किया गया । तत्पश्चात, एक स्वतंत्र एजेंसी की सिफारिश पर आयात समता मूल्य को लागू करने पर सहमति हुई। हालाँकि उक्त मामले में वर्तमान तिथि तक कोई विशेष प्रगति नहीं हो पाई है।

7.8 सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार ने अपने पत्र संख्या. 5/Sa.Bhu (CCL) Ramgarh- 303/2012-519 (5)/Ra. दिनांक 07.02.2020 द्वारा अध्यक्ष को कोल इंडिया लिमिटेड ने सीसीएल के कमान क्षेत्र अंतर्गत 36179.30 एकड़ सरकारी भूमि के विरूद्ध 26218.15 करोड़ रुपये की मांग की है। मांग में पट्टा अवधि के लिए भूमि की पट्टा बंदोबस्ती के रूप में किराया, उपकर और सलामी शामिल है।

सीसीएल द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सीबीए (ए-डी) अधिनियम, 1957 की धारा 9(1) के तहत भूमि का अधिग्रहण किया जाता है और सीबीए (ए एंड डी) अधिनियम, 1957 की धारा 12 के अंतर्गत भौतिक कब्जा लिया जाता है जो सभी

भारों से मुक्त है। तदनुसार,कंपनी कोयला धारित क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 13(5) के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी झारखंड सरकार को सरकारी भूमि के विरुद्ध ग्रामीण कृषि भूमि के वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजे का भुगतान करने के लिए सहमत है। वर्तमान में ग्रामीण कृषि दर के आधार पर भूमि मुआवजे के लिए 5,392.75 एकड़ सरकारी भूमि के लिए 778.62 करोड़ रुपये की संभावित देनदारी आती है जो जिला अधिकारियों द्वारा सत्यापन के अधीन और सीसीएल ने 1990.77 करोड़ रुपये का तदर्थ भुगतान जारी किया।778.62 करोड़ रुपये की संभावित देनदारी, को पीपीई के तहत अन्य भूमि के रूप में पूंजीकृत किया गया है (वित्तीय विवरणों के नोट -03 देखें)।

7.9 रेलिगारा खुली खदान, लाईयो - झारखंड खुली खदान के संबंध में सीटीओ और सीटीई की लंबित मंजूरी के चलते, ओबीआर लेखांकन को संशोधित स्ट्रिपिंग अनुपात के अनुसार नहीं माना गया और चूँकि, केदला खुली खदान परियोजना में उत्पादन नहीं होती है इसलिए वहां के अधिभार निष्कासन का लेखा-जोखा नहीं किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 को देय खदानों के स्ट्रिपिंग अनुपात में संशोधन का कार्य प्रबंधन द्वारा किया गया है तथा इस प्रकार के संशोधन का तकनीकी मूल्याकन वर्तमान स्थिति में प्रक्रियाधीन है।

7.10 कंपनी द्वारा लगाए गए 0 से 3 किमी के लीड रेंज के लिए भूतल परिवहन शुल्क, एनटीपीसी के कुछ संयंत्रों द्वारा विवादित है। विवाद के समाधान के लिए सीसीएल ने कोल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से एएमआरसीडी में मामले को स्थानांतरित कर दिया है। कोल इंडिया ने अपने पत्र संख्या सीआईएल/एमएंडएस/22-23/389 दिनांक 10.10.2022 के माध्यम से कोयला मंत्रालय के समक्ष एएमआरसीडी की बैठक यथाशीघ्र आयोजित करने के है। चूंकि मामला एएमआरसीडी के पास लंबित है, इसलिए 1.94 करोड़ की विवादित राशि के लिए किसी प्रावधान पर विचार नहीं किया गया है।

7.11 सीसीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अंतरिम लाभांश के रूप में 600.66 करोड़ रुपये का भुगतान किया है (पीवाई 2021-22 अंतरिम लाभांश के रूप में 404.20 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 423.00 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है)। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 423.00 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव रखा,जिसे वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदन पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मालिकों को वितरण के रूप में मान्यता दी जाएगी। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रति शेयर लाभांश अंतरिम लाभांश के लिए 639/- रुपये और प्रस्तावित अंतिम लाभांश के लिए 450/- रुपये, कुल 1089/- प्रति शेयर है।(विगत वर्ष अंतरिम लाभांश प्रति शेयर ₹ 430/- और ₹ 450/- प्रति शेयर लाभांश, कुल ₹ 880/- प्रति शेयर)।

अन्य

i. जहां आवश्यक समझे गए हैं, पिछले वर्ष के आंकड़े को फिर से व्यवस्थित और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

ii. नोट नंबर 3 से 38 में पिछले वर्ष के आंकड़े कोष्ठक में हैं।

iii. टिप्पणी-1 और 2 क्रमशः कॉर्पोरेट सूचना और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, 31 मार्च, 2023 तक तुलन पत्र के भाग 3 से 23 तक के हिस्से हैं एवं उस तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि के विवरण का टिप्पणी 24 से 37 के हिस्से हैं। टिप्पणी- 38 वित्तीय विवरणों में अतिरिक्त टिप्पणियों का प्रतिनिधित्व करता है।

सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के संदर्भ में

कृते **एसपीएएन एन्ड एसोसिएट्स**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(फर्म पंजीकरण संख्या 302192E)

ह/-
(सीए. के. चक्रवर्ती)
पार्टनर
सदस्यता सं 015363

निदेशक मंडल के लिए एवं उसकी ओर से

ह/-
(पी एम प्रसाद)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन 08073913

ह/-
(पवन कुमार मिश्रा)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन- 09665365

ह/-
(राजेन्द्र सिंह)
महाप्रबंधक (वित्त)

ह/-
(अमरेश प्रधान)
कंपनी सचिव
सदस्यता सं F-11264

स्थान: रांची
दिनांक: 27 अप्रैल, 2023

सांविधिक लेखा-परीक्षक प्रतिवेदन पर प्रबंधन का उत्तर
वित्त वर्ष 2022-23 (समेकित)

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
प्रति सदस्यगण सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड	
भारतीय लेखा मानक के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण के लेखांकन पर प्रतिवेदन **अभिमत** भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार के लेखा पृच्छा के आधार पर, यह पुनरीक्षित लेखा प्रतिवेदन (कंपनी अधिनियम,2013 के 143(5) के तहत अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताएँ प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ए' के परिच्छेद 1, भाग-1, क्रम संख्या -I, अतिरिक्त निर्देश पर प्रतिवेदन, भाग- II, क्रम स. 02 तथा 03) का निर्माण 27 अप्रैल 2023 के पूर्व प्रतिवेदन के बदले में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अवलोकन के आलोक में अनुपालन हेतु तैयार किया जा रहा है। हमने सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात "नियंत्रक कंपनी") एवं इसकी अनुषंगी झारखंड सेन्ट्रल रेलवे लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात नियंत्रक कंपनी एवं इसकी अनुषंगियों को 'समूह' के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा), जिसमें 31 मार्च, 2023 तक समेकित तुलन पत्र, लाभ तथा हानि विवरणी, समीक्षाधीन वर्ष की समाप्ति तक समेकित नकदी प्रवाह विवरणी और समेकित इक्विटी परिवर्तन विवरणी, समेकित महत्वपूर्ण अंकेक्षण नीतियों का सारांश तथा अन्य विवरणात्मक सूचनाओं सहित भारतीय लेखा मानक की समेकित विवरणी पर नोट (इसमें इसके पश्चात "समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी" के रूप में निर्दिष्ट किया जाएगा) सम्मिलित है। हमारे मत में व हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरण एवं अन्य लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर विचार के आधार अनुसार, उपरोक्त समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में दी गयी जानकारी अधिनियम की आवश्यताओं के अनुरूप अपेक्षित है एवं सामान्य रूप से भारत में स्वीकृत अंकेक्षण सिद्धांतों के अनुरूप 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष तक कंपनी की समेकित लाभ/हानि, समेकित नकदी प्रवाह और उक्त तिथि को समापत होने वाले वर्ष में इक्विटी परिवर्तन की समेकित दशा पर सत्य व उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
अभिमत का आधार हमारा अंकेक्षण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा परीक्षण मानक (एसएएस) के अनुरूप है। उक्त मानकों के अनुसार हमारे प्रतिवेदन के वित्तीय विवरण अनुभाग में समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अंतर्गत अंकेक्षक की जिम्मेदारियों में हमारी जिम्मेदारियां वर्णित है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया कंपनी अधिनियम, 2013 के द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार हम समूह से स्वतंत्र हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार उसके नियमों के तहत समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के हमारे अंकेक्षण के लिए हमने अपनी अनय नैतिक जिम्मेदारियों को निर्वहन किया है। हमारा मानना है कि जो अंकेक्षण साक्ष्य हमें प्राप्त हुए है वो अभिमत आधार हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त हैं।	
मामलों की प्रमुखता	
निम्नलिखित मामलों पर हम ध्यान आकर्षित कराते हैं: क) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां (नोट संख्या 11), अन्य गैर-चालू संपत्ति (नोट संख्या 10), व्यापार देय (नोट संख्या 19), अन्य वित्तीय देनदारियां (नोट संख्या 20) एवं अन्य वर्तमान देनदारियां (नोट संख्या 23) पुष्टि के अधीन हैं। इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।	व्यापार प्राप्तियों, व्यापार देय और अग्रिमों के संबंध में पार्टियों को शेष पुष्टिकरण पत्र जारी किए गए हैं।प्रमुख देनदारों के साथ शेष राशि का नियमित अंतराल पर मिलान किया जाता है और दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त सुलह वक्तव्यों पर भी हस्ताक्षर किए जाते हैं।
ख) जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत 1,455.57 करोड़ रुपये की संचित राशि उल्टे शुल्क संरचना के संदर्भ का एक मामला है। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के तहत भुगतान हेतु माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 13.09.2021 के निर्णय अनुसार, राशि की वसूली/समायोजनीयता अनिश्चित है। कृपया नोट-11 देखें: अन्य चालू परिसंपत्तियाँ इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।	
ग) वित्तीय वर्ष 2022-23 की अपलिखित देयता राशि 352.32 करोड़ रुपये है। कृपया नोट 25 देखें: अन्य आय इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।	इसे वित्तीय विवरण के नोट-25 में पूरी तरह से प्रस्तुत किया गया है।
मुख्य अंकेक्षण मामले	
हमारे प्रोफेशनल निर्णयानुसार, मुख्य अंकेक्षण मामलों के अंतर्गत वैसे मामले है, जो वर्तमान अवधि के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के हमारे अंकेक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहे। हमारे अंकेक्षण में, इन मामलों पर समग्र विचार स्टैंडअलोन भारतीय लेखा मानक के संदर्भ में किया गया है, एवं उस प्रकार हमारी अभिमत निर्मित हुई, इनपर हम अलग अभिमत नहीं प्रदान करते हैं। हमने निम्नलिखित मामलों का निर्धारण मुख्य अंकेक्षण मामलों के रूप में किया है, जो हमारी प्रतिवेदन में सम्मिलित है।	कोई टिप्पणी नहीं।

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन			प्रबंधन का उत्तर
1.	**स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/ समायोजन** खुली खदानों में खनन के लिए कोयले तक की पहुंचकर उसके निष्कर्षण हेतु खदान अपशिष्ट ("अधिभार") हटाया जाना आवश्यक होता है, जिसमें कोयला सीम के उपर मिट्टी और चट्टान होती है। अपशिष्ट हटाने की इस गतिविधि को 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जाना जाता है। खुली खदानों में, कंपनी को खदान के जीवनकाल तक (तकनीकी अनुमान) इस प्रकार का व्यय करना पड़ता है। अतः नीतिगत दृष्टिगत में, एक मिलियन टन प्रति वर्श की क्षमता या उससे अधिक क्षमता वाले प्रत्येक खदान में, खदानों को राजस्वित करने के पश्चात स्ट्रिपिंग गतिविधि आस्तियों एवं अनुपात-प्रसरण लेखा के समायोजन के साथ तकनीकी मूल्यांकन के औसत अनुपात (ओबी-कोयले) के अनुसार स्ट्रिपिंग लागत चार्ज की जाती है। तुलन पत्र की तिथि अनुसार स्ट्रिपिंग गतिविधि आस्तियों का निबल शेष एवं अनुपात प्रसरण को स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एडजस्टमेंट के रूप में गैर-चालू प्रावधान/अन्य गैर-चालू परिसम्पत्तियों के मद यथास्थिति दिखाया जाता है। अभिलेख के अनुसार अधिभार की सूचि मात्रा को ओबीआर अंकेक्षण हेतु अनुपात की गणना करने में प्रयोग किया जाता है यदि सूचित मात्रा और मापि मात्रा के मध्य विचलन स्वीकृत सीमा के भीतर है। यदि, विचलन स्वीकृत सीमा से अधिक है, वहां मापित मात्रा को मान लिया जाता है।	**मुख्य अंकेक्षण प्रविधि**: हमने निम्नलिखित मूल प्रविधि का अनुपालन किया: (1) स्ट्रिपिंग समायोजन कार्य के आंकड़ों को लेकर वर्षपर्यत कुल व्यय को कोयला उत्पादन एवं अधिभार के मध्य आवटन की जांच की। अनुपात की गणना में विचार किए गए व्यय की सटीकता एवं व्यय की पूर्णता के बारे में सुनिश्चित किया गया। (2) वर्ष के दौरान अनुपात प्रसरण की सही गणना निष्कर्षित ओबी की मात्रा तथा अधिभार हेतु आवंटित राशि के आधार पर की गयी है। (3) विश्लेषणात्मक प्रक्रियोओं का पालन किया तथा व्ययों के तर्क हेतु विभिन्न गतिविधि सामंजस्य गणना पर विचार किए गए विवरणें का परीक्षण किया गया। स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन के लिए लगाया गया लेखांकन नीति एंव प्रबंधन के निर्णय उचित पाए गए है। **अंकेक्षण निष्कर्ष**: हमारे प्रक्रियाओं ने किसी भी भौतिक अपवाद की पहचान नहीं की।	कोई टिप्पणी नहीं।

<table>
<tr><th colspan="3">लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन</th><th>प्रबंधन का उत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td>समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के नोट 21 देखें
भारतीय लेखा मानक 115 'ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व'
स्टैंडअलोन भारतीय लेखा मानक में राजस्व प्राप्ति की सटीकता के संबंध में वित्तीय विवरण और कोयला गुणवत्ता विचलन के समायोजन में महत्वपूर्ण प्राक्कलन समाहित हैं।
किसी अनुबंध विशेष में कंपनी द्वारा प्राप्त राजस्व संबंधित ग्राहक से विक्रय समझौते/ ई-नीलामी में आवंटन पर आश्रित है। कोयला ग्रेड विमेल/ स्लिपेज के कारण हस्तांतरित लेनदेन मूल्य का अनुवर्ती समायोजन किया जाता है।
अनुबंध की कीमत में भिन्नता यदि अनुबंध के लिए पार्टियों के बीच पारस्परिक रूप से तय नहीं की जाती है, तो उन्हें तीसरे पक्ष के परीक्षण के लिए प्रेषित किया जाता है और कंपनी इस तरह के विवाद के राजस्व मान्यता लंबित निपटान के लिए आवश्यक समायोजन का अनुमान लगाती है। राजस्व में इस तरह के समायोजन ऐतिहासिक प्रवृत्ति के बाद अनुमानित आधार पर किए जाते हैं।
भारतीय लेखा मानक समेकित वित्तीय विवरण के नोट 24 को देखें</td><td>मुख्य अंकेक्षण प्रविधि:
हमने कंपनी की राजस्व प्राप्ति और प्रक्रिया में अनुमानित समायोजन की उपयुक्तता के संबंध में भारतीय लेखा मानक 115 के प्रावधानों की प्रयुक्ति का प्राक्कलन किया है।
हमने लेनदेन का चयन सैंपल बेसिस पर किया है और अनुबंध की शर्तों के अनुसार ग्रेड विमेल/ स्लिपेज से संबंधित अनुबंधों की पहचान हेतु जांच, प्रदर्शन दायित्व संतुष्टि का मूल्यांकन, लेनदेन मूल्य में भिन्नता के कारण राजस्व के समायोजन की जांच की है।
प्राक्कलन के आधार को स्थापित करने और क्या इस प्रकार के प्राक्कलन कंपनी की लेखांकन नीति के अनुरूप हैं की जांच करने हेतु हमने परीक्षण किया है।
अंकेक्षण निष्कर्ष:
हमारे प्रक्रियाओं ने किसी भी भौतिक अपवाद की पहचान नहीं की।</td><td>कोई टिप्पणी नहीं।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अलावा अन्य सूचनाएं तथा उस पर अंकेक्षक का प्रतिवेदन
कंपनी के प्रबंधन और निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए जिम्मेदार हैं। अन्य जानकारी में प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में शामिल जानकारी, बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नक सहित बोर्ड की रिपोर्ट, व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट, कॉर्पोरेट प्रशासन और शेयरधारक की जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें भारतीय लेखा मानक समेकित वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है।
समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी पर हमारा अभिमत अन्य जानकारियों को कवर नहीं करता है और हम उक्त पर अश्वाषित निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।
समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के हमारे अंकेक्षण से सम्बद्ध, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारियों को पढ़ना है और, यह सुविचार करना है कि क्या समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के साथ अन्य सूचनाओं में मटेरियल असंगतता है या अंकेक्षण दौरान प्राप्त जानकारी या अन्य किसी भी प्रकार से मटेरियल अशुद्धि ज्ञात होती है।</td><td></td></tr>
</table>

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के लिए प्रबंधन एवं प्रशासन-प्रभारी की जवाबदेही कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) की आवश्यकताओं के सन्दर्भ में, नियंत्रक कंपनी के निदेशकीय मंडल वित्तीय विवरणी के निर्माण एवं प्रस्तुति के लिए कंपनी का निदेशकीय मंडल जवाबदेह हैं, जो अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत अंकेक्षण मानक एवं उसके अंतर्गत नियम सहित भारत में स्वीकृत सामान्य लेखा पद्धतियों के अनुसार अन्य विस्तृत आय सहित कंपनी की वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय प्रदर्शन और समेकित नकदी प्रवाह और इक्विटी में बदलाव पर सत्य एवं समुचित दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके अधीन धोखाधड़ी एवं अन्य नियमितताओं की पहचान एवं रोकथाम के लिए अधिनियम के प्रवधानानुसार उचित लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव हेतु जवाबदेह है। समुपयुक्त अंकेक्षण नीतियों का चयन और कार्यान्वयन समुचित एवं विवेकशील निर्णय और प्राक्कलन तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को कार्यान्वयन एवं रख-रखाव, जो लेखा अभिलेखों की सटीकता व संपूर्णता सुनिश्चित करने हेतु प्रभावकारी रूप से कार्य कर रहे थे, समेकित भारतीय लेखा मानक विवरणी के निर्माण और प्रस्तुति हेतु सतय व उचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं व धोखाधड़ी या त्रुटि से उतपन्न मेटेरिअल अशुद्धियों से मुक्त है, जिनकी प्रयुक्ति नियंत्रक कंपनी के निदेशकों द्वारा पूर्वोक्त समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी का निर्माण किया गया है। समेकित भारतीय लेखा वित्तीय विवरणी के निर्माण में, समूह में सम्मिलित कंपनी से सम्बद्ध निदेशकी मंडल कार्यशील संस्थाओं क्षमता के आकलन हेतु जवाबदेह हैं और यदि लागू हो तो, कार्यशील संस्थाओं के सम्बद्ध मामलों का अनावरण प्रबंधन की इच्छानुसार समूह का विलयन या जब तक संचालन की समाप्ति नहीं हो जाती है, तब तक कार्यशील संस्था के आधार पर अंकेक्षण किया जाए, या कोई सार्थक विकल्प मौजूद न हो, समूह से सम्मिलित कंपनी से सम्बद्ध निदेशकीय मंडल की जिम्मेदारी है कि समूह एवं सहयोगियों एवं संयुक्त नियंत्रित इकाइयों की वित्तीय सूचना प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करें।	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
समेकित वित्तीय विवरणी के अंकेक्षण हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी हमारा उद्देश्य इस बारे उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समेकित भारतीय लेखा मानक के रूप में समग्र रूप से स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली मटेरियल अशुद्धियों से मुक्त है, और अंकेक्षक प्रतिवेदन जारी करें जिसमें हमारा अभिमत भी शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा मानकों के अनुसार अंकेक्षण से सदैव मटेरियल अशुद्धि का पता चलेगा, यदि हो तो। व्यक्तिगत या समग्र रूप से, अशुद्धियों, त्रुटि या धोखाधड़ी से उत्पन्न हो सकती है और उन्हें वास्तविक माना जा सकता है, इन समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणियों के आधार पर उक्त अशुद्धियों उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णय में यथोचित प्रभाव डाल सकती है। लेखा मानक अनुसार अंकेक्षण के भागीदार के रूप में, हम प्रोफेशनल निर्णय लेते हैं तथा पूरी अंकेक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रोफेशनल संशय से कार्य करते हैं। हम: • समेकित भारतीय लेखा मानक की वित्तीय विवरणियों में धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण उत्पन्न मटेरियल अशुद्धियों के जोखिमों की पहचान और उनका आकलन, उन जोखिमों के अध्याधीन अंकेक्षण प्रक्रियाओं का डिजाइन और कार्यान्वयन, एवं वैसे अंकेक्षण साक्ष्य प्रापत करें जो हमारी अभिमत को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित मालूम हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप उत्पन्न मटेरियल अशुद्धियों की जानकारी नहीं होना, त्रुटि के कारण उत्पन्न अशुद्धियों से ज्यादा जोखिमपूर्ण है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर भूल, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण का लंघन हो सकती है। • अंकेक्षण प्रक्रियाओं को डिजाइन करने हेतु प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की परिस्थितिनुकूल समण्। अधिनियम की धारा 143(3) (i) के तहत, हम इस विषय पर अपना अभिमत व्यक्त करने के लिए भी जवाबदेह है कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली तथा इस प्रकार के प्रभावकारी नियंत्रण कार्यान्वयन है। • प्रयोग में लायी गई अंकेक्षण नीतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए अंकेक्षण प्राक्कलन एवं सम्बद्ध प्रकटीकरण की तार्किकता का मूल्यांकन। • प्रबंधन द्वारा उपयोगित कार्यशील संस्था आधृत अंकेक्षण की उपयुक्तता पर निष्कर्ष एवं, प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य के आधार पर, क्या किसी घटना या वस्तुस्थिति से सम्बद्ध कोई मटेरियल अनिश्चितता विधमान है जो समुह द्वारा कार्यशील संस्था को चलने में रखने में महती संदेह उत्पन्न करता है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालें की कोई मटेरियल अनिस्चतता विधमान है तोह हमसे यह अपेक्षित है की हम अपने अंकेक्षण से समेकित भारतीय लेखा मानक की वित्तीय विवरणियों में सम्बद्ध प्रकटीकरण की ओर ध्यान आकर्षित करें या, यदि वैसे प्रकटीकरण अपर्याप्त है, तो हम अपनी अभिमत में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष अंकेक्षण प्रतिवेदन की तारिख तक प्राप्त अंकेक्षण साक्ष्य के आधार पर है।	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
• समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी की समग्र प्रस्तुति, स्वरूप एवं विषय-सूची का मूल्यांकन, जिसमें प्रकटीकरण भी शामिल हो, और क्या समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं की प्रस्तुति की इस प्रकार करते हैं जो उचित हो। मटेरियलिटी, समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अशुद्धि का एक परिमाण है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप में, समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी का किसी सुविज्ञ उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय क्षमता को प्रभावित करने में सक्षम हो। हम (i) अपने अंकेक्षण की सीमा का नियोजन एवं अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन तथा (ii) समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी में अभिज्ञात अशुद्धियों के प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। अंकेक्षण के दौरान, अन्य मामलों के साथ-साथ हम अंकेक्षण की अवधि एवं महत्वपूर्ण अंकेक्षण निष्कर्ष एवं योजनाबद्ध स्कोप सहित आंतरिक नियंत्रण में अन्य किसी प्रकार की महत्वपूर्ण अपूर्णता होन पर हम प्रशासन-प्रभारी के साथ संवाद स्थापित करते है। हम प्रशासन प्रभारी को स्वयं की स्वतंत्रता से सम्बद्ध प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं के अनुपालन पर एक वक्तव्य प्रदान करते हैं, तथा समस्त संबंधों एवं अन्य मामलों पर संवाद करते हैं, जिन्हें तार्किक आधार पर हमारी स्वतंत्रता, एवं जहां लागू हो, संरक्षण से संबंधित माना जा सकता है। शासन-प्रभारी को संप्रेषित मामलों से, हम वर्तमान अवधि के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अंकेक्षण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मामलों का निर्धारण करते हैं और वे प्रमुख अंकेक्षण मुद्दे हैं। जब तक विधि या विनियमन इसके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर निर्षध नहीं करता है या अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, जब हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी प्रतिवेदन में उक्त मुद्दे को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार के सम्प्रेषण से आम जनता की यथोचित अपेक्षा से यह अधिक होगा और इसके विपरीत परिणाम हो सकते हैं, तब हम अपने अंकेक्षण प्रतिवेदन में इन मामलों का विवरण देते है।	

अन्य मामले

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
(क)	हमने सहायक कंपनी के वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी का लेखा परीक्षण नहीं किया, जिसका वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी कुल 671.26 करोड़ रुपये की संपत्ति को दर्शाती है। 31 मार्च, 2023 को कुल राजस्व ₹ 8.26 करोड़ और शुद्ध नकदी प्रवाह ₹ 47.39 करोड़ उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए, जैसा कि समेकित भारतीय लेखा मानक के वित्तीय विवरणों में माना गया है, इन वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिसकी (संशोधित) रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित इंड-एएस वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इन सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, और अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, अब तक जैसा कि यह उपरोक्त सहायक कंपनियों, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं और सहयोगियों से संबंधित है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।	कोई टिप्पणी नहीं।
(ख)	**हमें इनपर पूर्ण विश्वास है:** i. खान बंदीकरण के व्यय हेतु प्रावधान के उद्देश्य से सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) द्वारा तैयार की गयी खान बंदीकरण योजना जिसे सीसीएल के प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया है। ii. प्रबंधन का मूल्यांकन/अनुमान, चाहे वो तकनीकी अथवा अचल परिसंपत्तियों की हानि हेतु प्रावधान हो।	कोई टिप्पणी नहीं। कोई टिप्पणी नहीं।
(ग)	समेकित वित्तीय विवरणी के अनुसार ग्राहकों से अग्रिम राशि का योग ₹ 3063.62 करोड़ (नोट 23) होता है। तथापि, उन अग्रिमों के सापेक्ष व्यापार प्राप्यों (नोट 13) के अंतर्गत शेष बकाया है जिनके समंजन की आवश्यकता है। समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, और नीचे अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर हमारी प्रतिवेदन, किए गए कार्यों और अन्य लेखा परीक्षकों की प्रतिवेदन और वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के संबंध में उपरोक्त मामलों के संबंध में संशोधित नहीं है और वित्तीय विवरण/जानकारी प्रबंधन द्वारा प्रमाणित है।	शेष राशि की स्वत: निकासन का विकास किया जा रहा है तथा आशा है कि इसका शीघ्र परिचालन प्रारंभ किया जाएगा है।
अन्य विधिक और विनियामक आवश्कताओं पर प्रतिवेदन		

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन					प्रबंधन का उत्तर
1.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के आलोक में, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा निर्गत निर्देश अनुसार अंकेक्षण पर विवरण, उनपर कार्यान्वयन एवं समुह की लेखा एवं वित्तीय विवरणी पर इसके प्रभाव, को हम "**अनुलग्नक-ए**" में प्रदान करते हैं।					
2.	अधिनियम की धारा 143 (II) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश ("सीएआरओ"), 2020 के अनुच्छेद 3 (xxi) एवं 4 के निर्दिष्ट मामलों के संदर्भ में मामला जिसे हमारे द्वारा शामिल किया जाना है तथा अन्य लेखा परीक्षक द्वारा जारी कंपनी की समेकित वित्तीय विवरणी में शामिल इसकी सहायक कंपनी की में, जिस पर सीएआरओ के तहत रिपोर्टिंग लागू होती है, जिसके लिए हमें समूह की कंपनियों के सीएआरओ रिपोर्ट की धाराओं को रिपोर्ट करने की आवश्यकता है, जहां संबंधित लेखा परीक्षकों द्वारा किसी भी अभियोग्यता या प्रतिकूल टिप्पणियों की सूचना दी गई हैं, उन्हें हम निम्नानुसार रिपोर्ट करते हैं :					
	क्र	**नाम**	**सीआइएन**	**होल्डिंग कं./ अनुषंगी / एसोसिएट / जेवी**	**कारो रिपोर्ट का खंड संख्या जो योग्य या प्रतिकूल है**	
	1.	सीसीएल	U10200JH1956GOI000581	होल्डिंग कंपनी	खंड 3(i) (सी) 3(ii) (ए)	
	2.	जेसीआरएल	U45201JH2015GOI00313	अनुषंगी कं	शून्य	

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
3.	जैसा की अधिनियम की धारा 143(3) के अनुसार आवश्यक है, हम प्रतिवेदित करते है कि: 1. हमने समस्त जानकारियों व स्पष्टीकरण की मांग की है और प्राप्त किया है, जोकि हमारी जानकारी और विश्वास के सर्वोत्तम है, समेकित वित्तीय विवरण के रूप में उपरोक्त भारतीय लेखा मानक के हमारे लेखा परीक्षण के लिए आवश्यक थे, इसे उपरोक्त "मामलों की प्रमुखता" के साथ पढ़ा जाए। 2. हमारे अभिमत में, समेकित भारतीय एएस वित्तीय विवरणी के निर्माण में विधिक आवश्कतानुसार बही-खातों का अभिलेख रखा गया है जो अन्य अंकेक्षक के प्रतिवेदन में एवं इन बही-खातों के अभिलेखों के परीक्षण में अब तक द्दष्टिगत हुआ है। 3. हमारे द्वारा लेखा परीक्षित होल्डिंग कंपनी (शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित क्षेत्रों सहित) एवं अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143(8) के तहत भारत में निगमित इसकी अनुषंगी कंपनी के खातों पर प्रतिवेदन हमें भेजी गई है और इस प्रतिवेदन को तैयार करने में उचित रूप से निपटा गया है। 4. समेकित तुलन पत्र, लाभ और हानि का समेकित विवरण, और इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए समेकित नकदी प्रवाह विवरण समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से बनाए गए लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं। 5. हमारी राय में, हमारे पास ऐसा कोई अवलोकन नहीं है जिसका कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। 6. हमारे अभिमत में, समेकित वित्तीय विवरण के रूप में उपरोक्त भारतीय लेखा मानक अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों एवं साथ जारी किया गया प्रासंगिक नियमे का अनुपालन करते हैं। 7. कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या जीएसआर 463 (ई (दिनांक05.06.2015 के अनुसरण में, निदेशकों के अयोग्य ठहराने हेतु, अधिनियम की सेक्शन 164 (2), सरकारी कंपनी के लिए लागू नहीं है। 8. हमारे पास खातों के रखरखाव और उससे जुड़े मामलों से संबंधित कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है। 9. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता व इस प्रकार के नियंत्रणें के संचालन प्रभावशीलता के सम्बन्ध में ''**अनुलग्नक-बी** ''में हमारी प्रतिवेदन देखें। हमारी प्रतिवेदन वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर एक असम्बद्ध राय व्यक्त करती है।	

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
10.अन्य मामलों के सम्बन्ध में अंकेक्षक की प्रतिवेदन में कंपनी (अंकेक्षण व अंकेक्षक (नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार संशोधन के रूप में हमारे अभिमत में, हमारी सर्वोत्तम जानकारी अनुसार, एवं प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुसार: i. कंपनी की समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी के अतिरिक्त नोट-38 के अंतर्गत लंबित मुकदमों की जानकारी दी है, और इनका प्रभाव, यदि हो तो, उक्त पर तब दिया जायेगा जब उस पर फैसला आएगा। ii. कंपनी ने पूर्वाभासी भौतिक नुकसान हेतु, यदि हो तो, दीर्घकालिक संविदाओं पर विनियमित विधि या अंकेक्षण मानकों के तहत आवश्यक प्रावधान किए है एवं कंपनी के पास कोई डेरीवेटिव संविदा नहीं थे। iii. प्रबंधन से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के अनुसार, ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी। iv. (क) प्रबंधन का अभ्यावेदन है कि, उनकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार कंपनी द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति या निकाय, जिसमें विदेशी निकाय") मध्यस्थ ("शामिल हैं को, या किसी अन्य व्यक्ति या निकाय में कोई निधि अग्रिम या ऋण या निवेश) या तो ऋण पर ली गई धनराशि से या शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या किसी प्रकार की निधि से (नहीं किया गया है लिखित रूप में या चाहे अन्य रूप में दर्ज किया गया हो, कि मध्यस्थ, चाहे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप कंपनी") अंतिम लाभार्थी ("द्वारा या उसकी ओर से चिह्नित किसी अन्य व्यक्ति या निकाय में उधार या निवेश करेगा जो किसी भी प्रकार से अंतिम लाभार्थी की ओर से सुरक्षा, कोई गारंटी या समरूप लाभ प्रदान करेगा। (ख) प्रबंधन का अभ्यावेदन है कि, उनकी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार कंपनी को किसी व्यक्ति, निकाय अथवा विदेशी निकाय ("फंडिंग पार्टियां"), से कोई निधि प्राप्त नहीं हुई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया	

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
	गया हो या नहीं , कंपनी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी अन्य व्यक्ति या संस्थाओं को उधार देगी या निवेश करेगी, जो किसी भी तरीके से फंडिंग पार्टी की ओर से ("अंतिम लाभार्थी") या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा प्रदान करेगी । (ग) वैसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं जिन्हें परिस्थिति में उचित व योग्य माना गया है के आधार पर, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ नहीं दृष्टिगत हुआ है जिससे यह विश्वास हो कि नियम 11(सी) के उप-खंड (i) और (ii) के अंतर्गत अभ्यावेदन, जैसा ऊपर)ए(तथा) बी (में वर्णित है, में किसी प्रकार की भौतिक मिथ्या कथन सम्मिलित है। v. (क) पिछले वर्ष में प्रस्तावित, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा घोषित और भुगतान किया गया अंतिम लाभांश, अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है। (ख) वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा घोषित और भुगतान किया गया अंतरिम लाभांश अधिनियम की धारा 123 के अनुपालन में है। (ग) कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए अंतिम लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। प्रस्तावित लाभांश की राशि अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है। Vi. अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करके लेखा बहीकृत करने हेतु कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 3(1) के प्रावधान, जिसमें ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) सुविधा को रिकॉर्ड करने की सुविधा हो, उसे दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से कंपनी में लागू किया गया है । तदनुसार, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु रिपोर्टिंग के लिए लागू कंपनी (ऑडिट और ऑडिटर) नियम, 2014 के नियम 11(जी) मान्य नहीं होंगे ।	
	कृते **एसपीएएन एण्ड एसोसिएट्स** चार्टर्ड अकाउंटेंट (फर्म पंजीकरण संख्या 302192E) ह/- **(सीए. के. चक्रवर्ती)** पार्टनर (सदस्यता सं 015363) यूडीआईएन: 23015363BGYQYR3589 स्थान: रांची दिनांक: 13.06.2023	

अनुलग्नक "ए" जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र अंकेक्षकीय प्रतिवेदन में "अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन" के अनुछेद 1 में निर्दिष्ट है, हम प्रतिवेदित करते हैं कि:

वर्ष 2022-23 हेतु मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत निर्देश पर प्रतिवेदन।

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
1.	क्या कंपनी के पास आईटी सिस्टम के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने की व्यवस्था है? यदि हाँ, तो आईटी प्रणाली से बाहर लेनदेन के प्रसंस्करण की सत्यनिष्ठा के साथ-साथ वित्तीय पहलुओं पर प्रभाव, यदि हो, घोषित करें। सैप प्रणाली के माध्यम से लेखा संबंधी समस्त लेनदेन को संसाधित करने हेतु प्रणाली स्थापित है। सैप प्रणाली के कुछ मॉड्यूल पूर्णरूपेण क्रियान्वित किए जाने शेष हैं। प्र-दर्शन इन्सेंटिव, अंतिम स्टॉक मूल्यांकन तथा ओबीआर का लेखांकन अन्य आईटी प्रणाली द्वारा किया जाता हैतथा अंतिम परिणाम को मुख्य लेखांकन प्रणाली में डाला जाता है।	कोई टिप्पणी नहीं।
2.	क्या कंपनी के ऋण अदायगी असमर्थता के कारण किसी मौजूदा ऋण का कोई पुनर्गठन/ऋण पर बट्ट/ ऋण/ ब्याज आदि कंपनी द्वारा किया गया है ? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव को वर्णित किया जाये। क्या ऐसे मामलों का ठीक से हिसाब लगाया जाता है? (यदि ऋणदाता एक सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के लिए भी लागू होता है) हमें प्राप्त जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार विचलन सम्बन्धी ऐसा कोई भी मामला नहीं है।	कोई टिप्पणी नहीं।
3.	केन्द्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशि का नियम एवं शर्तों के अनुसार सदुपयोग/हिसाब किया गया या नहीं ? विचलन के मालों की सूची प्रदान करें। हमें प्राप्त जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार विचलन सम्बन्धी ऐसा कोई भी मामला नहीं है।	कोई टिप्पणी नहीं।

भाग -II
अतिरिक्त निर्देश

वर्ष 2022-23 हेतु मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत निर्देश पर प्रतिवेदन।

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
1.	**वर्ष 2022-23 हेतु मेसर्स सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत अतिरिक्त निर्देशों पर रिपोर्ट।**	
	क्या कोयले के स्टॉक का मापन पीत पुस्तक के आधार पर किया गया था? क्या भौतिक स्टॉक माप प्रतिवेदन सभी मामलों में समरूप मानचित्र सहित है? वर्ष के दौरान बनाई गई नई संचय, यदि कोई हो तो क्या सक्षम पदाधिकारी का अनुमोदन लिया गया है? हमें प्राप्त जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कोयले के स्टॉक का मापन पीत पुस्तक के आधार पर किया जाता है। भौतिक स्टॉक का मापन सीआईएल की वार्षिक कोयला स्टॉक मापन के दिशानिर्देशानुसार, माप रिपोर्ट के साथ संलग्न समोच्च मानचित्र को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। इसके अलावा, किसी भी नए हीप के निर्माण से पहले सक्षम पदाधिकारी का अनुमोदन लिया जाता है। आगे, किसी भी नए संचय के निर्माण से पहले सक्षम पदाधिकारी का अनुमोदन लिया जाता है।	कोई टिप्पणी नहीं।
2.	यदि किसी भी क्षेत्र की विलय/पुनः संरचना के समय कम्पनी ने परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन का अभ्यास किया गया था। यदि ऐसा है तो क्या संबंधित सहायक कम्पनी ने अपेक्षित प्रक्रिया का पालन किया है? हमें दी गयी जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, गिरिडीह क्षेत्र का विलय वित्त वर्ष 2022-23 में ढोरी क्षेत्र के साथ कर दिया गया है तथा परिसंपत्ति तथा आस्तियों का भौतिक सत्यापन क्षेत्र द्वारा किया गया था।	कोई टिप्पणी नहीं।
3.	यदि कंपनी द्वारा प्रत्येक खान के लिए अलग एस्क्रो खातों का रख-रखाव किया गया है। खाते की निधि की उपयोगिता की भी जांच करें। हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, 66 खदानों के लिए एस्क्रो अकाउंट को बनाए रखा गया है और वर्ष के दौरान, कंपनी को कोयला नियंत्रक कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात खदान की गतिविधियों के लिए 5.50 करोड़ रुपये (वि.व-35.30 करोड़) प्राप्त हुए हैं। पिंडरा खुली खान तथा दक्षिणी तापिन खुली खदान के संबंध में, स्वीकृत पीआर एंड एमसीपी की अनुपलब्धता के कारण एस्क्रो खाता नहीं खोला गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।

	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
4.	क्या माननीय सर्वोच्च न्यायालय/राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवैध खनन हेतु लगाए गए जुर्माने के प्रभाव पर विधिवत विचार किया गया है तथा क्या लेखांकित किया गया है? भारत सरकार के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसरण में, झारखण्ड के कुछ जिला खनन पदाधिकारियों द्वारा 13568.50 करोड़ ₹ (वि. व 13568.50 करोड़ रु) की मांग, 42 खानों में पर्यावरण मंजूरी सीमा से अधिक खनन के एवज में की गई थी। उक्त मांग के खिलाफ, सीसीएल ने माननीय कोयला न्यायाधिकरण, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, एमएमडीआर अधिनियम के तहत न्यायनिर्णायक प्राधिकारी के समक्ष एक पुनरीक्षण याचिका दायर की है। पुनरीक्षण प्राधिकारी ने दिनांक 16.01.2018 के अपने अंतरिम आदेश द्वारा मांग के निष्पादन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। पुनरीक्षण प्राधिकरण, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश को ध्यान में रखते हुए इसी तरह के मांग नोटिस में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को अपने दिनांक 21/12/2021 के आदेश के तहत, उक्त मांग को न तो ऋण के रूप में स्वीकार किया गया है और न ही इसे स्टैंडअलोन भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की आकस्मिक देयता में शामिल किया गया है। नोट 38 के तहत उक्त मामले का खुलासा किया गया है।	कोई टिप्पणी नहीं।
5.	क्या कोलनेट पोर्टल से सैप (SAP) में डाटा की स्थानांतरण की प्रक्रिया के संबंध में कोई स्वतंत्र मूल्यांकन/प्रमाणन किया गया है। प्राप्त सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कोल नेट पोर्टल से सैप (SAP) में डाटा के स्थानांतरण की प्रक्रिया के संबंध में स्वतंत्र मूल्यांकन/प्रमाणन अभी किया जाना शेष है।	कंपनी माइग्रेशन ऑडिट करने की प्रक्रिया में है।

'अनुलग्नक-बी' जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी स्वतंत्र अंकेक्षीय प्रतिवेदन में 'अन्य विधिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन' के अनुछेद 3(जी) में निर्दिस्ट है, हम प्रतिवेदित करते हैं की:

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के सेक्शन 143 के सब सेक्शन 3 के अन्तर्गत धारा (i) अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	प्रबंधन का उत्तर
हमनें 31 मार्च,2023 तक 'सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड' ("कंपनी") के वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा-परीक्षण के साथ उक्त तिथि को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी के समेकित भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणी का लेखा-परीक्षण किया है। **आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी** कंपनी प्रबंधन, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा जारी वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय प्रतिवेदन मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने एवं अनुरक्षण के लिए उत्तरदेय है। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत आवश्यक, इन जिम्मेदारियों के अंतर्गत पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी की नीतियों का अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम तथा चिन्हित करने, लेखा अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय जानकारी के ससमय निर्माण सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित एवं कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे। **अंकेक्षक की जिम्मेदारी** हमारे अंकेक्षण के आधार पर कंपनी की वित्तीय सूचनाओं के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणें पर अभिमत प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने अपना अंकेक्षण आईसीएआई के आंतरिक अंकेक्षण हेतु वित्तीय रिपोर्टिंग (मार्गदर्शन रिपोर्टिंग) और अंकेक्षण मानकों के आधार पर किया है, एवं जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत माना गया है, जो आंतरिक अंकेक्षण नियंत्रण पर लागू होते है, तथा वित्तीय प्रतिवेदन पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए जाने एवं कायम रखने तथा यदि इन नियंत्रणें को सभी भौतिक विषयों के संदर्भ में प्रभावी तरीके से संचालित किया गया, के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने हेतु अंकेक्षण किया जाये।	

हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग और उनके संचालन की प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्यापतता के बारे में लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारे लेखा परीक्षण में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, मटेरियल कमजोरी के जोखिम का आकलन और आकलन जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं, लेखा परीक्षक के फैसले पर निर्भर करती है, जिसमें समेकित वित्तीय विवरणों के सामग्री के अशुद्ध वर्णन के जोखिम का आकलन शामिल है, जो चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण हो।

हम विश्वास करते हैं हमारे द्वारा प्राप्त ऑडिट साक्ष्य, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी ऑडिट राय के एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त, उचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए समेकित वित्तीय विवरणी की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए एक प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल करना है, जो

(1) अभिलेख के रख-रखाव से संबंधित है, विवरणात्मक रूप में, कंपनी की परिसम्पत्तियों के सटीक एवं उचित लेन-देन और निपटान को दर्शाते है,

(2) उचित आश्वासन देते है कि लेन-देन स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों अनुरूप समेकित वित्तीय विवरणी के निर्माण करने के लए आवश्यक है और कंपनी प्रबंधन और निदेशकों की अनुज्ञप्ति के पश्चात कंपनी की प्राप्तियां और व्यय किये जा रहे है और

(3) कंपनी की संपत्ति का अनाधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की ससमय पहचान और रोकथाम पर उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसके कारण कंपनी के समेकित वित्तीय विवरणों पर मेटेरियल प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय प्रतिवदेन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित परिसीमाएँ

वित्तीय प्रतिवदेन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित परिसीमा के कारण, त्रुटि या धोखाधड़ी से मेटेरियल अशुद्धियों, मिलीभगत या नियंत्रण पर अनुचित प्रबंधकीय लंघन किया जाप सकता है और इनका पता भी नहीं लगाया जा सकता, साथ ही, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की किसी भी भविष्यवाणी के अनुमान का मूल्यांकन जोखिम यह है कि बदलते परिदृश्य/नीति/प्रक्रिया अनुपालन की दशा के कारण वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में अपकर्षण हो सकता है।

अभिमत

हमारे अभिमत में, कंपनी के पास, सभी मटेरियल परिप्रेक्ष्य में, वित्तीय आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2023 को प्रभावकारी रूप से कार्य कर रहे थे, जो इंस्टीट्युट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय विवरण के आंतरिक वित्तीय विवरण के अंकेक्षण हेतु जारी दिशा- निर्देशो के अनुरूप कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के मानदंड पर निर्मित की गयी है।

हालाँकि, इसमें और अधिक सुधार करने की आवश्यकता है

(i) सैप (ईआरपी) के माध्यम से पीस रेटेड श्रमिकों को वेतन का भुगतान ।

(ii) एमएसएमई अधिनियम, 2006 के अनुपालन हेतु सैप में एमएसएमई विक्रेता की मैपिंग।

(iii) असुरक्षित नेटवर्क/कनेक्शन से सैप (ईआरपी) में एक्सेस पर रोक लगाना।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय योग्य नहीं है।

कृते **एसपीएएन एण्ड एसोसिएट्स**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(फर्म पंजीकरण संख्या 302192E)

ह/-

(सीए. के. चक्रवर्ती)
पार्टनर
(सदस्यता सं 015363)
यूडीआईएन: 23015363BGYQYR3589

स्थान: रांची
दिनांक: 13.06.2023

प्रपत्र ए ओ सी - 1

(कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पढ़े जाने वाले धारा 129 की उपधारा (3) के पहले प्रावधान के संदर्भ में)

अनुषंगियों/सहयोगी कम्पनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तिय विवरण की मुख्य विशेषताओ का विवरण

खण्ड 'ए': अनुषंगियों

(प्रत्येक अनुषंगी से सम्बद्ध राशि (करोड़ ₹ में) के साथ सूचनार्थ प्रस्तुत)

1.	क्रमांक	:	1
2.	अनुषंगी का नाम	:	झारखंड सेन्ट्रल रेलवे लिमिटेड
3.	अनुषंगी के अधिग्रहण की तारीख	:	31.08.2015
4.	अनुषंगी के अधिग्रहण के लिए रिपोर्टिंग अवधि, यदि नियंत्रक कम्पनी की रिपोर्टिंग अवधि से अलग हो	:	लागु नहीं
5.	विदेशी अनुषंगियों के केस में प्रासंगिक वित्तिय वर्ष के अंतिम तारीख पर रिपोर्टिंग करेंसी तथा विनिमय दर	:	लागु नहीं
6.	शेयर पूंजी	:	₹ 100.99 करोड़
7.	इक्विटी स्वरुप में पूर्ण प्रपत्र	:	₹ 433.51 करोड़
8.	भंडार और अधिशेष	:	₹ 10.55 करोड़
9.	कुल सम्पत्ती	:	₹ 671.26 करोड़
10.	कुल देनदारी	:	₹ 126.22 करोड़
11.	निवेश	:	-
12.	कारोबार	:	-
13.	कर से पहले लाभ	:	₹ 8.13 करोड़
14.	कर का प्रावधान	:	₹ 2.72 करोड़
15.	कर के बाद लाभ	:	₹ 5.40 करोड़
16.	प्रस्तावित लाभांश	:	-
17.	शेयर धारण की सीमा (प्रतिशत में)	:	64.00%

कंपनी सचिव **महाप्रबंधक (वित्त)**

श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा अधिकारी हॉस्टल, गाँधी नगर, राँची का उद्घाटन

सेन्ट्रल कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड

एक मिनीरत्न कंपनी

(कोल इंडिया की एक अनुषंगी कंपनी)
(सीआईएन : U10200JH1956GOI000581)

पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस
रांची - 834 029 (झारखण्ड)

वेबसाइट : https://www.centralcoalfields.in

@CCLRanchi
@CentralCoalfieldsLimited
Centralcoalfieldltd
Central Coalfields Limited
@cclranchi